अधिकतम 19 डिग्री से.
डिग्री से. 08 न्यूनतम
सूर्योदय 7.16
सूर्यास्त 5.55
सोना 24 कैरेट: 1,65,300.00
चांदी (प्रति किलो): 3,80,000
सैंसेक्स : 82,344.68
अमेरिका : 91.76
कैनेडियन : 67.66
आस्ट्रेलिया : 64.25

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित






वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 29 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल पक्षः एकादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 28 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## महाराष्ट्र के बारामती में लैंडिंग के समय दर्दनाक विमान हादसा

# डिप्टी सीएम अजित पवार समेत सभी पांच की मौत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का बुधवार सुबह प्लेन हादसे में निधन हो गया। सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे।

केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंचे।

### तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा, 11 बजे किया जाएगा अंतिम संस्कार



35 मिनट का सफर न होगा कभी पूरा

**8.10** मुंबई से उड़ा विमान

**8.45** बारामती में क्रैश लैंडिंग

बारामती के रनवे-11 पर की गई थी लैंडिंग की दोबारा कोशिश





### अंतिम संस्कार में पीएम-गृहमंत्री हो सकते हैं शामिल

रिपोर्ट्स के मुताबिक अजित पवार का अंतिम संस्कार कल बारामती में किए जाने की संभावना है। सुबह 11 बजे मुखाग्नि दी जाएगी। इससे पहले सुबह 9 बजे अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। उनके अंतिम संस्कार में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। वे कल बारामती पहुंचेंगे।

### एएआईबी ने दुर्घटना की जांच अपने हाथ में ली

एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने जांच शुरू कर दी है। एएआईबी की टीम दिल्ली से पुणे पहुंची और बारामती जा रही है। डीजीसीए की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। ब्लैक बॉक्स (फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर) समेत अन्य जानकारियों की जांच की जाएगी। विमान लियरजेट-45 था, जिसका रजिस्ट्रेशन वीटी-एसएसके था। यह दिल्ली स्थित मेसर्स वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर (एनएसओपी) विमान था। कंपनी का एयर ऑपरेटर परमिट (एओपी) 2014 में जारी हुआ था और अप्रैल 2028 तक वैध है। फ्लीट में 17 विमान हैं, जिनमें लियरजेट-45, एम्ब्राएर 135बीजे, किंग एयर बी 200 और पिलाटस पी.सी-12 शामिल हैं। फरवरी 2025 में डीजीसीए के ऑडिट में कोई गंभीर कमी नहीं पाई गई थी, हालांकि 2023 में कंपनी के एक अन्य लियरजेट 45 (वीटी-डीबीएल) ने मुंबई में लैंडिंग के दौरान हादसा झेला था, जिसकी जांच जारी है।

### पायलट के पास 15,000 से ज्यादा उड़ान घंटों का था अनुभव

विमान में कुल पांच लोग सवार थे, अजित पवार, उनका पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (विदिप जाधव), एक अटेंडेंट (पिंकी माली), पायलट-इन-कमांड (पीआईसी) सुमित कपूर और सेकंड-इन-कमांड (एसआईसी) शाम्भवी पाठक। दुर्भाग्य से, सभी की मौत हो गई। मुख्य पायलट के पास 15,000 से ज्यादा उड़ान घंटों का अनुभव था और उनकी मेडिकल और आईआर/पीपीसी जांच हाल ही में वैध थी। को-पायलट के पास लगभग 1,500 घंटे का अनुभव था।

### पीएम मोदी ने शरद पवार से की बात, जताया दुख



पीएम नरेंद्र मोदी ने अजित के चाचा और एनसीपी-एसपी के नेता शरद पवार से बात की और बारामती में एयर क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार की मौत पर शोक जताया। शरद बारामती हॉस्पिटल भी पहुंचे, जहां अजित समेत सभी मृतकों के शव रखे हैं।

# लाला लाजपत राय के जन्म स्थल ढुड्डीके को मॉडल गांव के रूप में किया जाएगा विकसित: सीएम मान

कहा- सीवरेज, तालाब, खेल मैदान सहित सभी बुनियादी ढांचे होंगे अपग्रेड

अगले वर्ष लाला जी के जन्मदिवस तक पूरे होंगे सभी विकास कार्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



### प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का कैशलेस इलाज मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत अब पंजाब के प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिसे पहले 5 लाख रुपये से बढ़ाया गया है। इस योजना से लगभग 65 लाख परिवारों को लाभ होगा। उन्होंने चंडीगढ़ के मुद्दे पर कहा कि पंजाब आज भी अपनी राजधानी और हाईकोर्ट से वंचित है और राज्य सरकार चंडीगढ़ को पुनः पंजाब को दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

**मोगा, 28 जनवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को घोषणा की कि महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के जन्म स्थल ढुड्डीके गांव को पूर्ण रूप से एक मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। गांव में सीवरेज व्यवस्था, तालाबों का नवीनीकरण, आधुनिक खेल मैदान तथा अन्य सभी बुनियादी ढांचों को सुदृढ़ किया जाएगा। मुख्यमंत्री 71वें लाला लाजपत राय जन्म दिवस खेल मेले के अवसर पर ढुड्डीके पहुंचे थे। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने केवल योजनाएं बनाई, जबकि उनकी सरकार ज़मीनी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले वर्ष लाला जी के जन्मदिवस तक सभी विकास कार्य पूरे कर दिए जाएंगे और वे स्वयं पुनः गांव में आएंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ग्रामीण खेल मेले के दौरान आयोजित कबड्डी मुकाबले का उद्घाटन किया और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए गांववासियों के साथ बैठकर मैच का आनंद लिया। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया, युवाओं के साथ सेल्फी ली और बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं एक आम आदमी हूं। अपने लोगों के बीच आकर, उनके साथ बैठकर खेल देखना मुझे सुकून देता है। ये देसी खेल हमारी आत्मा और संस्कृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कबड्डी, हॉकी, बैलगाड़ी दौड़ जैसे पारंपरिक खेल पंजाब की समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से इन खेलों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कीला रायपुर में 31 जनवरी से शुरू होने वाले मिनी ओलंपिक में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 वर्षों बाद बैलगाड़ी दौड़ की वापसी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। गांव पंचायत की मांगों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सीवरेज लाइन, तालाब का नवीनीकरण, आधुनिक खेल मैदान और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तुरंत मंजूरी दी गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। कार्यक्रम में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, विधायक मनजीत सिंह बिलासपुर, देविंदर सिंह लाडी ढोस, अमृतपाल सिंह सुखानंद, अमनदीप कौर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### केदारनाथ धाम में भारी हिमपात और शून्य से नीचे तापमान के बीच मुस्तैद सुरक्षा बल

**देहरादू (अप्रस)।** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हो रही लगातार बर्फबारी के बीच बाबा केदार की नगरी केदारनाथ पूरी तरह सफेद चादर से ढक चुकी है। धाम में वर्तमान में करीब तीन से चार फीट तक बर्फ जमा है और तापमान माइनस 16 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे गिर चुका है। इसी तरह उत्तरकाशी और चमोली जनपदों में स्थित क्रमशः गंगोत्री, यमुनोत्री और बदरीनाथ में भी लगातार बर्फीली हवाएं चलने के साथ बर्फबारी समाचार लिखे जाने के समय भी जारी है। केदारनाथ में इन विषम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और रुद्रप्रयाग पुलिस के जवान पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। वे कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं के बावजूद, जवान मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर गश्त कर रहे हैं।




# दिल्ली में कोर्ट व हरियाणा-चंडीगढ़ समेत कई राज्यों में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

- चंडीगढ़ के 26 व हरियाणा के 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली ई-मेल
- पुलिस ने स्कूलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई



### दिल्ली द्वारका कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

राजधानी स्थित द्वारका कोर्ट को बुधवार को ईमेल से बम की धमकी मिली। इस धमकी के बाद आनन-फानन में अदालत परिसर को खाली कराया गया और मौके पर पुलिस टीम और बम स्क्वॉड टीम पहुंची। हालांकि बाद में यह धमकी फर्जी निकली, जिसके बाद पुलिस टीम ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह द्वारका कोर्ट कॉम्प्लेक्स में बम की धमकी के बाद हड़कंप मच गया, एहतियात के तौर पर बाद इलाके को खाली कराया गया। बाद में धमकी को फर्जी घोषित कर दिया गया।

**चंडीगढ़/ नई दिल्ली।** दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ गुरुग्राम समेत कई राज्यों के नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, अलग-अलग स्कूलों के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए, जिनमें स्कूल परिसरों में बम लगाए जाने का दावा किया गया था।

जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ के 26 स्कूलों को ईमेल के जरिय बम से उड़ाने की धमकी मिली। जिसमें सरकारी और प्राइवेट स्कूल शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर के अलग अलग स्कूलों में मोर्चा संभाला और चैकिंग शुरू की। लेकिन पुलिस के द्वारा की गई चैकिंग के दौरान कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

इसी प्रकार हरियाणा बुधवार को 20 स्कूलों को बस से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें साइबर सिटी गुरुग्राम के 13 और करनाल के 7 स्कूल शामिल है। धमकी भरे ये ईमेल मिलते ही स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत पुलिस प्रशासन को मामले की जानकारी देते ही स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी। उधर, मैसेज मिले ही बड़ी संख्या में पैरेंट्स स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को घर ले आए। कुछ बच्चों को स्कूलों की ओर से तुरंत बसों में बैठाकर उनके घर भेजा गया। सूचना मिलते ही उधर, सूचना मिलते ही पुलिस और बम स्कायड टीम ने स्कूलों में जांच की, हालांकि यहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। गुरुग्राम और करनाल जिलों में भेजी गई ईमेल भी सामने आई है। इसमें खालिस्तान और हरियाणा के सीएम नायब सैनी के नाम का जिक्र किया गया है। अंबर दुरहम नाम से आई इस ईमेल में लिखा है- कि हरियाणा इज खालिस्तान। बॉम्ब ब्लास्ट @1:11पीएम इन करनाल स्कूल्स। सीएम नायब सैनी, इफ हरियाणा नीड्स वाटर, सपोर्ट खालिस्तान रेफेरेंडम। यानि हरियाणा खालिस्तान है। करनाल के स्कूलों में बम धमाका 1 बजकर 11 मिनट पर होगा। यदि हरियाणा को पानी चाहिए, खालिस्तान का सपोर्ट करो।'

गुरुग्राम के एसीपी विकास कौशिक ने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक 'हॉक्स कॉल' (झूठी धमकी) प्रतीत होती है। सभी स्कूलों में सर्च अभियान चला गया है।अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। जिस आईडी से ईमेल भेजी गई है, उसकी जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि पंजाब के अमृतसर में गत शुक्रवार को कई स्कूलों को बम धमाके की धमकी वाले ईमेल मिले थे। जिसके बाद प्रशासन ने तुरंत विद्यार्थियों को स्कूल भवनों से बाहर निकालकर परिसर की विस्तृत तलाशी ली। जिला प्रशासन द्वारा एहतियातन सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किए जाने के बाद अभिभावक घबराकर अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूलों की ओर दौड़ पड़े थे।




पेडा द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते हस्ताक्षरित

# ये समझौते भवनों, उद्योगों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे: अमन अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** राज्य में सतत और दक्ष ऊर्जा आधारित भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऊर्जा संरक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) ने अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) परियोजनाओं की शुरुआत के लिए प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ दो समझौते हस्ताक्षरित किए हैं। पंजाब के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि भवनों, उद्योगों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में ऊर्जा दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने हेतु चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, घड़ुआं तथा भाई गुरदास इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, संगरूर के साथ ये समझौते किए गए हैं।

पेडा को इन समझौतों के लिए बधाई देते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि इन समझौतों का उद्देश्य पंजाब में ऊर्जा खपत को कम करने और दक्षता बढ़ाने के लिए नवाचार, अनुसंधान और व्यावहारिक समाधानों को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और विद्यार्थियों के बीच मजबूत सहयोग विकसित करना है। इस पहल के अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों को ऊर्जा से संबंधित अनुसंधान, क्षेत्रीय अध्ययन, प्रौद्योगिकी विकास और पायलट परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का बेहतर अवसर प्रदान किया जाएगा।

अरोड़ा ने बताया कि इन समझौतों पर पेडा की सीईओ श्रीमती नीलिमा द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। ये समझौते युवा प्रतिभाओं को निखारने, तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि इन समझौतों के अंतर्गत शुरू की जाने वाली अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं राज्य भर में भवनों, उद्योगों और सार्वजनिक स्थलों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने, हरित प्रौद्योगिकियों और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहित करने, दीर्घकालिक ऊर्जा योजना के लिए नीतियां तैयार करने तथा ऊर्जा लागत और कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर केंद्रित होंगी। कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जो पंजाब को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए एक आदर्श राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**यह सहयोग पंजाब के ऊर्जा संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विभाग के प्रशासनिक सचिव डॉ. बसंत गर्ग ने कहा कि यह सहयोग पंजाब के ऊर्जा संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, साथ ही विद्यार्थियों और संस्थानों को राज्य के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में सक्रिय योगदान देने के लिए तैयार करेगा। यह पहल नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों और फैकल्टी की क्षमताओं में वृद्धि करेगी तथा कार्बन उत्सर्जन को कम कर स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में पंजाब के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

# पंजाब सरकार संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए प्रतिबद्ध; जायज मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा: भुल्लर

3 फरवरी को परिवहन सचिव के साथ यूनियन सदस्यों की बैठक होगी

परिवहन मंत्री ने परिवहन यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** पंजाब सरकार परिवहन विभाग के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने सहित उनकी सभी जायज मांगों का शीघ्र समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कही। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों की मांगों पर विचार-विमर्श के लिए 3 फरवरी, 2026 को परिवहन सचिव के साथ यूनियन सदस्यों की बैठक तय की गई है।

यहां पंजाब रोडवेज, पनबस/पी.आर.टी.सी. कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान स भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग के संविदा कर्मचारियों की सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार जहां कर्मचारियों और मुलाजिमों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं राज्य के लोगों और यात्रियों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मंत्री ने कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे जनहित में अपनी सेवाएं निभाते रहें और सरकार भी अपने कर्मचारियों का पूरा ख्याल रखेगी।

इस अवसर पर परिवहन सचिव वरुण रूज़म, विशेष प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कुमार अमित, निदेशक स्टेट ट्रांसपोर्ट राजीव कुमार गुप्ता, ए.एम.डी. पी.आर.टी.सी. नवदीप कुमार के अलावा रेशम सिंह (प्रदेश प्रधान), समशेर सिंह (जनरल सेक्रेटरी), हरकेश कुमार विक्की (सीनियर उपाध्यक्ष), बलजीत सिंह (कैशियर) और जगतार सिंह सहित

## न्यूज ब्रीफ

### संधवां ने अजीत पवार एवं अन्य अधिकारियों के निधन पर शोक जताया

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार तथा अन्य अधिकारियों, जिन्होंने एक दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में अपनी जान गंवा दी, के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे एक समर्पित और निडर नेता थे तथा जनसेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता हमें सदैव प्रेरित करती रहेगी और वे हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। स्पीकर संधवां ने उनके निधन का समाचार सुनकर गहरा शोक व्यक्त किया और परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवारों को यह अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### एससी आयोग ने एसडीएम किया तलब

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा एक मामले में कार्रवाई करते हुए एस.डी.एम. सचिन पाठक को तलब किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एस.सी. आयोग के चेयरमैन सरदार जसबीर सिंह गढ़ी ने बताया कि संत इंदर दास निवासी गांव चूहड़वाली, जिला जालंधर द्वारा दायर एक शिकायत के संबंध में आयोग द्वारा सुनवाई की जा रही है। इस मामले में आयोग द्वारा दिनांक 03-02-2026 को श्री सचिन पाठक, एस.डी.एम. नंगल को तलब किया गया है।

### पिछड़े श्रेणियों, अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पंजाब सरकार प्रतिबद्धः संदीप सैनी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब पिछड़ा वर्ग भूमि विकास एवं वित्त निगम (बैकफिंको) द्वारा राज्य के पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यक वर्गों के व्यक्तियों के आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने के उद्देश्य से स्वरोज़गार स्थापित करने तथा विद्यार्थियों को देश और विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। यह जानकारी बैकफिंको के चेयरमैन संदीप सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पंजाब सरकार निरंतर प्रयासरत है। श्री सैनी ने बताया कि बैकफिंको द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एन.एम.डी. योजना के अंतर्गत पंजाब राज्य के अल्पसंख्यक वर्ग (सिख, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, बौद्ध और जैन) के लोगों को 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक 256 लाभार्थियों को 8.25 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने पंजाब के पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं से अपील की कि वे स्वरोज़गार शुरू करने के लिए बैकफिंको से संपर्क करें।

### 16वीं पंजाब विधानसभा के 11वें विशेष सत्र का सत्रावसान

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब के राज्यपाल द्वारा 28 जनवरी, 2026 को पंजाब विधानसभा, जिसकी 30 दिसंबर, 2025 की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी, का सत्रावसान कर दिया गया है।

### कर भला हो भला टीम द्वारा जोनल यूथ फेस्टिवल के पदक विजेता छात्रों का सम्मान



**जगराओं (अप्रस/प्रदीप पाल)।** समाजसेवी संस्था कर भला हो भला की टीम द्वारा बुधवार को लाला लाजपत राय डीएवी कॉलेज, जगराओं के ऑडिटोरियम हाल में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों द्वारा जोनल यूथ फेस्टिवल में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक जीतने वाले सभी प्रतिभाशाली छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य छात्रों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। इस सम्मान समारोह में शिक्षा, समाजसेवा और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। कॉलेज प्रबंधन और छात्रों ने इस अवसर पर कर भला हो भला टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवी संस्थाओं द्वारा उठाए गए ऐसे प्रेरणादायक कदम छात्रों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां देते हैं। इससे विद्यार्थी भविष्य में भी इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और अपने कॉलेज के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम भी रोशन करते हैं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के साथ समाजसेवा के इस प्रयास की सराहना की।कार्यक्रम में प्रोफेसर मोहन लाल गोयल (पूर्व रीजनल डायरेक्टर, डीएवी स्कूल्स राजस्थान), डॉ. सतीश शर्मा (पूर्व डायरेक्टर, डीएवी कॉलेजेज, नई दिल्ली), कैप्टन नरेश वर्मा (पूर्व प्रिंसिपल), एस. तारा सिंह आलम (यूके), कृष्ण कुमार कमल (कमल स्टूडियो, यूएसए), केवल मल्होत्रा, प्रोफेसर कुनाल मेहता, वाइस प्रिंसिपल विकास मेहंदी रत्ता, ऑफिशिएटिंग प्रिंसिपल प्रोफेसर बिंदू शर्मा, प्रोफेसर सुभाष शर्मा, प्रो. वरुण गोयल, प्रो.वरुण वर्मा, मलकित कौर, कालिका जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संस्था कर भला हो भला की ओर से कार्यक्रम की अगुवाई रोहित अरोड़ा (चेयरमैन), सुनील बजाज (सरपरस्त), विशाल शर्मा (प्रधान), नीरज कटारिया (कैशियर), ननेश गांधी (पीआरओ) और कंवल कक्कड़ (सेक्रेटरी) ने की उसे समय हाजिर रहे।

मान सरकार का गरीब और हाशिए पर खड़े वर्गों के लिए बड़ा कदम

# आशीर्वाद योजना अब केवल सेवा केंद्रों के माध्यम से लागू होगी: डॉ. बलजीत कौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा गरीब, पिछड़े और हाशिए पर खड़े वर्गों के कल्याण के लिए लगातार जनहितैषी फैसले लिए जा रहे हैं। इसी दिशा में आशीर्वाद योजना को और अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और जन-मैत्री बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह बात पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कही।

पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज पंजाब भवन में आशीर्वाद ऑनलाइन पोर्टल को सेवा केंद्रों के साथ संयुक्त रूप से जोड़कर आधिकारिक तौर पर शुरू किया। उन्होंने जानकारी दी कि अब से आशीर्वाद योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन केवल सेवा केंद्रों के माध्यम से ही जमा किए जा सकेंगे, जिससे योजना की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी तथा जवाबदेह बनेगी।

मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि मान सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता है कि सरकारी कल्याण योजनाओं का प्रत्येक रुपया पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थी तक पहुंचे। सेवा केंद्रों के माध्यम से आवेदन लेने से भ्रष्टाचार, दलाली और दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा तथा लोगों का सरकारी प्रणाली पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। यह पहल बेटियों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आशीर्वाद योजना पंजाब सरकार की एक प्रमुख कल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत अनुसूचित जातियों, ईसाई समुदाय, पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा सभी जातियों की विधवाओं की बेटियों और अनुसूचित जाति की विधवाओं एवं तलाकशुदा महिलाओं के विवाह के समय ?51,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि पहले लाभार्थियों को दस्तावेजों सहित आवेदन विभाग के तहसील कार्यालयों में जमा करवाने पड़ते थे, जिससे प्रक्रिया में देरी और तकनीकी खामियां आती थीं। उन्होंने यह भी कहा कि बाद में योजना को ऑनलाइन करने के बावजूद निजी साइबर कैफे द्वारा अधिक फीस वसूलने संबंधी शिकायतें मिलती रहती थीं।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार ने अब आशीर्वाद पोर्टल को सेवा केंद्रों से जोड़ दिया है। इससे लाभार्थी अपने नजदीकी सेवा केंद्र से कम खर्च में, आसान और पूरी तरह पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक श्रीमती विम्मी भुल्लर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 333वें दिन 1.1 किलो हेरोइन सहित 73 नशा तस्कर काबू

नशा मुक्ति प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 28 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** प्रदेश से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 333वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 275 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश भर में 49 एफआईआर दर्ज कर 73 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 333 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 46,770 हो गई है।

इन छापेमारियों के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 1.1 किलो हेरोइन, 205 नशीली गोलियां तथा 46,440 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों तथा एसएसपीज़ को पंजाब को नशा-मुक्त प्रदेश बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की गई है।

इस अभियान के दौरान 68 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 700 से अधिक पुलिस कर्मियों की 100 से ज्यादा पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 275 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 274 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति–इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)–लागू की है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 28 व्यक्तियों को नशा छोड़ने तथा पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: पंजाब पुलिस ने यारा इंडिया के सहयोग से सड़क सुरक्षा और रसायनों के प्रबंधन पर वेबिनार आयोजित किया

सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रयासों में मानवीय मूल्यों को विशेष स्थान दिया जाना चाहिए: स्पेशल डीजीपी ए.एस. रॉय

वेबिनार में 600 से अधिक ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा फोर्स के कर्मियों ने भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत, पंजाब पुलिस के ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा विंग ने यारा इंडिया के सहयोग से आज सड़क सुरक्षा प्रबंधन तथा दुर्घटनाओं के दौरान रसायनों के प्रबंधन के संबंध में फील्ड कर्मियों की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से एक विशेष वेबिनार आयोजित किया। पंजाब पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश भर से सड़क सुरक्षा फोर्स तथा जिला ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा टीमों के 600 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा) ए.एस. रॉय ने सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रयासों में मानवीय मूल्यों को विशेष स्थान देने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सुरक्षा, सहानुभूति और जिम्मेदार व्यवहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो बहुमूल्य जानों–विशेष रूप से युवाओं की जान–को बचाना सुनिश्चित करता है। इस दौरान तकनीकी सत्रों का संचालन यारा इंडिया के एचईएसक्यू सिक्योरिटी मैनेजर राजीव पाहुजा, यारा इंडिया के एससीएम मैनेजर संदीप तोमर तथा ट्रैफिक सलाहकार, पंजाब, डॉ. नवदीप असीजा द्वारा किया गया। सत्रों के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े आंकड़ों, ड्राइविंग के दौरान संभावित खतरों की पहचान, संवेदनशील यात्रियों के व्यवहार, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल तथा यातायात और सड़क आपात स्थितियों के दौरान उर्वरकों के सुरक्षित प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए यारा साउथ एशिया के एमडी संजीव कंवर ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है, जो सीधे तौर पर जन-जीवन और समुदायों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों का परिवहन भारत के कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इनके परिवहन तथा आपात स्थितियों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

# पंजाब सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध: डॉ. रवजोत सिंह

शिक्षा विभाग की 13 कर्मचारी संगठनों के साथ हुई बैठकें

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** पंजाब के संसदीय मामलों और एन.आर.आई. मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज राज्य सरकार की कर्मचारियों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने बताया कि कच्चे कर्मचारियों सहित कर्मचारियों के कई अहम मुद्दों का समाधान पहले ही किया जा चुका है और शेष जायज़ मांगों पर भी सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

पंजाब सिविल सचिवालय में विभिन्न बैठकों की अध्यक्षता करते हुए डॉ. रवजोत सिंह ने शिक्षा विभाग से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षा सचिव सोनाली गिरी सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान डॉ. रवजोत सिंह ने शिक्षा विभाग से संबंधित 13 विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी जायज़ मांगें प्रक्रिया के तहत हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बैठक के दौरान शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों को जायज़ मांगों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनः दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कर्मचारी-हितैषी सरकार है और सभी जनसेवकों के लिए सहयोगात्मक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जीएनडीयू ने रचा अकादमिक इतिहास: अंग्रेज़ी के साथ पंजाबी भी बनी शोध की अनिवार्य भाषा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 28 जनवरी।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय (जी.एन.डी.यू.), अमृतसर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल करते हुए 'पंजाबी-फर्स्ट एजुकेशन, रिसर्च एंड गवर्नेंस पॉलिसी-2026' को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत विश्वविद्यालय में अब शोध कार्य केवल अंग्रेज़ी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पंजाबी (गुरमुखी) को भी शोध और अकादमिक अभिव्यक्ति की अनिवार्य भाषा के रूप में अपनाया जाएगा। यह निर्णय न केवल शिक्षा को समाज से जोड़ने वाला है, बल्कि यह पंजाबी भाषा को ज्ञान, विज्ञान और नवाचार की मुख्यधारा में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### उच्च शिक्षा को समाज से जोड़ने की पहल

इस ऐतिहासिक नीति की घोषणा करते हुए जी.एन.डी.यू. के उपकुलपति प्रो. करमजीत सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा को आम लोगों की भाषा से पुन: जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी अपनी सबसे सहज भाषा में सोचते और लिखते हैं, तो उनका शोध अधिक गहराई, स्पष्टता और सामाजिक प्रासंगिकता प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि आज उच्च शिक्षा का एक बड़ा हिस्सा समाज से कटता जा रहा है, ऐसे में यह नीति विश्वविद्यालयों को स्थानीय भाषा और समाज से दोबारा जोड़ने का माध्यम बनेगी।

### द्विभाषी शोध होगा अनिवार्य

इस नीति के लागू होने के बाद पीएचडी थीसिस, शोध निबंध (डिसर्टेशन), प्रोजेक्ट रिपोर्टें और फंडेड रिसर्च आउटपुट प्राथमिक अकादमिक भाषा (आमतौर पर अंग्रेज़ी) के साथ-साथ पंजाबी (गुरमुखी) में भी जमा कराना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पंजाबी में प्रस्तुत शोध कार्य केवल औपचारिकता नहीं होंगे, बल्कि उनकी 'अकादमिक शुद्धता, मौलिकता, स्पष्टता और शोध-केन्द्रित दृष्टिकोण' के आधार पर गंभीर मूल्यांकन किया जाएगा।

### वैश्विक ज्ञान, स्थानीय पहुँच

प्रो. करमजीत सिंह ने कहा कि पंजाब में उत्पन्न ज्ञान केवल वैश्विक मंचों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वह पंजाबी बोलने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, नीति-निर्माताओं और आम नागरिकों के लिए भी सुलभ होना चाहिए। पंजाबी में शोध उपलब्ध होने से भाषा संबंधी बाधाएं कम होंगी और ज्ञान का समाज में प्रभावी प्रसार संभव हो सकेगा। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजाबी लेखन की शैली को लेकर किसी भी प्रकार का भाषाई भेदभाव नहीं किया जाएगा, बशर्ते शोध का अर्थ और अकादमिक गुणवत्ता बनी रहे।

### विद्यार्थियों और पंजाब के लिए क्यों है अहम

यह नीति विशेष रूप से 'ग्रामीण, सीमावर्ती और प्रथम-पीढ़ी के विद्यार्थियों' के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिनके लिए पंजाबी में अपने विचार व्यक्त करना अधिक सहज होता है। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे शोध से अधिक गहराई से जुड़ सकेंगे। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून, पर्यावरण, उद्यमिता और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में किया गया शोध अब पंजाबी में भी उपलब्ध होगा, जिससे बेहतर नीति-निर्माण और समाज में ज्ञान का तेज़ी से प्रसार संभव होगा।

### मज़बूत अकादमिक सहायता प्रणाली

नीति के प्रभावी और निष्पक्ष क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय एक सशक्त संस्थागत ढांचा तैयार करेगा, जिसमें शामिल होंगे– विभाग-वार पंजाबी अकादमिक शब्दावली, पंजाबी अकादमिक लेखन एवं संदर्भ गाइड, अनुवाद व शब्दावली सहायता हेतु समर्पित अकादमिक इकाई, द्विभाषी डिजिटल शोध रिपॉजिटरी। इसके अतिरिक्त एआई-आधारित अनुवाद जैसे आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जाएगा, जिसकी अकादमिक शुद्धता की जिम्मेदारी शोधकर्ता की होगी।

### चरणबद्ध क्रियान्वयन और राष्ट्रीय नीति से तालमेल

इस नीति को 'चरणबद्ध रूप से' लागू किया जाएगा—पहला वर्ष: डॉक्टरेट थीसिस और फंडेड रिसर्च, दूसरा वर्ष: शोध निबंध, तीसरा वर्ष: प्रमुख प्रोजेक्ट रिपोर्टें, यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' की भावना के पूर्णत: अनुरूप है, जो बहुभाषी और मातृभाषा आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करती है।

### समावेशी और जड़ों से जुड़ी उच्च शिक्षा की ओर कदम

द्विभाषी शोध को संस्थागत स्वरूप देकर जी.एन.डी.यू. ने यह सिद्ध किया है कि क्षेत्रीय भाषाएं वैश्विक अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ सकती हैं। यह नीति आगामी अकादमिक सत्र से लागू की जाएगी और इसे उच्च शिक्षा में एक 'मील का पत्थर' माना जा रहा है।

# ऑर्गेनिक फसलों की उपज के प्रमाणीकरण हेतु लैब स्थापित करने की दिशा में कदम उठाएं : मुख्यमंत्री

## 'हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण' की चौथी बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में हर्बल सहकारी संघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ में हैं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव। (28.01.2026)

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी ऑर्गेनिक फसलों की उपज के प्रमाणीकरण हेतु लैब स्थापित करने की दिशा में कदम उठाएं ताकि प्रमाणीकरण के बाद किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिल सके।

मुख्यमंत्री आज 'हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण' की चौथी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह , सहकारिता मंत्री श्री अरविंद शर्मा , कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा , सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, खाद्य , नागरिक एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री वीरेंद्र बड़खालसा भी उपस्थित थे।

बैठक के बाद, मुख्यमंत्री द्वारा मत्स्य पालन विभाग की पुस्तिका " Report of Working group on Fisheries Development in Haryana " का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें, इसके लिए सबसे पहले पायलट योजना के तहत करीब 5 हजार एकड़ में 'स्मार्ट एग्रीकल्चर जोन' तैयार करें। इस जोन के किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक करें कि उनको खेती में घाटा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो इस उपज की किसानों को बेहतरीन कीमत मिलेगी , फिर भी आमदनी में नुकसान हुआ तो राज्य सरकार इसकी भरपाई करेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती की उपज के प्रमाणीकरण के लिए जल्द से जल्द एक लैब स्थापित करें ताकि प्रमाणित फसल के अच्छे दाम मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को उक्त स्मार्ट एग्रीकल्चर जोन में जल प्रबंधन करके सूक्ष्म सिंचाई की प्रणाली को अपनाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को फसलों के उत्तम किस्म के बीज तैयार करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसानों के बीच ज्ञान और नीतिगत पहलुओं के प्रसार के लिए ब्लॉक स्तर तक किसान गोष्ठियों, कार्यशालाओं, सेमिनारों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों का कैलेंडर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन अभियानों के दौरान किसानों को रासायनिक दवाओं एवं खाद के प्रयोग से होने वाले नुकसान तथा प्राकृतिक खेती के फायदों के लिए भी जागरूक करें।

नायब सिंह सैनी ने 'हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण' द्वारा पायलट सहकारी खेती के कलस्टर , जल निकासी तकनीक के उपयोग ,पीएम कुसुम योजना के तहत फीडरों के सोलराइजेशन , फसल विविधीकरण, सांझी डेयरी परियोजना, झींगा मछली पालन, बकरी एवं भेड़ पालन को बढ़ावा देने, खरीफ फसल तिलहन और दालों को बढ़ावा देने जैसे मामलों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक योजनाएं महिला -केंद्रित बनाएं।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, पशुपालन विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक राजनारायण कौशिक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई एचपीडब्ल्यूसी बैठक, 127.87 करोड़ रुपये की शहरी अवसंरचना परियोजनाओं को मिली मंजूरी

बैठक में लगभग 8.77 करोड़ रुपये की हुई बचत

मुख्यमंत्री ने शहरी अवसंरचना परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को हरियाणा निवास में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की हाई-पावर्ड वर्क्स कमेटी (एचपीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान, प्रदेशभर में प्रमुख शहरी अवसंरचना और विकास परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे।

बैठक में कुल लगभग 136.64 करोड़ रुपये की 3 निविदाओं पर विचार किया गया, जबकि चौथी परियोजना के लिए पुनः निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए। इन तीनों निविदाओं में बोलीदाताओं के साथ विस्तृत बातचीत के उपरांत कार्यों की लागत लगभग 127.87 करोड़ रुपये निर्धारित की गई, जिससे इस पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 8.77 करोड़ रुपये की बचत सुनिश्चित हुई।

मंजूर की गई परियोजनाओं में अमृत योजना के तहत फरीदाबाद शहर में नागरिक सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी वाले क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रणाली प्रदान करने के लिए निविदा और अंबाला शहर नगर निगम में सड़कों की मशीनीकृत और मैनुअल सफाई का काम शामिल है, जिसका उद्देश्य सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना और शहरी स्वच्छता में सुधार करना है। इसके अलावा, बैठक में गुरुग्राम में श्री माता शीतला देवी मंदिर परिसर के पुनर्विकास के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं, इलेक्ट्रिकल, एचवीएसी और अग्निशमन प्रणालियों से संबंधित शेष कार्यों को भी मंजूरी दी गई।

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहरी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाने और सार्वजनिक कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, अतिरिक्त प्रधान सचिव और आयुक्त एवं सचिव, शहरी स्थानीय निकाय डॉ. साकेत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र/छात्राओं को अपराधों के प्रति किया जागरूक



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** जिला पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरुक किया जा रहा है। बुधवार को सेफ सिटी टीम ने राजकीय स्कूल गोविन्दगढ़ में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत सिपाही हरजीत और एस.पी.ओ. अनीता की टीम ने छात्र एवं छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को जागरूक करते हुए महिला सिपाही ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त कारवाई करेगी। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि महिला विरुद्ध अपराधों पर रोक लग सके। पुलिस टीम ने छात्र व छात्राओं को गुड टच-बैड टच के बारे में भी बताया। पुलिस टीम ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सहित गांव के भी अनेक गण्यमान्य व्यक्ति व बच्चे मौजूद थे।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** समालखा चौकी पुलिस टीम ने जीटी रोड पर हथवाला मोड़ के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनीपत जिले के बरोदा गांव निवासी अंकित के रूप में हुई है। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि जीटी रोड हथवाला मोड़ के पास संदिग्ध किस्म का एक युवक एचएफ डिलक्स बाइक को खड़ी कर खड़ा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान अंकित पुत्र फूल सिंह निवासी बरोदा सोनीपत के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 26 जनवरी की रात को समालखा में आर के न्यू बोर्न चिल्ड्रन हास्पिटल के बाहर से चोरी करना स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में चुलकाना निवासी मनोज पुत्र हुकमचंद की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए उसने उक्त बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी अंकित के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### खस्ता हाल गली का करवाया नवनिर्माण



**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** गांव छाजपूर खुर्द में पिछले 15 सालो से खस्ता हालत गली का नवनिर्माण पूरा होने पर महिला सरपंच शकुन्तला ने ग्रामीणों के साथ मिलक कर विधायक मनमोहन भडाना का आभार जताया हैं। गांव की मैन गली के लोगों ने एकजुट हो कर महिला सरपंच शकुन्तला का सम्मान करते हुए गांव की महिलाओं ने विधायक मनमोहन भड़ाना का भी आभार जताया हैं। महिला सरपंच शकुन्ता, ग्रामीण राजेश, कृष्ण लाल, नरेश, संदीप व महिलाएं पुनम, रेखा, बबली, कोमल, पुष्पा, संतोष, सुदेश आदि का कहना है कि गांव की मैन गली पिछले करिब 15 सालो से खास्ताहालत में थी। जिस को ग्राम पंचायत सरपंच शकुन्तला व विधायक मनमोहन भडाना ने चार दिन में ही गली का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पुरा कराया गया हैं। आज गांव में पढी लिखी पंचायत द्वारा विधायक मनमोहन भडाना के सहयोग से तेज गति से विकास कार्य कराएं जा रहे हैं। पुरे गांव में कई जगह विकास कार्य चल रहे हैं। गांव की मेन गली निर्माण के साथ-साथ गांव के शामशान घाट की मैन फिरनी गली का भी निर्माण कार्य कराया गया हैं। जिस पर जल्द ही गांव में ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत विधायक मनमोहन भडाना का गांव में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित करेगी।

## आलोवृष्टि से खराब फसलों का तत्काल मुआवजा दें सरकार : रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 28 जनवरी।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि हरियाणा के कई जिलों में अचानक बदले मौसम ने किसानों की कमर तोड़ दी है। राज्य के 10 जिलों में हुई भीषण ओलावृष्टि और 7 जिलों में तेज बारिश के चलते सरसों, गेहूं सहित रबी की प्रमुख फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में जमी बर्फ की सफेद चादर केवल प्राकृतिक आपदा का संकेत नहीं, बल्कि हजारों किसान परिवारों की मेहनत और आजीविका पर सीधा प्रहार है। कैथल में बातचीत करते हुए रामचंद्र जडौला ने कहा कि कई जगहों पर फसलें पूरी तरह बिछ गई हैं, बालियां टूट गई हैं और सरसों की फलियां झड़ चुकी हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मौसम की इस मार ने पहले से महंगाई और लागत से जूझ रहे अन्नदाताओं की चिंता और बढ़ा दी है। पूर्व हैफेड डायरैक्टर रामचंद्र जडौला ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रभावित जिलों में तत्काल विशेष गिरदावरी कराई जाए, ताकि फसल क्षति का सटीक और त्वरित आकलन हो सके और किसानों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा वितरण में किसी भी प्रकार की देरी उन्हें और अधिक कर्ज के बोझ तले दबा देगी। इसके साथ ही फसल बीमा योजना के तहत लंबित दावों का समयबद्ध निपटारा करने और प्रभावित किसानों के लिए तुरंत राहत पैकेज घोषित किया जाए। कागजी प्रक्रियाओं में उलझाकर उन्हें राहत से वंचित न किया जाए।

## घरौंडा में एनएच-44 पर अवैध कटों को लेकर एनएचएआई का बड़ा एक्शन, ढाबों और पेट्रोल पंपों पर दर्ज हुआ मामला

अर्थ प्रकाश/ईशा



**घरौंडा, 28 जनवरी।** घरौंडा क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाइवे-44 पर बनाए गए अवैध कटों को लेकर एनएचएआई ने सख्त रुख अपनाया है। लगातार चेतावनी और कार्रवाई के बावजूद कट बंद न करने पर अब ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। एनएचएआई का कहना है कि इन अवैध कटों से न सिर्फ हाईवे की संरचना को नुकसान हो रहा है, बल्कि रोजाना हजारों वाहन चालकों की जान भी जोखिम में पड़ रही है।

एनएचएआई अंबाला में घटना प्रबंधन अधिकारी के पद पर तैनात धीरेन्द्र शर्मा ने थाना घरौंडा में लिखित शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया कि एनएच-44 पर कुछ ढाबा मालिक और पेट्रोल पंप संचालक अपने व्यापार के फायदे के लिए अवैध कट खोल रहे हैं। एनएचएआई की टीम द्वारा कई बार मौके पर पहुंचकर इन कटों को बंद किया गया, लेकिन कुछ समय बाद इन्हें फिर से खोल दिया गया। धीरेन्द्र शर्मा ने शिकायत में कहा कि अवैध कटों के कारण तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। अचानक वाहन मुड़ने से टकराव की आशंका बनी रहती है, जिससे बड़े हादसे हो सकते हैं। इससे यात्रियों के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोगों की सुरक्षा भी खतरे में रहती है। शिकायत के साथ अवैध कटों की फोटो भी पुलिस को सौंपी गई हैं।

शिकायत में घरौंडा से पानीपत की ओर एचपी पेट्रोल पंप, आशीर्वाद ढाबा, गुरुकृपा कार वॉश, ब्रेक प्राइवेट ढाबा, न्यू बाबा दा ढाबा, भारत पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम सीएनजी भाटिया और द अर्बन विलेज रेस्टोरेंट के सामने अवैध कट होने का जिक्र किया गया है। वहीं पानीपत से घरौंडा की ओर लक्ष्मी रसोई, राजेन्द्र वैष्णो ढाबा, इंडियन ऑयल पंप शहीद लाल सिंह फिलिंग स्टेशन और यस कैंटीन के सामने भी अवैध कट बताए गए हैं।

## जग ज्योति दरबार में हवन एवं भंडारे के साथ गुप्त नवरात्र पूजन का हुआ समापन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** जग ज्योति दरबार में नौ दिन तक चले गुप्त नवरात्र पूजन का भंडारे एवं हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर हवन पूर्णाहुति में योगध्यान सिंह के परिजन, तेजपाल, राहुल, मनप्रीत, मनप्रीत मान, जसदेव, केवल कृष्ण इत्यादि भी शामिल हुए। जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने गुप्त नवरात्र पूजन करने वाले श्रद्धालुओं से कहा कि सर्वकल्याण की भावना से ही पूजा व आराधना करनी चाहिए। उन के अनुसार दूसरों का हित चाहने वालों पर मां शक्ति अपने आप प्रसन्न होती है। उन्होंने बताया कि गुप्त नवरात्र के दौरान 9 दिन तक दस महाविद्याओं की पूजा-अर्चना गुप्त तरीके से की गई है, इस में सर्वकल्याण की कामना की गई। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि मां शक्ति के साधकों के लिए तंत्र साधना में गुप्त नवरात्र बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

## हर्षोल्लास से मनाया 77वाँ गणतंत्र दिवस

अर्थ प्रकाश/अरविन्द मोहन शर्मा




**कुरुक्षेत्र, 28 जनवरी।** रेज़ोनेंट पब्लिक स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष, उल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निर्देशक डॉ. जे.एस. हुड्डा, उनके पूजनीय पिताजी श्री सुजिंदर सिंह हुड्डा एवं माता श्रीमती राजबाला, प्रधानाचार्या डॉ. सविता सुदन तथा उप-प्रधानाचार्या नीलम शर्मा एवं विद्यालय के समन्वयक श्री संदीप धीमान द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। ध्वजारोहण के पश्चात निर्देशक डॉ. जे.एस. हुड्डा एवं उनके पिताजी श्री सुजिंदर सिंह हुड्डा ने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा, अनुशासन, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सविता सुदन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता, देश के शहीदों के अमूल्य बलिदान तथा युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे शिक्षा, संस्कार और कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। उप-प्रधानाचार्या नीलम शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी अध्यापकगणों एवं विद्यार्थियों ने तिरंगे को सलाम करते हुए ÷जय जवान, जय किसान, जय भारत÷ के नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

## 2030 ओलंपिक की शान बढ़ाएगा खो खो, नई ऊर्जा और युवा पीढ़ी की प्रतिभा को राष्ट्र सेवा से जोड़ना है प्राथमिकता : जवाहर यादव

अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 28 जनवरी।** हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष जवाहर यादव ने कहा कि कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में 31 जनवरी से 4 फरवरी तक खो खो सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा सरकार और एसोसिएशन की पहल पर वर्ष 2012 में गुरुग्राम के बाद अब यह भव्य आयोजन होगा। कुरुक्षेत्र के केशव थीम पार्क में देशभर दो दर्जन राज्यों से लगभग 1500 खिलाड़ी दम दिखायेंगे।

हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर कुरुक्षेत्र एसोसिएशन जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, महासचिव महेंद्र कंबोज समेत टीम ने स्वागत किया। कार्यक्रम की तैयारियों, खिलाडियों के रहने, खाने और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। खो खो एसोसिएशन टीम ने तमाम प्रबंध और योजनाओं पर मंथन किया।

प्रदेशाध्यक्ष जवाहर यादव ने कहा कि खो खो को ओलम्पिक 2030 में शामिल करने और स्वर्ण पदक जीतने के साथ युवा पीढ़ी को खेल के माध्यम से राष्ट्र सेवा से जोड़ना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन की टीम को प्रबंध और तैयारियों को लेकर बधाइयां दी। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को खो खो चैंपियनशिप का आगाज होगा, जिसका शुभारंभ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल करेंगे। उन्होंने कहा कि अलग अलग दिवसों पर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, राज्य खेल मंत्री गौरव गौतम शिरकत करेंगे।

उन्होंने कहा कि खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा टीम मिलकर इस चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहे हैं। इस मौके पर खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, महासचिव उपकार सिंह विर्क, कोषाध्यक्ष गोविंद शर्मा, हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र कंबोज, कोषाध्यक्ष एडवोकेट वृषभान और एसोसिएशन कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, सुनीता खत्री डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट, महासचिव जगतार वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ शुरू

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 28 जनवरी।** गांव धनीरामपुरा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ ,ध्वजारोहण, नवग्रह व दुर्गा पूजन, मां बगलामुखी पूजन एवं अभिषेक के साथ ही शुरू हो गया । इस मौके पर क्लश यात्रा निकाली गई। क्लश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर यज्ञशाला तक पहुंची, जहां परिक्रमा करने के पश्चात कलश की विधिवत स्थापना की गई। यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश, गंगा प्रसाद शास्त्री व पं. अखिलेश तिवारी सहित अनेक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों की उपस्थिति में त्रिकाल महायज्ञ की शुरूआत करवाई गई। यज्ञ में स्वामी चमन गिरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी शिवदयाल पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी, स्वामी राम किशन पुरी सहित अनेको साधु संतो ने भाग लिया। भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी ने बताया कि यह यज्ञ समाज में शांति एवं जन कल्याण हेतु के लिए किया जा रहा है। हिंदू धर्म में यज्ञ का स्थान सर्वोपरि है। यज्ञ एक विशेष धार्मिक प्रक्रिया है जिसके जरिए मनुष्य न केवल भौतिक सुख बल्कि आध्यात्मिक संपदा भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी की उपासना मनुष्य जीवन के समस्त विघ्नों का समाधान करने में सक्षम है। मंदिर के महंत भीम पुरी ने बताया कि इस पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकोटत्सव महायज्ञ में यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित 41 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 41 यजमान यज्ञ में कुल सवा पांच लाख आहुतियां डालेंगे। इस मौके पर परमानंद चौबे, विकल चौबे, सुनील कुमार सतनाराण गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 77वें गणतंत्र दिवस पर विद्यालय में मेधावी छात्रों का सम्मान, 66 विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

## वीर शहीदों के बलिदान को भूलना नहीं चाहिए : बलिंद्र संधू

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**कैथल, 28 जनवरी।** सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुतुबपुर में विद्यालय में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर सत्र 2024ङ्क25 में कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 66 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बोर्ड कक्षाओं में शानदार परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा बारहवीं और दसवीं के टॉपर विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। बारहवीं कक्षा की टॉपर नीतू, पुत्री सुबे सिंह (चंदाना) तथा दसवीं कक्षा की टॉपर नवप्रीत पुत्री बलिंद्र संधू (कुतबपुर) ने विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। उल्लेखनीय है कि नीतू ने बारहवीं कक्षा में कैथल जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सत्र 2024ङ्क25 में बारहवीं कक्षा के 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 17 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं दसवीं कक्षा में 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 19 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और समारोह की शोभा को चार चाँद लगा दिए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। प्रधानाचार्य सोहन लाल गौड़ ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की कुर्बानियों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर बलिंद्र संधू ने कहा कि आज के दिन देश का संविधान लागू हुआ था, जो हमें समानता, अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि हम उन वीर सपूतों को शत-शत नमन करते हैं जिनके बलिदान के कारण हम आज स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। संधू ने कहा कि देश के लिए प्राणों की बाजी लगाने वाले वीर शहीदों के बलिदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति और उत्साह के साथ किया गया।

# सूरजकुंड मेले की तैयारियां पूरी, उपराष्ट्रपति 31 को करेंगे उद्घाटन

- केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रहेंगे मौजूद
- 50 से अधिक देशों के कारोबारी लेंगे भाग
- इजिप्ट होगा नेशनल पार्टनर,उत्तर प्रदेश व मेघालय होंगे थीम स्टेट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि 39 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव दुनिया के सांस्कृतिक, पर्यटन मानचित्र पर मजबूत दस्तक देगा।

बुधवार को चंडीगढ़ में विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित कार्यालय में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव की तैयारियों पर विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल व निदेशक पर्यटन पार्थ गुप्ता के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 31 जनवरी को देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन फरीदाबाद के सूरजकुंड में शिल्प महाकुंभ का उद्घाटन करेंगे, जबकि केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि 16 दिन तक चलने वाले शिल्प महोत्सव का 15 फरवरी को राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव केवल एक आयोजन भर नहीं होगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता का उत्सव, शिल्प कौशल और आत्मनिर्भरता के विचार की आत्मा साबित होगा। उन्होंने कहा कि पार्टनर नेशन के तौर पर इजिप्ट चैथी बार शिल्प महोत्सव में अपनी प्राचीनतम कला एवं संस्कृति के साथ पर्यटकों को लुभाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव में गत वर्ष 44 देशों के 635 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था, जबकि इस साल 50 से अधिक देशों के 800 के करीब प्रतिभागी शामिल होंगे।

विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने शिल्प महोत्सव में 1200 से अधिक स्टॉल्स राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय बुनकरों, शिल्पकारों, पारंपरिक शिल्प प्रदर्शनी के बिक्री के लिए अलॉट किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पदमश्री कैलाश खेर, पंजाबी गायक गुरदास मान, पदमश्री महाबीर गुड्डू समेत कई प्रख्यात शख्सियत अपनी प्रस्तुति देंगे। हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला की पुरानी परंपराओं को जीवंत रखने के लिए प्रादेशिक कलाकार अलग-अलग मंचों पर प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि पौने पांच करोड़ रुपए की राशि खर्च करते हुए ढांचागत विकास किया गया है, इसमें मेला परिसर का सौंदर्यीकरण, रास्तों का चौड़ीकरण, 127 नए हट का निर्माण, पुरानी हट की रिपेयर और झूला क्षेत्र का विस्तार शामिल है।

# भट्ठल की जुबानी सामने आया कांग्रेस का असली किरदार : कुलदीप धालीवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 28 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और हलका अजनाला से विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बीबी राजिंदर कौर भट्ठल के बम धमाकों संबंधी बयान को अति गंभीर बताते हुए कहा कि इसने कांग्रेस का असली किरदार पंजाबियों के सामने ला दिया है। उन्होंने मांग की कि मैडम भट्ठल बताएं कि वे कौन से लोग थे जो पंजाब को आग की भट्ठी में झोंकना चाहते थे।

विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि बीबी भट्ठल का यह बयान बताता है कि कांग्रेस ने पंजाब के साथ क्या धोखे किए हैं। उन्होंने कहा कि भट्ठल ने खुद माना कि कुछ अफसरों और नेताओं ने उन्हें बसों और ट्रेनों में बम धमाके करवाकर सरकार दोबारा बनाने की सलाह दी थी। धालीवाल ने कहा कि यह खुलासा साबित करता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए लोगों को मरवाने, लड़वाने और हालात खराब करने से भी गुरेज नहीं करती थी।

'आप' नेता ने कहा कि यह पहला ऐसा खुलासा नहीं है। इससे पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह भी कह चुके हैं कि उन्होंने नौजवानों को पुलिस के पास पेश करवाया और उन्हें मार दिया गया। इसी तरह प्रताप बाजवा भी 32 बमों की बात कर चुके हैं। धालीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे सच बाहर आ रहा है कि कांग्रेस ने पंजाब को बर्बाद करने में कितनी बड़ी भूमिका निभाई। विधायक धालीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से विनती की कि इस बयान की जांच कराई जाए और पता लगाया जाए कि कौन से सियासी नेता और अफसर थे जो पंजाब को आग की भट्ठी में झोंकते थे। उन्होंने कहा कि हजारों परिवारों के सदस्य शहीद हुए, चौकों में ब्लास्ट हुए, राह जाते राही मारे गए - इन सभी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान होनी चाहिए। धालीवाल ने समस्त पंजाबियों से अपील की कि वे भट्ठल के बयान को गंभीरता से लें।


## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती बिंदु सिंह पत्नी श्री पुष्पिंदर सिंह के नाम से श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री हजारी लाल के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 47–सी, चंडीगढ़ में ड्वेलिंग यूनिट सं. 2809 (भूतल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 47–सी, चंडीगढ़ में ड्वेलिंग यूनिट सं. 2809 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती बिंदु सिंह पत्नी श्री पुष्पिंदर सिंह के नाम में दर्ज है। अब, श्रीमती बिंदु सिंह पत्नी श्री पुष्पिंदर सिंह ने 24.12.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री हजारी लाल को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री हजारी लाल ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़


# हरियाणा में एसआईआर की तैयारी, भाजपा ने किया कमेटी का गठन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** हरियाणा में भी चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) होने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। प्रदेश में मतदाता सूचियों के मिलान के दौरान 29 लाख के लगभग मतदाताओं को संदिग्ध कैटेगरी में डाला गया है। भाजपा ने एसआईआर को लेकर प्रदेश स्तरीय कमेटी का गठन किया है।

असंध विधायक योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में बनाई गई पांच सदस्यीय कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व प्रदेश सचिव मनीष यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुलेख डिडवाडा को बतौर सदस्य शामिल किया है। यह कमेटी एसआईआर के संचालन के समय आने वाली किसी भी समस्या का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएगी।

बिहार के विधानसभा चुनावों से पहले वहां हुए एसआईआर का विपक्षी दलों ने डटकर विरोध किया था। अक्तूबर-2024 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनने और पॉजिटिव माहौल के बाद भी सरकार से दूर रहने के बाद कांग्रेस ने वोट चोरी व ईवीएम में धांधली के आरोप लगाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी 'एच फाइल्स' के जरिये यह आरोप लगा चुके हैं कि हरियाणा में 25 लाख से अधिक फर्जी वोटर हैं।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने एसआईआर कमेटी के साथ-साथ प्रदेश बजट टोली भी गठित की है। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में बनाई गई इस कमेटी में पूर्व वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख अरुण यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरुण श्योराण को भी शामिल किया है। यह कमेटी केंद्रीय बजट के अलावा हरियाणा के वार्षिक बजट को लेकर लोगों से संवाद करेगी और अहम फैसलों व बजट घोषणाओं को लेकर आम लोगों तक पहुंचाने की रणनीति भी बनाएगी।


# कलायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 1200 से अधिक मरीजों को मिला लाभ

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 28 जनवरी।** सांसद नवीन जिंदल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत कलायत नगर पालिका कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा लगाए गए इस शिविर में कलायत व आसपास के गांवों से आए 1200 से अधिक लोगों को डॉक्टरों की टीम ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा नेत्र, दंत, स्त्री रोग, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा किशोरी एक्सप्रेस वैन के माध्यम से 8 से 18 वर्ष की किशोरियों में एनीमिया जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और आगे की चिकित्सा जानकारी भी दी गई। कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि स्वस्थ कुरुक्षेत्र के संकल्प के तहत यह शिविरों की श्रृंखला है, जिसमें 29 जनवरी को पुंडरी हल्के के गांव कोल में अगला शिविर लगाया जाएगा।


## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़




### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री सुरजीत सिंह पुत्र श्री बलवंत की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर (i) श्रीमती कंवलजीत कौर पत्नी श्री लखविंदर सिंह (ii) श्रीमती सतनाम पत्नी श्री सुरेश कुमार (iii) श्रीमती रजविंदर कौर पत्नी श्री अरुण पाल विजय और (iv) श्रीमती कुलविंदर कौर पत्नी श्री कंवरप्रीत सिंह के नामों में सेक्टर 40–बी, चंडीगढ़ में एमआईजी (डी) श्रेणी की डीयू सं. 1662/1 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 40–बी, चंडीगढ़ में एमआईजी (डी) श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1662/1 के आवंटी/हस्तांतरी श्री सुरजीत सिंह पुत्र श्री बलवंत की उसके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित अनुसार 12.08.2009 को चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई है। (i) श्रीमती कंवलजीत कौर पत्नी श्री लखविंदर सिंह (ii) श्रीमती सतनाम पत्नी श्री सुरेश कुमार (iii) श्रीमती रजविंदर कौर पत्नी श्री अरुण पाल विजय और (iv) श्रीमती कुलविंदर कौर पत्नी श्री कंवरप्रीत सिंह ने श्री सुरजीत सिंह पुत्र श्री बलवंत की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने नामों में सेक्टर 40–बी, चंडीगढ़ में एमआईजी (डी) श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1662/1 के स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। उन्होने आगे सूचित किया है कि उन्होने कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी पीछे नहीं छोड़ा है।

यदि किसी व्यक्ति को ड्वेलिंग यूनिट में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है जो (i) श्रीमती कंवलजीत कौर (पुत्री) (ii) श्रीमती सतनाम (पुत्री) (iii) श्रीमती रजविंदर कौर (पुत्री) और (iv) श्रीमती कुलविंदर कौर (पुत्री) के पक्ष में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्तावित है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का आवंटन एवं पंजीकरण उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री राकेश कुमार साहनी पुत्र श्री माखन लाल साहनी के नाम से श्री मनजीत सिंह कूका पुत्र श्री सुरिंदर सिंह कूका के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 47–सी, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2753/2 (द्वितीय तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 47–सी, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2753/2 (द्वितीय तल) आवंटी/हस्तांतरी श्री राकेश कुमार साहनी पुत्र श्री माखन लाल साहनी के नाम में दर्ज है। अब, श्री राकेश कुमार साहनी पुत्र श्री माखन लाल साहनी ने 09.01.2026 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री मनजीत सिंह कूका पुत्र श्री सुरिंदर सिंह कूका को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री मनजीत सिंह कूका पुत्र श्री सुरिंदर सिंह कूका ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़


# करनाल के आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## प्रताप पब्लिक स्कूल, प्रकाश पब्लिक स्कूल खाली करवाए गए

- दमकल, पुलिस की गाड़ियां पहुंची मौके पर जांच शुरू

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 28 जनवरी।** चंडीगढ़ अंबाला, गुरुग्राम और दिल्ली के बाद हरियाणा के करनाल में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आज सुबह जैसे ही स्कूल खुले और स्कूल प्रबंधन में मेल खोली तो उस भीपर स्कूल उड़ाने के धमकी दिखाई दी। स्कूल संचालकों ने पुलिस के साइबर सेल को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्कूल खाली करवा लिया गए। सभी पहले प्रकाश पब्लिक स्कूल , प्रताप पब्लिक स्कूल जरनैली कालोनी, सैक्टर छह के प्रबंधन ने देखी। स्कूल में आपात योजना के तहत दमकल की गाड़ियां और पुलिस पहुंची। अभी यह पाता नही चला कि किसने धमकी दी। लेकिन इसे खालिस्तानी सार्थक गुरवंत सिंह पन्नू के साथ जोड़ा जा रहा है।

**ईमेल चेक होते ही प्रबंधन ने लिया फैसला:** धमकी का यह ईमेल करनाल के प्रकाश कौर पब्लिक स्कूल और प्रताप पब्लिक स्कूल को मिला। स्कूल की प्राचार्या अनुप्रिया ने बताया कि स्कूल स्टॉफ ने स्कूल शुरू होने के बाद ईमेल की जांच की, जिसमें स्कूल को उड़ाने की धमकी लिखी हुई थी। सूचना मिलते ही बिना घबराहट के सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बच्चों को कक्षाओं से बाहर निकाला गया और स्कूल को पूरी तरह खाली कराया गया। इसके अलवा घरौंडा, बस्तली, असंध व के स्कूल नामी स्कूलो को भी यह ईमेल प्राप्त हुई। करनाल में प्रताप पब्लिक स्कूल, दायाल सिंह स्कूल सहित अन्य स्कूलों को भी बाम से उड़ाने की धमकी दी गई है।अभिभावकों को कॉल कर तुरंत बुलाया गया। सभी स्कूलों के प्रबंधन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी अभिभावकों को फोन कर बच्चों को लेने के लिए बुलाया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को सुरक्षित घर ले गए। पूरे घटनाक्रम के दौरान स्कूल परिसर में शांति बनाए रखी गई, ताकि बच्चों में डर का माहौल न बने।

**साइबर थाना करनाल में दी गई शिकायत:** प्रकाश कौर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अनुप्रिया ने बताया कि धमकी वाला ईमेल स्कूल समय में चेक किया गया था। इसके बाद तुरंत आवश्यक कदम उठाए गए और स्कूल को खाली करवा दिया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता थी। घटना की शिकायत साइबर थाना करनाल को दे दी गई है। पुलिस जांच में जुटी, ईमेल की हो रही पड़ताल साइबर थाना करनाल की टीम धमकी भरे ईमेल की तकनीकी जांच कर रही है। ईमेल कहां से और किस उद्देश्य से भेजा गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहींः नरेश कुमार

**कैथल (अप्रस)।** एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा के प्रभारी नरेश कुमार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी सरकारी कार्यालय में यदि भ्रष्टाचार की जरा-सी भी आशंका या बू महसूस हो, तो आम नागरिक बिना समय गंवाए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की शिकायत करें। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बेनकाब कर सलाखों के पीछे पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। यहां अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नरेश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार एक सामाजिक बीमारी बन चुका है, जिसका सबसे बड़ा शिकार आम नागरिक होता है। जब तक आमजन जागरूक होकर रिश्वत देने से इंकार नहीं करेगा और उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाएगा, तब तक भ्रष्टाचार पर पूरी तरह अंकुश लगाना संभव नहीं है। नरेश कुमार ने कहा कि अक्सर लोग डर या असुविधा के कारण भ्रष्टाचार को सहन कर लेते हैं, जो कि गलत है।


## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम
8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़, 0172-2511141

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन एवं टेनामेंट की बिक्री) विनियमन 1979 के विनियमन के अधीन अपने नामों में ड्वेलिंग यूनिट के उपहार/बिक्री/खरीद की स्वीकृति हेतु आवेदन किया है।

| क्र. सं. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | डी.यू. सं. | श्रेणी | सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनमोहन सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह और श्रीमती अंजली पत्नी श्री मनमोहन सिंह | श्रीमती निर्मला बिष्ट पत्नी श्री एम.एस.बिष्ट (मदन सिंह बिष्ट) | 164/2 | एलआईजी | 41–ए, चंडीगढ़ |
| 2. | श्रीमती किरण पत्नी श्री दिनेश शर्मा | श्री फरेश कौशल पुत्र स्व. श्री रमेश नाथ कौशल | 2357 | ईडब्ल्यूएस | 40–सी, चंडीगढ़ |

यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के संबंध में बिक्री/खरीद के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित में दस्तावेजी प्रमाण, यदि कोई हो, के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दर्ज करें।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़


# भट्ठल के खुलासे ने कांग्रेस का असली चेहरा किया बेनकाब : बलतेज पन्नू

- सत्ता के लिए लोगों की जानें दांव पर लगाने से भी गुरेज नहीं करतीं परंपरागत पार्टियां- आप
- भट्ठल बताएं कि किन कांग्रेसी नेताओं ने दी थी बम धमाकों की सलाह : पन्नू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रदेश महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज सिंह पन्नू ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बीबी राजिंदर कौर भट्ठल की एक इंटरव्यू का हवाला देते हुए गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इस खुलासे ने परंपरागत पार्टियों का असली चेहरा लोगों के सामने ला दिया है।

बलतेज सिंह पन्नू ने बताया कि वे बीबी भट्ठल की एक इंटरव्यू सुन रहे थे जिसमें भट्ठल ने खुद माना कि जब वे मुख्यमंत्री थीं और चुनाव आए तो उन्हें पार्टी के कुछ सलाहकारों और नेताओं ने सलाह दी कि बसों और सार्वजनिक स्थानों पर बम धमाके करवा दिए जाएं ताकि सरकार दोबारा बन सके।

पन्नू ने कहा कि यह बेहद संगीन और हैरान करने वाला खुलासा है। उन्होंने मांग की कि बीबी भट्ठल को तुरंत बताना चाहिए कि कांग्रेस के वे कौन से नेता और सलाहकार थे जिन्होंने ऐसी घिनौनी सलाह दी थी। आप नेता ने कहा कि यह बयान साफ करता है कि पिछले समय में परंपरागत पार्टियां किस तरह आम लोगों की जानें दांव पर लगाकर अपनी सरकारें बनाती और दोहराती रही हैं। यह पंजाब के लोगों के साथ धोखा है।


## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री जगप्रीत सिंह वाहला, पुत्र श्री दिलबाग सिंह वाहला के नाम से श्रीमती जतिंदर पॉल पत्नी श्री दिलबाग सिंह वाहला के नाम में हस्तांतरण विलेख के आधार पर सेक्टर–39–बी, यूटी., चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1071 (भूतल) के संबंध में हस्तांतरी का हस्तांतरण/परिवर्तन।

**(पुत्र से माता)**

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर–39–बी, यूटी., चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1071 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरी श्री जगप्रीत सिंह वाहला, पुत्र श्री दिलबाग सिंह वाहला के नाम में दर्ज है। श्रीमती जतिंदर पॉल पत्नी श्री दिलबाग सिंह वाहला ने अपने नाम में हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के संबंध में स्वामित्व अधिकार के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है, जो 08.01.2026 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत की गई थी।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री विपन कुमार पुत्र श्री किशन चंद के नाम से श्री राकेश कुमार आर्य पुत्र श्री मोहन लाल के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 40–ए, चंडीगढ़ में ईडब्ल्यूएस श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 458 (भूतल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 40–ए, चंडीगढ़ में ईडब्ल्यूएस श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 458 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरी श्री विपन कुमार पुत्र श्री किशन चंद के नाम में दर्ज है। अब, श्री विपन कुमार पुत्र श्री किशन चंद ने 29.10.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री राकेश कुमार आर्य पुत्र श्री मोहन लाल को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री राकेश कुमार आर्य पुत्र श्री मोहन लाल ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री कुलदीप सिंह गिल पुत्र श्री सुच्चा सिंह गिल के नाम से श्रीमती बबीता साह पत्नी श्री विजय कुमार के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 40–ए, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 584 (भूतल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 40–ए, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 584 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरी श्री कुलदीप सिंह गिल पुत्र श्री सुच्चा सिंह गिल के नाम में दर्ज है। अब, श्री कुलदीप सिंह गिल पुत्र श्री सुच्चा सिंह गिल ने 10.12.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्रीमती बबीता साह पत्नी श्री विजय कुमार को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्रीमती बबीता साह पत्नी श्री विजय कुमार ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री एस.आर. बतरा पुत्र श्री खान चंद बतरा के नाम से श्रीमती मीना पत्नी स्व. श्री सुशील मनचंदा के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 45–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–एमआईजी–II की ड्वेलिंग यूनिट सं. 443 के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 45–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–एमआईजी–II की ड्वेलिंग यूनिट सं. 443 आवंटी/हस्तांतरी श्री एस.आर. बतरा पुत्र श्री खान चंद बतरा के नाम में दर्ज है। अब, श्री एस.आर. बतरा पुत्र श्री खान चंद बतरा ने 15.01.2026 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्रीमती मीना पत्नी स्व. श्री सुशील मनचंदा को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्रीमती मीना पत्नी स्व. श्री सुशील मनचंदा ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

# चंडीगढ़ में 26 स्कूलों को बम से उड़ाने की ई-मेल के जरिए मिली धमकी

पुलिस ने स्कूलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई, थाना 17 में मामला दर्ज

घबराने की जरूरत नहीं पेनिक ना करे : एसएसपी

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** बुधवार सुबह उस वक्त शहर में हड़कप मच गया।जब शहर के अलग अलग 26 स्कूलों को ईमेल के जरिय बम से उड़ाने की धमकी मिली। जिसमें सरकारी और प्राइवेट स्कूल शामिल है।मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।यूटी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर के अलग अलग स्कूलों में मोर्चा संभाला और चैकिंग शुरू की।मौके पर चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर,बम स्क्वायड और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पहुंची थी।स्कूल परिसरों की तलाशी ली।लेकिन पुलिस के द्वारा की गई चैकिंग के दौरान कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।वही घबराए हुए सभी पेरेंट्स अपने बच्चों के स्कूलो में जाकर उन्हें घर ले जाते हुए नजर आए।वही एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे यूटी पुलिस के कंट्रोल रूम पर कॉल आई थी। 4 स्कूल वालो ने उन्हें पुलिस को सूचित किया कि उन्हें एक ईमेल रिसीव हुई है। जिसमे स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एसएसपी ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक शहर के कुल 26 स्कूलों को ईमेल धमकी आई है। तुरंत स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड,एंबुलेंस और बम स्क्वायड की टीमों को मौके पर भेजा गया था। पुलिस ने 10 स्कूलों की चेकिंग की।लेकिन कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। बाकी 16 अन्य स्कूलों की चेकिंग चल रही थी। पुलिस के अनुसार जो ईमेल रिसीव हुई है।वह जीमेल की आईडी से रिसीव हुई है। जिसको लेकर यूटी पुलिस की थाना साइबर क्राइम पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल में जुट गई है।वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए थाना 17 में मामला दर्ज कर लिया है।जिसके बाद स्कूलों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसएसपी के मुताबिक किसी भी तरह पैनिक करने की जरूरत नहीं है। प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट होकर स्कूलों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने पब्लिक और पैरेंट्स से अपील की है कि वह पेनिक ना करे।जो भी अपटेड होगी बता दी जाएगी।



### स्कूल शांति और सामान्य तरीके से चल रहे

एसएसपी ने कहा कि प्रशासन की तरफ से स्कूलों में छुट्टी का कोई आदेश नहीं दिया गया है। जिन स्कूलों ने अपनी तरफ से छुट्टी कर दी है, उन स्कूलों के बच्चे घर चले गए हैं। इसके साथ ही जो परिजन स्कूलों से अपने बच्चों ले जाना चाहते हैं, तो उन्हें पिक करने पहुंच रहे हैं। एसएसपी ने कहा कि शहर के जिन स्कूलों में धमकी नहीं मिली है वो सभी स्कूल शांति और सामान्य तरीके से चल रहे हैं और उनमें तय समय पर छुट्टी की जाएगी ।वही शिक्षा विभाग का कहना है कि स्कूल शांति बनाए रखें।

**अफवाह न फैलाएं :** धमकी के बाद चंडीगढ़ के शिक्षा विभाग ने कहा कि सभी स्कूलों से कहा जाता है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी तरह की बेवजह अफवाह या डर न फैलाएं। अगर किसी स्कूल को कोई धमकी वाला ई-मेल या मैसेज मिलता है, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। ताकि नियमों के मुताबिक जरूरी कार्रवाई हो सके। सही जानकारी के बिना छुट्टी न करें, स्कूलों को बिना पक्की और सही जानकारी के छुट्टी न करने की सलाह दी जाती है। इससे बच्चों, माता-पिता और आम लोगों में बेवजह डर और गलतफहमी फैल सकती है। सभी स्कूल सामान्य रूप से पढ़ाई जारी रखें और सतर्क रहें।

# विद्यालयी छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम : पायलट परियोजना 'साथी' का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** चंडीगढ़ के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण को सुदृढ़ करने तथा छात्र आत्महत्याओं की रोकथाम के उद्देश्य से पायलट मानसिक स्वास्थ्य परियोजना 'साथी' का शुभारंभ किया गया। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने किया।

परियोजना 'साथी' को 'चंडीगढ़ प्रशासन', स्कूल शिक्षा विभाग और चंडीगढ़ सिटीज़न्स फ़ाउंडेशन (CCF) के संयुक्त प्रयास से पायलट परियोजना के रूप में तैयार किया गया है। इसमें 'जीएमसीएच और पीजीआईएमईआर' के मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ-साथ शिक्षकों, परामर्शदाताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का तकनीकी सहयोग शामिल है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रशासक श्री कटारिया ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को आधुनिक युग की 'मौन महामारी' बताया, जो विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी केवल शैक्षणिक दबाव ही नहीं, बल्कि भावनात्मक उपेक्षा, पारिवारिक तनाव, बुलिंग, अत्यधिक स्क्रीन समय, साथियों का दबाव और परीक्षा से जुड़ी चिंता जैसी समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं, जो अक्सर अनदेखी रह जाती हैं।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्राप्त करने में संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि 'सामाजिक कलंक' सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलापन अपनाने और पेशेवर सहायता लेने का आग्रह किया।



### समग्र और संवेदनशील दृष्टिकोण

परियोजना 'साथी' एक 'समग्र दृष्टिकोण' पर आधारित है, जिसमें शिक्षकों और विद्यालय प्रधानाचार्यों के लिए संवेदनशीलता प्रशिक्षण, परामर्शदाताओं के कौशल संवर्धन तथा विद्यालयों में योग, ध्यान, खेल, जीवन कौशल शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। नियमित वेलनेस सत्र और सहकर्मी सहभागिता गतिविधियाँ सुरक्षित, सहयोगी और भावनात्मक रूप से सुदृढ़ विद्यालयी वातावरण के निर्माण में सहायक होंगी।

### कक्षा 7 से 11 तक के छात्रों पर केंद्रित

इस अवसर पर 'पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं चंडीगढ़ सिटीज़न्स फ़ाउंडेशन के महासचिव श्री जे.एम. बालमुरुगन, आईएएस' ने परियोजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 'साथी' 'कक्षा 7, 8, 9 और 11' के छात्रों के लिए छह माह की पायलट परियोजना है, जिसका उद्देश्य किशोरों में आत्मविश्वास, सहनशीलता और स्वस्थ तनाव-प्रबंधन कौशल विकसित करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में तोते रखने के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ ( )।** यूटी पुलिस की थाना 11 पुलिस ने घर में दो तोते रखने के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिसकी पहचान संदीप के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रेंज फोरेस्ट ऑफिसर जतिंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्हें 24 जनवरी को शिकायत मिली थी कि उक्त आरोपी ने घर में दो तोते रखे हुए हैं। जो कि रख नहीं सकते। जिसकी शिकायत है को दी गई थी।जिसके चलते पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी के खिलाफ वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कारवाई करते हुए मामला दर्ज किया है।

### चंडीगढ़ में मेयर चुनाव से पहले प्रेम गर्ग की आप और कांग्रेस पार्षदों से एकजुटता की अपील


**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ में आगामी मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और संगठन के संरक्षक प्रेम गर्ग ने आप और कांग्रेस के सभी पार्षदों से एकजुट होकर गठबंधन को मज़बूत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह समय व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर शहर के भविष्य के लिए एक साथ खड़े होने का है। प्रेम गर्ग ने स्पष्ट किया कि वह यह अपील किसी पद या औपचारिक हैसियत से नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में कर रहे हैं जो वर्षों से चंडीगढ़ के राजनीतिक और संगठनात्मक उतार-चढ़ाव का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले पाँच वर्षों में तीन बार मेयर पद हाथ से निकलना गठबंधन के लिए एक चेतावनी रहा है और इस बार अंतिम वास्तविक अवसर है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं है, चाहे वह योगेश ढींगरा हों या सौरभ जोशी। दोनों को उन्होंने योग्य और सम्मानित नेता बताया और ज़ोर देकर कहा कि असली जीत आपङ्ककांग्रेस गठबंधन, सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ की जनता की होनी चाहिए। आप के पार्षदों को संबोधित करते हुए प्रेम गर्ग ने कहा कि यदि किसी को पार्टी या नेतृत्व को लेकर असंतोष है, तो भी उन्हें उस संघर्ष और यात्रा को याद रखना चाहिए जिसने उन्हें जनता के बीच पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि पार्टी का साथ देना किसी पर उपकार नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक भविष्य और सम्मान में निवेश है। कांग्रेस पार्षदों, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लकी और सांसद मनीष तिवारी से भी उन्होंने सहयोग बनाए रखने की अपील की। प्रेम गर्ग ने कहा कि मनीष तिवारी देश के ऐसे एकमात्र सांसद हैं जो कांग्रेस और आप दोनों की साझा उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करते हैं और गठबंधन को एक बार फिर उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे एक पार्षद से भी अपील की कि वे नाम वापस लेकर गठबंधन की एकता को प्राथमिकता दें और किसी भी प्रकार के विद्रोही रुख से बचें। अपने संबोधन में प्रेम गर्ग ने आप चंडीगढ़ की राजनीतिक यात्रा को याद करते हुए कहा कि पार्टी ने सीमित संसाधनों और सपनों के साथ शुरुआत कर 14 सीटें जीतकर भाजपा को हराया था।

# मेयर चुनाव : किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

## नगर निगम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, मीडिया कर्मियों के सामानों की होगी स्कैनिंग

डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह







**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ में नये मेयर चुनावों को लेकर शहर के उपायुक्त निशांत यादव ने आज बुधवार 28 जनवरी को चुनावों की तैयारियों का जायजा लिया। वहीं नगर निगम की तरफ से बृहस्पतिवार 19 जनवरी को होने वाले मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहतर प्रबंध किये गये हैं। मीडिया कर्मियों के लिए भी सख्त हिरायतें हैं कि वह चुनाव के दिन 9 से 10 बजे के बीच पहुंच कर अपनी सेक्यूरिटी जांच पड़ताल करवा लें। उनके बैग, मोबाइल, कैमरे आदि को भी स्कैनर से गुजरना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि भाजपा की तरफ से मेयर पद के लिए सौरभ जोशी, सीनियर डिप्टी मेयर पद के लिए जसमनप्रीत और डिप्टी मेयर पद के लिए सुमन देवी चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार आम आदमी पार्टी की तरफ से मेयर पद के लिए योगेश ढींगरा सीनियर डिप्टी मेयर के लिए मनव्वर खान तथा डिप्टी मेयर पद के लिए जसविंदर कौर मैदान में हैं। उधर कांग्रेस की तरफ से गुरप्रीत सिंह गाबी मेयर, सचिव गालब सीनियर डिप्टी मेयर एवं डिप्टी मेयर के लिए श्रीमती निर्मला देवी चुनाव मैदान में हैं।

आम आदमी पार्टी के पार्षद रामचंदर ने अपना अलग से नामांकन भरा है। किंतु वह चुनाव लड़ेंगे या किसी और दल को समर्थन देंगे, यह स्पष्ट नहीं है, इसलिए कल 29 जनवरी को होने वाले तिकोने मुकाबले में एक चौथा कोण भी बनता नजर आ रहा है। यह चौथा व्यक्ति (रामचंदर) यदि इधर-उधर हुए तो चुनावी समीकरण पर भी असर डाल सकते हैं। आज आदमी पार्टी के पार्षद दमनप्रीत सिंह भी 26 जनवरी के एक समारोह में मौजूदा मेयर हरप्रीत कौर बबला के साथ देखे गये। उन्होंने पूछने पर कहा कि यह तो उनके वार्ड से संबंधित एक समारोह की तस्वीर है। किंतु उसके बाद 'आप' के वरिष्ठ नेता डॉ. सन्नी आहलूवालिया भी पहुंचे। उन्हें दमनप्रीत से कुछ अलग मान मन्नौवल की बात भी करते देखा गया। परंतु कल होने वाले चुनाव में हाथ खड़े करते समय कौन के किसके साथ खड़ा है, यह तो समय ही बतायेगी। किंतु सभी दलों की धड़कनें भी बढ़ी हुई हैं।

भाजपा के सभी पार्षद उसके चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष के साथ मोरनी की सुंदर वादियों में प्रकृति के नजारे का आनंद ले रहे हैं। आप के पार्षद भी कहीं और आराम फरमा रहे हैं। कांगेस के सभी पार्षद लक्की के साथ हैं।

### संख्या बल का आंकड़ा इस प्रकार है

भाजपा के पास भले ही 18 वोटें हैं, किंतु उन्हें क्रॉस वोट का भय भी सता रहा है। क्योंकि सौरभ जोशी को मेयर प्रत्याशी तय करने को लेकर कुछ पार्षदों में रोष है। चुनाव के दिन कांग्रेस और आप के एक होने का डर है। आप के नाराज पार्षद भी दगा दे सकते हैं। कांग्रेस के 6 एवं सांसद को मिलाकर कुल सात वोटें बनती हैं। सदन में कुल 35 पार्षद हैं और नगर सांसद को मिलाकर 36 वोटें हैं, जीत के लिए 19 वोटों की जरूरत है। भाजपा के पास 18 वोटें, कांग्रेस के साथ 7 और आप के पास 11 वोटें हैं। हालांकि रामचंदर की बगावत ने समीकरण को उलझा रखा है इसलिए एक वोट भी इधर-उधर हुई तो सत्ता की तस्वीर कुछ और ही हो सकती है। आज की रात तीनों दलों के लिए कत्ल की रात साबित होगी। सभी दल प्रमुखों और उनके सिपाहसालार हर मोर्चे पर अपनी निगरानी तेज करेंगे। इस प्रकार कल हाथ उठाते समय किसका हाथ किसके समर्थन में खड़ा हो जाए, इस पर भी सस्पेंश बना हुआ है। फिलहाल वीरवार मध्यान्ह तक स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। मेयर का ताज किसके सिर सजेगा, यह आने वाला कल तय करेगा। किंतु सभी दलों में इस चुनाव को लेकर बेचैनी जरूर देखी जा रही है। उनके दिलों की धड़कें भी ऊंचे नीचे होने लगी हैं। इस बीच नगर सांसद मनीष तिवारी ने मेयर चुनाव का कार्यकाल एक से बढ़ाकर 5 वर्ष करने की मांग की है।

# चंडीगढ़ गोल्फ क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष मेजर आर.एस. विर्क (लाली) ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** चंडीगढ़ गोल्फ क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष मेजर आर.एस. विर्क (लाली)ने अपने सहयोगियों करण गिलहोत्रा, अमरबीर सिंह लहल और एनपीएस औलख सिंह (आईपीएस) के साथ पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट के दौरान मेजर विर्क ने गोल्फ खेल के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने चंडीगढ़ गोल्फ क्लब समुदाय को और सशक्त बनाने, युवा गोल्फ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा खेल भावना और अनुशासन को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने क्लब के स्टाफ सदस्यों और कैडीज़ के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में भी कार्य करने की बात कही।

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने नव निर्वाचित अध्यक्ष और उनकी टीम को बधाई देते हुए उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं तथा समाज में नेतृत्व, अनुशासन और सकारात्मक मूल्यों के विकास में खेलों की भूमिका को रेखांकित किया।

## आईपीएस अधिकारी को एसपी सुरक्षा और ट्रैफिक का अतिरिक्त चार्ज, यूटी पुलिस के चार डीएसपी इधर से उधर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** यूटी पुलिस प्रशासन ने बुधवार को आदेश जारी कर आईपीएस अधिकारी एजीएमयूटी 2022 बैच के अनुराग दारू का प्रमोशन होने पर अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से कमांडेंट आईआरबी का अस्थायी प्रभार संभालेंगे।साथ ही एसपी सुरक्षा और यातायात का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। वहीं 4 डीएसपी को इधर से उधर किया है।जिसमें डीएसपी यूटी राम गोपाल को डीएसपी ट्रैफिक,पीसीसीसी एंड डीएसपी सुरक्षा विंग से डीएसपी ट्रैफिक,अतिरिक्त चार्ज डीएसपी पीसीआर,पीसीसीसी,एंड डीएसपी सुरक्षा विंग,डीएसपी सीता देवी को डीएसपी कम्युनिटी पुलिस एंड अतिरिक्त चार्ज डीएसपी एडमन से डीएसपी डीएसपी कम्युनिटी पुलिस,अतिरिक्त चार्ज डीएसपी लाइन और डीएसपी एडमन, दानिप्स कैडर के डीएसपी लक्ष्य पांडे को डीएसपी ट्रैफिक आर एड डी अतिरिक्त चार्ज आईआरबी, डीएसपी कंप्यूटर एंड आईटी डीएसपी सुरक्षा हेड क्वार्टर एंड कम्युनिकेशन से डीएसपी क्राइम एंड एएनटीएफ अतिरिक्त चार्ज , डीएसपी ट्रैफिक आर एंड डी,डीएसपी आईआरबी, डीएसपी कंप्यूटर एंड आईटी, डीएसपी सुरक्षा हेड क्वार्टर, कम्यूनिकेशन एंड पीसीसी,दानिप्स कैडर के डीएसपी धीरज कुमार को डीएसपी क्राइम एंड अतिरिक्त चार्ज एएनटीएफ एंड पीसीसी से एसडीपीओ साउथ वेस्ट लगाया गया है।

# यूटी पुलिस के 25 पुलिस कर्मियों को एडमिनिस्ट्रेटर पुलिस मेडल से नवाजा जाएगा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** सोमवार को सैक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर होने जा रहे भव्य समारोह के दौरान यूटी पुलिस के 25 पुलिस कर्मियों को एडमिनिस्ट्रेटर पुलिस मेडल से नवाजा जाएगा।

जिसमें इंस्पेक्टर जसपाल सिंह, इंस्पेक्टर (एलआर) विजेंद्र कुमार, एसआई प्रमोद कुमार, एएसआई (पीआर) विजय कुमार, एएसआई(एलआर)यश पॉल धीमान, एसआई गुरसाहिब सिंह,एसआई भूपिंदर सिंह, एसआई सुदेश कुमार, एएसआई (पीआर) इंदु बाला, एएसआई (पीआर) राकेश कुमार,एएसआई (एलआर) अश्वनी कुमार,एएसआई (एलआर) वरिंदर चौहान,एएसआई (एलआर) रितु रानी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमारी, हेड कांस्टेबल जसविंदर कौर, हेड कांस्टेबल जसविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल रेखा चौहान, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, सीनियर कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल सुमनजीत सिंह, कॉन्स्टेबल राकेश, कॉन्स्टेबल अरविंद कुमार, अमनदीप वालिया, कॉन्स्टेबल राकेश और कांस्टेबल संदीप कुमार को विशिष्ट वा सराहनीय सेवाओं के चलते एडमिनिस्ट्रेटर पुलिस मेडल से नवाजा जाएगा।

# वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम विज की 'हास्य काव्यांजलि' का विमोचन

हास्य-व्यंग्य, तलवार की धार पर चलने जैसा सृजन : डॉ. मनमोहन सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम विज की 26वीं पुस्तक 'हास्य काव्यांजलि' का विमोचन सेक्टर-38 स्थित महिला भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में किया गया। पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध साहित्यकार एवं चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेखक प्रेम विज की पत्नी राज विज भी उपस्थित रही। इनके अलावा समारोह में अकादमी के उपाध्यक्ष डा. अनीश गर्ग; सचिव सुभाष भास्कर; समाजसेवी के के शारदा; कवियत्री डा. प्रज्ञा शारदा चर्चित कवि डॉक्टर विनोद शर्मा; कवयित्री डॉ संगीता शर्मा कुंद्रा; अमन मेहरा, कवयित्री डेजी बेदी उपस्थित थे। पुस्तक का संपादन प्रसिद्ध लेखक आचार्य राजेश कुमार ने किया था, जो समारोह में उपस्थित थे।

प्रेम विज की यह 26वीं कृति है। इससे पूर्व उनके दो हास्य-व्यंग्य संग्रह-'भीड़ का भूगोल' और 'परदे के पीछे'-पाठकों और आलोचकों द्वारा सराहे जा चुके हैं। उनकी रचनाएँ पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय तथा दिल्ली शिक्षा बोर्ड की पाठ्य-पुस्तकों में शामिल हैं। चार विश्वविद्यालयों में उनकी रचनाओं पर एमफिल शोध कार्य हो चुका है, जबकि बाबा मस्तराम विश्वविद्यालय, रोहतक में शोध कार्य हाल ही में पूर्ण हुआ है।

'हास्य काव्यांजलि' में कुल 52 कविताएँ संकलित हैं, जो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विसंगतियों पर करारा व्यंग्य करती हैं। ये कविताएँ आधुनिकता और महानगरीय सभ्यता के बीच लगातार बदलते मानवीय स्वरूप को भी रेखांकित करती हैं।किताब के बारे में बात करते हुए लेखक प्रेम विज ने कहा कि इस संग्रह की कविताएं जीवन के बिल्कुल पास से जन्म लेती हैं। सरकारी दफ्तरों की अव्यवस्था, तकनीक और भावनाओं का टकराव, रिश्तों की बदलती भाषा, नेताओं के खोखले वादे, पुरस्कारों की राजनीति, उपभोक्तावाद, और आम आदमी की रोज़मर्रा की जद्दोजहद। उन्होंने कहा कि इन सबको उन्होंने इस तरह प्रस्तुत किया है कि पाठक पहले मुस्कुराता है, फिर ठहरकर सोचने लगता है। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि हास्य और व्यंग्य जितने सहज प्रतीत होते हैं, उनका सृजन उतना ही चुनौतीपूर्ण होता है। हास्य-व्यंग्य लेखन तलवार की धार पर चलने जैसा है, जहाँ प्रत्येक शब्द का चयन अत्यंत सावधानी से करना पड़ता है। प्रेम विज की यह कृति इस संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। पुस्तक के संपादक आचार्य राजेश कुमार ने कहा कि प्रेम विज ने मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखते हुए इन कविताओं की श्रमपूर्वक रचना की है, जिनमें व्यंग्य के साथ गहरी करुणा और जीवन-बोध भी स्पष्ट रूप से झलकता है।

## चुनाव प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

योगेश ढींगरा की याचिका को बताया 'पब्लिसिटी स्टंट', धांधली के आरोपों पर जताया संदेह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम में प्रस्तावित चुनाव को लेकर दायर याचिका पर तीखी टिप्पणियां करते हुए साफ कर दिया कि अदालत केवल आशंकाओं के आधार पर कोई आदेश पारित नहीं करेगी। याचिकाकर्ता योगेश ढींगरा द्वारा चुनाव प्रक्रिया में संभावित धांधली की आशंका जताते हुए ऑब्जर्वर नियुक्त करने और अतिरिक्त निगरानी की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सबसे पहले याचिका की मंशा पर ही सवाल उठा दिए। कोर्ट ने कहा कि जिस कक्ष में चुनाव होना है, वहां पहले से ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। ऐसे में अतिरिक्त निगरानी या ऑब्जर्वर की मांग का औचित्य क्या है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में टिप्पणी की कि यह याचिका किसी ठोस तथ्य या प्रमाण पर आधारित नहीं है, बल्कि केवल राजनीतिक मंशा और प्रचार पाने के उद्देश्य से दायर की गई प्रतीत होती है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि चुनाव में धांधली हो सकती है। अदालत ने कहा कि इस बार चुनाव हाथ उठाकर होने हैं, ऐसे में धांधली की संभावना कैसे बनती है, यह याचिकाकर्ता स्पष्ट नहीं कर सका। कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि 'आपके आदेशों पर हम आदेश जारी नहीं करेंगे', जिससे अदालत का रुख पूरी तरह स्पष्ट हो गया।

सम्पादकीय

# एसवाईएल पर पंजाब-हरियाणा में एक और बैठक के निहितार्थ

एसवाईएल नहर को लेकर पंजाब एवं हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक होना वक्त की मांग है। इस दौरान दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपना-अपना पक्ष रखा है, हालांकि बीते दौर की बैठकों के इतर पंजाब ने अगर जॉइंट वर्किंग ग्रुप के गठन का प्रस्ताव रखा है तो यह इस मसले के समाधान की दिशा में एक प्रभावी कदम है। निश्चित रूप से हरियाणा की ओर से इस जॉइंट वर्किंग ग्रुप के गठन पर सहमति जताई है, जोकि उसके सकारात्मक रूख का संकेत है। यह भी सकारात्मक है कि पंजाब की ओर से इस ग्रुप के गठन का प्रस्ताव आया। हालांकि पहले की भांति पंजाब ने अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है, उसका अब भी यही कहना है कि उसके पास हरियाणा को देने के लिए एक बूंद पानी नहीं है। अब बेशक, आम जनता के लिए यह रहस्य ही है कि जब पंजाब एक बूंद पानी भी देने को तैयार नहीं है तो फिर वर्किंग ग्रुप के अधिकारी आखिर किस बात को लेकर मंथन करेंगे और अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को क्या फीडबैक देंगे। यह बैठक सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर हुई है। जाहिर है, अब दोनों राज्य सरकारों की ओर से अदालत में इस बैठक के दौरान हुई आंशिक प्रगति की रिपोर्ट रखी जाएगी। अगली बैठक अब कब होगी, यह सुनिश्चित नहीं है, लेकिन इस बैठक के दौरान पंजाब की ओर से जो रूख रखा गया है, वह सकारात्मक है और इसकी जरूरत को दर्शाता है कि किस प्रकार मसलों का समाधान जरूरी है, ताकि दोनों राज्यों के बीच विवाद न रहे।

**गौरतलब है कि इससे पहले नॉर्थ जोन स्टैंडिंग काउंसिल कमेटी की बैठक हो चुकी है, तब भी पंजाब सरकार ने यही रूख रखा था कि उसके पास किसी अन्य राज्य को देने के लिए पानी नहीं है। ऐसे में यह प्रश्न गंभीर हो जाता है कि आखिर फिर इस मसले का समाधान कैसे होगा। पंजाब की ओर से ऐसे बयानों के बाद हरियाणा में भी राजनीति गर्मा जाती है और दोनों ओर से बयान आने लगते हैं। सर्वोच्च अदालत इस मामले में पंजाब सरकार को निर्देश दे चुकी है, वहीं केंद्र सरकार भी लगातार दोनों राज्यों के बीच बैठकों के जरिये मामले का समाधान करने की जुगत में है। लेकिन हैरानी होती है कि सिर्फ बैठकों, बयानों और फैसलों के सिवा कोई एक्शन नहीं हो रहा। आखिर यह सब कब तक चलता रहेगा और जनता मूक होकर यह सब देखती रहेगी।**

गौरतलब है कि इससे पहले नॉर्थ जोन स्टैंडिंग काउंसिल कमेटी की बैठक हो चुकी है, तब भी पंजाब सरकार ने यही रूख रखा था कि उसके पास किसी अन्य राज्य को देने के लिए पानी नहीं है। ऐसे में यह प्रश्न गंभीर हो जाता है कि आखिर फिर इस मसले का समाधान कैसे होगा। पंजाब की ओर से ऐसे बयानों के बाद हरियाणा में भी राजनीति गर्मा जाती है और दोनों ओर से बयान आने लगते हैं। सर्वोच्च अदालत इस मामले में पंजाब सरकार को निर्देश दे चुकी है, वहीं केंद्र सरकार भी लगातार दोनों राज्यों के बीच बैठकों के जरिये मामले का समाधान करने की जुगत में है। लेकिन हैरानी होती है कि सिर्फ बैठकों, बयानों और फैसलों के सिवा कोई एक्शन नहीं हो रहा। आखिर यह सब कब तक चलता रहेगा और जनता मूक होकर यह सब देखती रहेगी। पंजाब ने अब हरियाणा से यमुना के पानी में हिस्सेदारी मांगी है। जाहिर है, पानी  के वितरण का मामला इतना सहज नहीं रह गया है कि उसे कमेटी की बैठक में सुलझाया जा सके।

यह पूरी तरह से राजनीतिक मसला है और पंजाब में चाहे कोई भी सरकार आए, उसके सामने पंजाब के निवासियों की मांग के मद्देनजर किसी दूसरे राज्य की सरकार और फिर न्यायपालिका से रार ठानने के अलावा कोई चारा नहीं बच रहा। ऐसे में यह प्रश्न वहीं का वहीं कायम रहेगा कि क्या कभी इस मामले का समाधान निकलेगा। क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसी सख्त करेगा जिससे पंजाब नहर बनाने और हरियाणा को पानी देने को बाध्य हो जाए। अगर ऐसा होता है तो क्या पंजाब शांत रह सकेगा? मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मौजूदा बैठक में एक बार फिर इसकी आशंका जताई है कि अगर एसवाईएल नहर को जबरन शुरू किया गया तो राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर हो सकती है।  उनकी यह आशंका निर्मूल नहीं हो सकती। वैसे भी पंजाब अपने हिस्से में एसवाईएल नहर को पाट चुका है और किसानों को उनकी जमीन वापस लौटाई जा चुकी है। गौरतलब है कि तत्कालीन केंद्रीय जलशक्ति मंत्री की मध्यस्थता के दौरान एक बार पहले भी पंजाब एवं हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक हुई थी। यह बैठक इसलिए बुलाई गई थी ताकि केंद्र सरकार जिसे सुप्रीम कोर्ट में जवाब देना है, दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा करके किसी नतीजे पर पहुंच सके। लेकिन इस बैठक में नए मसले ही सामने आए। पंजाब की ओर से कहा गया कि हरियाणा के पास पानी के लिए कई चैनल हैं। यमुना-शारदा लिंक से उन्हें पानी मिलता है, जबकि पंजाब के पास सतलुज दरिया अब एक नाले में तब्दील हो चुका है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय की इस मामले में टिप्पणी रही है कि इस मामले का समाधान करें वरना कोर्ट को कुछ करना पड़ेगा। निश्चित रूप से यह मामला प्राथमिकता के आधार पर समाधान की मांग कर रहा है, लेकिन राजनीति इसके आड़े आ रही है। यह मसला कब और कैसे सुलझेगा, यह बहुत बड़ा सवाल है, जिसका जवाब शायद किसी के पास नहीं है।

# प्रगति@50 : शासन को इरादा नहीं, डिलिवरी परिभाषित करती है

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

सरकार के दो परिवर्तनकारी कदमों– पीएम गति शक्ति और प्रगति–का विशाल परियोजनाओं की योजना बनाने, उन्हें कार्यान्वित करने और उनकी निगरानी करने पर गहरा असर पड़ा है। इस लेख में हम बाद वाले कदम के बारे में चर्चा कर रहे हैं।

प्रगति (प्रो-एक्टिव गवर्नेंसएंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) प्रारूप के तहत आयोजित 50वीं उच्च-स्तरीय समीक्षा दर्शाती है कि शासन के प्रति भारत सरकार के रुख और उसे संचालित करने के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव नीयत से डिलिवरी की ओर, प्रक्रियागत अनुपालन से परिणामों की ओर तथा बिखरी हुई सत्ता से समन्वित एवं समयबद्ध कार्यान्वयन की ओर संकेत करता है। इस प्रकार प्रगति केवल एक प्रशासनिक नवाचार भर नहीं है; बल्कि यह शासन की संरचना की सोच-विचार कर की गई पुनर्रचना का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब शासन के अन्य मॉडल विफल रहे, तब यह मॉडल परिणाम देने में कैसे सफल हुआ?

**प्रगति की आवश्याकता:** सार्वजनिक परियोजनाओं में देरी होना लगभग आम बात रही है। फिर भी, शायद ही कभी इस देरी कारण नीति में स्पष्ट जानकारी या वित्तीय मंजूरी का अभाव रहा। शासन प्रणालियों का बिखराव इस देरी का कारण रहा है। मंत्रालय ऊपरी से निचले स्तर तक या वर्टिकली कार्य करते हैं; राज्य और केंद्र क्रमिक रूप से काम करते हैं; और विवाद निपटाने के अधिकार-संपन्न मंच न होने के कारण, विवाद लंबित पड़े रहते हैं। गतिविधियाँ बढ़ने के बावजूद जवाबदेही कमज़ोर होती जाती है। मुख्य समस्या कमज़ोर तालमेल और साइलो-बेस्ड समीक्षा तंत्र रही हैं।

इसके परिणाम स्वरूप, परियोजना की डिलिवरी का व्यापक उद्देश्य अक्सर कहीं खो जाता है। कई परियोजनाएँ जमीनी विवाद, पर्यावरण या वन मंजूरी, नियामक अनुमोदन, संविदा से जुड़े विवादोंया राज्यों के बीच तालमेल संबंधी चुनौतियों के कारण वर्षों तक अटकी रहीं। एक बहु-मंत्रालयीय और बहु-राज्यीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था में, जहां प्रत्येक संस्था अपने अधिकार क्षेत्र पर प्रभुत्व जमाए हुए होती है, किसी के लिए भी दूसरे को राजी करना कठिन हो जाता है। जब परियोजना की पूर्ति में कई राज्यों और मंत्रालयों को योगदान देना होता है, तो बैठकें करने, चर्चा करने, फील्ड दौरे करने, समितियाँ बनाने और अंतहीन पत्राचार करने की पुरानी प्रक्रिया बेअसर साबित होती है। यह एक ऐसा तरीका था, जिसमें चर्चा को निर्णय, गतिविधि को काम, गति को प्रगति और केवल नीयत को उपलब्धि समझ लिया जाता था।

**प्रगति का आगमन:** प्रगति निर्णय लेने, समन्वय करने और लागू करने के तरीके को नए तरीके से डिजाइन कर लगातार बनी रहने वाली इन संरचनात्मक कमियों को दूर करता है। प्रणालीगत समन्वयक के रूप में काम करते हुए यह मंत्रालयों, राज्यों और जिलों के निर्णयकर्ताओं को एक ही संस्थागत और डिजिटल मंच पर लाता है। यह फ़ाइलों के आदान-प्रदान, क्षेत्राधिकार की अस्पष्टता और विभागीय पत्राचार के कारण होने वाली देरी को समाप्त करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यान्वयन का विस्तृत दृष्टिकोण बहाल करता है, जिससे नेतृत्व फ़ाइलों की लंबित स्थिति के बजाय प्रणाली से संबंधित रुकावटों की पहचान कर सकता है।

प्रगति के तहत होने वाली समीक्षा की अध्यक्षता करने में प्रधानमंत्री की भूमिका इसकी सफलता  के लिए बहुत जरूरी है। उनका सीधा जुड़ाव इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि डिलिवरी राष्ट्रीय प्राथमिकता है और कार्यान्वयन की



विफलताओं पर सर्वोच्च स्तर पर ध्यान दिया जाएगा। यह निर्णायक कार्रवाई को सुगम बनाता है और समीक्षा को परिणामों के लिए एक बाध्यकारी ढांचे में बदल देता है। इन समीक्षाओं के दौरान लिए गए निर्णय अंतिम, समयबद्ध और डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिससे जवाबदेही स्पष्ट और लागू करने योग्य होती है।

प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण सक्षमकर्ता के रूप में कार्य करती है। रीयल-टाइम डेटा, जियो-स्पैशियल विज़ुअलाइज़ेशन और क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ सीधे संवाद हितधारकों के बीच जानकारी की असमानता  समाप्त करते हैं और निर्णयों को साक्ष्यों के आधार पर लिया जाना सुनिश्चित करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रौद्योगिकी प्रशासनिक निर्णय क्षमता को बदलने के बजाय उसे सुदृढ़ करती है, जिससे प्रणाली के भीतर नेतृत्व की जिम्मेदारी और मजबूत होती है।

प्रगति में समापन पर जोर दिया जाता है और यही बात उसे पहले के समीक्षा तंत्रों से अलग बनाती है। समस्याएँ तब तक सक्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें हल नहीं किया जाता, और उन्हें लगातार कैबिनेट सचिवालय और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा ट्रैक किया जाता है। केवल स्पष्टीकरण देना अब परिणामों का विकल्प नहीं है। समय के साथ, इस अनुशासन ने प्रशासनिक व्यवहार को बदल दिया है, जिससे मंत्रालयों और राज्यों को समस्याओं का पूर्वानुमान लगाने और उन्हें बढ़ने से पहले हल करने की प्रवृत्ति बढ़ी है।

**परिणाम:** परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं और आकलन करने योग्य हैं। 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं में तेज़ गति से काम हुआ गई है। हाल के वर्षों में, प्रगति के तहत पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) की दस परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिससे अड़चनों का जल्द  समाधान हुआ और तेज़ी से कार्यान्वयन संभव हुआ। मैं उदाहरण के रूप में दो परियोजनाओं को प्रस्तुत करूँगा।

लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) एक विशाल परियोजना है, जिसमें केंद्र सरकार के संस्कृति, रक्षा, विदेश, रेल और राजमार्ग जैसे कई मंत्रालयों के साथ-साथ गुजरात सरकार भी शामिल हैं। साथ ही, कई तटीय राज्यों के पवेलियन स्थापित किए जाने हैं, इसलिए संबंधित राज्य भी इस परियोजना का हिस्सा हैं। पिछले वर्ष एनएमएचसी परियोजना को प्रगति के एजेंडे में शामिल करने से कई स्तरों पर तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई।  सामान्यतः एजेंडे को प्रधानमंत्री द्वारा समीक्षा से कुछ महीने पहले सूचित किया जाता है, जिससे विभिन्न हितधारकों को प्राथमिकता के साथ मुद्दों को हल करने का अवसर मिलता है। परिणामस्वरूप, ज्यादातर मुद्दे जो आधिकारिक/मंत्रालय स्तर पर हल किए जा सकते हैं, पहले ही सुलझ जाते हैं और केवल मार्गदर्शन या दिशा की आवश्यकता वालेशेष जटिल मुद्दे ही वास्तविक समीक्षा के दौरान उठाए जाते हैं।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से गुजरने वाले राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)-1 पर लागू की जा रही जल मार्ग विकास परियोजना की प्रगति के तहत दो बार समीक्षा की गई। यह परियोजना अब समापन चरण में है और अधिकांश लंबित मुद्दे हल हो चुके हैं।

प्रगति फोरम एक महत्वपूर्ण सत्य पर जोर देता है- सार्वजनिक मूल्य या पब्लिक वेल्यू केवल योजनाओं की घोषणा करने से नहीं, बल्कि मंजूर किए गए निवेश के नतीजों में परिणत होने से उत्पन्न होता है। अटकी हुई  परियोजनाएं केवल नीतियों को दोबारा निरुपित किए जाने के कारण ही आगे नहीं बढ़ी, बल्कि कार्यान्वयन  के मार्ग को आसान बनाने और जवाबदेही लागू करने के कारण आगे बढ़ीं। प्रगतिका सहकारी संघवाद में योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिवों और केंद्रीय सचिवों को एक ही रीयल-टाइम प्लेटफ़ॉर्म पर लाया जानाबंटी हुई जिम्मेदारी के स्थान पर परिणामों की साझा जिम्मेदारी स्थापित करता है।

प्रगति @50 इस बात का सबूत है कि शासन के नतीजे संस्था की संरचना पर निर्भर करते  हैं। साइलो समाप्त करके, कार्यान्वयन का व्यापक दृष्टिकोण बहाल करके और कार्य समाप्त करने को प्राथमिकता देकर, प्रगति यह दर्शाता है कि असरदार शासन का आशय केवल कार्यभार बढ़ाना नहीं,बल्कि पहले से स्वीकृत कार्य को तेज़ी, गुणवत्ता और तालमेल के साथ पूराकरना है। समयबद्ध कार्यान्वयन  सेवाओं तक त्वरित पहुँच कायम करता है, अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करता है, क्षेत्रीय असमानताओं को घटाता है और सरकार की शासन करने की क्षमता में जनता का विश्वास मजबूत करता है।

प्रगति केवल नेतृत्व-प्रधान डिलिवरी का रिकॉर्ड ही नहीं, बल्कि जटिल शासन को संचालित करने की रूपरेखा भी है। वैश्विक स्तर पर इसे मिल रही तवज्जो और प्रशंसा इसी बात का प्रमाण है।

**लेखक: टी.के. रामचंद्रन**
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### शराब पीने के बाद मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या का प्रयास

चंडीगढ़। यहां स्थित कॉलोनी नंबर 4 के एक व्यक्ति के खिलाफ नगर पुलिस ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या करने का केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात कालोनी नंबर 4 के निवासी रसीद मोहम्मद ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली जिसे जली अवस्था में पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। रसीद मोहम्मद ने आग लगाने के समय शराब पी रखी थी। पुलिस ने धारा 309 के तहत केस दर्ज करके कार्यवाही चालू कर दी है।

### सतना सीट भाजपा के बृजिन्द्र नाथ ने जीती

भोपाल। पूर्व भाजपा पार्टी के मंत्री बृजिन्द्र नाथ पाठक सतना विधानसभा से पुनः निर्वाचित घोषित किये गए है उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस आई के सईद अहमद को 1537 वोटों से हराया है। श्री पाठक को कुल वोट 24772 मिले, जबकि सईद को 23 हजार 134 वोट मिले जो हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल गुलशेयर अहमद के पुत्र है। बसपा के बैजनाथ तीसरे नम्बर पर रहे। ज्ञात रहे कांग्रेस व भाजपा ने इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया हुआ था। इससे पूर्व वर्ष 1990 में भी श्री पाठक 5909 वोट लेकर विजयी घोषित किए गए।

### अर्थ नीति या व्यर्थ नीति

केंद्र में सत्तारुढ़ कांग्रेस दल की वर्तमान सरकार की सफलता का राज जय शास्त्री बनाम वित्तमंत्री का होना प्रमुखता कहा जा सकता है। यह देश का दुर्भाग्य है कि एक प्रधानमंत्री को आम सड़कों पर छोटे-छोटे बच्चों ने दुत्तकारा और दूसरा प्रधानमंत्री अपनी छवी एक राष्ट्रीय नेता के रूप में तनिक भी उभार न पाया। इस सरकार का जो कुछ थोड़ा-बहुत वकार है वह केवल वित्तमंत्री का मस्तिक। लेकिन न जाने क्यों पिछले दिनों से वे भी डगमगाए से लग रहे है-संभव संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के बाद उनकी मानसिक स्थिति संतुलित नहीं रही। त्याग पत्र प्रकरण महंगाई रोकने के समय असमय वायदे और वर्तमान हालात अपने आप में प्रतिवाद है। हाल ही में राशन की चीनी का मूल्य 75 रुपए क्विटल बढ़ा देने से सरकार एक आम उपभोक्ता के जीवन में क्या सुधार करेगी?

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1528 - मुग़ल साम्राज्य वंश के संस्थापक बाबर ने मेवाड़ के राजा राणा साँगा को हराकर चंदेरी के क़िले पर कब्ज़ा किया।

1676 - 'थियोडोर तृतीय' रूस के ज़ार बने।

1780 - भारत का पहला समाचारपत्र अंग्रेज़ी में 'हिकीज बंगाल गजट' के नाम से प्रकाशित हुआ। 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर' का कोलकाता से प्रकाशन हुआ। अंग्रेज़ी भाषा के इस समाचार पत्र के संपादक 'जेम्स ऑगस्टस हिक्की' थे।

1889 - आस्ट्रिया हंगरी के युवराज 'आर्कड्यूक रूडोल्फ़' ने अपनी प्रेमिका की हत्या के बाद आत्महत्या कर ली।

1916 - 'प्रथम विश्व युद्ध' में जर्मनी ने फ्रांस पर पहली बार हमला किया।

1919 - चेक फ़ौजों ने गैलीसिया में पोलैंड की फ़ौजों को शिकस्त दी।

1939 - रामकृष्ण मिशन सांस्कृतिक संस्थान की स्थापना हुई।

1963 - फ्रांस के वीटो के कारण यूरोपीय साझा बाज़ार में ब्रिटेन को प्रवेश नहीं मिल सका।

1973 - अमेरिका, सोवियत संघ तथा 17 देश यूरोप में सैन्य बल कटौती में विचार-विमर्श के लिए विएना में बैठक की।

1976 - सोवियत संघ अंगोला में राजनीतिक समझौते के लिए सहमत हुआ।

1979 - भारत के सबसे पहले जंबो ट्रेन. दो इंजन वाली. तमिलनाडु एक्सप्रेस को नयी दिल्ली स्टेशन से झंडी दिखाकर चेन्नई के लिए रवाना किया गया।

1986 - अमेरिकी अंतरिक्ष शटल 'चैलेंजर' दुर्घटनाग्रस्त एवं उसमें सवार सभी 7 अंतरिक्ष यात्रियों की मृत्यु।

1989 - सीरिया और ईरान ने लेबनान में संघर्ष रोकने के लिए समझौता किया।

1990 - पूर्वी जर्मनी के सत्ता से हटाये गए कम्यूनिस्ट नेता 'एरिक होनेकर' को गिरफ़्तार किया गया।

1992 - भारत आशियान का क्षेत्रीय सहयोगी बना।

1993 - किक्रेटर विनोद कांबली का टेस्ट में पदार्पण।

1994 - भारत सरकार ने 'एयर कार्पोरेशन एक्ट' 1953 को रद्द किया।

1996 - फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने भविष्य में परमाणु परीक्षण पर रोक लगाने की घोषणा की।

2003 - इस्रायल के आम चुनावों में प्रधानमंत्री एरियल शेरोन की लिकुड पार्टी विजयी।

2005 - नक्सलवादियों ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष वेंकैया नायडू के हेलिकॉप्टर को गया में उड़ा दिया। वेंकैया नायडू सकुशल बचा गये।

2008 - लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने तीन लोकसभा सदस्य रमाकांत यादव, भालचन्द्र व अखलास्क की सदस्यता समाप्त कर दी।

## बोल ब्यूटीफुल

**वेलिना:** एक और भारत रूस से लेकर चीन तक से अपनी नजदीकियां बढ़ा रहा है तो यूरोप को भी उसी तरह से साधने में सफल हो रहा है। आज के दौर में रणनीति स्वायतता सिखाने के मामले में भारत सबसे बढ़िया उदाहरण है।



**एम. दंडापाणी:** यूरोप ने भारत के साथ बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता कर ही लिया है। जल्द ही कनाडा भी इस दिशा में आगे बढ़ता दिखाई देगा और संभव है कि दक्षिण कोरिया का नाम भी इसमें शामिल हो जाए।

**राजीव रंजन:** इन दिनों कुछ सरकारी अधिकारी अलग-अलग कारणों से त्यागपत्र दे रहे है, लेकिन ऐसा कम ही सुनने को मिलता है कि किसी ने कैंसर की तरह सरकारी सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार से तंग आकर इस्तीफा दिया हो?

**अमिताभ अग्निहोत्री:** जाति आधारित भेदभाव केवल आरक्षित वर्गो तक सीमित नहीं है, बल्कि यह तो किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकता है, चाहे वह किसी भी वर्ग का है।

# सरल नहीं पर प्रभावशाली थे, आदर्शवादी नहीं पर निर्णायक थे अजित पवार

महाराष्ट्र की राजनीति को आज तब गहरा आघात लगा जब उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। लैंडिंग के दौरान विमान में आई तकनीकी खराबी के बाद यह दुर्घटना हुई। हादसे की खबर फैलते ही राज्य भर में शोक की लहर दौड़ गई। देखा जाये तो अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने सत्ता के केंद्र में रहते हुए भी जमीन से नाता नहीं तोड़ा। वह भले ही कभी मुख्यमंत्री न बने हों, लेकिन राज्य में सबसे लंबे समय तक उपमुख्यमंत्री रहने का इतिहास उनके नाम दर्ज है। छह बार उपमुख्यमंत्री के रूप में सेवा देने वाले अजित पवार ने अलग-अलग सरकारों में अपनी प्रशासनिक पकड़ और राजनीतिक प्रभाव बनाए रखा। बारामती में अजित पवार की राजनीति का सबसे बड़ा प्रमाण उनका काम खुद था। वह उन गिने चुने नेताओं में थे जिनके लिए अपना खुद का चुनाव प्रचार एक औपचारिकता भर था। विधानसभा चुनावों में वह हमेशा समय पर अपना नामांकन दाखिल करते थे, लेकिन उसके बाद बारामती की गलियों में शायद ही कभी उन्हें प्रचार करते देखा गया। जनता जानती थी कि किसे वोट देना है, इसलिए जनता ही उनका प्रचार करती थी। अजित पवार का भरोसा नारों पर नहीं, काम पर था।

इसी आत्मविश्वास के चलते वह बारामती से निश्चिंत रहकर राज्य के दूसरे इलाकों में पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में जुट जाते थे। बारामती उनके लिए सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र नहीं था, वह उनका कर्मक्षेत्र था, जहां उन्होंने यह साबित किया कि जब विकास बोलता है तो नेता को खुद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती।

अजित पवार ने 1982 में सहकारी क्षेत्र से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। वह चीनी मिल के बोर्ड में चुने गए और यहीं से बारामती की राजनीति में उनकी जड़ें मजबूत होती गईं। 1991 में वह पुणे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने और उसी वर्ष बारामती से लोकसभा सांसद चुने गए। बाद में उन्होंने यह सीट शरद पवार के लिए खाली की। इसके बाद वह बारामती से सात बार विधायक बने। उनके परिवार में पत्नी सुनेत्रा पवार और दो पुत्र जय और पार्थ हैं। सहकार से सत्ता तक का उनका सफर बारामती से शुरू हुआ और वहीं समाप्त हुआ।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के बाद अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को चुनाव आयोग ने पार्टी का मूल नाम और चुनाव चिन्ह सौंपा था। यह गुट भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति के साथ जुड़ा। वहीं उनके चाचा और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने अलग रह कर एनसीपी-एससीपी का नेतृत्व संभाला। यह विभाजन महाराष्ट्र की राजनीति का सबसे भावनात्मक और निर्णायक मोड़ माना गया। दोनों पक्षों का विवाद अदालत के दरवाजे तक पहुँचा लेकिन हाल के दिनों में पवार परिवार एकजुट नजर आ रहा था। हम आपको याद दिला दें कि 2024 के लोकसभा चुनावों में अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उतार कर



पारिवारिक और राजनीतिक रिश्तों में तीखापन ला दिया था, लेकिन समय के साथ उन्होंने यह स्वीकार किया था कि वह फैसला एक भूल था। राजनीति के उस कठोर दौर के बाद हालिया निकाय चुनावों में उन्होंने जिस परिपक्वता का परिचय दिया, वह उनके व्यक्तित्व का दूसरा और अधिक मानवीय पक्ष सामने लाता है। शरद पवार की पार्टी के साथ गठबंधन कर दोनों एनसीपी को एक मंच पर लाने की पहल उन्होंने खुद की थी। बहन सुप्रिया के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ कहा था कि परिवार में कोई मतभेद नहीं हैं और जनता चाहती है कि दोनों दल साथ मिलकर काम करें। यह सिर्फ राजनीतिक बयान नहीं था, बल्कि एक भावनात्मक स्वीकारोक्ति भी थी। देखा जाये तो अपने निधन से पहले अजित पवार कम से कम इतना तो कर ही गए कि उन्होंने परिवार से सुलह कर ली, टूटे रिश्तों को जोड़ दिया और महाराष्ट्र की राजनीति को यह संकेत दे दिया कि टकराव नहीं, संवाद ही आगे का रास्ता है।

अपने लंबे राजनीतिक जीवन में अजित पवार ने पृथ्वीराज चव्हाण, देवेंद्र फडणवीस, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे जैसे मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया। गठबंधनों के बदलते दौर में भी अपनी उपयोगिता और असर बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी रही। अजित पवार चूंकि केंद्र और महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ एनडीए के प्रमुख घटक थे इसलिए उनका निधन बड़ा राजनीतिक नुकसान भी है।

देखा जाये तो अजित पवार का जाना सिर्फ एक व्यक्ति का जाना नहीं है, यह उस राजनीतिक शैली का अंत है जो चुपचाप काम करने में यकीन रखती थी। उनकी राजनीति प्रशासनिक पकड़, आंकड़ों की समझ और सत्ता की नस पहचानने की कला से बनी थी। शरद पवार की विशाल छाया में राजनीति शुरू करना आसान था, लेकिन उस छाया से निकलकर अपनी पहचान बनाना बेहद कठिन था। अजित पवार ने यह कठिन रास्ता चुना। वह हमेशा इस द्वंद्व में रहे कि उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाए या एक स्वतंत्र नेता के रूप में। शायद इसी बेचैनी ने उन्हें बार-बार जोखिम लेने के लिए प्रेरित किया।

2023 की वह सुबह भारतीय राजनीति के सबसे नाटकीय क्षणों में गिनी जाती है जब उन्होंने अचानक सत्ता का समीकरण बदल दिया था। उनकी काफी आलोचना हुई, अविश्वास भी पैदा हुआ, लेकिन यह भी सच है कि उसी क्षण ने उन्हें निर्णायक नेता के रूप में स्थापित किया। बाद में चुनाव आयोग का फैसला उनके पक्ष में जाना इस बात का संकेत था कि राजनीति में साहस कई बार वैधता भी दिला देता है। अजित पवार की राजनीति नैतिकता के आदर्शों की किताब से कम और यथार्थ की जमीन से ज्यादा निकली थी। यही कारण है कि वह आलोचकों के निशाने पर भी रहे और समर्थकों के भरोसे का केंद्र भी बने। वह जानते थे कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन प्रभाव बनाया जा सकता है। उन्होंने वही किया। विभिन्न लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मैंने खुद देखा कि वह समर्थकों और कार्यकर्ताओं के कितने करीब रहते हैं और सबकी बातें ध्यान से सुनते हैं। यही कारण था कि बारामती में खासतौर पर अजित दादा के नाम का बोलबाला हर जगह देखने को मिलता है।

आज जब उनका जाना अचानक और असमय हुआ है, महाराष्ट्र की राजनीति एक खालीपन महसूस कर रही है। यह खालीपन सिर्फ पद का नहीं, उस अनुभव का है जो दशकों में गढ़ा जाता है। आने वाले समय में यह सवाल और तीखा होगा कि क्या कोई नेता सहकार से सत्ता तक के इस रास्ते को फिर उसी धार और दृढ़ता से तय कर पाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि अजित पवार की विरासत विरोधाभासों से भरी रही, लेकिन शायद यही उनकी सच्ची पहचान भी है। वह सरल नहीं थे, पर प्रभावशाली थे। वह आदर्शवादी नहीं थे, पर निर्णायक थे। और इसी वजह से महाराष्ट्र की राजनीति में उनका नाम लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

## डिब्बा बन्द वस्तुओं की खरीद के समय उस पर दर्शाई गई मात्रा की जांच आवश्यक

**शिमला।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि विभाग पैकेज्ड खाद्य तेल (रिफान्ड व सरसों) की खरीद के संबंध में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उन्हें जागरूक कर रहा है। उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्माता/पैकर किसी भी मात्रा में तेल व अन्य तरल पदार्थ पैक कर सकता है। पूर्व में तेल के पैकेट कुछ निश्चित (मानक) मात्रा में ही पैक किये जा सकते थे, किन्तु विधिक माप विज्ञान (डिब्बा बन्द वस्तुए) नियम, 2011 के द्वितीय खण? को भारत सरकार द्वारा निरस्त किये जाने के उपरान्त निर्माता/पैकर किसी भी मात्रा में तेल को पैक कर सकता है। किसी भी प्रकार की डिब्बा बन्द वस्तुओं को क्रय करते समय उस पर दर्शाई गई मात्रा की जांच अवश्य करें। उन्होंने बताया कि कुछ समाचार-पत्रों में उचित मूल्य की दुकानों पर कम व?न के रिफाईन्ड तेल के सन्दर्भ में समाचार प्रकाशित हुआ था। प्रदेश भर में विधिक माप विज्ञान अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने पर पाया गया कि कुछ उपभोक्ता तरल पदार्थों के डिब्बों/पैकेट पर मुद्रित आयतन और व?न के अंतर को लेकर भ्रम की स्थिति में रहते है।

# आपातकालीन सेवा में औसत रिस्पॉन्स टाइम के मामले में प्रदेश पुलिस देश में प्रथम स्थान पर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटों के दौरान आपातकालीन सेवा (ईआरएसएस-112) के अंतर्गत औसत रिस्पॉन्स टाइम में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह असाधारण सफलता प्रदेश भर में तैनात ईआरएसएस-112 टीमों तथा पुलिस थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पेशेवर दक्षता, निष्ठा और उत्कृष्ट टीमवर्क का सशक्त प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों तथा सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश पुलिस ने नागरिकों को सबसे तेज आपातकालीन सहायता प्रदान करके देश में नाम कमाया है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने लोगों को सरकार द्वारा त्वरित सेवाएं उपलब्ध करवाने की वचनबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भविष्य में भी 'स्पीड, सेंसिटिविटी और सर्विस' प्रदेश पुलिस का मार्गदर्शक मंत्र बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक रैंकिंग नहीं है, बल्कि इस संकल्प की पुनः पुष्टि है कि जब भी हिमाचल प्रदेश का कोई नागरिक सहायता के लिए पुकारेगा, प्रदेश पुलिस देश में सबसे पहले उसके पास पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यह सफलता मूलतः एक संवेदनशील, उत्तरदायी और पेशेवर पुलिस बल की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है।

पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि अनुशासित कार्यप्रणाली, तकनीक का बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग तथा सशक्त फील्ड-स्तरीय पर्यवेक्षण के माध्यम से सबसे कठिन भौगोलिक चुनौतियों पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन एवं अटूट सहयोग से संभव हो पाई है।

### दिल्ली-शिमला -धर्मशाला उड़ानों के सुचारू संचालन हेतु राज्य सरकार हर साल देगी 31 करोड़

**शिमला।** राज्य में हवाई सेवाओं को मजबूत करने तथा पर्यटन को ब?ावा देने के लिए राज्य सरकार ने दिल्लीदृशिमला और शिमला-धर्मशाला मार्गों पर नियमित हवाई सेवाओं का संचालन करने का निर्णय लिया है। यह उ?ानें सप्ताह भर संचालित होंगी और इनका निरंतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर साल 31 करो? रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और पर्यटकों की सुविधाएं ब?ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृ? करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि इससे बेहतर हवाई सेवाओं पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य के समग्र आर्थिक विकास में सहायता मिलेगी। नियमित हवाई सेवाओं के संचालन से यात्रा का समय घटेगा और पर्यटकों, व्यापारियों तथा आम जनता के लिए सुगम आवागमन का साधन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि शिमला और धर्मशाला के लिए विश्वसनीय हवाई सेवाओं से प्रशासनिक कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी तथा त्वरित मेडिकल इवैक्यूएशन में मददगार साबित होने के अलावा आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी। हवाई सेवाओं के निरंतर संचालन के माध्यम से पर्यटन को ब?ावा देने और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने में प्रदेश सरकार का यह कदम रणनीतिक साबित होगा। सब्सिडी आधारित क्षेत्रीय हवाई संपर्क से दैनिक यात्रियों, व्यापारिक यात्रियों और पर्यटकों को समान रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन संचालित हवाई अड्डों के अलावा कई हेलीपैड मौजूद हैं और प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है।



## पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना को मॉडल यूथ ग्राम सभा में प्रथम पुरस्कार

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखूबेला,ऊना, ने मॉडल यूथ ग्राम सभा प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय श्रेणी के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला ऊना एवं हिमाचल प्रदेश का नाम देशभर में गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की टीम ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल से यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय को 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि का चेक, प्रशंसा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार विद्यालय के प्राचार्य राज सिंह के साथ प्रतिभागी विद्यार्थियों ने ग्रहण किया। समारोह में विद्यालय के अध्यापक दल के सदस्य सुनीता चौधरी, अमित कुमार और धर्मेंद्र कुमार के साथ जिला पंचायत अधिकारी ऊना श्रवण कुमार भी साथ रहे।

इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से किया गया था। वहीं, इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे प्रदेश और जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। वहीं, उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने भी इस उपलब्धि की सराहना की।

## सेना के शौर्य और सेवा ने बढ़ाया हिमाचल का मान : भाजपा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भाजपा ज़िला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भारतीय रक्षा सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किए गए वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन और लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

राकेश ठाकुर ने कहा कि वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने भारतीय नौसेना में अपने दीर्घकालीन, अनुकरणीय और समर्पित सेवाकाल के दौरान राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह ने भारतीय सेना में नेतृत्व, रणनीतिक कौशल और अदम्य साहस के साथ देश की रक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों वरिष्ठ अधिकारी हमीरपुर शहर की हीरानगर कॉलोनी के निवासी हैं और उनकी उपलब्धियाँ न केवल हमीरपुर ज़िले, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे अधिकारी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और यह सिद्ध करते हैं कि देवभूमि हिमाचल का हर सपूत राष्ट्रसेवा में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। राकेश ठाकुर ने कांगड़ा ज़िले के आर्मी हवलदार मकसूद दीन को भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय वीरता और साहस के लिए सेना मेडल से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि हवलदार मकसूद दीन भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में सेवरत रहते हुए जम्मू-कश्मीर के पूंछ सेक्टर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साहस, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया, जिससे उन्होंने कांगड़ा ज़िले और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। राकेश ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की धरती सदैव से वीरों की जननी रही है और हमारे सैनिकों का शौर्य, बलिदान और समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणा है। भाजपा ज़िला हमीरपुर इन सभी वीर सपूतों को नमन करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## मेहतपुर में जेम पोर्टल, बिजनेस प्लानिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर कार्यशाला

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उद्यमियों, स्टार्टअप्स तथा सूक्ष्म एवं लघु व्यवसायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सर्विस बिल्डिंग, औद्योगिक क्षेत्र मेहतपुर में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रदेश के उद्योग विभाग द्वारा नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज के माध्यम से आयोजित की गई थी।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु उच्च कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक सत्र लिए गए।

आरएएमपी की डिप्टी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी ठाकुर ने बिजनेस प्लानिंग एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर जबकि जेम (जीईएम-गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) विषय पर पुनीत बख्शी ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र, ऊना के अधिकारी एवं कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को जेम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया, टेंडरिंग सिस्टम, उत्पाद लिस्टिंग, भुगतान प्रणाली तथा सरकारी खरीद प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही बिजनेस प्लानिंग के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारण, बाजार विश्लेषण, रणनीति निर्माण तथा जोखिम प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन किया गया। फाइनेंशियल मैनेजमेंट सत्र में बजटिंग, कैश फ्लो प्रबंधन, लागत नियंत्रण, लाभ-हानि विश्लेषण तथा निवेश की प्रभावी योजना बनाने के व्यावहारिक तरीकों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में ऊना जिले के लगभग 43 उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। आयोजकों ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं एवं उद्यमियों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से व्यापार के नए अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सड़क हादसों को रोकने के लिए उठाएं आवश्यक कदम : गंधर्वा राठौड़

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 28 जनवरी।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा है कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा इनसे होने वाली मौतों की संख्या को शून्य तक लाने के लिए लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी, पुलिस, परिवहन विभाग और अन्य संबंधित विभाग सभी आवश्यक कदम उठाएं। इसके अलावा यातायात के नियमों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए आम लोगों को भी जागरुक करें। बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान जिला में कुल 67 स?क हादसे हुए। जबकि, वर्ष 2024 में 84 हादसे हुए थे। हालांकि, पिछले एक वर्ष के दौरान स?क हादसों में कमी आई है, लेकिन अभी भी काफी सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला से गुजरने वाले सभी नेशनल हाईवेज और एक्सप्रेस हाईवेज पर स्पीड लिमिट के बोर्ड होने चाहिए। स्पीड ब्रेकर्स, जैबरा क्रासिंग्स और चौक-चौराहों पर सही मार्किंग होनी चाहिए। टैऽफिक डायवर्जन, पार्किंग और नो पार्किंग जोन इत्यादि के लिए भी उपयुक्त साइज के बोर्ड हों। शिमला, चंडीग?, कांग?ा और पालमपुर की ओर आवाजाही करने वाले वाहनों को बाईपास से भेजने के लिए भी सभी प्रमुख स्थानों पर दिशासूचक बोर्ड लगाएं। उपायुक्त ने कहा कि दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों की मरम्मत एवं सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी और एनएच के अधिकारी त्वरित कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि स?क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए तत्काल सहायता प्रदान करने वाले नेक व्यक्तियों को राहवीर योजना के तहत 'गुड सेमेरिटन' पुरस्कार दिया जाता है। जिला में अभी तक 7 लोगों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। उपायुक्त ने बताया कि स?क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अब आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध सभी अस्पतालों और अन्य सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ लाख रुपये तक के मुफ्त एवं कैशलैस इलाज की व्यवस्था की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने अजीत पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज सुबह महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीत पवार एक अनुभवी राजनेता थे और उन्होंने महाराष्ट्र के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**ऊना (रोहित शर्मा)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में अध्यक्ष पद को भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इच्छुक उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी 2026, सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इससे पूर्व में 18 जुलाई 2023 एवं 5 अगस्त 2025 को जारी विज्ञापनों के तहत आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद से संबंधित पात्रता मापदंड, नियम एवं अन्य विवरण महिला एवं बाल विकास विभाग की आधिकारिक वेबसाइट himachal.nic.in/wcd पर उपलब्ध हैं। नरेंद्र कुमार ने जिले के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने का आग्रह किया है।

### हरोली औद्योगिक क्षेत्र की व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा



**ऊना/हरोली (रोहित शर्मा)।** हरोली स्थित इंडस्ट्रियल एरिया की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए उद्योग विभाग के निदेशक डॉ. यूनुस, आईएएस ने हरोली इंडस्ट्रियल एरिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सड़क, बिजली, पानी और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डॉ. यूनुस के आगमन पर हरोली ब्लॉक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एसोसिएशन की ओर से औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और उद्योगपतियों की मांगों को निदेशक के समक्ष रखा गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. यूनुस ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं का सुदृढ़ होना प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने उद्योगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के कई सदस्य व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व डीएफओ पर 150 कनाल से ज्यादा जमीन हड़पने के आरोप

विजिलेंस जांच की मांग

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में वन विभाग के पूर्व कर्मचारी से जुड़े एक बड़े भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आर्मी इंटेलिजेंस से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं आरटीआई एक्टिविस्ट मनोज कुमार कौशल ने वन विभाग के एक पूर्व डीएफओ पर पद का दुरुपयोग कर आय से कई गुना अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं ?

बुधवार को ऊना विश्राम गृह में आयोजित तीखी पत्रकारवार्ता के दौरान मनोज कुमार कौशल ने कहा कि संबंधित अधिकारी ने अपने पूरे कार्यकाल में नियमों को ताक पर रखकर जमीनों की खुलेआम खरीद-फरोख्त की और सरकारी सिस्टम की आंखों में धूल झोंकता रहा ?। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा खेल फर्जी स्थानीय निवासी होने के दावों के आधार पर रचा गया।

मनोज कौशल ने दावा किया कि उनके पास ऐसे पुख्ता दस्तावेज मौजूद हैं, जिनसे साफ होता है कि पूर्व डीएफओ ने करीब 150 कनाल भूमि अलग-अलग स्थानों पर खरीदी, जबकि इसके अलावा भी कई संपत्तियां होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां जमीन खरीदी गई, वहां खुद को उसी क्षेत्र का निवासी दर्शाया गया, ताकि कानून को गुमराह किया जा सके।

आरटीआई एक्टिविस्ट के अनुसार ऊना जिले के पंजावर क्षेत्र में लगभग 100 कनाल, पंडोगा में 40 कनाल, इसके अलावा भरवाल अस्पताल ऊना के आसपास, रक्कड़ कॉलोनी में दयाल होटल के पास, नेशनल हाईवे देहलां और जिला हमीरपुर में भी संबंधित अधिकारी की बहुमूल्य संपत्तियां मौजूद हैं। इन जमीनों पर आलीशान भवनों का निर्माण भी किया गया है, जो भ्रष्टाचार की कहानी खुद बयां करते हैं।

मनोज कुमार कौशल ने सवाल उठाया कि जब एक सरकारी अधिकारी की ज्ञात आय सीमित थी, तो फिर करोड़ों की जमीनें और भवन कैसे खड़े हो गए? उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते जांच होती, तो यह भ्रष्टाचार इतने बड़े स्तर पर न पनपता। उन्होंने सरकार से मांग की कि पूर्व डीएफओ द्वारा सेवा काल के दौरान किए गए सभी जमीन लेन-देन की विजिलेंस जांच, आय-व्यय का ऑडिट और संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए। मनोज कौशल ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल और विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है। और यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह इसे और ऊंचे स्तर तक ले जाएंगे।

## डा. विनय कुमार सोनी और सह संयोजक रोबिन ने शोध प्रकोष्ठ मंडल कार्यकरियों की घोषणा की

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** रॉबिन डटवालिया ने बताया कि प्रदेश व ज़िला के शीर्ष नेतृत्व और मण्डल अध्यक्षों से विस्तृत चर्चा एव विचार विमर्श के उपरांत शोध प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया गया है ! जिसके लिए सभी संयोजकों और सह संयोजकों को बधाई, हमे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की आप पार्टी को और मज़बूत और सशक्त बनाने में अपना योगदान देंगे, और प्रदेश के आगामी आदेशनुसार भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुँचा कर पार्टी को मज़बूत करने का कार्य करेंगे!

आगामी दिनों में मण्डल तथा विधानसभा सम्मेलन और फिर ज़िला सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा ! केंद्र सरकार की योजनायों को जन जन तक पहुँचाएँगे, प्रकोष्ठ से संबंधित बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करेंगे, पार्टी गतिविधियों तथा कार्यक्रमों को धरातल तक पहुँचाने का कार्य भी करेंगे!

## परंपरागत खेल हमारी सांस्कृतिक पहचान इन्हें संरक्षित करना हमारा दायित्व : राजीव

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ परिसर में व्यापार मंडल एवं बाजार सुधार कमेटी द्वारा आयोजित विशाल दंगल में हिमाचल प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजीव राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर कमेटी द्वारा मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया।

अपने संबोधन में राजीव राणा ने कहा कि परंपरागत खेल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। दंगल जैसे आयोजन न केवल हमारी लोक परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचान और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

राजीव राणा ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक भागीदारी से ही इन पारंपरिक खेलों का संरक्षण संभव है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रधान संजय कुमार, सचिव जोगिंदर चंदेल, मुख्य सलाहकार पवन जागोता, यशपाल चंदेल, अमन गुप्ता, नितेश ननु, रजत सहित व्यापार मंडल एवं बाजार सुधार कमेटी के अन्य सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिला मुख्यालय के स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का स्थापना दिवस बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक वर्ग और विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज के कर-कमलों से ही स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का शुभारंभ हुआ था, जिससे विद्यालय और राष्ट्रीय सन्त बालजी महाराज के बीच विशेष भावनात्मक जुड़ाव भी देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी मन लगाकर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाल मन कोमल होने के साथ-साथ सीखने के लिए सबसे अधिक अनुकूल होता है, इसलिए इस आयु में ग्रहण की गई शिक्षा और संस्कार जीवन भर मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने बच्चों से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने और शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े कई प्रेरक प्रसंग सुनाकर विद्यार्थियों को नैतिकता और सदाचार का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पांचवी कक्षा की छात्रा वान्या ने श्रीराधा रानी पर एक मनमोहक कविता प्रस्तुत करते हुए सबका मन मोह लिया। पूर्व छात्र वृंदा शर्मा को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला में दाखिला मिलने पर विद्यालय प्रबंधन की तरफ से राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज ने विशेष रूप से सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाल जी महाराज की प्रेरणा से ही विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को सभ्यता, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से भी जोड़ा जाता है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

इस कार्यक्रम में सुभाष शर्मा, यशोदा शर्मा, अदिति शर्मा, नीरजा शर्मा, पूजा शर्मा, संजू शर्मा, सोनम, निशा, सुनीता, प्रीति, मनीता, शिखा, मनदीप, रुचि, कल्पना, सरिता, रेणु, अल्का, मुक्ता, रेणुका, बबिता, प्रियंका, दीक्षा, नीलम, उपेंद्र, राजीव, निखिल, मीनू, दीपिका, मनप्रीत, अंजू, दीप्ति, आंचल, अंजलि, सुजाता, राज, शिवांगी, आरती, कंचन, शालिनी, महिका, सोनिया, पूनम, बलजिंदर, शिवानी, प्रेरणा, वैशाली, ऋतिक, इशा, ममता, सरिता सहित विद्यालय के शिक्षक, राजेश दुआ, रमा दुआ, नरेश सैनी, जसमेर सिंह, सुनयना शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज कौस्तुभ पुरस्कार से सम्मानित

**चंडीगढ़/पंचकूला/मोहाली/सांगली, 28 जनवरी।** महाराष्ट्र के 59वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का तीन दिवसीय आयोजन 26 जनवरी को सांगली में भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला से सैंक?ों श्रद्धालु भक्त समागम कर वापस अपने घर लौटे।



इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शाश्वत निराकार परमात्मा का बोध प्राप्त कर जीवन में प्रेम, दया और करुणा को अपनाना हर युग की आवश्यकता रही है। सतगुरु माता जी ने कहा कि मनुष्य का दृष्टिकोण अक्सर नकारात्मक हो जाता है, जहाँ अच्छाई में भी दोष खोजे जाते हैं। जबकि संतजन परमात्मा के अहसास में जीते हुए अंधकार में भी प्रकाश की किरण को आधार बनाते हैं।

ब्रह्मज्ञान द्वारा न केवल स्वयं का जीवन उज्ज्वल करते हैं, बल्कि समाज को भी प्रकाशमान करते हैं। संतों के जीवन की विशेषता बताते हुए माता जी ने फरमाया कि संतों का जीवन दिखावे, छल-कपट से मुक्त, सहज, सरल और सर्वकल्याण को समर्पित होता है। सतगुरु माता जी ने निरंकारी भक्तों से सत्संग, सेवा सुमिरन के माध्यम से आत्ममंथन करते हुए सजग एवं सकारात्मक जीवन जीने का आह्वान किया।

### मोरनी में बर्थ डे पार्टी मना कर तड़के लौटते समय हुआ हादसा

# पंचकूला में बड़ा हादसा : गहरी खाई में गिरी थार, एक युवक की मौत, 3 घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** मोरनी में बुधवार तड़के हुए भयंकर हादसे में एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके तीन दोस्त हादसे में बुरी तरज जख्मी हो गए। तीनों का सिविल अस्पताल सेक्टर 6 में चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक चारों युवक मंगलवार की रात 9 बजे बर्थ डे मनाने के लिए मोरनी गए थे। वहां से तड? तीन बजे लौटते समय थार गाड़ी मांधना गांव के नजदीक गहरी खाई में अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे की वजह ओवर स्पीड बताई गई है। चंडीमंदिर थाना पुलिस दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस में अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान हरमिलाप नगर के निवासी अभिषेक खत्री (21) के रूप में हुई। वह स्टूडेंट था। उसके साथ विवेक, मोहाली निवासी आयुष



गोयल और ललित हादसे में जख्मी हुए। इनमें अभिषेक व अन्य स्टूडेंट हैं और दो जिम ट्रेनर हैं। बताया गया कि सुबह दो युवक जख्मी हालत में खाई से ऊपर सड? पर आए और उन्होंने एक बस चालक को रोका और मदद मांगी। इसके बाद गांव मांधना के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अभिषेक खत्री को देखकर मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मृतक के चचेरे भाई मनोज ने मीडिया से बात की। अभिषेक हरमिलाप नगर में पिता से साथ ढाबा चलाता था। मोरनी में दो गाडि?ों में दोस्त जन्मदिन मनाने गए थे। वहां से लौटते समय थार गाड़ी आगे चल रही थी। गाड़ी की स्पीड ज्यादा थी, जिसके बाद गाड़ी का पता नहीं चला। जब थार रास्ते में कहीं नहीं दिखी तब वे वापिस ढूंढने गए। इतने में ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### मोरनी में कई जगहों पर रास्ते संकरी, दूसरी तरफ खाई

पंचकूला से मोरनी के सफर के दौरान कई ऐसे संकरी रास्ते हैं जहां दूसरी गहरी खाई है। ऐसे रास्तों पर न तो रिटेनिंग वॉल बनाई गई है और न ही किसी तरह का चेतावनी बोर्ड है। हालांकि, प्रशासन द्वारा स्पीड लिमिट 15 या 40 किलो मीटर प्रति घंटा रफ्तार के रोड साइड साइन बोर्ड लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकतर रास्ते पर रिटेनिंग वॉल बनाई जानी चाहिए।



# निगम पार्क में घरों के पीछे गेट खोलकर अतिक्रमण किया, कैबिनेट मंत्री ने दिए तत्काल बंद करने के आदेश

विपुल गोयल ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति, पंचकूला की बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने सेक्टर-6 में अवैध अतिक्रमण की समस्या का संज्ञान लेते हुए नगर निगम अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंचकूला में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विपुल गोयल आज सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति, पंचकूला की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान राजस्व मंत्री ने विभिन्न विषयों से संबंधित 6 शिकायतों को सुना, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सेक्टर-6 के एक निवासी ने एमसी पार्क नंबर 606 में लंबे समय से अवैध अतिक्रमण की शिकायत रखी। इस पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क से अवैध अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन निवासियों ने अपने घरों के पीछे गेट खोलकर अतिक्रमण किया है, उन्हें तत्काल बंद करवाया जाए। सेक्टर-25, पंचकूला के निवासियों ने शिकायत में बताया कि गांव झुरीवाला में लंबे समय से कचरा पड़े रहने के कारण दुर्गंध फैल रही है और पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इस पर मंत्री ने नगर निगम अधिकारियों को प्रतिदिन कचरा उठवाने तथा लिगेसी वेस्ट को शीघ्र साफ करवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव अलीपुर में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) शुरू करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी प्राप्त करने हेतु सभी आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को नगर निगम पंचकूला के साथ समन्वय स्थापित कर तय समय सीमा में एनओसी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि एमआरएफ सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जा सके।

# क्लाउडनाइन हॉस्पिटल में होने वाले माता-पिता के लिए बेबी-रेडी वर्कशॉप एवं बेबी शावर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** भारत के प्रीमियम बर्थिंग सेंटर, क्लाउडनाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने चंडीगढ़ में होने वाले माता-पिता के लिए %बेबी-रेडी वर्कशॉप-कम-बेबी शावर% का आयोजन किया। इस आयोजन में ट्राइसिटी से 20 से अधिक दंपतियों ने भाग लिया जिन्होंने नए आरंभ तथा मातृत्व-पितृत्व की खुशियों को साझा किया।

गर्भावस्था उम्मीद, बदलाव और प्रेम से भरी एक विशेष यात्रा होती है, और बेबी-रेडी वर्कशॉप के माध्यम से होने वाले माता-पिता को इस महत्वपूर्ण चरण में सहजता से मार्गदर्शन दिया गया। गर्भावस्था फिटनेस, योग और पोषण पर आधारित इंटरएक्टिव सत्रों ने परिवारों को यह समझने में मदद की कि शिशु के आगमन की तैयारी के दौरान कैसे



सक्रिय, स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरा रहा जाए। डॉक्टरों के साथ खुली और आत्मीय बातचीत ने दंपतियों को अपने सवाल साझा करने और हर कदम पर आश्वस्त महसूस करने का अवसर दिया।

कार्यक्रम का उल्लासपूर्ण चरम बिंदु होने वाली माताओं के लिए आयोजित बेबी शावर रहा, जिसमें उनके मातृत्व की यात्रा का उत्सव मनाया गया। होने वाले दंपतियों के लिए विशेष रैंप वॉक ने आयोजन में और उत्साह भर दिया। हंसी-खुशी, रोचक खेल, जीवंत गतिविधियाँ, उपयोगी उपहार और लकी ड्रॉ ने माहौल को आनंदमय बना दिया, जिससे यह अवसर परिवारों और प्रियजनों के लिए यादगार बन गया। यह कार्यक्रम क्लाउडनाइन हॉस्पिटल चंडीगढ़ की प्रसूति, स्त्री रोग और फर्टिलिटी केयर की विशेषज्ञ मेडिकल टीम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जीवन साथियों और परिवारों की सहभागिता के माध्यम से इस आयोजन ने गर्भावस्था को एक साझा यात्रा के रूप में रेखांकित किया।

# मोहाली में अत्याधुनिक आई हॉस्पिटल की शुरुआत के साथ पंजाब में किया विस्तार

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**मोहाली, 28 जनवरी।** भारत के सबसे भरोसेमंद सुपर-स्पेशलिटी आई केयर नेटवर्क्स में से एक, सेंटर फॉर साइट ने मोहाली में अपने अत्याधुनिक आई हॉस्पिटल की शुरुआत की है। इस नए सेंटर के शुरू होने से मोहाली, चंडीगढ़, पंचकुला और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अब वर्ल्ड-क्लास आई केयर अपने घर के पास ही उपलब्ध होगा, जिससे विशेष इलाज के लिए महानगरों की यात्रा की आवश्यकता नहीं रहेगी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब सरकार के इंडस्ट्री एवं कॉमर्स, इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और पावर मंत्री श्री संजीव अरोड़ा उपस्थित रहे। उनके साथ सम्मानित अतिथियों के रूप में पंजाब सरकार के एनिमल हसबैंड्री, डेयरी डेवलपमेंट एवं फिशरीज विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, राहुल भंडारी



(आईएएस) तथा फूड प्रोसेसिंग विभाग की प्रिंसिपल सेक्रेटरी राखी गुप्ता भंडारी (आईएएस), मौजूद रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजीव अरोड़ा ने कहा कि ÷मोहाली जैसे शहरी केंद्र तेजी से विकसित हो रहे हैं और इस विकास के साथ एडवांस्ड हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता भी बढ़ रही है। वर्ल्ड-क्लास आई केयर फैसिलिटी की स्थापना से शुरुआती डायग्नोसिस बेहतर होगा, इलाज की पहुंच बढ़ेगी और पूरे पंजाब में मरीजों को लंबे समय तक बेहतर विज़न आउटकम्स मिल सकेंगे।

# सनातन धर्म मंदिर, बहलाना में मूर्ति स्थापना दिवस एवं 138वां श्री हनुमान चालीसा पाठ श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** सनातन धर्म मंदिर, बहलाना, चंडीगढ़ में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक मूर्ति स्थापना दिवस समारोह एवं 138वाँ साप्ताहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर श्री हनुमान जी की आराधना की। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित भंडारे में सेवादारों ने निस्वार्थ भाव से सेवा कर पुण्य अर्जित किया, वहीं समस्त ग्रामवासियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से नरेश कुमार पांचाल, बृजभूषण शर्मा, सुदर्शन शर्मा, गुरदीप गोगना, मोतीलाल, नाथ जी, प्रदीप शर्मा, मेहर पंडित, तरसेम पंडित, अजीत कटोच, विशाल शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, धूम सिंह राजपूत, घनश्याम सिंह राजपूत, हरीश रावत, राजीव पराशर, पवन शर्मा, संदीप शर्मा, सुदर्शन कटोच, हर्ष रावत, मनीष कुमार, नीतीक कुमार, हरीश, अनमोल शर्मा, हरेंद्र शर्मा, विनोद चौहान, रीहान ठाकुर, डी.के. राजपूत, कुंतेश देवी, बीना राजपूत सहित महिला कीर्तन मंडल की सदस्याएं – सीता, सनेह, संतोष, नीलम, आरती, संगीता राजपूत, भानु प्रताप, आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति देखकर आयोजकों को गर्व की अनुभूति हुई।



### भविष्य में भी होते रहेंगे धार्मिक आयोजन

सनातन धर्म मंदिर, बहलाना, चंडीगढ़ की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का निरंतर आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे सनातन संस्कृति एवं धार्मिक मूल्यों का संरक्षण होता रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चीफ जस्टिस ने न्यू ज्यूडिशियल कोर्ट कॉपलेक्स की आधारशीला रखी

**पंचकूला।** पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायधीश जस्टिस शील नागू ने आज चंडीगढ से वर्चुअल माध्यम से सेक्टर 27 पिंजौर में न्यू ज्यूडिशियल कोर्ट कॉपलेक्स कालका की आधारशीला रखी। इस अवसर पर जस्टिस पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट व चेयरमेन बिल्डिंग कमेटी हरियाणा हरसीमरन सिंह सेठी और पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस एवं पंचकूला सैशन डिविजन के एडमिस्ट्रिेटिव जज संजीव बेरी उपस्थित हुए और विधिवत रूप से न्यू ज्यूडिशियल कोर्ट कॉपलेक्स कालका की आधारशीला रखी। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। गौरतलब है कि जिले में ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स को लेकर काफी समय से अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए निर्माण किए जाने की मांग की जा रही थी। बताया जा रहा है कि ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स बनने के बाद अधिवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण और लाइब्रेरी की सुविधा भी मिलेगी। कई शिक्षाप्रद सत्रों का आयोजन भी होगा।



### समाज सुधार में संत समाज का अहम योगदान : कुलभूषण

**पंचकूला।** पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि समाज के नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक उत्थान में संत समाज की भूमिका सदैव मार्गदर्शक रही है। संतों की शिक्षाएं मानवता, सेवा, सद्भाव और अनुशासन का संदेश देती हैं, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। यह विचार उन्होंने श्री श्री 108 तपोनिष्ठ अग्निहोत्री संपूर्णानंद ब्रह्मचारी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत व्यक्त किए। कुलभूषण गोयल ने कहा कि संत समाज केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा देने, संस्कारों को मजबूत करने और सकारात्मक सोच विकसित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि संतों के सान्निध्य से व्यक्ति में सेवा भाव जागृत होता है और समाज में आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द की भावना मजबूत होती है।



### आरटीए ने बांटी रिफ्लेक्टर जैकेट



**पंचकूला।** परिवहन आयुक्त, हरियाणा चंडीगढ के आदेशानुसार आरटीए पंचकुला के अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर दैनिक मजदूरो और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया तथा सड़क हादसों को रोकने के लिए रिफ्लेक्टर जैकेट वितरित की। आरटीए के अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या हैं, और इनकी बढ़ती संख्या के कई कारण हैं। इनमें खराब सड़क स्थिति, लापरवाही से वाहन चलाना और अपर्याप्त सड़क सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

# संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संकीर्तन का शुभारंभ हुआ

**पंचकूला।** श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 22बी, चंडीगढ़-37 वां वार्षिक उत्सव संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संकीर्तन- 28 जनवरी से 5 फरवरी तक जीवन को मार्गदर्शन देने वाला कार्यक्रम- कथा व्यास परम पूज्य प्रेम मूर्ति श्री प्रदीप भरद्वाज जी श्रीधाम वृंदावन श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 22बी, चंडीगढ़ में आज से 37 वाँ वार्षिक उत्सव के संबंध में संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस पावन पवित्र अवसर पर विशेष रूप से अमृत वर्षा करने के लिए श्री धाम वृंदावन से परम पूज्य प्रेम मूर्ति श्री प्रदीप भरद्वाज जी महाराज पधारे है। आज महाराज जी ने राम कथा का महत्व बतलाते हुए कहा कि श्री राम कथा मंगल करने वाली एवं कलि के दोषों को नष्ट करने वाली है।श्री राम कथा परिवार में परस्पर प्रेम बढ़ाने वाली है।

# विजय बंसल एडवोकेट ने कालका के शुभम शर्मा और कार्तिक को किया शिवालिक गौरव अवार्ड से सम्मानित

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** हरियाणा के नंबर एक विधानसभा कालका के छोटे से कस्बे से निकाल कर राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम तक पहुंचे शुभम शर्मा और कार्तिक शर्मा को उनकी उपलब्धि के लिए शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट ने शिवालिक गौरव अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि कालका के कमला नगर और खेड़ा सीताराम में रहने वाले होनहार छात्रों शुभम शर्मा और कार्तिक कंचन 72 में सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ जो अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। ऐसे होनहार छात्रों की कड़ी मेहनत अनुशासन, सही



मार्गदर्शन और लगन से अपने चयन से न केवल कालका बल्कि अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

गौरतलब है कि धर्म और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध काशी नगरी में गत 4 से 11 जनवरी 2026 तक 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन सिगरा के डॉक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 1250 खिलाड़ी शामिल हुए कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। विजय बंसल के साथ शिवालिक विकास मंच के ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा, सूरजभान दहिया, बलबीर सिंह, संजीव धीमान, अमन आदि लोग भी थे। विजय बंसल ने कहा कि शुभम शर्मा का खेल सफर उपलब्धियां से भरा हुआ है।

# एमसीएम में नशा मुक्ति जागरूकता हेतु नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत 'ड्रग एब्यूज ÷ इट्स कंसीक्वेंसेज एंड प्रिवेंटिव मेजर्स' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो समाज में बढ़ते नशे के खतरे के प्रति उनकी जागरूकता एवं चिंता को दर्शाता है।

यह प्रतियोगिता अंग्रेज़ी, हिंदी एवं पंजाबी भाषाओं में आयोजित की गई, जिससे छात्राओं को अपने विचारों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करने का समावेशी मंच प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नशीली दवाओं के सेवन के हानिकारक एवं अवैध प्रभावों के



प्रति संवेदनशील बनाना था, जो व्यक्ति, परिवार तथा समाज पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। साथ ही, नशे की रोकथाम के उपायों के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री गुरमंजोत कौर (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान सुश्री मनवीर कौर ने हासिल किया। तृतीय स्थान सुश्री सिमर रयात (बी.एससी. सीएसए प्रथम वर्ष) को प्राप्त हुआ, वहीं सांत्वना पुरस्कार सुश्री खुशी जोशी (बी.ए. प्रथम वर्ष) को प्रदान किया गया।

# माइनिंग विभाग ने बुर्जकोटियां के पास बिना वैध दस्तावेज टिप्पर पकड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में अवैध माइनिंग के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत माइनिंग विभाग और अमरावती चौकी इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर प्रीतम सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आज शाम करीब 4 बजे बुर्जकोटियां के पास जांच के दौरान एक टिप्पर को पकड़ा। जांच के दौरान चालक द्वारा वाहन से संबंधित कोई भी वैध बिल अथवा टैक्स संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर उक्त टिप्पर को अमरावती चौकी में खड़ा करवाया गया, जिसके बाद माइनिंग विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को इंपाउंड कर दिया गया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध



माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध माइनिंग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला पुलिस की दोनों एंटी-इलीगल माइनिंग टीमें पूरी तरह सक्रिय हैं और स्थानीय थाना व चौकी स्तर पर संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी के साथ-साथ फील्ड में भी लगातार गश्त की जा रही है।

# पहली बार भारतीय रेलवे का अधिकारी प्रशासक के तौर पर चलाएगा नगर निगम

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** हरियाणा में पहली बार भारतीय रेलवे के एक अधिकारी को प्रदेश की किसी नगर निगम के कमिश्नर (आयुक्त) पद पर तैनात किया गया है। 2015 बैच के आई.आर.पी.एस. अधिकारी विनय कुमार बुधवार तक अपना कार्यभार संभाल लेंगे। इससे पूर्व वह हरियाणा लोक सेवा आयोग (एच.पी.एस.सी.) में बतौर जॉइंट सेक्रेटरी एवं साथ साथ अतिरिक्त सी.ई.ओ. पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के पद पर तैनात थे। हालांकि, हरियाणा विधानसभा द्वारा गत माह दिसम्बर, 2025 में शीतकालीन सत्र दौरान पारित किये गये हरियाणा म्युनिसिपल (नगर निकाय) विधेयक, 2025 के अनुसार नगर निगम कमिश्नर पद पर आई.ए.एस. अधिकारी ही नियुक्त हो सकता है। इसलिए जब आगामी




समय में नए बने हरियाणा नगर निकाय अधिनियम, 2025 को लागू किया जाएगा, तब नगर निगम कमिश्नर पद तैनाती पर कानूनी सवाल खड़ा हो जाएगा। प्रदेश सरकार के प्रशासनिक इतिहास में ऐसा पहली बार ही हुआ है कि किसी नगर निगम के कमिश्नर पद पर न आई.ए.एस. और न वरिष्ठ एच.सी.एस. अधिकारी तैनात किया गया है।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और प्रशासनिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार बताते हैं कि हालांकि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की मूल धारा 45(1) के अनुसार केवल न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा वाला आई.ए.एस. अधिकारी ही नगर निगम कमिश्नर पद पर नियुक्त हो सकता था, परन्तु अगस्त, 2015 में प्रदेश विधानसभा द्वारा, हालांकि नवम्बर,2014 की एक पिछली तारीख से, संशोधन कर दिया गया था, एवं मौजूदा लागू कानूनी प्रावधान के अनुसार राज्य सरकार द्वारा राजपत्र (आधिकारिक गजट) में अधिसूचना द्वारा उपयुक्त अधिकारी की नगर निगम कमिश्नर पद पर नियुक्ति की जायेगी। अब चूंकि उपयुक्त अधिकारी कौन होगा इस बारे में न तो नगर निगम कानून में कोई स्पष्टीकरण दिया गया और न ही प्रदेश सरकार द्वारा इस बाबत आज तक कोई विशेष या सामान्य आदेश जारी किया गया है। इस कारण प्रदेश सरकार अगर चाहे तो किसी भी राजपत्रित अधिकारी (गजटेड ऑफिसर) अर्थात प्रदेश या केंद्र सरकार के ग्रुप ए अधिकारी को नगर निगम कमिश्नर पद पर तैनात कर सकती है। चूंकि पंचकूला नगर निगम के नए तैनात कमिश्नर विनय कुमार वर्ष 2015 बैच के आई.आर.पी.एस. अर्थात भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के अधिकारी है, जो ग्रुप ए अधिकारी वर्ग होता है, इसलिए विनय को नगर निगम पंचकूला के कमिश्नर पद पर तैनात करने में कोई कानूनी अवरोध नहीं है। जहां तक आई.आर.पी.एस. अधिकारी विनय कुमार को नगर निगम पंचकूला के कमिश्नर के साथ साथ जिला म्युनिसिपल कमिश्नर, पंचकूला के पद पर तैनात करने का विषय है, हरियाणा नगरपालिका कानून, 1973 में वर्ष 2022 में संशोधन कर इस पद को परिभाषित किया गया था।

# चौपालें ग्रामीण समाज की रीढ़: बड़ौली

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत के गांव मातण्ड में महिला एवं ब्राह्मण चौपाल का किया विधिवत उद्घाटन**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को सोनीपत के मातण्ड गांव में महिला चौपाल और ब्राह्मण चौपाल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री बडौली ने कहा कि चौपालें ग्रामीण समाज की रीढ़ होती हैं, जहां संवाद, विचार-विमर्श और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि महिला चौपाल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, वहीं ब्राह्मण चौपाल सामाजिक परंपराओं और संस्कारों को सहेजने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ये चौपालें संवाद और निर्णय का केंद्र बनेगी, बल्कि गांव के सामूहिक विकास, जनसहभागिता और सामाजिक एकता का प्रतीक भी होगी। उन्होंने कहा कि इन चौपालों का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए किया जा सकेगा तथा आपसी सहयोग की भावना और भी प्रबल होगी। बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार बिना भेदभाव किए प्रदेश में विकास के कार्य करा रही है।



## बड़ौली ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर जताया दुख

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान दुर्घटना में हुए आकस्मिक निधन को अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक बताया। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा हरियाणा परिवार इस कठिन एवं पीड़ादायक समय में स्वर्गीय अजित पंवार के परिवारजनों, निकट संबंधियों एवं समर्थकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है।

मोहन लाल बड़ौली ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। नायब सैनी सरकार महिला स्वावलंबन पर विशेष जोर दे रही है। लाडो लक्ष्मी योजना, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी जैसी कई योजनाओं से महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर हो रही हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व नायब सैनी सरकार की जन-हितैषी नीतियां अब गांवों तक पहुंच रही हैं, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' और 'सशक्त ग्राम' का सपना साकार हो रहा है। युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के रोजगार मिल रहा है। गरीब महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम किया है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मलिक, बरोदा से भाजपा प्रत्याशी रहे प्रदीप सागवान, सरपंच राजेश (राजू शर्मा) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला प्रतिनिधि, भाजपा सोनीपत परिवार के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को सुनाई कारावास व जुर्माने की सजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी जगजीत सिंह वासी सैनी माजरा जिला मौहाली पंजाब को 10 साल कारावास व 1 लाख 10 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि दिंनाक 14 जनवरी 2023 को एंटी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक राजपाल, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, मुख्य सिपाही बलदेव, सिपाही कृष्ण कुमार व संजीव कुमार की टीम उमरी चौंक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जगजीत सिंह व बलकार सिंह वासीयान सैनी माजरा जिला मौहाली पंजाब को एन एच-44 फ्लाईओवर पीपली चौंक से ट्रक सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपियों के ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 54 किलोग्राम चूरापोस्त व 1 किलोग्राम अफीम बरामद हुई थी। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। 28 जनवरी को मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी जगजीत सिंह वासी सैनी माजरा जिला मौहाली पंजाब को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 15(सी) के तहत 10 साल कारावास व 1 लाख रूपये जुर्माना, जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(सी) के तहत 2 साल कारावास व 10 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# हादसे का शिकार किसानों-श्रमिकों को सरकार दे रही आर्थिक सुरक्षा: राजकिशन राणा



अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

कलायत। कलायत अनाज मंडी स्थित मार्किट कमेटी कार्यालय में बुधवार को सरकार की नीति अनुसार किसान, खेतीहर श्रमिकों व मंडी श्रमिकों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इनमें वे छह लोग शामिल रहे जो अपने कार्य के दौरान हादसे का शिकार हुए। इसमें एक दांया हाथ की चार अंगुली, एक बाया हाथ व चार अलग-अलग हादसों में अपनी अंगुलियां गंवाने वाले शामिल रहे। इनमें एक श्रमिक बिहार राज्य का है वह अनाज मंडी में काम करते हुए हादसे का शिकार हो गया था। मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन राणा ने वाइस चेयरमैन रिषीपाल कौलेखां व सदस्यों के साथ पात्रों को उनकी राशि के चेक सौंपे। मुख्यमंत्री किसान एवं खेती मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर परिवार की भांति प्रभावितों के साथ है। खेत-खलिहान व मंडी में कार्य के दौरान यदि कोई किसान और श्रमिक को शारीरिक रूप से नुकसान होता है तो सरकार राहत राशि के तौर पर इनकी मदद करती है। इसके पीछे लक्ष्य कृषि को मजबूती प्रदान करते हुए संबंधित वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना है।

चेयरमैन राजकिशन राणा व वाइस चेयरमैन रिषीपाल कौलेखां ने कहा कि हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश अनुसार जो किसान व श्रमिक कार्यों में दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है उसे मार्किट कमेटी द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन मण्डल, पंचकूला की हिदायतों अनुसार विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसमें मृत्यु होने पर 5 लाख, एक अंग भंग होने पर/स्थाई/गंभीर चोट 1 लाख 25 हजार, दो अंग भंग होने पर/स्थाई/गंभीर चोट 87500 व अंगुली का भाग कटने पर 37 हजार 500 रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। पूरी अंगुली कटने पर 75 हजार, चार अंगुली कटने पर एक अंग भंग समझा जाता है। इसके तहत 1 लाख 25 हजार रुपए का लाभ दिया जाता है। रीड की हड्डी टूट जाने पर यदि स्थाई अपंगता हो जाए तो 2 लाख 50 हजार रुपए राहत सहायता दी जाती है।

मार्किट कमेटी सचिव बलवाल ड्क्षसह ने बताया कि कृषि संबंधि कार्य करते समय मृत्यु होने पर पोस्ट मार्डम व एफ.आई. आर.दर्ज करवाई जानी अनिवार्य है। पोस्ट मार्डम व एफ.आई.आर. दर्ज करवाने पर ही विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अंग भंग होने की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की फोटो प्रति या अन्य पहचान-पत्र, शपथ पत्र व तीन फोटो सम्बन्धित कार्यालय मार्किट कमेटी में दिया जाना अनिवार्य है। इस योजना में 10 से 75 आयु वर्ग के व्यक्तियों को शामिल किया गया है।

कृषि संबंधित कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त होने पर विशेष वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए दावा दुर्घटना होने की तिथि से दो माह तक मार्किट कमेटी के लिए कार्यालय में दिया जाना अनिवार्य है। इस योजना के फार्म कार्यालय मार्किट कमेटी द्वारा निन्शुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।

## टयूबबैल कोठा से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस ने टयूबबैल कोठा से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने टयूबबैल से गैस सिलेंडर, इन्वर्टर व अन्य सामान चोरी करने के आरोप में देवेन्द्र सिंह उर्फ माटी वासी धुमसी जिला करनाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा के कैथल तहसील एवं जिले के जगदीशपुरा निवासी गुरदेव सिंह पुत्र हरि चंद ने अपनी आवासीय संपत्ति पर मुथूट होमफिन (आई) लिमिटेड से 9,98,772/- रुपये का सुरक्षित ऋण लिया है। यह संपत्ति ग्राम पंचायत जगदीशपुरा के लाल डोरा के अंदर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 121.479 वर्ग मीटर है तथा यूआईडी नंबर 058849NS100000R0109A है। यह ऋण प्रस्ताव संख्या KAI-PRO-000445 के अंतर्गत मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड की शाखा कार्यालय, 301 न्यू ट्रेंड हेयर ब्यूटी सैलून, सोया चाप STLX, सेक्टर 20, कैथल, हरियाणा 136027 से लिया गया है। विलेख संख्या 8954/1 दिनांक 03-10-2021, एसआरओ कैथल में पंजीकृत है, जिसमें हरि चंद पुत्र गुरदेव सिंह संपत्ति के एकमात्र मालिक हैं। यदि किसी व्यक्ति को इस संपत्ति पर कोई दावा, अधिकार, शीर्षक, मुकदमा या हित है, तो उसे इस सूचना के 7 दिनों के भीतर हस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त किसी भी आपत्ति को असत्य, निराधार, कपटपूर्ण व बेबुनियाद मानते हुए कानून की दृष्टि में कोई महत्व नहीं दिया जाएगा।

**विकास चहल एडवोकेट, चैंबर नंबर 304, चैंबर कॉम्प्लेक्स, जिला न्यायालय, कैथल, मोबाइल नंबर: 9729007005**

AP-7584

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

AP-7593

**ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ**

ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ।

**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**

ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪ੍ਰਮੋਟਰ Sh. Mainnder Singh Rakhra S/o Sh. Satpal Singh Rakhra ਵੱਲੋਂ Commerical Colony "Atlas Square" (Area 2.1475 acres) situated at Village Kohara (H.B. No. 224), Sub-Tehil Sahnewal and District Ludihana (License No. 16/2025) [illegible] ਮਿਤੀ 09.01.2026 [illegible] 15 ਦਿਨ [illegible]

https://drive.google.com/file/d/1VY8_MbGfM8NuS-CCMmV07f6qf6KLfsAJ/view?usp=sharing

https://drive.google.com/file/d/1VXSemLyT37bsNypVt2WfcU0XOwR66HnY/view?usp=sharing

ਮੁੱਖ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਕ
ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ।

AP-7594

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF
Sh. Sandeep Kumar Singla
Principal Judge,
Family Court, Patiala

SUNAINA WIFE OF JANAK RAJ D/O SH ASHOK KUMAR
Vs.
JANAK RAJ SON OF OM PARKASH

CNR No. PBPT01-011164-2026
Next Date:-25-02-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
JANAK RAJ SON OF OM PARKASH, RESIDENT OF 3336, VIKAS NAGAR, NEAR THASKA ROAD, ISMAILABAD, DISTRICT KURUKSHETRA HARYANA.

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 25-02-2026 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=patiala

Principal Judge, Family Court
Patiala
Dated, this day of 28-01-2026

AP-7584

**सार्वजनिक सूचना**

हम, श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राज कुमार और श्रीमती सुमन कुमारी पत्नी श्री राकेश कुमार, निवासी संपत्ति सं. 1708, सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़, आरपी सं.1 338, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ब्रांच ऑफिस एससीओ 337-38, दूसरी मंजिल, सेक्टर 35-बी, चंडीगढ़ से 172.41 वर्ग गज की संपत्ति, जो एमसी चंडीगढ़ संपत्ति सं.1708, सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़ में स्थित है, के बदले मॉर्टगेज लोन लेना चाहते हैं। हम ऊपर बताई गई संपत्ति के वर्तमान मालिक हैं। इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति से संबंधित निम्नलिखित मूल टाइटल दस्तावेज़ खो गए हैं/गुम हो गए हैं और मिल नहीं रहे हैं:- (1) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा श्री रावेल चंद निझावन पुत्र श्री राम चंद के पक्ष में जारी किया गया मूल आवंटन पत्र दिनांक 07.05.1952 (बियरिंग सं. 5), (2) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा श्री जागीर सिंह पुत्र श्री वरयाम सिंह के पक्ष में जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 17.07.1958 (बियरिंग सं. 25118), (3) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा श्रीमती जीत कौर पत्नी श्री चानन सिंह के पक्ष में जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 23.07.1960 (बियरिंग सं.32723), (4) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा श्रीमती प्रकाश कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह के पक्ष में जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 12.11.1959, (5) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा श्रीमती प्रकाश कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह के पक्ष में निष्पादित मूल कन्वेंस डीड दिनांक 29.01.1969, (6) मूल बिक्रीनामा दिनांक 21.10.1985 (वसीका सं. 941) जो श्रीमती प्रकाश कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा पत्नी श्री पृथ्वी राज अनेजा के पक्ष में निष्पादित किया गया, (7) मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 08.01.1986 (सं. 831) जो चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा पत्नी श्री पृथ्वी राज अनेजा के पक्ष में जारी किया गया। (8) मूल बिक्रीनामा दिनांक 26.04.1989 (वसीका सं. 241) जो श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा पत्नी श्री पृथ्वी राज अनेजा द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया। (9) मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 03.05.1989 (बियरिंग सं. 7959) जो चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह के पक्ष में जारी किया गया।, (10) मूल बिक्रीनामा दिनांक 05.07.2002 (वसीका सं. 1174) जो श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती देविंदर कौर पत्नी श्री टिक्का नवदीप सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया।, (11) मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 23.07.2002 जो चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती देविंदर कौर पत्नी श्री टिक्का नवदीप सिंह के पक्ष में जारी किया गया।, (12) मूल बिक्रीनामा दिनांक 10.01.2003 (वसीका सं.3293) जो श्रीमती देविंदर कौर पत्नी श्री टिक्का नवदीप सिंह द्वारा प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री के पक्ष में निष्पादित किया गया। अर्जन सिंह, (13) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र, दिनांक 23.01.2003, जो संबंधित संपत्ति के संबंध में श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह के पक्ष में है। (14) मूल बिक्रीनामा दिनांक 20.09.2004 (वसीका सं.2540) जो श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह द्वारा संबंधित संपत्ति के संबंध में श्रीमती जतिंदर कौर संगारी पत्नी श्री जोगिंदर सिंह संगारी के पक्ष में निष्पादित किया गया। (15) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 11.10.2004 (सं. 418357) जो संबंधित संपत्ति के संबंध में श्रीमती जतिंदर कौर संगारी पत्नी श्री जोगिंदर सिंह संगारी के पक्ष में है। (16) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 18.01.2005 (सं. 50134) जो संबंधित संपत्ति के 50 प्रतिशत हिस्से के संबंध में श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह के पक्ष में है। (17) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 05.03.2010 जो संबंधित संपत्ति के 50 प्रतिशत हिस्से के संबंध में श्री राधा कृष्ण पुत्र श्री कुंदन लाल और श्रीमती सुषमा रानी पत्नी श्री राधा कृष्ण के पक्ष में है। (18) मूल बिक्रीनामा दिनांक 22.12.2009 (वसीका सं. 4784) जो श्रीमती लवलीन कौर पत्नी श्री अर्जन सिंह द्वारा संबंधित संपत्ति के 20 प्रतिशत हिस्से के संबंध में मिस जीतू बेदी पुत्री श्री अजीत सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया। (19) चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र दिनांक 11.03.2010 जो संबंधित संपत्ति के 20 प्रतिशत हिस्से के संबंध में मिस जीतू बेदी पुत्री श्री अजीत सिंह के पक्ष में है। (20) ओरिजिनल सेल डीड, तारीख 26.02.2015 (वसीका सं. 5390), जो मिस जीतू बेदी पुत्री श्री अजीत सिंह ने सवाल वाली संपत्ति के 20 प्रतिशत हिस्से के संबंध में श्री जगदीप सिंह वालिया पुत्र श्री मोहिंदर सिंह वालिया के पक्ष में निष्पादित की थी। (21) श्री जगदीप सिंह वालिया पुत्र श्री मोहिंदर सिंह वालिया के पक्ष में संबंधित संपत्ति के 20 प्रतिशत हिस्से के संबंध में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र, दिनांक 29.07.2015, (22) श्री विवेक निर्मोही पुत्र श्री अमरजीत निर्मोही के पक्ष में संबंधित संपत्ति के 20 प्रतिशत हिस्से के संबंध में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किया गया मूल हस्तांतरण पत्र, दिनांक 28.03.2024 (सं. 2567)। उपरोक्त दस्तावेजों के खो जाने के संबंध में चंडीगढ़ पुलिस स्टेशन में डीडीआर क्र.सं. 457634 और एलएआरसं.2026/002633 दिनांक 27.01.2026 को पुलिस शिकायत दर्ज की गई है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था/डीएसए/वित्तीय संस्थान/बैंक/सरकारी विभाग का उपरोक्त संपत्ति या दस्तावेजों के खिलाफ कोई दावा, आपत्ति, चार्ज, स्टे ऑर्डर, मुकदमा या लोन है, तो वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 5 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संपत्ति सभी भार, दावों और मुकदमों से मुक्त है, और उसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**अंकुर ऋषि, एडवोकेट (पी-1553/2004)**
**एससीओ सं. 87, पहली मंजिल, रॉयल एस्टेट, चंडीगढ़ अंबाला हाईवे, ज़ीरकपुर, पंजाब-140603**
**मोबाइल: 99141-38484**

AP-7591

**कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर नूर्द, खंड नारायणगढ़ (अम्बाला)**
**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर नूर्द, की पंचायती भूमि में खडे 22 पेड शीशम व अन्य किस्म के 2 पेड़ कुल 24 पेड़ों की नीलामी दिनांक 6 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे अंबेडकर भवन ग्राम पंचायत शाहपुर नूर्द,खंड नारायणगढ़ (अम्बाला) में की जाएगी। बोली से पूर्व पेड़ों की नीलामी के लिए मु. 20,000 / रुपए बतौर जमानत डिमांड ड्राफ्ट द्वारा ग्राम पंचायत शाहपुर नूर्द के नाम जमा करवाना होगा । शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

**राजेश कुमार**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत शाहपुर नूर्द,**
**मोबाइल 90531-94202**
**अमन पाल**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत पंचायत शाहपुर नूर्द,**
**मोबाइलः 79888- 44695**

AP-7599

**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें**
**PH. : 0172-2638515, 98883-03520**
**Email : arthparkashadvt29@gmail.com**

## सार्वजनिक सूचना

I, Kusum Devi W/o Ram Kirpal Sharma R/o #2435, Sector 52-A, Chandigarh have changed my name from Kusum to Kusum Devi for all the official and unofficial purposes.
एपी-7579

**मैं,** प्रिया गर्ग पुत्री प्रवीन कुमार निवासी म. नं. 50, प्रेम नगर, हिसार (हरियाणा) घोषणा करती हूँ कि भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मैंने अपना नाम प्रिया से बदलकर प्रिया गर्ग कर लिया है।
एपी-7580

**मैं,** लक्ष्मी देवी, पत्नी श्री नराता राम, निवासी ग्राम गणेशपुर भोरियाँ, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा, यह सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम 'लक्ष्मी' से बदलकर 'लक्ष्मी देवी' कर लिया है। कृपया ध्यान दें।
एपी-7581

**मैं,** आर्मी नं. 4469131H Ex Hav रणधीर सिंह पुआर पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी VPO : Bhagrana, तहसील और जिला फतेहगढ़ साहिब के आर्मी रिकॉर्ड में मेरे बेटे का नाम Kamaldip Singh, जन्म तिथि 02 .06 .1997 दर्ज है जो की गलत है। जबकि उसका सही नाम Kamaldeep Singh और सही जन्म तिथि 20 .06 .1997 है।
एपी-7582

I, VISHNU DEV Son of LILU RAM resident of VILLAGE BADOPAL, TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125048 have changed my minor son name From GOUTAM to GOUTAM BISHNOI
एपी-7583

**मैं,** दीप्ति पाराशर मजूमदर, श्री तन्मय मजूमदर की पत्नी, मकान नंबर 833, टावर-8, साउथ सिटी अपार्टमेंट, वीआईपी रोड, जीरकपुर 140603 की निवासी, अपनी नाबालिग बेटी का नाम अवनी शर्मा से बदलकर अवनी शर्मा मजूमदर कर दिया है। अब से, उसे सभी प्रयोजनों के लिए अवनी शर्मा मजूमदर के नाम से जाना जाएगा।

m jlq kr mqw Bipdr isG p`qr srjlq isG vsl ipf Kmnpr Krd qih: rwjprw izlw pitAwlw ibAwn krdl hW ik jlq kr q srjlq kr dvl iek ivAkql d Xwnl mr nwm hn[
एपी-7584

**मैं,** जगदीश पुत्र अमर लाल निवासी मकान संख्या 93 अमरावती एन्क्लेव पंचकुला, हरियाणा, पिनकोड 134107, ने अपना नाम जगदीश से बदलकर जगदीश काजला कर लिया है।

**मैं,** नीरू पत्नी जगदीश काजला निवासी मकान नंबर 93 अमरावती एन्क्लेव पंचकुला, हरियाणा, पिनकोड 134107, ने अपना नाम नीरू से बदलकर नीरू काजला कर लिया है।
एपी-7589

**मैं,** सोनू पुत्र माम् चंद वासी बिहटा, बेहटा (158) जिला अम्बाला ने अपना नाम बदलकर सोनू कुमार रखा है।

**मैं,** हर्षिका पत्नी अमन कपूर वासी जी-9, वार्ड नं.1, किसान बस्ती, नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर हर्षिका कौर रखा है।

**मैं,** राधे श्याम पुत्र रोहताश कुमार वासी गांव धरनिया, जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर राधे और उपनाम श्याम रखा है।

**मैं,** सुमन पत्नी श्री नरेंद्र कुमार, निवासी मकान संख्या 2254, सेक्टर-28, पंचकुला, हरियाणा, ने भविष्य में सभी संदर्भों के लिए अपना नाम सुमन सिंघल से बदलकर सुमन कर लिया है।
एपी-7590

**मैं,** राकेश कुमार, पुत्र श्री अजमेर सिंह, निवासी मकान नंबर 127, वीपीओ, छत, जिला एसएएस नगर मोहाली, पंजाब ने अपना नाम राकेश कुमार से बदलकर राकेश छतवाल रख लिया है।

**मैं,** पिंकी सुपुत्री गुरदयाल सिंह # 1016, 10th फ्लौर, ब्लॉक-B, BJBF हाइट्स, सैक्टर-127, शांते माजरा, खरड़-140307, अपनी नाबालिक बेटी का नाम बदलकर आलियाह अजीम ठाकुर से आलियाह दहिया रख लिया है।
एपी-7591

**मैं,** Lata Mallik, पुत्री धर्म चंद, निवासी मकान नंबर 190, न्यू दर्शनी बाग मनीमाजरा चंडीगढ़ ने अपना नाम Lata Mallik से बदलकर Lata Devi Mallick रख लिया है।
एपी-7591

It is for general information that I, JATIN S/o DARSHAN LAL Residence of 616/3, Masita House, Thanesar, PO Kurukshetra , Distt Kurukshetra, Haryana-136118 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as DARSHAN and UMA in my 10th and 12th class CBSE mark sheet and my Birth Certificate . The actual name of my father and my mother is DARSHAN LAL and UMA RANI respectively. Which may be amended accordingly.

I , Vinod Kumar S/o Prem Singh R/o Village Jirbari, Tehsil Thanesar, District Kurukshetra-136131 Haryana have changed the name of my minor son ONIK aged about 11 years and he shall hereafter be known as ONIK MULYAN.
एपी-7592

**मैं,** स्मृति पत्नी अरुण शर्मा निवासी मकान नंबर 186, ब्लॉक बी, आदर्श कॉलोनी, बलोन्गी, जिला एस.ए.एस. नगर, (मोहाली), पंजाब ने अपना नाम स्मृति से बदलकर स्मृति शर्मा कर लिया है।
एपी-7584

**मैं,** विशाल पुत्र श्री नरेंद्र कौशल, निवासी मकान नंबर 655/4, लोअर करारी, तहसील- कालका, जिला. पंचकुला, हरियाणा घोषणा करता हु कि मैंने अपना नाम विशाल से बदलकर विशाल कौशल कर लिया है।

**मैं,** पम्मी देवी सैन्य संख्या- 18001472X रैंक हवलदार नाम- मदन कुमार सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजीमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- खरौनी, भोजपुर, बेलौना, राज्य- बिहार, पिन- 802154 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम पम्मी देवी से बदलकर पम्मी सिंह कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11एए 217041, दिनांक; 28/01/2026

**मैं,** रेखा सैन्य संख्या- 15573809एल रैंक- हवलदार नाम- गवई अनिल मुकिंदा की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- गांव- हरनी, पोस्ट- उंद्री, तहसील- चिखली, जिला- बुलढाणा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 444303 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रेखा से बदलकर रेखा अनिल गवई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217040, दिनांक- 28/01/2026

**मैं,** भागेरथी सैन्य संख्या- 18002752X रैंक- हवलदार नाम- हरीश सिंह भंडारी की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 103, गुलजारपुर बांकी कालाढूंगी, कालाढूंगी, कालाढूंगी, कालाढूंगी, नैनीताल, राज्य- उत्तराखंड, पिन- 263140 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम भागेरथी से बदलकर भागीरथी देवी कर लिया है और मैंने अपनी जन्मतिथि 02/11/1968 से 18/05/1965 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217033, दिनांक- 28/01/2026

**मैं,** कमला देवी, सैन्य संख्या- 6496121पी रैंक- हवलदार नाम- अमर बहादुर सिंह की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गुजेला, गुजेला, कानपुर नगर, गुजेला, राज्य- उत्तर प्रदेश, पिन- 209206 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम कमला देवी से बदलकर कमला कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217037, दिनांक- 28/01/2026

**मैं,** एम सुलोचना सैन्य संख्या- 15724054Y रैंक- लास/नायक नाम- भारती एम की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 118 (i) इन्फ बेड जीपी सिगनल कंपनी सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 3/191, बालामराथुपट्टी, रेड्डीपट्टी पोस्ट, थोटानुथु, अदियानुथु, डिंडीगुल, राज्य- तमिलनाडु, पिन- 624003 घोषणा करती हू कि मैंने अपना नाम एम सुलोचना से बदलकर सुलोचना गोविंतराज कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217031, दिनांक- 28/01/2026

**मैं,** प्रवीना सैन्य संख्या- 6499540X रैंक- सिपाही/Ash नाम- पुष्पराज सिंह कछवाह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थाई पता- निवासी हाउस नंबर 105/8, पोस्ट- रूमा, तहसील- कानपुर सदर, जिला-कानपुर नगर, राज्य-उत्तर प्रदेश, पिन-209402 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम प्रवीना से प्रवीना देवी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217034, दिनांक- 28/01/2026

I, TANAJI am Father of Army No-2806821Y Rank-Hav Name- Jadhav Jayendra Tanaji Permanent Address: 204, Bld No. 08, Shree Ashtavinayak Vastupraklup, Ambarnath, Near Old Petrol Pump Badlapur (EX, Badlapur, PO: Badlapur Ed, Dist: Thane, State: Maharashtra, Pin-421503 declare that I have changed my name from TANAJI to TANAJI ANAJI JADHAV and Also Correct my Date of birth from 29/04/1955 to 01/06/1957. Vide Affidavit No: 11AA 217035, Dated: 28/01/2026

I, ASHVINI am legally Wedded Spouse of Army No-2806821y Rank-Hav Name- Jadhav Jayendra Tanaji Permanent Address: 204, Bld No. 08, Shree Ashtavinayak Vastupraklup, Ambarnath, Near Old Petrol Pump Badlapur (EX, Badlapur, PO: Badlapur Ed, Dist: Thane, State: Maharashtra, Pin-421503 declare that I have changed My Name from ASHVINI to ASHVINI JAYENDRA JADHAV. Vide Affidavit No: 11AA 217036, Dated: 28/01/2026
एपी-7597

It is for general information that I, Nidhi Srivastava D/o R. K. Srivastava and Ex. Wife of Ayan Kumar, R/o M034, Andour Heights, Signatur Towers, Sector-71, Begampur Khatola, Khandsa, Gurgaon, Haryana-122004, declare that I got divorce from my husband Ayan Kumar vide court decree HMA No. 62/2020 dated 16.02.2020. Further I have changed the name of my minor son Aadi Sinha Alias Baby of Nidhi Srivastava aged 8 years and he shall hereafter be known as Aadi Srivastava
एपी-7898

## बेदखली सूचना

**मैं,** ओमपाल पुत्र श्री हर बिलास आधार नंबर 466145835718 है डीआईवी 22 निवासी राऊमाजरा जिला अम्बाला तहसील बराडा हरियाणा का स्थाई निवासी हूं। मैं अपने होसो हवास मे यह बयान करता हूं के मेरा पुत्र साहिल और उसकी पत्नी जो की मेरी पुत्रवधु जिसका नाम चाहत मेरे कहने सुनने से बाहर है मेरे साथ बर्ताव भी ठीक नहीं है। मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में जो भी इन से किसी प्रकार का लेनदेन करेगा इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा मेरी इसमें किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-7585

**मैं,** श्याम लाल पुत्र श्री मंगत राम, निवासी- म.नं. 3041, देसराज कॉलोनी, पानीपत, अपने पुत्र अनिल व उसकी पत्नी चांद सैनी को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके साथ किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
एपी-7586

**मैं,** सुभाष पुत्र भूप सिंह, गांव कालीरावण जिला हिसार घोषणा करता हूं कि मेरा लडका अजीत कुमार व उसकी पत्नी पूजा मेरे व मेरी पत्नी पारवती और परिवारजनों के कहने सुनने में ना है। जिनको मैं व मेरी पत्नी अपनी तमाम चल अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में ये दोनों किसी तरह का कानूनी, गैर -कानूनी कार्य करते है तो वह स्वयं जिम्मेवार होंगें।
एपी-7587

हम सुरेन्दर पुत्र श्री मुरारी लाल और ओमवती पत्नी श्री सुरेन्दर निवासी ग्राम चंडीकोटला, डाकघर चंडीमंदिर, जिला पंचकुला, हरियाणा, घोषणा करते हैं कि हमारी पुत्री दीपा पत्नी श्री कर्म सिंह हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए हम इन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं । भविष्य में इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश
में क्लासीफाइड विज्ञापन देने
के लिए 9988934664
पर संपर्क करें।

**मैं,** निर्मल कौर पत्नी राम सिंह निवासी गांव दियालपुरा सब तहसील जीरकपुर ज़िला एस ए एस नगर मोहाली (पंजाब) की रहने वाली हूं। जो कि मेरा लड़का जगतार सिंह और उनकी पत्नी अमनदीप कौर मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए, मैं उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। भविष्य में इनसे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा।
एपी-7584

mI iqlk rwj Srmw p`qr SI I`B rwm Srmw Aq inSw Srmw pqnI iqlk rwj Srmw vsIAwn ipf krll iJkll, qihsll q izlw pTwnkt d rihx vwl hW[ s`fl lVkl kwjl s`f kihx qW bwhr h[ s A`j AsI as ƒ Awpxl qmwm c`l Ac`l jwiedwd qW bdKl krd hW[ A`j qW bwAd as nwl j vl lx dx krgw ah Kd ijmvwr hvgw[ sbDq nt krn[
एपी-7588

**मैं,** नरेश पुत्र किशन, निवासी झुग्गी संख्या 139, न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा, चंडीगढ़, सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र दिलीप कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी चल अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इससे कोई लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

हम सूरज पाल, पुत्र स्वर्गीय राजिंदर चंदर और श्रीमती किरण बाला, पत्नी सूरज पाल मकान नंबर 2-डी, सेक्टर 30-बी, चंडीगढ़, सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र Karan Sajwan और उनकी पत्नी Manvi Bhutyani दोनों हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

हम कुलदीप कुमार पुत्र श्री प्रांती राम और राज कुमारी पत्नी कुलदीप कुमार, निवासी मकान नंबर ए-35, शालीमार एन्क्लेव, ढाकोली, ज़ीरकपुर, जिला एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब, सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र Ankush Khudal और उनकी पत्नी Diksha Damseth हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-7591

**मैं,** रिंकु सरोह पुत्र श्री गुलाब सिंह निवासी गांव बेगमपुर तहसील घरौंडा जिला करनाल हरियाणा शपथ खाकर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जतिन पुत्र रिंकू सरोह मेरे कहने-सुनने से बाहर है अतः मैं अपने पुत्र जतिन को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ यदि भविष्य में मेरा पुत्र जतिन किसी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन, कानूनी या गैर-कानूनी गतिविधि करता है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उसी की होगी मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-7595

**मैं,** विक्रम पुत्र श्री सत्यनारायण, गांव दालमवाला तहसील अलेवा जिला जीन्द, हरियाणा का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्रीयां सिवानी व रूहानी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-7596

**अर्थ प्रकाश**
**समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें**

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## ‘अम्बाला छावनी को मिलेंगी बड़ी सौगातें: ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर, नाइट फूड स्ट्रीट और फायर ब्रिगेड बिल्डिंग का निरीक्षण किया’

# अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर में शोरूमों की जानकारी लेने के लिए रोजाना पहुंच रहे सैकड़ों लोग

’ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नाइट फूड स्ट्रीट का निरीक्षण करते हुए वॉटर प्रूफ छतरियां लगाने व ओपन सिटिंग एरिया बेहतर बनाने के निर्देश दिए’

’ऊर्जा मंत्री ने फायर ब्रिगेड बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया, करोड़ों की लागत बनी बिल्डिंग’

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 28 जनवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अम्बाला छावनी के तीन बड़े प्रोजेक्टों अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर, नाइट फूड स्ट्रीट और फायर ब्रिगेड बिल्डिंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए नगर परिषद अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए और कहा कि इन तीनों परियोजनाओं का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है। उल्लेखनीय है कि लगभग 200 करोड रूपए की इन परियोजनाओं के पूरा होते ही जनता को सीधे तौर पर लाभ व सुविधा मिलेगी क्योकि ये तीनों परियोजनाएं अंबाला छावनी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने निर्देश दिए कि अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर में पहले चरण के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि यहां शिफ्ट होने वाले बैंकों यहां अपना कामकाज प्रारंभ कर सकेंगे। इस दौरान मंत्री विज ने बताया कि लगभग 111 करोड़ रुपए की लागत से पहले चरण का कार्य पूरा होने वाला है जबकि दूसरे चरण के कार्य के टेंडर भी आगामी दिनों में जल्द अलॉट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैंकों के यहां पर शिफ्ट होने से बाजारों में भीड़-भाड़ कम होगी तथा एक ही छत के नीचे लोगों को बैंकिंग सुविधा मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां आने वाले लोगों के बैठने के लिए बेंच व अन्य जनसुविधाओं में इजाफा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक स्कैयवर का कार्य पहले चरण में मार्च माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में बन रहे भवन में 44 शोरूम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और पहले चरण का कार्य अंतिम चरणों में है। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग बैंक स्क्वेयर में शोरूम की स्थिति की जानकारी लेने के लिए रोजाना आ रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रथम चरण के कार्य के तहत तीन मंजिला भवन में कुल 44 शोरूम बनकर तैयार है जिसमें पहले फ्लोर में 17 शोरूम, दूसरे फ्लोर में 14 और तीसरे फ्लोर में 13 शोरूम है। इसी प्रकार, यहां लोगों की सुविधाओं के लिए चार अलग-अलग लिफ्ट है। बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर पर 317 कारों को एक साथ करने के लिए पार्किंग सुविधा है। यहां 70 किलो लीटर प्रतिदिन का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) सुविधा भी है।

इसी प्रकार, द्वितीय चरण में बनने वाले भवन में कुल 54 शोरूम बनेंगे जिनमें पहले फ्लोर पर 17 शोरूम, दूसरे फ्लोर पर 17 और तृतीय फ्लोर पर 20 शोरूम होंगे। जबकि यहां 5 लिफ्ट होगी और 450 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता का आडिटोरियम भी बनेगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की तरफ से द्वितीय चरण निर्माण हेतु 64.47 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी।

अंबाला के जगाधरी रोड पर नाइट फूड स्ट्रीट में निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों को यहां सुविधाओं में और इजाफा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाइट फूड स्ट्रीट के ठीक साथ ओपन स्पेस में लोगों के बैठने के लिए टेबल व कुर्सियां लगाने के साथ-साथ यहां वॉटर प्रूफ छतरी भी लगाई जाए ताकि यहां लोग बैठकर लजीज व्यंजनों का आनंद ले सके। इसके अलावा, सुंदर लाइटें व बैठने के लिए अन्य प्रबंध किए जाए। उन्होंने दुकानों के आगे शेल्फ बनाने व अन्य दिशा-निर्देश दिए।

गौरतलब है कि लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से नगर परिषद द्वारा नाइट फूड स्ट्रीट का निर्माण किया जा रहा है। यहां 60 दुकानें बन चुकी है जिनमें 40 वेज व 20 नॉन वेज दुकानें होगी। बेहतरीन व्यंजन लोगों को मिले इसके लिए दुकानों को अलॉट करने की प्रक्रिया भी नगर परिषद द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

पूरी मार्केट वातानुकूलित होगी तथा वाहनों को खड़ा करने के लिए नाइट फूड स्ट्रीट के ठीक साथ पार्किंग सुविधा भी होगी। मार्केट की डेकोरेशन व ब्यूटीफिकेशन की जाएगी ताकि यहां आने वाले लोगों को अच्छा महसूस हो। यहां पर ग्रेनाइट पत्थर का फ्लोर एवं अन्य प्रावधान भी किए गए हैं। यहां ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाएगा जिससे दुकानों से निकलने वाले वेस्ट खाद्य पदार्थो एवं पानी को ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट करने के बाद नाले में फेंका जाएगा।

वहीं, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज फायर ब्रिगेड बिल्डिंग का भी निरीक्षण करते हुए इसके निर्माण की प्रगति रिपोर्ट जानी। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य आगामी कुछ ही दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री अनिल विज ने बिल्डिंग परिसर का मुआयना करते हुए स्टाफ सुविधाओं का जायजा लिया तथा इसके साथ बन रहे रेजिडेंस ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से तीन मंजिला फायर ब्रिगेड कार्यालय की मुख्य बिल्डिंग और 5 मंजिला रेजिडेंस ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यालय की तीन मंजिला मुख्य बिल्डिंग में 15 फायर ब्रिगेड गाड़ियों को खड़ा करने की सुविधा होगी जबकि कार्यालय में कई कमरे होंगे।

### ऊर्जा मंत्री ने महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजीत पवार के निधन पर अपने और प्रदेश की तरफ से दुख जताया व श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री अजीत पवार के विमान हादसे में निधन होने पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ये बहुत ही दुखद घटना है, आज सुबह जब ये सूचना मिली तो पूरे देश में शोक की लहर है। इसके अलावा, एसवाईएल के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री के ब्यान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम भी ‘हरि’ के प्रदेश से है और ‘हरि’ सबको साथ लेकर चलने का संदेश देते हैं। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अपनी और हरियाणा की तरफ से श्रद्धा सुमन अर्पित किए है। पंजाब मुख्यमंत्री के एसवाईएल बयान पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज बोले 卐हम भी हरि के प्रदेश से है जो सबको साथ लेकर चलने का संदेश देते हैं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के एसवाईएल को लेकर बयान कि हम कन्हैया के वंशज है जो दुश्मनों को भी पानी पिलाते है, हरियाणा तो फिर भी हमारा दोस्त है पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भगवंत मान के मुंह से यह अच्छी बात निकली है और हम भी ‘हरि’ के प्रदेश से है और ‘हरि’ सबको साथ लेकर चलने का संदेश देते है।

## न्यूज ब्रीफ

### अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनी जनसमस्याएं

**व्यासपुर (अप्रस/संजीव)।** जिला उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने खण्ड प्रतापनगर के गांव मुजाफत कलां के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जनता दरबार व रात्रि ठहराव में आम लोगों की समस्याएं सुनी। इसके उपरांत सांय 5 बजे से रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आम लोगों की समस्याएं अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने सुनी और उनका मोके पर समाधान किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने गांव के जिन बच्चों के आज जन्मदिन थे उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जनता दरबार में राजेश कुमार पुत्र अतर सिंह गांव चुहड़पुरकलां कला निवासी ने अपने घर के आगे बरसाती पानी की निकासी बारे, जगपाल पुत्र फूल सिंह मुजाफत कला निवासी ने फैमिली आईडी में 400 गज के प्लाट की गलत एंट्री कटवाने, बक्करवाला निवासियों चंपा, रामेश्वर, अशोक, जय कुमार, अमरजीत, जगदीश, कमलेश, महेंद्र, शीशराम आदि ने सौ-सौ गज के प्लॉट दिलवाने बारे, मंगल राम पुत्र साधुराम मुजाफत कला निवासी ने वृद्धावस्था सम्मान पेंशन लगवाने, उल्फत ने अपने परिवार पहचान पत्र में आयु ठीक करने बारे, शुभम सुपुत्र अजमेर निवासी मुजाफत कलां ने दिव्यांग पेंशन लगवाने, संतोष व अनिल कुमार निवासी प्रताप नगर ने अपने प्लॉट से नाजायज कब्जा हटवाने बारे, जीवन प्रताप नगर निवासी ने अपने घर के आगे सड़क पर नाजायज तौर पर सीढ़ियां हटवाने, यशपाल पुत्र साधुराम मुजाफत कला निवासी ने बीपीएल राशन कार्ड कट जाने बारे शिकायत अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा के समक्ष रखी।

### एक दिवसीय डिजिटल कार्यशाला आयोजित

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग की ओर से प्रोफेशनल स्टूडियो तकनीकों में दक्षता वीडियो चैनल, संवाद माध्यम एवं समाचार प्रस्तुतीकरण विषय पर एक दिवसीय व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया के लिए विषय-वस्तु निर्माण, कैमरा संचालन, दृश्य संपादन तथा स्टूडियो आधारित समाचार प्रस्तुतीकरण में व्यावहारिक रूप से दक्ष बनाना था। एकदिवसीय कार्यशाला का संचालन केशव मेहता, संस्थापक एवं निदेशक, केशु फिल्म्स द्वारा किया गया। मीडिया क्षेत्र में दो दशकों से अधिक के उनके अनुभव से विद्यार्थियों को स्टूडियो कार्यप्रणाली व व्यावसायिक मीडिया निर्माण की वास्तविक समझ प्राप्त हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों एवं जेएमआईटी लेंस टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान श्रोता वर्ग की पहचान, आलेख संरचना, प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण, कैमरा कोण, दृश्य संयोजन, स्टूडियो प्रकाश व्यवस्था, वीडियो संपादन प्रक्रिया, शीर्षक लेखन, ध्वनि समन्वय तथा स्टूडियो आधारित समाचार अभ्यास जैसे विषयों पर चरणबद्ध एवं गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. जया मल्होत्रा, मोनिका साहनी, शबनम भसीन, निशांत, हर्षित, अनामिका सोनी, यशिका भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धान्त जैन,आईपीएस के नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए, थाना शहर टोहाना पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) तस्करी के मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया की 2 जनवरी 2026 को अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कोर्ट रोड, रजबाहा पुल के पास से विजय पुत्र सुखदेव सिंह को 6.64 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में मुकदमा नंबर 05, धारा 21क्र/61/85 हृष्ठक्कस्ञ्ज के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब इसी मामले में 卐हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क की जांच करते हुए पुलिस ने मुख्य सप्लायर कुलदीप उर्फ मंगू पुत्र प्रेम चंद (निवासी वार्ड नं. 3, माता वाली गली, टोहाना) को गिरफ्तार कर लिया है। । फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल नशा बेचने वालों पर ही नहीं, बल्कि उन्हें पीछे से माल सप्लाई करने वाले ‘सप्लायरों’ पर भी पुलिस की पैनी नज़र है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में कई और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

### गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर निकाली जा रही प्रभातफेरी

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** गुरु रविदास सभा लाडवा की ओर से गुरु रविदास के 649 में प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में 18 जनवरी से प्रतिदिन लाडवा में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। यह जानकारी सभा के के सचिव प्रवीण कुमार बौध एवं कोषाध्यक्ष रविंद्र कटारियां ने बुधवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्ग से होकर वापिस गुरु रविदास मंदिर में संपन्न होगी। एक फरवरी को मंदिर में गुरु रविदास प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा तथा सुबह 10 बजे मंदिर में सत्संग होगा तथा दोपहर को गुरु का विशाल लंगर बरताया जाएगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभा की तरफ से सभी अतिथियों व मुख्यातिथि को गुरु रविदास का चित्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परम संत शिरोमणी श्री गुरु रविदास जी महाराज किसी एक जाति समुदाय के नहीं थे। हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और आपसी प्रेमभाव से रहना चाहिए। उन्होंने सभी को गुरु के प्रकाशोत्सव में भाग लेने की अपील भी की।

### मशरूम खेती पर तीन दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पंजाब नैशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र, सच्चा खेड़ा (जींद) द्वारा तीन दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मशरूम की खेती एवं उसका प्रबंधन विषय पर आधारित होगा, जिसकी शुरुआत 29 जनवरी 2026 को प्रात: 10.00 बजे किसान प्रशिक्षण केंद्र परिसर में होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों एवं ग्रामीण युवाओं को मशरूम उत्पादन से जुड़ी आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. योगेश जाखड़ सम्मानित



अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 28 जनवरी।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमण्डल प्रशासन नरवाना द्वारा आयोजित समारोह में शहर के प्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. योगेश जाखड़ को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण, ईमानदारी और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

डॉ. योगेश जाखड़ श्री राम फिजियोथैरेपी क्लीनिक, नरवाना के माध्यम से लंबे समय से शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक फिजियोथैरेपी सेवाएं दे रहे हैं, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ खिलाड़ी और बुजुर्ग भी लाभान्वित हो रहे हैं।

उपमण्डल प्रशासन ने प्रशस्ति पत्र में उनके सामाजिक व स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान को प्रेरणादायक बताया। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. जाखड़ ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी निष्ठा व समर्पण के साथ समाज सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।

## ब्लू बेल्स स्कूल, नारायणगढ़ के मंजोत डडवाल का अंडर-14 एसजीएफआई नेशनल में शानदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 28 जनवरी।** ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारायणगढ़ के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी मंजोत डडवाल ने 69वीं अंडर-14 एसजीएफआई राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 19 से 25 जनवरी तक सीकर (राजस्थान) में भारत सरकार के Ministry of Youth Affairs & Sports के तत्वावधान में आयोजित की गई।

हरियाणा टीम का चयन शिविर 13 से 16 जनवरी तक फरीदाबाद में आयोजित हुआ। 15-15 ओवर के प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट में हरियाणा टीम ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया।

मंजोत डडवाल ने उत्तराखंड के विरुद्ध 2 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट हासिल किया, जबकि झारखंड के खिलाफ 2 ओवर में मात्र 7 रन देकर किफायती गेंदबाज़ी का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट में वे हरियाणा टीम के एकमात्र मीडियम पेस गेंदबाज़ रहे, जो उनकी विशेष उपलब्धि है।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के बीच खेला गया, जिसमें राजस्थान ने खिताब अपने नाम किया।

मंजोत की इस सफलता में ब्लू बेल्स क्रिकेट अकादमी की अहम भूमिका रही, जहाँ उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण और अनुशासित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव मेहता ने मंजोत को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके माता-पिता श्री राहुल डडवाल तथा कोच सुबे सिंह, विनय दत्ता और मंदीप को भी शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मंजोत को रुपये 11,000 की नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान करने की घोषणा की गई। मंजोत डडवाल की यह उपलब्धि Blue Bells Senior Secondary School एवं ब्लू बेल्स क्रिकेट अकादमी की खेल परंपरा को और अधिक गौरव प्रदान करती है।

## सभी के लिए अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करना जरुरी: सुधीर कुमार

**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** सेवा श्री आश्रम में समर्थ किशोरी प्रकल्प के तहत मेहंदी और कम्प्यूटर प्रशिक्षण के छात्रों का सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 24 प्रशिक्षणार्थी मेहंदी के और 41 प्रशिक्षणार्थी कम्प्यूटर के ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण समाप्त होने पर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर आये गुरु ब्रम्हानन्द राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान नीलोखेड़ी के प्रिंसिपल प्रदीप राणा ने बताया कि यह कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम भारत सरकार की स्कीम के अंतर्गत होता है जो बच्चों के अंदर स्किल की भावना को सही दिशा देने में सहायता करता है ,उन्होंने भविष्य में भी बच्चों के प्रशिक्षण के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## लोन निवासी खिलाड़ी दम्पति ने पेश की मिसाल, इकलौते पुत्र की शादी में नहीं लिया दहेज

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 28 जनवरी।** दहेज जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ गांव लोन के खिलाड़ी दम्पति रामकुमार शर्मा एवं मनोज कुमारी ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। दोनों ने अपने इकलौते पुत्र की शादी नरवाना निवासी रीतु, पुत्री सुरेन्द्र के साथ सादगीपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराई और विवाह में वधु पक्ष से किसी भी प्रकार का दान-दहेज नहीं लिया। खिलाड़ी दम्पति ने विवाह समारोह को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए न केवल दहेज मुक्त शादी का संदेश दिया, बल्कि मानवता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय कदम उठाया। उन्होंने अपने पुत्र के विवाह के अवसर पर 11 जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र दान किए तथा 11 पौधे लगाने का संकल्प लेकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। उनके इस अनुकरणीय कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। परिजनों, सगे-संबंधियों और गांववासियों ने खिलाड़ी दम्पति को बधाई देते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे उदाहरण ही सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने में सहायक होते हैं। उल्लेखनीय है कि रामकुमार शर्मा एवं मनोज कुमारी दोनों ही राष्ट्रीय और राज्य स्तर के प्रतिष्ठित खिलाड़ी रह चुके हैं। दोनों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सैकड़ों पदक जीतकर अपने गांव, जिले और प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। रामकुमार शर्मा पंजाब बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त हैं, जबकि मनोज कुमारी हरियाणा शिक्षा विभाग से प्राध्यापिका पद से सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। दहेज रहित विवाह कर खिलाड़ी दम्पति ने यह साबित कर दिया कि संस्कार, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी ही सच्ची संपत्ति होती है।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**साहा (अप्रस/जयबीर राणा)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में खुड्डा कलां के पूर्व सरपंच बृजपाल राणा के सहयोग से एलजे आई इंस्टीट्यूट, अंबाला सिटी तथा चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा के द्वारा आँखों एवं त्वचा रोगों की जाँच हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य अतिथि अमरपाल राणा, अध्यक्ष एचएससीएआरडीबी ने की। इस अवसर पर अमरपाल राणा को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर बृजपाल राणा तथा एल.जे. आई इंस्टीट्यूट के सामुदायिक स्वास्थ्य प्रभारी राजेश द्वारा सम्मानित किया गया। अमरपाल राणा ने बृजपाल राणा, राजेश, विनोद व्यास, पूर्व सरपंच रवि पाल राणा, डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप चौहान, जगमाल, समाजसेवी जसबीर, संदीप जैन, अरविंद अग्रवाल, रूपचंद गुप्ता तथा वीरेंद्र सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। शिविर में 250 से अधिक लोगों की आँखों एवं त्वचा से संबंधित रोगों की जाँच की गई तथा जाँचोपरांत दवाइयाँ एवं चश्मे भी नि:शुल्क वितरित किए गए।

## सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता के साथ करें निर्वहन: विश्राम कुमार मीणा

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 28 जनवरी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उमरी में होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता के साथ निर्वहन करें। इस प्रदेश स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। इनके साथ-साथ कई सांसद व विधायक भी समारोह में शामिल होंगे।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी को समारोह का ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। वीआईपी स्टेज के नोडल अधिकारी एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता होंगे। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल को 10 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सेक्टर-1 वीआईपी में थानेसर बीडीपीओ अमित कुमार, सेक्टर-1 मीडिया में लाडवा बीडीपीओ विनोद कुमार, सेक्टर-3 महिला में डब्ल्यूसीडी डीपीओ बलजीत कौर, सेक्टर-4 महिला में डीएसडब्ल्यूडी सुरजीत कौर, सेक्टर-5 में एग्रीकल्चर एसडीओ जितेंद्र मेहता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह सेक्टर-6 में पंचायत राज एसडीओ संदीप कौशिक, सेक्टर-7 में हॉर्टिकल्चर एसडीओ विनोद, सेक्टर-8 में पंचायती राज एसडीओ सुरेंद्र कुमार, सेक्टर- 9 में एसडीओ सतीश शर्मा और सेक्टर-10 को थानेसर बीएओ अमित कुमार को नोडल नियुक्त किया गया है।

## ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग करने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 28 जनवरी।** ट्रांसपोर्टर पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने के मामले में पानीपत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के नेतृत्व में पानीपत सीआईए वन और एसटीएफ सोनीपत की संयुक्त टीम ने बुधवार अल सुबह थाना इसराना क्षेत्र के जौंधन खुर्द रोड पर मुठभेड़ के बाद एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को काबू किया।

पुलिस के अनुसार बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े थे। पुलिस टीम को देखते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। चेतावनी देने के बावजूद जब बदमाश नहीं रुके तो पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। दोनों घायल आरोपियों को सिविल अस्पताल पानीपत में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया गया। मौके से दो देसी पिस्टल भी बरामद की गई।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने प्रेसवार्ता में बताया कि 24 जनवरी की शाम महराणा गांव में ट्रांसपोर्टर सी. सुब्रमण्यम पर उनके कार्यालय के बाहर फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया था। इस संबंध में थाना मॉडल टाउन में मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीआईए और एसटीएफ की टीमें सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूचनाओं के आधार पर लगातार काम कर रही थीं।

प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने डाहर गांव निवासी शीलू के कहने पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से यह वारदात की थी। शीलू फिलहाल विदेश में है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना इसराना में बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बेरोजगारी, महंगाई और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहा है प्रदेश का युवा: अर्जुन चौटाला

### इनेलो के युवा में जुटे युवाओं ने किया भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 28 जनवरी।** इंडियन नेशनल लोकदल की युवा इकाई की ओर से एक विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन आरकेएम फार्म अंबाला रोड़ में किया गया। इसमें रानियां से विधायक एवं युवा इनेलो के प्रमुख नेता अर्जुन चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को शक्ति प्रदान की। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोडना, उनकी समस्याओं को उठाना और प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर मंथन करना रहा। अर्जुन चौटाला ने प्रदेश की मौजूदा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को रोजगार, पारदर्शी भर्ती और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के सपने दिखाए थे लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। आज प्रदेश का युवा बेरोजगारी, महंगाई और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रियाओं में बार-बार सामने आने वाले पेपर लीक, बाहरी लोगों को लगाकर प्रदेश के युवाओं की योग्यता पर सवाल खड़े करने और घोटालों ने युवाओं का सरकार से भरोसा पूरी तरह तोड़ दिया है। युवा नेता संजीव माजरा ने कहा कि सरकार युवाओं को केवल चुनाव के समय याद करती है। चुनाव बीतते ही युवाओं के मुद्दे ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते हैं। युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा पुजारी ने कहा कि जिले में बेरोजगारी और नशाखोरी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन सरकार इस पर कोई ठोस नीति नहीं बना पाई है। जिला अध्यक्ष अनिल तंवर ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब झूठे वादों से ऊब चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। सम्मेलन का मंच संचालन इनेलो जिला संयोजक मोनी बालू ने किया। सम्मेलन में काला प्योदा कलायत हल्का युवा अध्यक्ष, भूप सिंह करोड़ा पूंडरी हल्का युवा अध्यक्ष, बलजीत मानस कैथल हल्का युवा अध्यक्ष और नवदीप सीडा गुहला हल्का युवा अध्यक्ष, एडवोकेट रश्मि ढुल, अमन माजरा, शशि वालिया, इंद्र पाई शामिल रहे।

**बदलाव चाहता है प्रदेश का युवा- गोस्वामी:** युवा इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा राजनीति को समझ रहा है और बदलाव चाहता है। उन्होंने कहा कि इनेलो हमेशा से युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज बनकर खड़ी रही है। प्रदेश महासचिव प्रदीप गिल ने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं और युवाओं को संगठित होकर इनके खिलाफ संघर्ष करना होगा। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और आम जनता की समस्याओं को उठाएं। इस मौके पर बिल्लू मलिक, सोनू वर्मा बीसी सैल जिला अध्यक्ष, सुरजीत पबनावा, ईश्वर मैहला, विजय बंदराना, रोहित कुंडू, आईएसओ के जिला अध्यक्ष दिव्यांशु, बलकार नैन, बलराज नौच, भूप सिंह नैना, बिल्लू क्योडक, जस्सी करोड़ा आदि मौजूद रहे।

# हनुमान जी को गुप्त दान और सेवा का महत्व इन 5 उपायों से बढ़ता है सुख-सौभाग्य

हनुमान जी को गुप्त दान या गुप्त सेवा का महत्व इसलिए भी है, क्योंकि यह पूर्ण समर्पण और निस्वार्थ भावना को दर्शाता है। जोकि संकटमोचन हनुमान को अतिप्रिय है। आपको उन 5 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको हनुमान जी को गुप्त रूप से अर्पित करने से जीवन में सुख और सौभाग्य की वृद्धि होती है।

पूजा-पाठ में लौंग को शुद्धिकारी और सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने वाला माना जाता है। अगर आप गुप्त रूप से हनुमान जी को एक या दो साबुत लौंग अर्पित करें या फिर हनुमान जी के चरणों में चुपचाप रख दें। इससे जीवन से निगेटिविटी दूर होती है। वहीं हनुमान जी को लौंग अर्पित करना जीवन में शांति और सौभाग्य लाता है। इस उपाय को करने से कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। इस विशेष उपाय को मंगलवार या शनिवार को करना चाहिए।

माचिस अग्नि तत्व का प्रतीक है और इसको तेज व ऊर्जा का कारक माना जाता है। वहीं हनुमान जी अग्नि देव के प्रिय हैं और माचिस का गुप्त दान करने से तेजस्विता बढ़ती है। माचिस को हनुमान जी को गुप्त रूप से अर्पित करने का अर्थ है कि आप बजरंगबली से अपने अंदर की कमजोरियों और आलस्य को जलाकर आत्मविश्वास और ऊर्जा भरने की प्रार्थना कर रहे हैं। इस उपाय को करने से जीवन से अंधेरा दूर होता है और प्रकाश लाने में सहायक माना जाता है।



भगवान विष्णु और उनके अवतार राम जी को तुलसी अति प्रिय है। हनुमान जी भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं। ऐसे में हनुमान जी के चरणों में गुप्त रूप से तुलसी की कुछ पत्तियां अर्पित करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। माना जाता है कि हनुमान जी को तुलसी अर्पित करने से आपकी भक्ति शुद्ध होती है और श्रीराम का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस उपाय को समृद्धि, स्वास्थ्य और मोक्ष की प्राप्ति के लिए शुभ माना जाता है। वहीं तुलसी की उपस्थिति निगेटिविटी को दूर करती है।


हनुमान जी की सबसे बड़ी शक्ति उनका राम नाम में अटूट विश्वास है। मंदिर में या फिर घर में हनुमान जी के सामने बैठकर गुप्त रूप से मन ही मन 'राम' नाम का जाप करना चाहिए। बता दें कि इस तरह से नाम जाप करना किसी भी वस्तु को अर्पित करने से कहीं अधिक मूल्यवान है। जब आप गुप्त रूप से राम नाम का जाप करते हैं, तो बजरंगबली स्वयं जातक की रक्षा करते हैं। राम नाम का जाप आपको हर तरह के भय, संकट और मानसिक अशांति को दूर करता है।

पीले रंग को शुभता, ज्ञान और गुरु ग्रह से जुड़ा माना जाता है। हनुमान जी को गुप्त रूप से पीला वस्त्र जान करने से विवेक, बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है। इस उपाय को करने से धन-संपत्ति और मान-सम्मान में वृद्धि होती है। वहीं हनुमान जी को पीला वस्त्र अर्पित करने से गृह-क्लेश खत्म होते हैं और जीवन में शांति आती है। पीले वस्त्र को हनुमान जी के मंदिर में चुपचाप रख देना चाहिए।

# संघर्षमय जीवन अपने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। यह जीवन के सही अर्थ, खुशी के महत्व और अपनी क्षमता को समझने का सबसे बड़ा जरिया है। संघर्ष करने से व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक सीमाएं टूटती हैं, जिससे उसमें नई चुनौतियों को जीतने का कौशल विकसित होता है। कठिन परिस्थितियों का सामना करने वाला ही जीवन में परिपक्व, दृढ़ और चरित्रवान बनता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार में रविवारीय जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा जैसे आंच में तप कर सोना कुंदन बनता है वैसे मनुष्य भी संघर्ष की आंच में तपकर मनुष्य बनता है। उसमें जीवनोपयोगी गुणों का विकास होता है, जो उसे परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनाते हैं। ऐसा व्यक्ति निर्भीक, स्पष्टवादी और विचारक होता है और बाद के जीवन में दुखों को बड़ी आसानी से बर्दाश्त कर लेता है। संघर्ष चाहे स्वयं के लिए किया गया हो या दूसरों के उत्थान के लिए, यह अंततः हमारे स्वास्थ्य और संवृद्धि में सहायक होता है। संघर्ष के बाद सफलता मिलती है, जो हमें खुशी प्रदान करती है।



मनीषी श्री संत ने अंत मे फरमाया हर व्यक्ति को अपने कर्मों और पुरूषार्थ के आधार पर ही फल मिलता है। आप ने कई बार लोगों को ऐसा कहते सुना होगा कई इंसान कहते हैं कि उसे अपने जीवन में न्याय नहीं मिला। मुझे अपने जीवन में भेदभाव का सामना करना पड़ा। मेरे आस पास ऐसे लोग है जिन्हें सब कुछ आसानी से मिल जाता है। कई लोगों को अपने जीवन में रत्ती भर भी दुख या कष्ट का सामना नहीं करना पड़ा। हमारा बहुत सारा समय अपने आप को दूसरों के साथ तुलना करने में निकल जाता है। क्या ऐसी तुलना सकरात्मक या फलदायी होती है? सेब और संतरा दोनों की फल है लेकिन दोनों में तुलना करना बेमानी है।

## मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के 90वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम 30 को

चंडीगढ़। आचार्यश्री महाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य मे 162वां मर्यादोत्सव और मनीषीसंत के 90वें जन्मदिवस पर विशेष व विशाल कार्यक्रम 30 जनवरी शाम 5.15 बजे से चंडीगढ सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन के विशाल ग्राउंड मे आयोजित होगा। जिसमे आर्शीवचन श्रीमद् प्रयागपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वतीं जी महाराज होगें। इसके अलावा मुख्य अतिथि महामहिम गुलाब चंद कटारिया जी राज्यपाल पंजाब व चंडीगढ प्रशासक होगें। वही विशिष्ट अतिथि श्री संजय टंडन, सह प्रभारी, भाजपा हिमाचल प्रदेश होगें। इस बात की जानकारी अणुव्रत समिति चंडीगढ के अध्यक्ष डा. सलील जैन व चेयरमैन मनोज जैन ने दी। इसके अलावा मुख्य अतिथि महामहिम गुलाब चंद कटारिया जी राज्यपाल पंजाब व चंडीगढ प्रशासक होगें। वही विशिष्ट अतिथि श्री संजय टंडन, सह प्रभारी, भाजपा हिमाचल प्रदेश होगें। इस बात की जानकारी अणुव्रत समिति चंडीगढ के अध्यक्ष डा. सलील जैन व चेयरमैन मनोज जैन ने दी।

### तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोप

# आप नेताओं का जोरदार प्रदर्शन डीसी को सौंपा ज्ञापन




अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। तहसील कार्यालय में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा सचिव राजेश सरोहा व विधानसभा अध्यक्ष योगेश पाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया, रोष मार्च निकाला और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा तथा प्रत्याशी चयन समिति के अध्यक्ष विमल किशोर ने की।जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने कहा कि तहसील कार्यालय में आमजन को इंतकाल व रजिस्ट्री के नाम पर अनावश्यक शर्तें बताकर परेशान किया जा रहा है और खुलेआम रिश्वत वसूली हो रही है। विमल किशोर ने मांग की कि तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री व इंतकाल से जुड़े सभी मापदंड स्पष्ट रूप से लिखकर एक मार्गदर्शक बोर्ड लगाया जाए, ताकि लोगों को सही जानकारी मिले और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके।आम आदमी पार्टी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इंतकाल के नाम पर, डिक्री रजिस्टर्ड न होने, पुराने रिकॉर्ड की मांग, टुकड़ों में रजिस्ट्री न होने, दूसरे राज्य की जीपीए मान्य न होने और वारसान रिपोर्ट स्वीकार न करने जैसी शर्तें लगाकर लोगों से पैसे ऐंठे जा रहे हैं। पार्टी का कहना है कि यदि रिश्वत दी जाए तो इन सभी शर्तों को दरकिनार कर रजिस्ट्री कर दी जाती है।

आरोप है कि 500 से 1000 रुपये प्रति गज तक रिश्वत ली जा रही है और सामान्य रजिस्ट्री में भी प्रतिशत के हिसाब से अवैध वसूली की जा रही है।पार्टी ने मांग की कि तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई हो और एक सूचना बोर्ड लगाया जाए, जिसमें रजिस्ट्री से संबंधित सभी शर्तें, आवश्यक दस्तावेज और नियम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं। इस मौके पर विकास दहिया, सुनील दहिया, यादवेन्द्र, शेर मोहम्मद, रोहित बड़ौली, सिद्धार्थ रहिला, अशोक, ललित, राजकुमार, नरेश कौशिक, अंकुश त्यागी, मंजीत फरमाणा, विजेन्दर कादियान, वंश सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतोष धन नाम की दौलत के साथ ही प्राप्त हो जाता है

सभी गुरु-पीर-पैगम्बरों ने इस नाम की दौलत की चाहना रखने की प्रेरणा दी है। यही कहा है कि ऐ इनसान, इस चाहना की पूर्ति के लिए तुझे सन्तों से, ज्ञानीजनों से नाता जोड़ना है। इस दौलत की प्राप्ति से ही जीवन में सन्तोष प्राप्त होता है। वर्ना सांसारिक दौलतें प्राप्त भी हो जायें तो भी एक कंगाली बनी रहती है। यही महसूस होता है कि अभी मैने कुछ प्राप्त करना है। क्योंकि सांसारिक प्राप्तियां, जिनके लिए यह सोचना है कि ये प्राप्त हो जायें, तो मेरा घड़ा भर जायेगा। उन प्राप्तियों को ऐसे माना गया है कि यह तो ऐसा घड़ा है जिसके नीचे सुराख है। इसमें जितना भी डालते जाओ, उस सुराख में से निकलता रहता है और घड़ा खाली का खाली रह जाता है। भाव, इच्छाएं कभी समाप्त नहीं होती हैं; तृप्ति नहीं होती है। इसके लिए तो कहा गया है कि-

**माया मरे न मन मरे मर मर गये शरीर। आशा तृष्णा न मरे कह गये दास कबीर।**

कहते हैं कि यह मन तो संकल्पों-विकल्पों का एक पुलिन्दा है, जिसका अस्तित्व मिटता नहीं है। जिस कारण यह आत्मा को भी बन्धनों में रखता है। मन ने हमेशा माया को विशेषता दी है इसलिए न माया मरती है, न मन मरता है। वैसे तो कहा गया है कि यह संसार मिथ्या है, क्षणभंगूर है, मिटने वाला है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

लेकिन कबीर साहिब कह रहे हैं कि अगर मन में ऐसी कशिश बन चुकी है इस माया के प्रति, झूठी शानो-शौकत के प्रति, दौलतों के प्रति, तो जब तक यह चाहत कायम है, शरीर भले ही खत्म हो जाये लेकिन चाहना खत्म नहीं होती। महापुरुष समझाते हैं कि ऐ इन्सान, तूने चाहना करनी है तो ऐसी नाम की दौलत की कर जिसक प्राप्ति से तुझे तृप्ति हो जाये। इस नाम की दौलत के साथ ही सन्तोष की दौलत भी आ जाती है जिसके लिए कहते हैं-जब आये सन्तोष धन सब धन धुरि समान।

यह सन्तोष धन नाम की दौलत के साथ ही प्राप्त हो जाता है। जिसने नाम की दौलत को नहीं अपनाया, सांसारिक दौलतों की प्राप्ति में लगा रहा, वह सन्तोषी भी नहीं रह पाता और वहाँ दौलतें भी नहीं रहती। जो नाम की दौलत को सम्भाल कर सन्तोषी बन गया वह हमेशा सुखी रहता है, आनन्दित रहता है जबकि अन्य प्राप्तियों वाला इन्सान क्षण भर के लिए तो तृप्ति महसूस करता है लेकिन अगले पल ही बेचैन हो जाता है। अगर कोई उससे ज्यादा तरक्की कर लेता है तो वह स्वयं को पिछड़ा हुआ मानने लगता है। पदार्थों की दौड़ में वह पिछड़ता ही चला जाता है। वह स्यं कुछ जुटा लेता है तो बहुत खुशी महसूस करता है और कोई दूसरा उससे अधिक जुटा लेता है तो वह अपने आप को गरीब मान बैठता है, जो उसके दुख का कारण बन जाता है। कहने का भाव यही है कि इन्सान ने सांसारिक प्राप्तियों के पीछे न दौड़ कर इस नाम पदार्थ कीप्राप्ति करनी है तभी यह मालामाल हो सकता है।

जिस-जिस ने भी सांसारिक प्राप्तियों को, भौतिक सिलसिलों को विशेषता दी है, वे भले ही किसी युग में भी हुए, खाली ही रह गए। सिकन्दर बादशाह ने बहुत दौलतें हासिल कर ली लेकिन वह भी खाली हाथ ही संसार से रुख्सत हुआ। महापुरुषों ने इसीलिए कहा है-क्या तू लेकर आया जग में क्या तू लेकर जायेगा। मुट्ठी बांधे आया जग में हाथ पसारे जायेगा।

यहां संसार के इन्सान की बात बताई गई है। लेकिन जो यह नाम की दौलत प्राप्त कर लेता है, वह खाली हाथ नहीं जाता।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 29 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:11 ए एम, सूर्यास्तः 05:58 पी एम, चन्द्रोदयः 02:00 पी एम, चन्द्रास्तः 04:55 ए एम, जनवरी 30, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः गुरुवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः एकादशी - 01:55 पी एम तक, नक्षत्रः रोहिणी - 07:31 ए एम तक, क्षय नक्षत्रः मृगशिरा - 05:29 ए एम, जनवरी 30 तक, योगः इन्द्र - 08:27 पी एम तक, करणः विष्टि - 01:55 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 12:32 ए एम, जनवरी 30 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः वृषभ - 06:30 पी एम तक, राहुकालः 01:55 पी एम से 03:16 पी एम, गुलिक कालः 09:53 ए एम से 11:14 ए एम, यमगण्डः 07:11 ए एम से 08:32 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:56 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:47 ए एम से 11:30 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:05 पी एम से 03:48 पी एम, अमृत कालः 09:26 पी एम से 10:54 पी एम, वर्ज्यः 12:39 पी एम से 02:07 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** एकतरफा प्यार आपको निराश कर सकता है। नई योजनाएं आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**वृषः** दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। आज वर्क प्लेस में आपको दो गुना फायदा होने के योग बन रहे है।

**मिथुनः** अपने जीवनसाथी के मामले में गैर-जरूरी टांग अड़ाने से बचें। अपने काम-से-काम रखना बेहतर रहेगा।

**कर्कः** आज नौकरी तथा व्यवसाय में परिश्रम से लाभ के योग हैं। आज आप थोड़ा तनाव में रहेंगे। थोड़ा सय्यम रखें।

**सिंहः** आज आपके परिवार में खुशियां बढेंगी। संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज काफी अच्छा रहेगा।

**कन्याः** आज खास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा। संबंधी आपके उदार स्वभाव का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**तुलाः** आज आपको शैक्षिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे।

**वृश्चिकः** छात्रों को सफलता के लिए थोडी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आपकी यह मेहनत रंग भी लाएगी।

**धनुः** नफरत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएं, क्योंकि नफरत की आग बहुत ज्यादा ताकतवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है।

**मकरः** आज आप अपने काम से संबंधित यात्रा की तैयारी करेंगे। आज आप नई योजनाएं बनाएंगे। धन प्राप्ति संभव है।

**कुंभः** आज अपनी ऊर्जा नए प्रोजेक्ट में लगाएं, आपको दोगुना लाभ होगा। ट्रांसफर मनचाही जगह पर होगा।

**मीनः** आज आप खुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फायदा होगा।

# मनरेगा आपके काम करने के संवैधानिक अधिकार को करता है सुनिश्चि: सुरेंद्र पंवार

पूर्व विधायाक सुरेंद्र पंवार ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कार्यक्रमों में की शिरकत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि मनरेगा आपके काम करने के संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करता है। लेकिन बीजेपी इसमें बदलाव करके आपके इस अधिकार को छीनने की कोशिश कर रही है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष संजीव दहिया के साथ गांव ठरू, सांदल कलां, माहरा सहित अन्य गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष संजीव दहिया व पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों तक काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, लेकिन अब कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, लेकिन अब चुनिंदा गांवों तक यह सीमित हो जाएगी। पहले मनरेगा के तहत कार्य करने वाले क्षेत्रवासी पूरी साल काम की मांग कर सकते थे, लेकिन अब फसल कटाई के मौसम में काम नहीं मिलेगा। नए बदलाव के तहत ग्राम पंचायत को दरकिनार करने की कोशिश की जा रही है।



पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने मांग की है कि काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी व जवाबदेही की गारंटी तय की जाए। जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी की जाए। काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली की जाए व न्यूनतम वेतन 400 रुपये निधार्रित किया जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने इस संग्राम में कांग्रेस पार्टी का साथ देने का आश्वासन दिया व बढ-चढ़कर मनरेगा बचाओं संग्राम में भाग लेने का वादा किया। इस दौरान जिला पार्षद संजय बढवासनी, विक्की पहलवान, हरिओम, कुलदीप देशवाल, रणदीप दहिया, पुनीत राणा, दिनेश हुडडा, अशोक खत्री, रणबीर मलिक, सेठी मलिक, दयानंद बाल्मीकि, प्रवीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर चोरी के आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने ट्रांसफार्मर व ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के आरोपी को माननीय अदालत से प्रोडक्टशन वारंट लेकर मामले गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना झांसा की टीम ने ट्रांसफार्मर व ट्रांसफार्मर का सामान चोरी के आरोप में योगेश वासी खानपुर कोलिया माननीय अदालत से प्रोडक्टशन वारंट लेकर मामले को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसडीओ बिजली विभाग इस्माईलाबाद कार्यालय से प्राप्त शिकायत के माध्यम से बताया गया कि 8 जनवरी 25 की रात्रि को नामपता नामालूम चोरों द्वारा गांव अजराना खुर्द वासी किसान के खेत से 16/20 केवीए ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर लिया। जिस बारे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौका पर जाकर चोरी हुए ट्रांसफार्मर के सामान का आंकलन किया। प्राप्त शिकायतों पर थाना झांसा में मामला दर्ज करके जांच की गई।

# आज आयोजित होगी जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि आज 29 जनवरी गुरूवार को दोपहर बाद 02 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष श्री गौरव गौतम करेंगे।

बैठक के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियां नियुक्त करें अपना बीएलए: डॉ. अनमोल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। नगराधीश डॉ. अनमोल ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी, सटीक, समावेशी तथा त्रुटिरहित बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की अहम भूमिका होती है, इसलिए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियां अपना बीएलए तुरंत नियुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीएलए राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त किए जाते हैं ताकि मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन में पारदर्शिता बनी रहे। यह जमीनी स्तर पर राजनैतिक पार्टियों की भागीदारी सूनिश्चित करता है।बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति को लेकर नगराधीश डॉ. अनमोल ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।



उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट मतदाता सूची के सत्यापन, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान तथा योग्य मतदाताओं को जोडने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता और मजबूती सुनिश्चित होती है।

नगराधीश ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियों द्वारा जिला स्तर पर एक पदाधिकारी को नियुक्त करेगी जो प्रत्येक बूथ पर बीएलए नियुक्त करेगा। बूथ पर जो बीएलए नियुक्त किया जाएगा वह उसी बूथ या विधानसभा का पंजीकृत मतदाता होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बीएलए की नियुक्त लंबे समय तक वैध रहती है, तब तक पार्टी वापस न ले या मतदाता की स्थिति में बदलाव न हो।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलए ड्राफ्ट मतदाता सूची प्राप्त करेगा, प्रविष्टियों की जांच करेगा, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान करेगा तथा योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में जोडऩ व अयोग्य को हटाने के लिए बीएलओ या ईआरओ को सूचित करेगा ताकि त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। इसके साथ ही केवल बीएलए नियुक्त करने वाली राजनैतिक पार्टियां ही संसोधन अवधि में बल्क फॉर्म 6, 7, 8 जमा कर सकती हैं। पार्टी जिस बूथ पर बीएलए नियुक्त करती है तो उसकी सूची बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को भी सौंपनी होगी।

# मोबाईल फोन छिनने में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने मोबाईल फोन छिनने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कमल पुत्र बिजेंद्र निवासी मेरठ क्हाल कुण्डली, सोनीपत व अमरेश पुत्र सूरज अहमद निवासी बरेली क्हाल कुण्डली, सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 24 दिसम्बर को प्रवीन पुत्र नरेश निवासी कुण्डली जिला सोनीपत ने थाना कुण्डली में शिकायत दी की 21 दिसंबर 2025 को मै चोपडा पेट्रोल पंप से कुण्डली गाँव की तरफ मेरे फोन से समय तकरीबन 7.30 बजे अपने दोस्त से फोन पर बात करता जा रहा था तभी नामालूम अज्ञात बाईक सवारो ने मेरा फोन मुझ से छिनकर भाग गए। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत थाना कुण्डली मे अभियोग अंकित किया गया था।

थाना कुण्डली की अनुसन्धान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक जसबीर ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों कमल पुत्र बिजेंद्र निवासी मेरठ क्हाल कुण्डली, सोनीपत को प्रोड्क्शन वारंट पर लेकर व अमरेश पुत्र सूरज अहमद निवासी बरेली क्हाल कुण्डली, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपियों को रिमाण्ड अवधि के बाद न्यायालय मे पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।




# बुजुर्ग महिला को हाउस अरेस्ट कर 2.98 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नकली सीबीआई व फर्जी कोर्ट रुम दिखाकर की विडियो कॉल**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 28 जनवरी।** पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कोर्ट रूम के माध्यम से एक बुजुर्ग महिला से 2 करोड़ 98 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रमन कुमार वासी फिरोजपुर पंजाब हाल किरायेदार मोहाली के रुप में हुई है। आरोपी को कल कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

इस मामले में तीन आरोपी पहले से गिरफ्तार

इस मामले में इससे पहले पुलिस ने 15 जनवरी को पूर्वी दिल्ली निवासी नितिन सिंघल को दिल्ली में रेड कर गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में आरोपी के बैंक खाते में करीब 17 लाख रुपये की ठगी की रकम पाई गई। आरोपी को रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने अन्य 2 आरोपियों अजय और राम को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में मोहाली में किराये के मकान में रह रहे थे। दोनों आरोपियों से रिमांड के दौरान मामले से जुडी जानकारी जुटाकर आज न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

**यह है मामला:** पंचकूला निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बताया और सेवाएं बंद होने की बात कही। इसके बाद कॉल को कथित सीनियर अधिकारी और फिर खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति से जोड़ दिया गया। आरोपी ने महिला पर बैंकिंग चैनलों के माध्यम से करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया। भरोसा दिलाने के लिए आरोपियों ने महिला को कुछ फोटो भी भेजीं, जिनमें एक व्यक्ति को गिरफ्त में दिखाया गया था। आरोपियों ने महिला की अधिक उम्र का फायदा उठाते हुए उसे हाउस अरेस्ट होने का डर दिखाया और कहा कि पुलिस की गाड़ी उसके घर के बाहर खड़ी है तथा वह बिना अनुमति कहीं नहीं जा सकती। इस दौरान महिला से सभी बैंक खातों की जानकारी ले ली गई और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर उसके बच्चों की जान को खतरा होने की धमकी दी गई।

5 दिसंबर को आरोपियों ने वीडियो कॉल के माध्यम से महिला को एक नकली कोर्ट रूम में पेश किया, जहां फर्जी पुलिसकर्मी और नकली जज मौजूद थे। तथाकथित जांच के नाम पर डराकर आरोपियों ने महिला से कुल 2 करोड़ 98 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब आरोपियों ने और पैसों की मांग की, तब महिला को साइबर ठगी का शक हुआ और उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला में 14 दिसंबर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2) व 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था । प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने ऑनलाइन मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी समन व वारंट भेजने, फर्जी कोर्ट रूम तैयार करने और पुलिस व जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर इस सुनियोजित ठगी को अंजाम दिया था।

# नाभा साहिब गुरुद्वारा के पास 98.53 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 28 जनवरी।** ज़ीरकपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 98.53 ग्राम हेरोइन बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना ज़ीरकपुर के प्रभारी सतिंदर सिंह के निर्देशन में एसआई जसवंत सिंह, एएसआई जोगिंदर सिंह, एएसआई सुखदेव सिंह तथा कांस्टेबल धर्मिंदर सिंह की पुलिस टीम शाम करीब 6¬30 बजे नाभा साहिब गुरुद्वारा, पटियाला रोड, ज़ीरकपुर के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान छत की बत्तियों की दिशा से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो पुलिस दल को देखकर घबरा गया और पीछे मुड़ने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। आरोपी ने अपना नाम राजबीर सिंह पुत्र रावल सिंह निवासी वीपीओ लखवाल, तहसील अजनाला, जिला अमृतसर बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, उस दौरान आरोपी के ट्रैकसूट की बाईं जेब से एक पारदर्शी लिफाफा बरामद हुआ, जिसमें सफेद-भूरा पदार्थ पाया गया। जांच करने पर वह हेरोइन निकली। इलेक्ट्रॉनिक तराजू पर इसका वजन 98.53 ग्राम पाया गया। बरामद हेरोइन को सील कर कब्जे में लिया गया तथा नमूना मुहर तैयार कर नियमानुसार जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21/61/85 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।







# सरकारी अस्पताल में डॉक्टर पर नशे में इलाज का आरोप, डॉक्टर हटाया

**मामला स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंचा, वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर की कार्रवाई**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 28 जनवरी।** ढकोली स्थित सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर पर नशे की हालत में मरीजों का इलाज करने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। यह मामला उस समय उजागर हुआ, जब इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों ने डॉक्टर की हालत देखकर अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि डॉक्टर नशे में धुत था और उसी अवस्था में मरीजों का इलाज कर रहा था, जिससे मरीजों की जान को खतरा उत्पन्न हो सकता था। मरीजों का कहना है कि जैसे ही वे डॉक्टर के कमरे में पहुंचे, उसकी असामान्य हरकतों और व्यवहार से उन्हें संदेह हुआ। डॉक्टर की हालत देखकर कई मरीज घबरा गए और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मोहाली के सिविल सर्जन कार्यालय और पुलिस को दी। देखते ही देखते मामला गंभीर हो गया और अस्पताल में तनाव का माहौल बन गया। घटना की जानकारी पंजाब सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह तक पहुंची, जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ढकोली सरकारी अस्पताल पहुंची। अधिकारियों ने मौके पर ही ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटा दिया। इसके साथ ही डॉक्टर की मेडिकल जांच शुरू करवाई गई और आवश्यक सैंपल भी मौके पर ही ले लिए गए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि डॉक्टर नशे की हालत में था या नहीं। मरीजों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर की जगह तुरंत दूसरे डॉक्टर को तैनात किया गया, ताकि इलाज व्यवस्था प्रभावित न हो। गौरतलब है कि ढकोली स्थित यह सरकारी अस्पताल ज़ीरकपुर क्षेत्र का एकमात्र सरकारी अस्पताल है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इस तरह का मामला सामने आना न केवल स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि मरीजों की जान से जुड़ा गंभीर मुद्दा भी बन जाता है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि मरीजों की सेहत और सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में डॉक्टर दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय नियमों के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले की जांच जारी है और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

> 'डॉक्टर के सैंपल ले लिए गए हैं। फिलहाल डॉक्टर को ड्यूटी से हटा दिया गया है और उसकी जगह दूसरे डॉक्टर को तैनात कर दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद उसके अनुसार सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में इस तरह की लापरवाही करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'
>
> **– डॉ. संगीता जैन, सिविल सर्जन**










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# कब्जामुक्त कराएं जमीन, बख्शे न जाएं भू माफिया : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि किसी दबंग या भूमाफिया ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। दूसरे की जमीन कब्जा करने वाले दबंगों, कमजोरों को उजाड़ने वालों तथा भूमाफिया को कतई न बख्शा जाए। उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, सबक सिखाया जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की एक शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने ससुराल पक्ष से विवाद तथा परिवार से जुड़ी शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री योगी ने इन शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के साथ संवाद कर समस्या का समाधान कराया जाए। ऐसा न होने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इलाज का पैसा सीधे अस्पताल के खाते में भेज दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना बनी किसानों की सुरक्षा कवच

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। प्रदेश के किसानों व उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में वर्ष 2019 से संचालित इस योजना के तहत अब तक 1 लाख 8 हजार से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता मिल चुकी है। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे योजना के क्रियान्वयन में सरलता के साथ पारदर्शिता में भी बढ़ोतरी होगी। योजना न केवल दुर्घटना की स्थिति में किसान परिवार का संबल बनती है, बल्कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी स्थिरता प्रदान करती है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत दुर्घटनावश मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में किसान परिवार को 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत राजस्व विभाग की ओर से 873.58 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जिससे प्रदेश के 18,145 किसानों या उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में वर्ष 2023-24 में योजना का दायरा बढ़ाते हुए भूमिहीन किसानों व खेतिहर श्रमिकों को भी योजना में शामिल किया गया। वर्ष 2023-24 में योजना के अंतर्गत 944.72 करोड़ रुपये वितरित कर 23,821 किसानों को सहयोग प्रदान किया गया था। योजना की शुरुआत के वर्ष 2019 से अब तक 1,08,098 किसानों या उनके परिवारों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, जो इन परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवच साबित हो रही है। योजना के सुचारू व पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश पर राजस्व परिषद योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण कर रहा है। इसके लिए एनआईसी की मदद से एक आधुनिक वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है, जो कि फरवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा। योजना के पूरी तरह ऑनलाइन हो जाने से किसानों को बार-बार तहसील या जिला कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और भ्रष्टाचार की संभावनाएं भी समाप्त हो जाएंगी।

# मानवाधिकार उल्लंघनों पर निगरानी के लिए पंजाब के प्रत्येक जिले में 15 सदस्यों का कोर ग्रुप गठित किया जाएगा : डॉ. जितेंद्र सिंह शंटी

मानवाधिकार उल्लंघन संबंधी शिकायतों के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन 9855475547 जारी

ज़ीरकपुर में जागरूकता सेमिनार में भाग लिया, जिला प्रशासन के साथ बैठक भी की

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। पंजाब मानवाधिकार आयोग (पीएचआरसी) द्वारा पंजाब के प्रत्येक जिले में 15 सदस्यों का एक कोर ग्रुप गठित किया जाएगा, जो मानवाधिकार उल्लंघनों पर निगरानी रखने के साथ-साथ जिला स्तर पर छोटी शिकायतों के निपटारे में ज़िला प्रशासन और आयोग की सहायता करेगा। यह जानकारी पंजाब मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पद्म श्री सम्मानित डॉ. जितेंद्र सिंह शंटी ने बुधवार शाम ज़ीरकपुर में दी। डॉ. शंटी जैक रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक स्थानीय होटल में आयोजित मानवाधिकार जागरूकता सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कोर ग्रुप सदस्यों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 4 फरवरी है तथा पात्रता सहित आवेदन पत्र पीएचआरसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9855475547 जारी किए जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा परेशान किया जाता है, तो वह इस नंबर के माध्यम से सीधे आयोग को अपनी शिकायत भेज सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े मानवाधिकारों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. शंटी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अस्पताल द्वारा उपचार शुल्क बकाया होने के आधार पर मृतक का शव परिजनों को सौंपने से इनकार नहीं किया जा सकता, जो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिजनों से घोषणा-पत्र लेकर शव सौंपें। इसी प्रकार यदि कोई मरीज उपचार शुल्क चुकाने में असमर्थ है, तो बैंक चेक और हलफनामा लेकर उपचार के पश्चात उसे घर भेजा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हर अस्पताल में उपचार शुल्क का विवरण स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

डॉ. शंटी ने कहा कि पहले मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों पर भी अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता था, लेकिन मानवाधिकार आयोगों के गठन से जवाबदेही मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर लोगों की शिकायतों की अनदेखी करना या आवासीय सोसाइटियों द्वारा किए गए वादों को पूरा न करना भी मानवाधिकार उल्लंघन के अंतर्गत आता है और ऐसे मामलों में आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) भी लिया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने और प्रशासन के साथ समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से अब तक 9 जिलों का दौरा किया जा चुका है तथा मार्च तक पंजाब के सभी 23 जिलों का दौरा किया जाएगा।

# केंद्रीय अस्पताल उत्तर मध्य रेलवे में महाप्रबंधक ने किया आधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

प्रयागराज। केंद्रीय अस्पताल, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह द्वारा दो अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणालियों का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह कदम अस्पताल के उस संकल्प को और मजबूत करता है, जिसके अंतर्गत करुणामय देखभाल के साथ नवीनतम तकनीक को एकीकृत किया जा रहा है। इस अवसर पर दंत चिकित्सा विभाग में नवीनतम मॉडल की मल्टी-प्रोग्रामेबल डेंटल चेयर और पैथोलॉजी विभाग में VITEK0 2 कॉम्पैक्ट सिस्टम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर डॉ. मंजुलता हांडू, एसीएचडी (डेंटल) ने नवीनतम मॉडल की मल्टी-प्रोग्रामेबल डेंटल चेयर के कमीशनिंग के विषय में जानकारी दी। यह डेंटल चेयर इनबिल्ट स्केलर, लाइट-क्योर यूनिट, माइक्रोमोटर, इंट्रा-ओरल कैमरा, आरवीजी (RVG) तथा पोर्टेबल एक्स-रे यूनिट से सुसज्जित है, जिससे त्वरित इमेजिंग एवं शीघ्र निदान संभव हो सकेगा।

इसके अतिरिक्त, प्रणाली में पीरियोडॉटल लेज़र की सुविधा भी उपलब्ध है, जो बायोप्सी एवं मसूड़ों के उपचार को न्यूनतम आघात एवं नगण्य रक्तस्राव के साथ संभव बनाती है, जिससे रोगियों के आराम और उपचार परिणामों में उल्लेखनीय सुधार होगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, डॉ. उषा एस. पी. यादव, एसीएचडी (माइक्रोबायोलॉजी) ने VITEK0 2 कॉम्पैक्ट सिस्टम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, जिससे केंद्रीय अस्पताल, एनसीआर में त्वरित सूक्ष्मजीव निदान के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हुई है।

अपने संबोधन में उन्होंने पहचान एवं एंटीबायोटिक ससेप्टिबिलिटी टेस्टिंग (ID/AST) के नैदानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी की आधारशिला बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि VITEK0 2 कॉम्पैक्ट जैसे स्वचालित सिस्टम उन्नत कलरिमीट्रिक एवं टर्बिडीमेट्रिक तकनीकों का उपयोग कर बैक्टीरिया एवं फंगल रोगजनकों की सटीक पहचान तथा लक्षित एंटीबायोटिक संवेदनशीलता परिणाम कुछ ही घंटों में उपलब्ध कराते हैं, जो दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों से निपटने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार हांडू ने अपने संबोधन में अस्पताल की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी विभागों ने अपने-अपने क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन किया है तथा कुल कार्यभार में 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

# किसान समस्याओं के समाधान के लिए समितियों का गठन जरूरी : ई. रामाराव

अर्थप्रकाश/बोम्मा रेड्डी



अमलापुरम ग्रामीण। वाईएसआरसीपी स्टेट फार्मर्स विंग के अध्यक्ष जिन्नूरी रामा राव (बाबी) ने जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर समितियों को पूरा करने का आह्वान किया है। उनकी अध्यक्षता में अमलापुरम मंडल के भटनावेली में पूर्व मंत्री का पिनिप विश्वरूप के आवास पर शुक्रवार को जिला बैठक आयोजित की गई। बॉबी ने कहा कि तूफान के कारण जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार इनपुट सब्सिडी देना चाहती है। उन्होंने सरकार से किसानों को प्रधानमंत्री बीमा योजना का प्रीमियम देने की मांग की। उप्पलगुप्तम मंडल कूनावरम, अल्लावरम मंडल रामे स्वराम ने समुद्र के दशमस्ते से होने वाली बाढ़ की समस्या का समाधान करने को कहा। वाईएसआर सीपी जिला किसान मंडल के अध्यक्ष जिन्नूरी वेंकटेश्वर राव ने कहा कि वह कोनासीमा जिले में नहरों और जल निकासी व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए किसान संघों के साथ कलेक्टर से पूछेंगे। आधुनिकीकरण समाधान वे तरीके तैयार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वेब लैंड पोर्टल में त्रुटियों और राजस्व त्रुटियों के कारण किसानों को शाप दिया जा रहा है और प्रधान मंत्री की फसल बीमा योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। वाईएसआर सीपी राज्य किसान विभाग के महासचिव इंदुकुरी सत्यनारायण राजू, संयुक्त सचिव गुब्बाला रमेश, दिल्ली नारायण ने कहा कि वे शंकर गुप्ता की जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान खोजना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के कारण गोगुला मठ, करावाका और मुटियाला पालेम गांवों में अतिक्रमण और दलदलों में एक्वा तालाबों में अतिक्रमण होने से किसानों का बाढ़ नहीं आ रहा है। उन्होंने मांग की कि अतिक्रमण हटाया जाए और दाई का आधुनिकीकरण किया जाए। वाईएसआर सीपी नेता चिकम बलैया, दिल्ली नारायण, तुला गोपालकृष्ण, पिप्परा राजू, के. जवाहर, पल्ला। वी. वी. सत्यनारायण, सीलम सूरी बाबू याला चिन्ना, नागु आदि ने भाग लिया।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त, योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, आशा इंसेंटिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी-आईपीडी, आयुष्मान कार्ड, एनसीडी, आरएनटीसीपी सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने केंद्रों पर निवास करें और संस्थागत प्रसव व टीकाकरण की संख्या बढ़ाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सब-सेंटरों पर एएनएम की नियमित उपस्थिति अनिवार्य हो तथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य विभाग की रैंकिंग में सुधार लाने और कायाकल्प योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए गए।

# पुलिस बीट बाक्स से मात्र 100 मीटर दूरी पर शटर काटकर दुकान में चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। शहर के सबसे व्यस्त इलाके जीरकपुर मेन मार्केट में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। पटियाला चौक से मात्र 100 मीटर की दूरी पर फ्लाईओवर के नीचे स्थित हरीश मोबाइल नामक दुकान का शटर काटकर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। दुकान का शटर आयरन कटर से काटकर अंदर प्रवेश किया गया और दुकान में रखे कई सैकेंड हैंड मोबाइल फोन, मोबाइल एक्सेसरीज और कुछ नकदी चोरी कर ली गई। दुकानदारों और आसपास के व्यापारियों का कहना है कि चोरों ने कम से कम एक घंटे तक बिजली से चलने वाले कटर का इस्तेमाल किया। पटियाला चौक पर स्थित पुलिस बीट बाक्स से मात्र सौ मीटर की दूरी पर हुई। इतनी नजदीकी के बावजूद चोरों का इत्मिनान से वारदात को अंजाम देना पुलिस की सतर्कता पर बड़ा सवाल बन गया है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि मेन मार्केट और हाईवे के किनारे लगातार चहल-पहल रहती है, इसके बावजूद रात के समय इस तरह की घटना होना बेहद गंभीर है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि मेन मार्केट क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और चोरी की घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग में डर का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि यदि पुलिस बीट बाक्स के इतने पास भी दुकानें सुरक्षित नहीं हैं तो शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है।

# यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन में एसी के दो अतिरिक्त कोच जोड़े, यात्रियों ने सराहा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



जम्मू। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल द्वारा खराब मौसम और बर्फबारी के कारण प्रभावित सड़क और हवाई मार्ग को देखते हुए, आज श्री माता वैष्णो देवी कटरा-श्रीनगर - कटरा तक विशेष आरक्षित ट्रेन संख्या 04629/04630 का संचालन किया गया। इस दौरान कश्मीर घुमने आए, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए तथा उनकी यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए विशेष आरक्षित ट्रेन में ऐसी के दो अतिरिक्त कोच जोड़े गए। इन दो अतिरिक्त कोचों के जुड़ने से यात्रियों को 144 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध हो सकी, जिसके कारण वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को कंफर्म सीट मिलने में सहायता मिली। अतिरिक्त कोच जुड़ने से यात्रियों ने रेलवे की सराहना करते हुए, इसे सकारात्मक कदम बताया। विशेष आरक्षित ट्रेन का संचालन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर अपने अतिरिक्त कोचो के साथ सफल रहा। इस कठिन परिस्थिति में विशेष ट्रेन न केवल यात्रियों के लिए आरामदायक साबित हुई, बल्कि इसने ऐतिहासिक मार्ग पर अपनी पूर्ण क्षमता के साथ चल कर रिकॉर्ड राजस्व भी अर्जित किया।

विशेष ट्रेन के संचालन पर प्रकाश डाले तो, विशेष आरक्षित ट्रेन संख्या 04629 अपने निर्धारित समय सुबह 10.30 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा से रवाना हुई, जिसमे लगभग 800 से अधिक यात्रियों ने सफर किया। वहीं अगर श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी आने वाले विशेष आरक्षित ट्रेन संख्या 04630 की बात करे, तो यह ट्रेन अपने निर्धारित समय दोपहर में 3 बजे श्रीनगर से रवाना हुई, जिसमे लगभग 850 से अधिक यात्रियों ने सफर किया।

दुसरे दिन चलाई गई, विशेष ट्रेन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जम्मू श्री उचित सिंघल ने कहा कि दिनांक 27 और 28 जनवरी को चलाई गई, विशेष ट्रेनों ने कश्मीर में घुमने आए, पर्यटकों औए यात्रियों के लिए एक राहत के रूप में काम किया हैं, क्योंकि खराब मौसम के कारण सड़क व हवाई मार्ग प्रभावित रहा हैं। दोनों दिन चलाई गई, विशेष ट्रेनों में लगभग 3000 से अधिक यात्रियों ने सफर के साथ रेलवे का धन्यवाद किया। इन विशेष ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत से अधिक रही हैं, विशेष ट्रेनों से अर्जित होने वाली आय में इन दो ऐसी के अतिरिक्त कोच जुड़ने से बढ़ोतरी देखने को मिली हैं। उन्होंने आगे बताया, कि इस प्रकार की पहल से कश्मीर घुमने आए, यात्रियों व पर्यटकों में रेलवे के प्रति विश्वास बढेगा और भविष्य जम्मू कश्मीर आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी जा सकेगी।

# अमृतधारी परिवारों के बच्चों की पढ़ाई का खर्च डीएसजीएमसी उठाएगी : हरमीत सिंह कालका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि जो परिवार पूर्ण रूप से अमृतधारी होंगे, उनके बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सिख स्वरूप, गुरमत मूल्यों तथा युवा पीढ़ी को सिख धर्म से और अधिक मजबूती से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सरदार हरमीत सिंह कालका ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि खालसा साजना दिवस के शुभ अवसर पर 13 अप्रैल को गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब स्थित भाई लखी शाह वणजारा हॉल में एक भव्य अमृत संचार समारोह आयोजित किया जाएगा। इस पावन अवसर पर उन अमृतधारी परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने सिख मर्यादित जीवन को अपनाया है। उन्होंने संगत से अपील की कि वे खंडे-बाटे की पाही ग्रहण कर अमृतधारी बनें और गुरु साहिबान द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर अपना जीवन गुरमत के अनुसार ढालें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक रविवार को गुरुद्वारा बंगला साहिब में तथा प्रत्येक बुधवार को गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में नियमित रूप से अमृत संचार होता है, जहां संगत सहज रूप से अमृत ग्रहण कर सकती है।

सरदार हरमीत सिंह कालका ने विश्वास व्यक्त किया कि डीएसजीएमसी की यह पहल सिख कौम में नई चेतना, धार्मिक जागरूकता और सिखी के प्रति गहरी निष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# अमरावती में मना 77वां गणतंत्र दिवस, राज्यपाल अब्दुल नज़ीर ने फहराया तिरंगा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



आंध्र प्रदेश। आंध्र प्रदेश में राज्य स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर, माननीय राज्य के राज्यपाल अब्दुल नज़ीर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड का निरीक्षण किया और अपना संदेश दिया। परेड में भारतीय सेना, कुरनूल एपीएसपी 2nd बटालियन, सीआरपीएफ, केरल राज्य पुलिस, विशाखापत्तनम एपीएसपी 16th बटालियन, एनसीसी (लड़के), एनसीसी (लड़कियां), एपी सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल स्कूल (लड़के और लड़कियां), भारत स्काउट्स एंड गाइड्स (लड़के और लड़कियां), यूथ रेड क्रॉस (लड़के) की टुकडियों ने हिस्सा लिया। परेड में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी को पहला स्थान दिया गया, दूसरा स्थान एपीएसपी, विशाखापत्तनम की 16th बटालियन को दिया गया, और केरल राज्य पुलिस की टुकड़ी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। परेड में मुख्य रूप से ब्रास बैंड और पाइप बैंड ने मनोरंजन किया।

मंगलगिरी एपीएसपी बटालियन आईजीपी बी. राजकुमारी परेड के लिए नोडल ऑफिसर थीं, और डीआईजी डॉ. के. फकीरप्पा कोऑर्डिनेटिंग ऑफिसर थे। जंगारेड्डी गुडेम एएसपी परेड कमांडर आर. सुस्मिता परेड कमांडर थीं, परेड सेकंड-इन-कमांड बटालियन असिस्टेंट कमांडेंट टी.एन. श्रीनिवास राव थे, और परेड एडजुटेंट काकीनाडा एपीएसपी 3rd बटालियन एम. शिवरामकृष्ण थे।

गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू और उनकी पत्नी, उपमुख्यमंत्री कोनिडेला पवन कल्याण और उनकी पत्नी, मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश, राज्य सरकार के मुख्य सचिव के. विजयानंद, डीजीपी हरीश कुमार गुप्ता, माननीय हाई कोर्ट जज, राजनीतिक प्रमुख सचिव जे. श्यामला राव, गुंटूर जिला कलेक्टर ए. तमीम अंसारिया, स्क्र वकुल जिंदल, राज्य के मंत्री, एमएलए, विधान परिषद सदस्य, बड़े अधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में लोग और छात्र शामिल हुए। राजधानी अमरावती में हुआ रिपब्लिक डे सेलिब्रेशन राज्य की एकता और डेमोक्रेटिक वैल्यूज़ को दिखाते हुए शानदार तरीके से खत्म हुआ। 77वें रिपब्लिक डे के मौके पर राजधानी अमरावती में हुए राज्य लेवल के सेलिब्रेशन में अलग-अलग सरकारी डिपार्टमेंट के बनाए पवेलियन खास अट्रैक्शन थे। स्टॉल्स में, आंध्र प्रदेश स्टेट कल्चर डिपार्टमेंट का स्टॉल, जिसे वंदे मातरम-150 साल की थीम पर डिज़ाइन किया गया था, पहले नंबर पर आया, SERP का स्टॉल, जिसे महिलाओं की भलाई की थीम पर डिज़ाइन किया गया था, दूसरे नंबर पर आया, और इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमेंट का स्टॉल, जिसे इन्वेस्टमेंट से रोज़गार की थीम पर डिज़ाइन किया गया था, तीसरे नंबर पर आया।

# वकील के घर में चोरी, ताले तोड़कर कीमती सामान ले गए चोर, पुलिस कर रही मामले की जांच

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। एयरोसिटी, जी-ब्लॉक में एक वकील के मकान में अज्ञात चोरों द्वारा जबरन सेंधमारी कर चोरी की गंभीर घटना सामने आई है। शिकायतकर्ता अनिल मल्होत्रा जो कि पेशे से वकील है निवासी जी-ब्लॉक, एयरोसिटी, मोहाली ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार, मकान लंबे समय से बंद था। दिनांक 23.01.2026 की रात को अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों ने मकान का मुख्य गेट और घर के ताले तोड़कर जबरन प्रवेश किया। चोरों ने घर से सैनिटरी फिटिंग, गैस सिलेंडर, टीवी, म्यूजिक सिस्टम सहित कई कीमती सामान चोरी कर लिए। इसके अलावा घरेलू सामान को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया। दिनांक 24.01.2026 दोपहर करीब 1:00 बजे, पड़ोसी मकान के निवासी हरमन सिंह ने खुले गेट और दरवाजे की सूचना दी। इसके बाद अनिल मल्होत्रा तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि गेट की कुंडी और ताले जबरन काटे गए थे। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और रसोई का सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिला। शिकायत में बताया गया कि गैस सिलेंडर गायब था, बर्नर हटाए गए थे और रसोई व बाथरूम की सभी पीतल की फिटिंग, नल व उपकरण जबरदस्ती उखाड़ लिए गए। घटना के दौरान खराब मौसम का फायदा उठाकर घर में घुसने की आशंका जताई गई है। आरडब्ल्यूए जी-ब्लॉक एसोसिएशन द्वारा पूछताछ और प्रयासों के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना से कॉलोनी में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4) और 305 बीएनएस के तहत संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर गिरोह की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए ताकि कॉलोनी में रहने वाले लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# विकास कार्यों की अनदेखी पर पार्षदों का फूटा गुस्सा

सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पर 12 पार्षदों ने हस्ताक्षर कर चिट्ठी राज्यपाल को भेजी

बैठक में उपस्थित 23 पार्षदों में से 12 पार्षदों ने निंदा प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 28 जनवरी।** नगर परिषद ज़ीरकपुर की बैठक सोमवार को उस समय गरमा गई जब पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध भारी बहुमत से निंदा प्रस्ताव पारित कर दिया गया। पार्षदों ने शहर के विकास को नजरअंदाज किए जाने और प्रशासनिक विफलताओं पर तीखी नाराज़गी जाहिर की। नगर परिषद के कुल 31 सदस्यों में से 23 पार्षद बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बहुमत ने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। नगर परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति पंजाब के राज्यपाल, स्थानीय निकाय मंत्री और निदेशक को भेजी जा रही है, ताकि ज़ीरकपुर की जमीनी हकीकत से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा सके। बैठक के अंत में प्रस्ताव को आगामी कार्रवाई हेतु नगर परिषद प्रधान को सौंप दिया गया। निंदा प्रस्ताव में हल्का विधायक की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। पार्षदों का आरोप है कि विधायक केवल उन्हीं कार्यों का उद्घाटन कर रहे हैं जो नगर परिषद द्वारा पहले ही पास किए जा चुके हैं, जबकि शहर को बड़े प्रोजेक्ट्स देने में पूरी तरह विफल रहे हैं। पार्षदों ने कहा कि ज़ीरकपुर को आज भी सरकारी कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर, नहरी पानी, स्थायी बस स्टैंड और बड़े संस्थानों जैसे आईआईएम की सख्त आवश्यकता है, लेकिन ये सभी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं।

### 12 पार्षदों ने हस्ताक्षर कर जताया सरकार पर अविश्वास

पार्षद ऊषा रानी द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव पर कुल 12 पार्षदों ने हस्ताक्षर किए। इनमें शिरोमणि अकाली दल के 8, भाजपा के 3 और एक निर्दलीय पार्षद शामिल रहे।

### भाजपा से हस्ताक्षर कर्ता पार्षद

ऊषा रानी, सुनीता जैन, नेहा शर्मा, शिरोमणि अकाली दल से धर्मिंदर गौतम, धर्मिंदर शर्मा, आरती शर्मा, परविंदर कौर, यादविंदर शर्मा, तेजिंदर सिद्धू, जगदेव सिंह सहित अन्य पार्षद निर्दलीय, नवजोत सिंह।

### आप और कांग्रेस ने नहीं दिया समर्थन

बैठक में मौजूद आम आदमी पार्टी के 3 तथा कांग्रेस के 9 पार्षदों ने प्रस्ताव के समर्थन में मतदान नहीं किया। इससे नगर परिषद सदन में स्पष्ट राजनीतिक मतभेद सामने आए।

### अवैध निर्माण और अतिक्रमण चरम पर

प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया गया कि प्रशासन की मिलीभगत से शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ-साथ बिजली-पानी की समस्या और आवारा कुत्तों का आतंक भी जनता के लिए गंभीर परेशानी बन चुका है।

# मिल्टन टावर में रेलिंग से फिसलकर 24 वर्षीय युवक संदीप सनी की मौत

पुलिस कर रही है गंभीरता से मामले की जांच

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 28 जनवरी।** ज़ीरकपुर के मिल्टन टावर क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 24 वर्षीय युवक की गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान संदीप उर्फ सनी (उम्र 24 वर्ष), निवासी मिल्टन टावर के रूप में हुई है। संदीप रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाता था। जानकारी के अनुसार संदीप अपने दोस्त गुरसेवक सिंह के साथ एक सोसाइटी में गया था, जहां उनकी एक कॉमन फ्रेंड से मिलने का कार्यक्रम था। इसी दौरान किसी बात को लेकर वहां विवाद हो गया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ता देख संदीप वहां से निकलने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह चौथी मंदिर के पास लगी रेलिंग से फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है।

# पैदल जा रही महिला को कार ने मारी टक्कर, चालक फरार, पुलिस ने किया मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 28 जनवरी।** ढकोली थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता की पहचान मीनु गोरा (48 वर्ष) पत्नी सतीश कुमार गोरा, निवासी कृष्णा एन्क्लेव, ढकोली के रूप में हुई है। पीड़िता के अनुसार, 23 जनवरी 2026 की रात करीब 9 बजे, वह सरफ ज्वैलर्स, जीरकपुर से ड्यूटी समाप्त कर पैदल घर लौट रही थीं। के-एरिया से गुजरते समय पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही ग्रे रंग की मारुति बलेनो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय ऑटो चालक की मदद से उन्हें पीके अस्पताल, ढकोली ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अगले दिन दर्द बढ़ने पर परिजन उन्हें पारस अस्पताल, सेक्टर-22, पंचकुला ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने बयान दर्ज कर अपराध संख्या 281, धारा 125-बीएनएस-2023 के तहत मामला दर्ज किया है। जांच पीएचजी कुलदीप सिंह कर रहे हैं। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना पंजाबियों के लिए वरदान साबित होगी: मीत हेयर



बरनाला (अप्रस/जतिंदर देवगन)। आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने पंजाब सरकार द्वारा शुरू की जा रही 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' का पुरजोर स्वागत करते हुए इसे राज्य के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम बताया है। आज यहाँ पत्रकारों से बातचीत करते हुए मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सांसद मीत हेयर ने बताया कि इस विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा, 'आज के महंगाई के दौर में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए गंभीर बीमारियों का इलाज करवाना बहुत मुश्किल हो गया था। कई बार परिवारों को इलाज के लिए अपनी जमीन या जेवर गिरवी रखने पड़ते थे, लेकिन अब इस योजना के लागू होने से कोई भी व्यक्ति पैसे की कमी के कारण इलाज से वंचित नहीं रहेगा।' सांसद ने लोगों से अपील की कि वे इस सरकारी सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए अपने जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड और जन्म तिथि से संबंधित रिकॉर्ड बिल्कुल दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी के कागजातों में कोई त्रुटि है, तो वे तुरंत उसे ठीक करवा लें ताकि योजना का लाभ लेते समय कोई दिक्कत पेश न आए।

### स्किल भारत एसोसिएशन ने डी ए वी स्कूल में स्कूल फैमिली अवॉर्ड 2026 का आयोजन किया



**डेराबस्सी (अप्रस/चौहान)।** आज स्थानीय श्रीमती एन. एन. मोहन डी ए वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल डेराबस्सी में स्किल भारत एसोसिएशन की तरफ से 'स्कूल फैमिली अवॉर्ड 2026' आयोजित किया गया। स्किल भारत एसोसिएशन एक नेशनल कैंपेन है, जिसका मकसद इंडियन स्कूलों को स्किल एजुकेशन देना है और मुक्त मकसद आज की शिक्षा को समय के अनुकूल बनाना है। इसी के तहत आज स्कूल में एक प्रोग्राम किया गया और इसकी शुरुआत आदरणीय प्रिंसिपल श्री प्रीतम दास ने की। विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम फिजिकल और मेंटल फिटनेस बनाए रखते हुए आज की एजुकेशन के हिसाब से कैसे सुदृढ़ बन सकते हैं। ज़िंदगी में आगे बढ़ने के लिए कोई न कोई लक्ष्य तह करना और जोश के साथ उसकी तरफ बढ़ना ही ज़िंदगी का मकसद होना चाहिए। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को स्किल भारत एसोसिएशन के मकसद से अवज्ञत करवाया। श्रीमती स्मिता आहूजा के सहयोग से स्टूडेंट्स, टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ को कुल 15 अवॉर्ड दिए गए। जिसके तहत पहला अवॉर्ड संजय कुमार को स्टूडेंट ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड के तौर पर दिया गया। श्रीमती साधना शर्मा को इंस्पायरिंग टीचर अवॉर्ड दिया गया। जिनका स्कूल में सेवा का लंबा इतिहास रहा है। श्रीमती रमा बंसल को स्टूडेंट मेंटर अवॉर्ड दिया गया। वह स्टूडेंट्स को हर तरह की अच्छी सलाह देने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। इसके बाद श्रीमती ममता को कम्युनिटी बिल्डर अवॉर्ड दिया गया। मॉडर्न एजुकेशन को आगे ले जाने के लिए तैयार अंकिता को टीम सपोर्ट अवॉर्ड दिया गया। लेक्चरर के तौर पर सेवा दे रही आशिमा रानी को प्रॉब्लम सॉल्वर अवॉर्ड दिया गया। नई टीचर अमीषा को इनोवेटिव एजुकेशन अवॉर्ड दिया गया। शिवानी मैडम को एडैप्टेबल टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। श्रीमती हरविंदर कौर को डिपेंडेबिलिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# बलटाना रेलवे अंडर ब्रिज को मिली हरी झंडी, रेलवे ने टेंडर प्रक्रिया शुरू की, 13 फरवरी को खुलेंगे टेंडर

स्थानीय लोगों में खुशी, 2017 से थी अंडर ब्रिज की मांग

प्रताप राणा ने किया कड़ा संघर्ष

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 28 जनवरी।** रायपुर कलां-हरमिलाप नगर रेलवे क्रॉसिंग (लेवल क्रॉसिंग नंबर 123-सी) पर रोड अंडर ब्रिज (आर यू बी) के निर्माण को लेकर वर्षों से चल रहा इंतजार अब खत्म होने की कगार पर है। चंडीगढ़ प्रशासन और उत्तर रेलवे ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाते हुए जरूरी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर दी हैं। चंडीगढ़ प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण के तहत सेक्शन 18 और 20 की नोटिफिकेशन जारी कर दी है, जिससे जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। वहीं उत्तर रेलवे ने निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

### 13 फरवरी को खुलेगा टेंडर, जल्द शुरू होगा निर्माण

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना के लिए आमंत्रित टेंडर 13 फरवरी को खोले जाएंगे। इसके बाद निर्माण एजेंसी का चयन कर कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

### 12.80 करोड़ रुपये का संशोधित बजट स्वीकृत

इस रोड अंडर ब्रिज परियोजना के लिए रेलवे ने कुल 12.80 करोड़ रुपये का संशोधित बजट पहले ही पास कर दिया है। वहीं प्रशासन ने अपने हिस्से की 6.405 करोड़ रुपये (50 प्रतिशत शेयर) राशि देने पर सहमति दे दी है। साथ ही, इस परियोजना के लिए गांव रायपुर कलां की कुल 5 कनाल 19 मरला भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। जमीन से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य को गति मिलेगी।

### स्थानीय लोगों में खुशी, 2017 से थी मांग

इस प्रगति पर जॉइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह राणा ने खुशी जताते हुए कहा कि यह स्थानीय निवासियों के लंबे संघर्ष और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का धन्यवाद किया, जिनके प्रयासों से यह परियोजना आगे बढ़ सकी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से चल रही इस मांग के पूरी होने से बलटाना, रायपुर कलां और आसपास के हजारों लोगों को रेलवे फाटक पर लगने वाले भारी जाम से स्थायी राहत मिलेगी। स्थानीय निवासियों और जॉइंट एक्शन कमेटी ने प्रशासन व रेलवे से अपील की है कि 13 फरवरी को टेंडर खुलने के बाद बिना किसी देरी के निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द जाम और परेशानी से मुक्ति मिल सके।

### प्रताप राणा ने किया कड़ा संघर्ष

प्रताप राणा ने रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण को लेकर लगातार संघर्ष किया है। वे अब तक 5 बार अनशन कर चुके हैं और 2018 से आंदोलन करते आ रहे हैं। वर्ष 2022 में रेलवे पुलिस द्वारा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके बाद उन पर जुर्माना भी लगाया गया। प्रताप राणा का कहना है कि जनता की सुविधा के लिए उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# बलविंदर सिंह बनाए गए विरासत सेवा संगठन के जिला प्रधान
## सुभाष शर्मा ने सिरोपा देकर सम्मानित किया



अर्थ प्रकाश/चौहान

**लालरू, 28 जनवरी।** आम आदमी पार्टी ने आलमगीर के पूर्व सरपंच बलविंदर सिंह आलमगीर को ज़िला एस ए एस नगर (मोहाली) के विरासत सेवा संगठन का प्रधान नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद जहाँ बलविंदर सिंह को आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता और पंजाब वाटर एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने सम्मानित किया, वहीं सुभाष शर्मा और बलविंदर सिंह ने इस नियुक्ति के लिए आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, आप के सीनियर नेता मनीष सिसोदिया और अमन अरोड़ा का खास तौर पर धन्यवाद किया है। बलविंदर सिंह को सम्मानित करने के बाद श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार ने दस लाख रुपये की मुफ़्त इलाज योजना शुरू करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया है और यह योजना पूरे पंजाब के लिए है, न कि कुछ खास लोगों के लिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में विकास के कामों में तेज़ी लाई जा रही है और सभी चल रहे काम जल्द ही पूरे कर लिए जाएँगे। इस मौके पर आप नेता नरिंदर धीमान, धर्म सिंह, मेजर सिंह, अवतार सिंह, बिलासा प्रधान, जसमेर खान, मनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, ज्ञान सिंह, सूबेदार बलबीर सिंह, बलजीत सिंह लालरू, संतोष कुमार शर्मा, बलदेव सिंह जास्तना, सोनू और लोकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### रास्ते को लेकर गांव निवासियों ने नए बन रहे रोड का काम रुकवा लगाया धरना, की नारेबाजी

# सही रास्ता न मिलने पर रोड जाम करने की दी चेतावनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 28 जनवरी।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बनूड़ से दैडी तक बन रहे रोड की वजह से वार्ड नंबर 1 गांव फौजी कॉलोनी को दिए गए कम रास्ते के विरोध में गांव वालों ने रोड का काम रोक दिया और अनिश्चितकालीन धरना दिया। वे नेशनल हाईवे अथॉरिटी और जिला प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए सही कॉरिडोर की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर गांव को 50 फीट चौड़ा रोड नहीं दिया गया, तो वे किसी भी कीमत पर रोड का काम नहीं होने देंगे। रोष प्रदर्शन में शामिल गांव फौजी कालोनी निवासी करमजीत सिंह, सिकंदर सिंह, हरिंदर सिंह, पलिहार सिंह, कुलविंदर सिंह ढिल्लों, अवतार सिंह, नायब सिंह, गुरमीत सिंह, जसवीर सिंह आदि दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की आबादी करीब 1500 है। सड़क के दोनों तरफ बनी बड़ी कॉलोनियों और सड़क के किनारे बस्तियों के कारण गांव में दाखिल होने के लिए सड़क से सटी 50 फुट चौड़ी गली और एनएचआई द्वारा बनाई जा रही सड़क पर गांव के लिए 15 फुट चौड़ा रास्ता दिया गया है, जो नाकाफी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस छोटी सड़क से सड़क पार करते समय कुछ भी दिखाई नहीं देता, जो हादसों का कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि हम शुरू से ही जिला प्रशासन और एनएचआई के अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर अवगत कराते आ रहे है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उनकी नहीं सुनी। जिसके कारण उन्हें मजबूरन धरना देना पड़ा।

उन्होंने पंजाब सरकार और जिला प्रशासन से इन समस्याओं को हल करने की मांग की और कहा कि अगर सही रास्ता नहीं दिया गया तो वे बनूड़-लाडरां रोड को जाम करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रितपाल सिंह, सुखजिंदर सिंह, पाल सिंह, बलिहार सिंह, गुरमेल सिंह, रणजीत सिंह, हरविंदर सिंह, केवल सिंह आदि भी मौजूद थे।

# युद्ध नशे विरुद्ध अभियान में सराहनीय योगदान के लिए डा. रमन घई को मुख्यमंत्री मान ने किया सम्मानित

डा. घई के सम्मानित होने से एचडीसीए व कौंसिल में खुशी की लहर

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 28 जनवरी।** पंजाब सरकार की तरफ से शुरु किए गए युद्ध नशे विरुद्ध अभियान के तहत युवा खिलाड़ियों, कारपोरेट सेक्टर एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नशे के खात्मे के लिए अमूल्य एवं अतुलनीय योगदान डालने के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन होशियारपुर के सचिव व यूथ सिटीजन कौंसिल पंजाब के अध्यक्ष डा. रमन घई को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होशियारपुर में आयोजित किए गए राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान द्वारा विशेष तौर से सम्मानित किया गया। इस संबंधी जानकारी देते हुए यूथ सिटीजन कौंसिल के जिला अध्यक्ष डा. पंकज शर्मा ने पंजाब सरकार व मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए बताया कि यूथ सिटीजन कौंसिल डा. रमन घई के नेतृत्व में होशियारपुर के साथ-साथ पंजाब के अन्य जिलों में भी नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक कर पंजाब को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान दे रही है। डा. शर्मा ने बताया कि इसके अलावा डा. रमन घई द्वारा बतौर एचडीसीए सचिव खिलाड़ियों में जिस तरह नशे के खिलाफ एक आंदोलन के रुप में भावना को भरा जा रहा है। समाज व युवाओं को नशे से दूर रहने व इससे हो रहे सामाजिक, शारीरिक व देश के नुकसान के संबंधी जो संदेश दिया जा रहा है, उससे जागरुक होकर सभी खिलाड़ी व कौंसिल के कार्यकर्ता इस जंग को एक लोकक्रांति के रुप में लोगों को इस नशे के खिलाफ अभियान के साथ झोड़ रहे हैं। डा. पंकज शर्मा ने एचडीसीए सचिव व कौंसिल के प्रदेश अध्यक्ष डा. रमन घई को नशे के खिलाफ युद्ध नशे विरुद्ध अभियान के तौर पर सम्मानित करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि युद्ध नशे विरुद्ध अभियान को भविष्य में और भी सुचारु ढंग से चलाकर लोगों को जागरुक किया जाएगा।

# एसएसपी सरफराज बरनाला के साथ खास बातचीत: बरनाला में कानून-व्यवस्था और नशों के विरुद्ध अभियान पर पुलिस का बड़ा फोकस

नशों पर ज़ीरो टॉलरेंस और अमन-चैन की गारंटी: बरनाला पुलिस की रणनीतियों पर खुलकर बोले एसएसपी बरनाला सरफराज आलम

अर्थ प्रकाश/जतिंदर देवगन

**बरनाला, 28 जनवरी।** जिला बरनाला में कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने और नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चल रही पुलिस कार्रवाई के बारे में एसएसपी बरनाला सरफराज आलम के साथ एक खास इंटरव्यू किया गया। इंटरव्यू के दौरान सरफराज आलम आईपीएस ने खुलकर बताया कि बरनाला पुलिस कैसे नशों के नेटवर्क को तोड़ने, शहर में अमन-शांति बनाए रखने और गैंगस्टर, लुटेरे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को अपनी सबसे अधिक प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि जिले में 'ज़ीरो टॉलरेंस टू ड्रग्स एंड क्राइम' नीति पर बिना किसी दबाव के काम किया जा रहा है और आने वाले महीनों में जिला पुलिस और बड़े ऑपरेशन चलाने की तैयारी में है। बरनाला जिला आजकल पंजाब पुलिस की उन खास पहलों के केंद्र में है, जिनका लक्ष्य है–नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार, समाज में अमन-चैन की स्थापना और युवा पीढ़ी को नशों की गिरफ्त से आजाद करना। जिले के एसएसपी ने न केवल पुलिस की रणनीति और उपलब्धियों का विस्तार से खाका पेश किया, बल्कि उन गंभीर चुनौतियों के बारे में भी खुलकर बातचीत की जो बरनाला जैसे शांत लेकिन संवेदनशील जिले में खड़ी रहती हैं।

**सवाल:** एसएसपी साहब, सबसे पहले यह बताएं कि बरनाला में नशों की समस्या को लेकर आपका प्रायोरिटी फोकस क्या है?

**सरफराज आलम:** मेरे लिए नशा सिर्फ एक जुर्म नहीं, बल्कि एक सामाजिक बर्बादी की जड़ है। बरनाला में मेरा पहला लक्ष्य यही रहा है कि नशा तस्करी को जड़ सहित खत्म किया जाए। इसके लिए हमने तीन मुख्य मोर्चों पर एक साथ और तीव्र तरीके से काम किया है–

**इंटेलिजेंस बेस्ड पुलिसिंग:** हम पक्के स्रोतों, तकनीकी विश्लेषण, कॉल रिकॉर्ड्स, साइबर पैटर्न और फील्ड नेटवर्क पर आधारित जानकारी प्राप्त करते हैं। इससे हमें कई बड़े सप्लायरों तक पहुँचने में कामयाबी मिली है।

**हॉटस्पॉट्स पर लगातार कार्रवाई:** बरनाला शहर, तपा, भदौड़, कई गांवों और बाहरी इलाकों में हमने रोजाना कार्डन-एंड-सर्च ऑपरेशन चलाए हैं। हमारा लक्ष्य है कि नशा तस्करों के लिए कोई भी सुरक्षित जगह बच कर न रहे।

**नेटवर्क को तोड़ना:** सिर्फ छोटे पैडलर ही नहीं, बल्कि पूरी सप्लाई चेन के मास्टरमाइंड तक पहुँचना हमारा सबसे बड़ा मिशन है। इसके लिए कई इंटर-जिला और इंटर-स्टेट सहयोगी ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। मेरी सोच साफ है–जब तक नशे की जड़ नहीं उखाड़ी जाती, तब तक समस्या खत्म नहीं होगी।

**सवाल:** 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान में बरनाला की मुख्य उपलब्धियां क्या रही हैं?

**सरफराज आलम:** यह अभियान मेरे लिए सिर्फ एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि एक संकल्प है। पिछले महीनों में हम एनडीपीएस एक्ट में 462



एफआईआर दर्ज कर चुके हैं और 861 दोषियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तीन किलो के करीब हेरोइन बरनाला पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी है और हजारों गोलियां बरामद कीं। कुछ केसों में ऐसे गैंग भी बेनकाब किए जिनके तार राज्य से बाहर तक थे और अदालत में मजबूत जाँच पेश कर कई सख्त सजाएं भी सुनिश्चित करवाई। हमारी कोशिश यह रही है कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' सिर्फ नारा न रहे, बल्कि हकीकत में हर गली, हर गांव तक इसका असर नजर आए।

**सवाल:** क्या युवा पीढ़ी नशा तस्करों का खास निशाना बन रही है? पुलिस उनके लिए क्या कर रही है?

**सरफराज आलम:** युवा हमारा भविष्य हैं और नशा तस्कर उन्हें अपना सबसे बड़ा निशाना बनाते हैं। इसे देखते हुए हमने खास तौर पर यूथ फोकस्ड अभियान शुरू किए हैं।

**स्कूल-कॉलेज इंटरेक्शन प्रोग्राम:** पुलिस द्वारा कई कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों से बात की गई है। हम उन्हें नशों के नुकसान, तस्करों के ढंग और सोशल मीडिया के जरिए हो रही टारगेटिंग के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**काउंसलिंग और रीहैब:** पुलिस की सहायता से कई युवा, जो नशे में फंस जाते हैं, उन्हें काउंसलिंग, मानसिक सहायता और मेडिकल रिहैबिलिटेशन मुहैया करवाई जाती है।

**खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम:** युवाओं को पॉजिटिव एक्टिविटीज के साथ जोड़ने के लिए हम खेल मेले, ड्रग-फ्री रैलियां और यूथ कनेक्ट प्रोग्राम कर रहे हैं। बरनाला के युवाओं में बहुत टैलेंट है, बस उन्हें सही दिशा और माहौल चाहिए।

**सवाल:** क्या नशा तस्करी में अंतर्राज्यीय गैंग भी शामिल हैं? उनसे निपटने के लिए क्या रणनीति है?

**एसएसपी सरफराज आलम:** बिल्कुल, यह कहना गलत नहीं कि नशा तस्करी आज एक अंतर्राज्यीय नेटवर्क बन चुकी है। कई मामलों में सप्लाई चेन के तार पंजाब से बाहर तक मिले हैं। इस खतरे से निपटने के लिए हमने सीमावर्ती बिंदुओं पर अतिरिक्त नाकाबंदी की, डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग और ट्रांसपोर्ट लिंकों पर निगरानी की। हमारा लक्ष्य सिर्फ जिला नशा-मुक्त करना नहीं, बल्कि पूरे इलाके को इस जाल से आजाद करना है।

**सवाल:** जिले में अमन-चैन की क्या हकीकी तस्वीर है?

**एसएसपी:** बरनाला पंजाब के शांत जिलों में से एक है। कभी-कभी छोटी घटनाएं होती हैं पर हम उन पर तुरंत कंट्रोल करते हैं। 24 गुना 7 पेट्रोलिंग, थानों में मजबूत बीट सिस्टम और लोगों के साथ लगातार संपर्क हमारे लिए सबसे प्रभावी तरीके साबित हुए हैं। अमन-चैन की स्थिति को मजबूत रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है लोगों का पुलिस पर भरोसा। इसलिए हम कम्युनिटी पुलिसिंग पर खास जोर दे रहे हैं।

**सवाल:** गुरुद्वारों, धार्मिक स्थानों और बड़े समागमों के दौरान सुरक्षा के लिए क्या प्रबंध किए जाते हैं?

**एसएसपी आलम:** धार्मिक स्थान हमारे लिए सबसे संवेदनशील बिंदु हैं। बड़े समागमों के दौरान हम– अतिरिक्त पेट्रोलिंग टीमें तैनात करते हैं, हाई रिस्क पॉइंट्स पर सीसीटीवी मॉनिटरिंग करते हैं, इंटेलिजेंस रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षा बढ़ाते हैं, संगत और प्रबंधक कमेटियों के साथ सीधा तालमेल रखते हैं। हमारा लक्ष्य एक ही है कि जनता बिना किसी डर के, पूरी श्रद्धा के साथ समागमों में हिस्सा ले सके।

**सवाल:** बरनाला पुलिस साइबर क्राइम से कैसे निपट रही है?

**एसएसपी सरफराज:** साइबर क्राइम आज के समय में एक खतरनाक चुनौती है। इसके लिए एक स्पेशल साइबर सेल बनाया गया है, जिले भर में साइबर जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। नागरिकों को भी सावधान रहने की जरूरत है–अनजान लिंक, कॉल या ऑफर पर विश्वास न करें।

**सवाल:** पुलिस-जनता रिश्तों को मजबूत करने के लिए क्या खास कदम लिए गए हैं?

**एसएसपी:** पुलिस का काम सिर्फ कानून-व्यवस्था रखना नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे को मजबूत करना भी है। इसके लिए ओपन हाउस मीटिंग्स, महिलाओं के लिए 'सुरक्षा संवाद', किसानों, व्यापारियों और गांव पंचायतों के साथ इंटरेक्शन प्रोग्राम किए जा रहे हैं। हम लोगों तक यह संदेश पहुँचा रहे हैं कि पुलिस आपकी साथी और रक्षक है।

**सवाल:** अगले दिनों में बरनाला पुलिस का फोकस किन क्षेत्रों पर रहेगा?

**एसएसपी:** अगले कुछ महीनों में हमारा लक्ष्य है–नशा नेटवर्क को खत्म करना, प्रत्येक गांव में जागरूकता अभियान चलाना, साइबर सुरक्षा को और मजबूत करना और पारदर्शी व ईमानदार पुलिसिंग को प्राथमिकता देना। मेरा विश्वास है कि जब पुलिस और लोग दोनों एक ही दिशा में चलते हैं, तो बरनाला पंजाब के सबसे बेहतरीन मॉडल जिलों में शामिल हो सकता है।

**जिला वासियों के लिए एसएसपी सरफराज आलम आईपीएस का संदेश:** 'सावधान रहें, नशों या किसी भी गलत गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। आपका एक कॉल कई जिंदगियां बचा सकता है। बरनाला को सुरक्षित और नशा-मुक्त बनाने में लोगों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।' एसएसपी बरनाला सरफराज आलम के साथ हुई यह बातचीत यह स्पष्ट करती है कि बरनाला पुलिस नशों, गैंगस्टरों और हिंसक अपराधों के खिलाफ पूरी तरह तैयार है। पुलिस की कार्रवाई निर्भीक है और लक्ष्य स्पष्ट–बरनाला जिले को सबसे सुरक्षित और नशा-मुक्त जिलों में शामिल करना।

# खनन प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए होंगे कार्यक्रम : राजेश

## बिलासपुर स्थित बचत भवन में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की समीक्षा बैठक में बोले तकनीकी शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 28 जनवरी।** जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सरकार में नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे व्यय तथा आगामी प्रस्तावों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर व ग्राम नियोजन तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि खनन से प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों, महिलाओं और किशोरियों के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण सहायता, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा कौशल प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस विशेष मुहिम के अंतर्गत बच्चों और किशोरियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलंबी बनाने पर भी बल दिया जाएगा तथा समय-समय पर प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य जांच भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से क्षय रोग (टीबी) मरीजों के लिए 'निक्षय मित्र' की तर्ज पर सप्लीमेंट्री डाइट उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि मरीज शीघ्र स्वस्थ हो सकें। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिला में आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं से जो?ने के लिए जरुरतमंद महिलाओं की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त युवाओं को वर्तमान समय की आवश्यकताओं को केन्द्रित करते हुए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने को लेकर भी विचार विमर्श हुआ ताकि उन्हें भी विभिन्न रोजगार व स्वरोजगार गतिविधियों से जो?ा जा सके।

राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विदेशों में जॉब प्लेसमेंट के लिए अलग से एक सेल का गठन किया है, जिसका उद्देश्य ऐसे दक्ष कार्यबल को तैयार करना है, जिन्हे वर्तमान वैश्विक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से किए जा रहे विभिन्न कार्य न केवल खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और आधारभूत संरचना को सुदृ? कर लोगों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

बैठक में पशुपालन विभाग को पशु एंबुलेंस प्रदान करने को भी स्वीकृति दी गई। इस पशु एंबुलेंस के माध्यम से दुर्घटना का शिकार हुए पशुओं का तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत 644 विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं पर चल रहा कार्य

बैठक में जानकारी दी गई कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत अब तक कुल 644 विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

इनमें उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की 104 परियोजनाएं तथा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की 540 परियोजनाएं शामिल हैं। योजना-वार विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि पेयजल क्षेत्र में 16 परियोजनाओं पर लगभग 9 करो? रूपये, शिक्षा क्षेत्र में 53 परियोजनाओं पर लगभग 11 करो? रुपये तथा पर्यावरण संरक्षण से जु?ी 21 परियोजनाओं पर लगभग साढ़े 8 करो? रूपये व्यय किए जा रहे हैं।

इसी तरह स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत 10 परियोजनाओं के लिए लगभग 5 करो? रुपये, भौतिक अधोसंरचना के क्षेत्र में 533 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिन पर लगभग 52 करो? रुपये व्यय किए जा रहे हैं। वहीं स्वच्छता से संबंधित 5 परियोजनाओं के लिए लगभग साढ़े 6 करो? रुपये, महिला एवं बाल कल्याण से जु?ी 4 परियोजनाओं पर लगभग 5 लाख रुपये तथा कौशल विकास के अंतर्गत 2 परियोजनाओं पर लगभग 10 करो? रूपये का प्रावधान किया गया है।

बैठक में विधायक रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, त्रिलोक जंबाल, उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आसुरी शक्तियों पर विजय का उत्सव, चंद्रा घाटी में श्रद्धा और एकता के साथ मनाया हाल्डा पर्व

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू)28 जनवरी।** जनजातीय लाहौल-स्पीति जिला स्थित चंद्रा घाटी में नववर्ष के स्वागत का प्रतीक प्रसिद्ध हाल्डा उत्सव आज पारंपरिक रीति-रिवाजों और गहरी आस्था के साथ शुरू हो गया। सदियों पुरानी इस परंपरा के तहत घाटी के गांव-गांव मशालों की रोशनी से जगमगा उठे और पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

हाल्डा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बुराइयों और आसुरी शक्तियों को दूर भगाकर सुख-शांति और खुशहाली के आगमन का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर ग्रामीण सामूहिक रूप से टाडा की परंपरा निभाते हैं। लोग देवदार की टहनियों से बनी जलती मशालें हाथों में लेकर अपने घरों और गांव की परिक्रमा करते हैं, ताकि नकारात्मक शक्तियों को बाहर खदेड़ा जा सके।

उत्सव का मुख्य आकर्षण देर रात सभी ग्रामीणों का एक निर्धारित स्थान पर एकत्र होना होता है, जहां 'हाल्डा हो' के जयघोष के साथ सामूहिक प्रार्थना की जाती है। यह पर्व मुख्य रूप से धन और समृद्धि की देवी 'शिश्कर आपा' को समर्पित है। लोग आने वाले वर्ष में अच्छी फसल, सौभाग्य और खुशहाल जीवन की कामना करते हैं।

हाल्डा उत्सव की तिथियां बौद्ध पंचांग के अनुसार लामाओं द्वारा निर्धारित की जाती हैं। यही कारण है कि यह पर्व लाहौल-स्पीति की विभिन्न घाटियों—जैसे गाहर, चंद्रा और भागा घाटी—में अलग-अलग समय पर मनाया जाता है।

परंपरा, आस्था और सामूहिक एकता का यह अनूठा पर्व आज भी लाहौल की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए हुए है।

# मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत झंडूता की ग्राम पंचायत दसलेहड़ा में कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** कार्यक्रम में जिला समन्वयक मनरेगा बचाओ अभियान जिला बिलासपुर मदन चौधरी, ब्लॉक समन्वयक रिपना कलसाइक विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने अध्यक्षता की। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बिल के साथ की गई छेड़छाड़ के विरोध में मनरेगा मजदूरों की तर्ज पर श्रमदान भी किया। वहीं केंद्र की गूंगी बहरी सरकार को संदेश दिया कि मनरेगा बिल से की गई छेड़छाड़ कभी भी सहन नहीं की जाएगी। वहीं इस मौके पर जिला समन्वयक मदन चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस तरह की मनमानी सहन नहीं की जाएगी और जल्द ही मनरेगा मजदूरों को भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिला ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होने के बाद जिला और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम की तैयारी करें। ताकि केंद्र की मनमानी के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की मनमानी सहन नहीं की जाएगी।

वहीं इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की मनमानी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा बिल के साथ 2014 से ही केंद्र सरकार ने छेड़छाड़ शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि मनरेगा बिल से की गई छेड़छाड़ के चलते मनरेगा मजदूरों के हकों पर डाका डाला गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा बिल से की गई छेड़छाड़ महात्मा गांधी के नाम का अपमान है।

वही मजदूर वर्ग के हितों की अनदेखी है। केंद्र सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को खत्म करना चाहती है, लेकिन केंद्र सरकार के यह प्रयास कांग्रेस कभी भी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आस्था के नाम पर जो मनरेगा बिल के साथ छेड़छाड़ की है वह सही नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि सभी कार्यकर्ता मनरेगा बिल का बिल से की गई छेड़छाड़ और स्वरूप बदलने को लेकर लोगों को जागरूक करें। इस दौरान अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# छैला-नेरीपुल-यशवंतनगर-कुमारहट्टी सड़क निर्माण को लेकर केंद्र ने लिया संज्ञान : सुरेश कश्यप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के शिमला संसदीय क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए भाजपा लगातार संघर्षरत रही है और जनहित की आवाज़ को केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रयासों और लगातार पत्राचार का ही परिणाम है कि छैला नेरीपुल यशवंतनगर कुमारहट्टी सड़क परियोजना को लेकर केंद्रीय स्तर पर गंभीरता से संज्ञान लिया गया है। सांसद सुरेश कश्यप ने बताया कि उन्होंने दिनांक 22 अगस्त 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को पत्र लिखकर अवगत करवाया था कि शिमला संसदीय क्षेत्र के सोलन, सिरमौर और शिमला जिलों में सेब, फूल एवं अन्य नकदी फसलों के उत्पादन के लिए यह सड़क मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्र में उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया था कि छैला, नेरीपुल, औछघाट, सतौननगर, बखाला चौकी और कुमारहट्टी जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाला यह मार्ग बागवानों तथा स्थानीय जनता की जीवनरेखा है और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा डबल लेन सड़क के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इसके पश्चात उन्होंने दिनांक 19 दिसंबर 2025 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को भी विस्तृत पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने आग्रह किया कि छ्रढ्ढस्न योजना के अंतर्गत 36 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग को पूर्ण निर्माण हेतु प्राथमिकता दी जाए। सांसद ने पत्र में स्पष्ट किया कि यह सड़क किसानों और बागवानों को दिल्ली सहित देश की प्रमुख मंडियों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगी और क्षेत्रीय विकास को गति देगी। सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि CRIF अधिनियम 2000 के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार परियोजनाओं की सूची प्राथमिकता के आधार पर केंद्र को भेजती है और इसी प्रक्रिया के तहत संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव राज्य को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

सुरेश कश्यप ने यह भी स्मरण करवाया कि इससे पूर्व वर्ष 2015 में भी इसी मार्ग के सुधार एवं चौड़ीकरण को लेकर केंद्रीय मंत्री द्वारा सकारात्मक पत्राचार किया गया था।

# प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्प : डॉ. शांडिल

ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 56 लाख रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्प है।

डॉ. शांडिल आज विकास खंड कंडाघाट की ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 56 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण करने के उपरांत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम पंचायत क्वारग में 42 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत घर, देहूं में 05 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक हॉल, लगभग 03 लाख रुपए से निर्मित कोट से घराप? वाया शलाउं सम्पर्क मार्ग तथा 06 लाख रुपए से निर्मित किचन शैड क्वारग का लोकार्पण किया।

उन्होंने इस अवसर पर कोट से धराप? वाया शलाउं मार्ग को पक्का करवाने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। डॉ. शांडिल ने कहा कि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि विकास के लाभ अंतिम पंक्ति में ख? व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार चरणबद्ध तरीके से क्षेत्र का और विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 02 करो? रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि क्वारग में लगभग 200 करो? रुपए की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर दिव्यांगजन का निर्माण किया जा रहा है। इससे क्षेत्र का और अधिक विकास होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बना रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### होटल में 18.80 ग्राम चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**कुल्लू, 28 जनवरी।** एसटीएफ टीम के हाथ नशा तस्करी मामले में ब?ी कामयाबी लगी। गुप्त सूचना के आधार पर कुल्लू स्थित एस.टी.एफ. की टीम ने भुंतर के एक निजी होटल में छापा मारा। होटल के कमरा नंबर 303 की तलाशी के दौरान, आरोपी विकास दीप सिंह पुत्र सविंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 387, मजीठा रोड, खंडेवाला चौक, मॉडल स्टडी स्कूल के पास, थाना मजीठा रोड, तहसील एवं जिला अमृतसर, पंजाब, उम्र 23 वर्ष, और पूनम पुत्री ललित सिंह, निवासी वीपीओ बंदरोल, तहसील एवं जिला कुल्लू, उम्र 21 वर्ष, के कब्जे से 18.80 ग्राम चिट्टा और 1,02,600 रुपये नकद बरामद किए गए। इस संबंध में थाना भुंतर में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला एफआईआर संख्या 15/26 दिनांक 26 जनवरी 2026 दर्ज की गई है। एसटीएफ टीम में एचसी राजेश कुमार, एचसी समीर कुमार, एल/सीटी सरिता, एचएचसी नितेश और सीटी अशोक कुमार शामिल हैं। मामले की पुष्टि हेमराज डिप्टी एसपी एसटीएफ कुल्लू ने की।

### विंटर कार्निवल मनाली में आकर्षण का केंद्र बनी स्नेहा शरद

**मनाली (कुल्लू) 28 जनवरी।** विंटर कार्निवल मनाली में आकर्षण का केंद्र बनी विंटर क्वीन प्रतियोगिता मंडी की स्नेहा शरद सुंदरी बनी है। जबकि फर्स्ट रनर अप मनाली की संयोगिता और सेकंड रन अब धर्मशाला की इशिता बनी है। मंडल ने विंटर क्वीन के लिए टॉप 5 सुंदरियों को चुना गया था। जबकि विंटर क्वीन प्रतियोगिता में कुल 21 सुंदरिया शामिल थी। इसके अलावा भाई साहब कार्निवल के विजेता मंडी के नितिन बने हैं। दूसरे नंबर पर सौरभ अत्रि और तीसरे नंबर पर तनीषा शेट्टी रही है। टॉप टेन सुंदरियों में स्नेहा, इशिता, जैस्मिन, संयोगिता, कनिका, पल्लवी, प्रीति, श्रेया, नैंसी और शानवी शामिल रही।

# नशामुक्त ऊना और सड़क सुरक्षा के लिए और कड़े कदम उठाए जाएंगे : डीसी जतिन लाल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा







**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले को नशामुक्त बनाने और सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने के लिए प्रशासन द्वारा और अधिक सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों का बाइक या स्कूटी से स्कूल आना गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय है और इस पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस संबंध में एसडीएम विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें। नियमों की अनदेखी पाए जाने पर अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

उपायुक्त मंगलवार को डीआरडीए बैठक हाल में एन-कॉर्ड (राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल) के तहत गठित जिला स्तरीय समिति तथा इसके उपरांत आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

गउपायुक्त ने जिले में ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना कानून का गंभीर उल्लंघन होने के साथ-साथ आमजन के जीवन और सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त ओवर-स्पीडिंग, खतरनाक ड्राइविंग, ओवरलोडिंग तथा संज्ञेय अपराधों के मामलों में भी किसी प्रकार की ढील न बरतने और नियमों के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं, ताकि हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

उन्होंने सभी प्रमुख बाजार क्षेत्रों में घोषित नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन को सख्ती से लागू करने तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड्स की संख्या बढ़ाई जाए तथा बैरियर और रंबल स्ट्रिप्स लगाए जाएं।

नेशनल हाईवे पर स्थित दी-हट्टी स्ट्रेच को दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए वहां विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों की मॉर्निंग असेंबली के दौरान नशा निवारण की नियमित शपथ दिलाई जाए।

# निराश्रित बच्चों और बालिकाओं के सशक्तिकरण जरूरी : तोरुल रवीश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 28 जनवरी।** उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा बाल विकास सेवाएं योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय एवं समीक्षा समितियों की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। बैठकों का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल ने किया, जिनमें संबंधित विभागों के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। गृह निर्माण, विवाह अनुदान, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास, कोचिंग तथा स्वरोजगार से संबंधित प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना राज्य सरकार की एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य निराश्रित बच्चों और युवाओं को संरक्षण, संबल एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने इन बच्चों को ÷चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट÷ घोषित किया है, जिससे उनके समग्र विकास की जिम्मेदारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मिलें, उन्हें योजना के सभी लाभों की जानकारी दें तथा आत्मनिर्भर बनने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करें। साथ ही कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को शिक्षा, करियर एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने पर बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त इस समिति में सदस्य अधिकारियों को बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा करियर काउंसलिंग उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए, ताकि वे सशक्त एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

# 30 जनवरी को होगा सरकार गांव के द्वार

**कुल्लू, 28 जनवरी।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी पहल ÷सरकार गाँव के द्वार कार्यक्रम÷ का आयोजन 30 जनवरी को कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गडसा में आयोजित किया जाएगा।

सरकार गाँव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गडसा, भालन-1, हुरला, ज्येष्ठा, पारली एवं दियार के लोगों की विभिन्न जनसमस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

सरकार गाँव के द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। ताकि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने बताया कि सरकार गाँव के द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के बीच ले जाकर उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# के साथ वृद्धावस्था एक महत्वपूर्ण टॉक सीरीज आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 28 जनवरी।** हेल्प एज इंडिया के रीजनल रिसोर्स एवं ट्रेनिंग सेंटर शिमला द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से (गरिमा के साथ वृद्धावस्था)÷ थीम पर एक महत्त्वपूर्ण टॉक सीरीज़ आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के अधिकारों, गरिमामय देखभाल, स्वस्थ मानसिक शारीरिक जीवन तथा समावेशी समाज के निर्माण पर सार्थक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में सरकारी विभागों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, स्वास्थ्य एवं कानून विशेषज्ञ, शिक्षक प्रशिक्षक तथा वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने एक दूसरे के अनुभव साझा किए तथा वृद्धजनों के अनुकूल नीतिगत और सामुदायिक पहलों पर सार्थक चर्चा की। उद्घाटन सत्र में हेल्प एज इंडिया के डॉ. राजेश कुमार, स्टेट हेड, हेल्प एज इंडिया (हिमाचल प्रदेश एवं लद्दाख) ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था केवल देखभाल का विषय भर नहीं है, बल्कि यह सम्मान, अधिकार, सहभागिता और अवसरों का प्रश्न है। डॉ. कुमार ने बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य, तेजी से बढ़ती वृद्ध आबादी और इसके साथ उभरती नीतिगत चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए समुदाय आधारित सहायता प्रणालियों, डिजिटली सशक्त सेवाओं और इंटरसेक्टरल समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सहायता अनुदानों और संस्थागत सहयोग की व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी।

# 'जलवायु परिवर्तन एवं सीबीआरएन जोखिम न्यूनीकरण में बहु-क्षेत्रीय समन्वय अहम'

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन एवं रासायनिक, जैविक, विकिरणीय एवं परमाणु (सीबीआरएन) जोखिमों के न्यूनीकरण हेतु बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई को प्रभावी रूप से लागू करने पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आज डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), सोलन के सहयोग से किया जा रहा है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं एवं उभरते सीबीआरएन जोखिमों से निपटने के लिए संस्थागत तैयारी को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, प्रशासकों, विषय विशेषज्ञों, स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवरों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाओं एवं सीबीआरएन जोखिमों पर गहन मंथन किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सोलन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन एवं सीबीआरएन जोखिमों से निपटने की वर्तमान प्रणाली में मौजूद खामियों की पहचान करना तथा विशेषज्ञों के माध्यम से इनके व्यावहारिक समाधान तलाशना है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला बीते वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुआ है तथा यहां एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र भी है, जिससे यह जिला विभिन्न प्रकार के जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनता है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि कार्यशाला के दौरान किए गए विमर्श के आधार पर एक श्वेत पत्र तैयार किया जाएगा, जो प्रभावी एवं संरचित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन की तैयारी में पिछले वर्षों में सुधार हुआ है, फिर भी बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। समाज में व्यवहारिक बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया तथा विशेषज्ञों से व्यावहारिक और लागू किए जा सकने वाले सुझाव देने का आग्रह किया।

अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य ने नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों की वहन क्षमता (कैरीइंग कैपेसिटी) के अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया तथा विकास एवं आपदा जोखिम प्रबंधन के बीच संतुलित और सतत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोलन जैसे जिले अत्यधिक वर्षा, भूस्खलन, वनों में आग तथा जनस्वास्थ्य आपात स्थितियों जैसी जलवायु-संबंधी आपदाओं के प्रति संवेदनशील हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कार्यशाला का उद्देश्य वैज्ञानिक ज्ञान, नीति ढांचे एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों को जिला एवं स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं में बदलना है।

इससे पूर्व पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. भारद्वाज ने कहा कि यह कार्यशाला ऐसे महत्वपूर्ण समय में आयोजित की जा रही है, जब प्रदेश ने हाल के वर्षों में कई आपदाओं का सामना किया है, जिससे जान-माल की भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श से भविष्य की आपदाओं से निपटने हेतु शमन एवं तैयारी उपायों को और सुदृढ़ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने किया सेंट्रलाइज्ड पोर्टल फॉर हरियाणा काउंसिलस का लोकार्पण

# स्वास्थ्य परिषदों को एक ही सिस्टम पर लाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य: सीएम सैनी

स्वास्थ्य परिषदों में अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता


हरियाणा के मुख्यमंत्री, श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में 'सेंट्रलाइज्ड पोर्टल फॉर हरियाणा काउंसिलस' लॉन्च करते हुए। साथ में हैं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा। (28.01.2026)

**चंडीगढ़, 28 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज स्वास्थ्य विभाग के 'सेंट्रलाइज्ड पोर्टल फॉर हरियाणा काउंसिलस' का लोकार्पण किया। इस पहल के साथ ही हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जिसने एक इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च कर एक साथ कई स्वास्थ्य परिषदों को एक ही सिस्टम पर लाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल से मेडिकल परिषद, डेंटल परिषद, फार्मेसी परिषद, आयुष एवं होम्योपैथी परिषद और अन्य स्वास्थ्य परिषदों से संबद्ध विभिन्न परिषदों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल प्रदेश में रजिस्टर्ड लगभग 1.5 लाख स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाले युवक युवतियों को बेहतर सेवा देने के लिए विकसित किया गया है। अब इन परिषदों के तहत प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे प्रशिक्षण के उपरांत घर बैठे ही ऑनलाइन पंजीकरण करके कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिस्टम युवाओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल, सर्टिफिकेट जारी करने, प्रोफाइल मैनेजमेंट और रोजगार से संबंधित जानकारी जैसी सेवाओं की पहुंच प्रदान करेगा। यह पोर्टल स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच रोजगार के अवसरों के लिए बेहतर लिंक स्थापित करेगा। इस अवसर स्वास्थ्य मंत्री सुश्री आरती सिंह राव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा और स्वास्थ्य सचिव श्री रिपुदमन सिंह ढिल्लों सहित सभी कांउसिलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। पहले चरण में मेडिकल कांउसिल, डेंटल कांउसिल, फार्मेसी कांउसिल, आयुष और होम्योपैथी परिषदों को जोड़ा गया है। इसके बाद दूसरे चरण में नर्सिंग और फिजियोथेरेपिष्ट परिषदों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसके बाद पोर्टल को जल्द ही सरल पोर्टल से लिंक किया जाएगा ताकि सभी प्रक्रिया ऑनलाइन पंजीकरण से ही पूरी की जा सकें। मुख्यमंत्री ने राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य परिषदों के लिए इंटीग्रेटेड वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और जॉब पोर्टल को भी औपचारिक रूप से लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि अब फार्मेसी, डेंटल सहित पांच परिषदों में युवक युवतियों पंजीकरण आसान हो जाएगा।

## गाड़ियों के शीशे तोडकर सामान चोरी करने वाले गिरफ्तार

**रोहतक (सुकरमपाल)।** रोहतक पुलिस की टीम ने ओल्ड आईटीआई ग्राउंड के पास खडी गाडियो के शीशे तोडकर सामान चोरी करने की वारदात को हल करते हुये वारदात मे शामिल रहे तीन आरोपियो को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। आरोपियो को कल पेश अदालत कर पुलिस रिमांड पर हासिल किया जायेगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

प्रभारी थाना आर्य नगर पीएसआई बिजेन्द्र ने बताया कि दिनांक 27.01.2026 की रात के समय पुलिस को सूचना मिली की 3 अज्ञात युवको द्वारा करीब 4/5 गाडियो के साथ तोडफोड की गई। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। जांच मे सामने आया कि दिनांक 26.01.2026 को गर्वित ने अपनी गाडी रात्रि के समय ओल्ड आईटीआई शराब ठेके पास खडी कर अपने घर चला गया।

## फतेहाबाद में पुलिस लाइन ग्राउंड पर धूमधाम से मनाया जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने फहराया तिरंगा, परेड का निरीक्षण कर ली सलामी

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 26 जनवरी।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड फतेहाबाद में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए तिरंगा फहराया और उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

समारोह से पहले डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शहीदी स्मारक पर पहुंचकर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीदों के बलिदान को राष्ट्र की प्रेरणा बताते हुए उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। जिला स्तरीय समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन व कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस के जवानों, एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट्स की टुकडि?ों की सलामी ली। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो, डंबल शो तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई, जिनकी दर्शकों ने खूब सराहना की। देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों ने माहौल को उत्साह और गौरव से भर दिया। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मान प्रदान किया गया।

डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे राजनेताओं, कर्मठ किसान-मजदूरों, कारीगरों और वैज्ञानिकों के सतत परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी प्रगति कर रहा है तथा चंद्रयान, सूर्य-यान और मंगलयान जैसे मिशनों से भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छुआ है।

# जिप चेयरपर्सन ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

सरकार ने हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान की दिशा में किया निरंतर कार्य : चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**रतिया, 26 जनवरी।** उपमंडल स्तर पर 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अनाज मंडी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समारोह में जिला परिषद की चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन खीच? ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने समारोह से पहले अधिकारियों के साथ शहीद उधम सिंह, शहीद देवेन्द्र सिंह व शहीद भगत सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्पार्पित कर नमन किया।

गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति के गीतों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानीयों व उनके आश्रितों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, अधिकारियों, स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र व शोल भेंट कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गई झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

समारोह में जिला परिषद की चेयरपर्सन ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्र शेखर और उधम सिंह जैसे क्रांतिकारीयों के बलिदानों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। स्वतन्त्रता आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हरियाणावासियों की याद में अम्बाला में स्वतन्त्रता संग्राम स्मारक बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलों में भी हमने नई ऊँचाइयों को छुआ है। हमारी कितनी ही नीतियों और योजनाओं का देश के दूसरे राज्य अनुसरण कर रहे हैं। जिला परिषद की चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन खीच? ने कहा कि मैं देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ। इस दिशा में सैनिक व अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग का गठन किया है। युद्ध के दौरान शहीद हुए हरियाणा के सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों के जवानों तथा अग्निवीरों की अनुग्रह राशि एक करोड़ रुपये कर दी गई है। अग्निवीरों के लिए सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा 1984 के दंगा पीड़ितों के आश्रितों को सरकारी नौकरियां देने की प्रक्रिया शुरू की गई हैं। वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान की दिशा में निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के दर्शन के अनुरूप प्रदेश के सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया, जिससे पात्र परिवारों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया गया है। किडनी रोग से पीड़ित रोगियों को सभी सरकारी अस्पतालों एवं मेडिकल कालेजों में निशुल्क डायलिसिस की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। आयुष्मान भारत चिरायु योजना के तहत 70 साल से अधिक बुजुर्गो को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दो चरणों में 50-100 वर्ग गज के 12,031 प्लाट दिए गए हैं। यही नहीं, कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती में भी गरीब परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा निगम के माध्यम से लगे कर्मचारियों की नौकरियां सुरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। उसी प्रकार, कृषि क्षेत्र में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल बनाकर किसान कल्याण की अनेक योजनाओं को जोड़ा गया है। एमएमपी पर सभी 24 फसलों की खरीद कर बिक्री की राशि सीधे 48 घण्टे में किसानों के खाते में भेजी जा रही है।

किसानों को 415 रुपए प्रति क्विंटल तक गन्ने का भाव दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री किसान खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की राशि प्रदान की जा रही है। बागवानी फसलों को मौसम की मार से बचाने के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमायोजना शुरू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। खेतों में पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए कैथल, कुरूक्षेत्र व फतेहाबाद में बायोगैस परियोजनाएं स्थापित की हैं जिनसे 49.8 मैगावाट बिजली उत्पन्न हो रही है।

## देशभक्ति के गीतों के साथ गूंजा कांग्रेस का कार्यक्रम

सैक्टर 37 स्थित परशुराम भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने सोमवार को 77 वे गणतंत्र दिवस पर सैक्टर 35 स्थित कांग्रेस भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद कांग्रेस नेताओ द्वारा सैक्टर 37 स्थित परशुराम भवन में चंडीगढ़ कांग्रेस की तरफ से 77वे गणतंत्र दिवस को लेकर समारोह का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य रूप से शामिल हुए।पूरा हाल देश भक्ति के गीतों से गूंजा उठा।अध्यक्ष लक्की ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज 26 जनवरी है।और हम सभी भारतीय गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने जा रहे हैं।यह दिन हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।क्योंकि इसी दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था और हमारा देश एक गणराज्य बना था। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कई नेता और सैक्टर 37/38 के अलावा अन्य सेक्टरों से आए भारी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल थे। कार्यक्रम के बाद आए हुए सभी लोगों के लिए दोपहर के भोजन का भी प्रबंध किया गया था।

## भारत की असली ताकत उसकी सर्व धर्म समभाव की परंपरा है : मौलाना सईदूर रहमान

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**कैथल।** सिरटा रोड स्थित मदनी मदरसा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मदरसा संचालक मौलाना मोहम्मद सईदूर रहमान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने एवं सलामी देने के साथ हुई। लहराता हुआ तिरंगा देश की एकता, अखंडता और शौर्य का प्रतीक बनकर पूरे परिसर में गौरव का अहसास करा रहा था। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को नमन किया और देशभक्ति गीतों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने तिरंगे, संविधान और भारत की सांस्कृतिक विविधता को अपने चित्रों में उकेरते हुए सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में आईशा अमीर ने प्रथम, सबीरा ने द्वितीय तथा हासिम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया तथा सभी बच्चों को प्रेरणादायक पुस्तकें वितरित की गई, जिससे बच्चों में शिक्षा और देशभक्ति के प्रति उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मौलाना सहित अन्य वक्ताओं ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भाईचारे का अधिकार देता है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भारत की असली ताकत उसकी सर्व धर्म समभाव की परंपरा है, जहां हर धर्म, हर वर्ग और हर समुदाय मिलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। मदनी मदरसा में मनाया गया यह गणतंत्र दिवस कार्यक्रम सर्व धर्म संगम की भावना को सशक्त रूप से दर्शाता नजर आया। कार्यक्रम में डॉ. जमील, बिलाल, केसर अंसारी, शमशाद, असलम खान, अजहरूद्दीन, इरफान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पंवार के विमान दुर्घटना में निधन पर मनोज चहल ने जताया शोक

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय महासचिव ने बताया महाराष्ट्र के साथ देश के लिए अपूरणीय क्षति

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**कैथल।** एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार को ले जा रहा एक विमान बुधवार सुबह महाराष्ट्र के बारामती में लैंडिंग की कोशिश करते वक्त क्रैश हो गया।

इस हादसे में अजित पवार का निधन हो गया। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा पीडब्ल्यूडी गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट ने अजीत पंवार की दुर्घटना में निधन पर शोक व्यक्त किया। हादसे में अजित पवार सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि अजित पवार चुनाव प्रचार के लिए बारामती जा रहे थे, हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि विमान ने क्रैश लैंडिंग की या कोई तकनीकी खराबी चलते ये हादसा हुआ है। घटना के बाद प्राइवेट चार्टर विमान पूरी तरह से जल गया है।

उप मुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजसेवी मनोज चहल कोटड़ा ने इसे महाराष्ट्र के साथ देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने एक गतिशील और निर्णायक नेतृत्वकर्ता को खो दिया है। चहल ने कहा कि अजित दादा ने महाराष्ट्र और देश के विकास में अपना बड़ा योगदान दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने हमेशा आगे बढ़कर काम किया। मनोज चहल ने अजित पवार के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## भगवान का नाम लेने से पापी व्यक्ति को भी मिल जाता है मोक्ष : कथा व्यास महेश माधव शास्त्री

कडाके की ठंड के बावजूद श्रीमद भागवत कथा की ज्ञान गंगा में डूबे रहे श्रद्धालु

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** बघौला के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रागंण में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के चौथे दिन व्यास महेश माधव शास्त्री जी ने अजामिल मुक्ति, भक्त प्रह्लाद की रक्षा, और भगवान नरसिंह द्वारा हिरण्यकशिपु वध की कथा सुनाई। कडाके की ठंड के बावजूद श्रोतागण ज्ञान की गंगा में डूबे रहे।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर इस सुंदर कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की खास बात यह भी है कि जो भी इस दौरान कथा में दान आ रहा है, वह सभी मंदिर में दिया जा रहा है।

व्यास श्री महेश माधव शास्त्री ने अजामिल मुक्ति की कथा सुनाते हुए कहा कि मृत्यु के समय भगवान का नाम (नारायण) लेने से पापी व्यक्ति को भी मोक्ष मिल सकता है। पापों में लिप्त अजामिल ने अंत समय में अपने पुत्र नारायण को पुकारा, जिससे विष्णुदूतों ने यमदूतों से उसकी आत्मा को बचाकर उसे वैकुंठ धाम पहुँचाया, जो नाम जप की शक्ति और भगवान की क्षमाशीलता को सिद्ध करता है। नरसिंह अवतार यह सिखाता है कि जब-जब भक्त पर विपत्ति आती है, भगवान किसी न किसी रूप में रक्षा के लिए अवश्य आते हैं। यह शक्ति, अडिग विश्वास और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। व्यास जी ने कथा के दौरान श्रोताओं को बुजुर्गो का सम्मान देने का संदेश दिया।

कहा कि हमें बच्चों को खिलौना नहीं, अपितु शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत है। बुजुर्गो को प्रणाम करके उनका आर्शीवाद लेना चाहिए। इसी तरह जीवन को सफल बनाने के लिए पुत्र को पिता के, शिष्य को गुरू के, सेवक को स्वामी के और पत्नी को पति के अवश्य पैर छूने चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने संगीतमई भजनों से श्रोताओं को ज्ञान की गंगा में डुबाए रखा।

## मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 28 जनवरी।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने आज सुखीजा डायग्नोस्टिक सेंटर, रोहतक में अपनी ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. अनादी पचौरी और हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी, विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. अमृता रामास्वामी की मौजूदगी में किया गया।

डॉ. अनादी पचौरी हर महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को दोपहर 12ः00 बजे से 2ः00 बजे तक, जबकि डॉ. अमृता रामास्वामी हर महीने के पहले और तीसरे बुधवार को दोपहर 2ः00 बजे से 4ः00 बजे तक सुखीजा डायग्नोस्टिक सेंटर, रोहतक में उपलब्ध रहेंगी। यहां मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो-अप की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. अनादी पचौरी, ने कहा, ÷कैंसर के सफल इलाज में शुरुआती पहचान सबसे अहम भूमिका निभाती है, जिससे बेहतर परिणामों के साथ मरीजों की रिकवरी संभव हो पाती है। इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी आधुनिक तकनीकों ने ?कॉम्प्लेक्स कैंसर मामलों में भी नई उम्मीद जगाई है। चेतावनी संकेतों को समय रहते पहचानना और प्रिवेंटिव उपाय अपनाना सर्वाइवल और क्वालिटी ऑफ लाइफ को काफी बेहतर बनाता है। रोहतक में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत से स्थानीय हेल्थकेयर सेवाओं को मजबूती मिलेगी और अब आसपास के लोगों को प्राइमरी कंसल्टेशन या फॉलो-अप के लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी, विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. अमृता रामास्वामी, ने कहा, ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर में समय पर पहचान बेहद जरूरी होती है।

लगातार थकान, नाइट स्वेट्स, बिना कारण बुखार या ब्लड टेस्ट में असामान्य बदलाव जैसे लक्षण गंभीर बीमारी की ओर इशारा कर सकते हैं। टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, कार-टी सेल थेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी एडवांस्ड ट्रीटमेंट्स के जरिए अब मरीजों को नई उम्मीद और दीर्घकालिक रिकवरी संभव हो पा रही है।÷मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग क्षेत्र में वर्ल्ड-क्लास कैंसर केयर की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इनोवेटिव व हाई-क्वालिटी मेडिकल सॉल्यूशंस के जरिए लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# दो सगी बहनों विधिका व रिद्धिका ने जीते दो गोल्ड

जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित खेल प्रतियोगिता में गोल्ड बटोर प्रदेश का नाम किया रोशन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ





**फरीदाबाद।** जम्मू यूनिवर्सिटी के प्रागंण में चार दिवसयीय नॉर्थ जोन अस्मिता किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में फरीदाबाद की अंतरराष्ट्रीय खिलाडी सगी दो बहनों विधिका कौशिक व रिद्धिमा कौशिक ने एक बार फिर गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों बहनों ने लाइट किक बॉक्सिंग में दूसरे खिलाडी को हराकर गोल्ड मेडल जीते। अब ये दोनों बहनें तमिलनाडु के चैन्नई में 26 से 29 मार्च को नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। अब तक ये दोनों बहनें तक 50 से अधिक गोल्ड मेडल जीत चुकी है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय की ओर से महिलाओं के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें जोनल लेवल पर नार्थ जोन के 8 राज्यों से 600 महिला खिलाडियों ने भाग लिया। नार्थ जोन अस्मिता खेलों इंडिया किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता महिलाओं को आगे लाने के लिए यह प्रतियोगिता बहुत खास रही है। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता खिलाडियों के खाते में भारत सरकार की ओर से 11 लाख 66 हजार रूपये उसके खाते में भेजा जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश भर से 100 से ज्यादा ऐसे भी खिलाडियों ने भाग लिया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीते हैं।

फरीदाबाद के सेक्टर 19 स्थित डीपीएस स्कूल की ये दोनों छात्रा खेलों में लगातार गोल्ड मेडल बटोर रही हैं। ड्रैगन मार्शल लॉ एकेडमी के कोच दिव्या व संतोष थापा ने अन्य खिलाडियों के साथ दोनों बहनों का फूल मालाओं से स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गोल्ड बटोरने के बाद फरीदाबाद पहुंचने पर दोनों सगी बहनों का एक बार फिर से भव्य स्वागत किया जाएगा। दोनों बहनों की उम्र भले ही अभी कम है, लेकिन इन्होने किक बॉक्सिंग में जो महारथ हासिल की है, वह वाकई काबिलेतारिफ है। अब तक ये दोनों बहनें 50 से अधिक गोल्ड मेडल बटोर चुकी है। कोच संतोष थापा ने बताया कि पिछले 10 साल से ड्रैगन मार्शल आर्ट ऐकेडमी में ट्रैनिंग कर रही है। शुरूआत में रिद्धिमा कौशिक ने फिटनैस व सेल्फ डिफेंस के उद्देश्य से ट्रैनिंग की गई थी, लेकिन आज वर्ल्ड स्तर की इंटरनेशनल खिलाडी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। दोनों बेटियों के गोल्ड मेडल जीतने पर प्रसन्नता जहिर करते हुए व्यवसायी पिता सुरेंद्र कौशिक व माता रितु कौशिक ने बताया कि उनकी बेटी आए दिन खेलों में देश व प्रदेश को गौरन्वित कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर व पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

जम्मू (एजेंसी)। लगातार हो रही बर्फबारी के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद हो गया। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार बर्फबारी से मंगलवार रात हिमस्खलन आया। एवलांच (हिमस्खलन) में फिलहाल किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। कई होटलों को नुकसान पहुंचा है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर और अन्य पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी जारी है। इसके देखते हुए मौसम विभाग ने एवलांच का अलर्ट जारी किया था। जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गंदरबल, अनंतनाग, बांदीपोरा, बारामूला, कुलगाम और कुपवाड़ा समेत कश्मीर के 11 जिलों और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी और रामबन के लिए हिमस्खलन की चेतावनी दी थी। मंगलवार को भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद रहा। इसके साथ श्रीनगर एयरपोर्ट पर सभी फ्लाइट्स रद्द होने से लोग परेशान हुए। इमरजेंसी सेवाओं और सशस्त्र बलों की आवाजाही में भी इससे रुकावट आई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और सड़क साफ करने का अभियान जारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर आने और जाने वाली 29-29 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बर्फबारी के कारण रनवे ऑपरेशन के लिए असुरक्षित हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि काजीगुंड और बनिहाल के बीच बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया था। बर्फ हटाने का काम जारी रहने के बावजूद हाईवे पर ट्रैफिक संचालन की अनुमति नहीं दी जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। बनिहाल और बडगाम के बीच कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं। ट्रैक साफ होने के कुछ घंटों बाद ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए। जिला प्रशासन और पुलिस ने जनता की मदद के लिए कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए हैं। मौसम विभाग ने अधिकांश जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी और कुछ इलाकों में गरज या तेज हवाएं चल सकती हैं। बुधवार को भी हल्की बारिश हो सकती है।

## गुरुग्राम में कई बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने का आया मेल, मचा हड़कंप, बच्चों को बाहर निकाला

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम के बड़े और नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर स्कूलों में सर्च अभियान चलाया गया और बच्चों को बाहर निकाला। गुरुग्राम में जिन बड़े स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें कुंसकपालन स्कूल, लैंसर्स स्कूल और हेरिटेज एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल और बादशाहपुर पाथवेस स्कूल, शालोम हिल्स स्कूल, शेरवुड कान्वेंट स्कूलों को बम धमकी वाला ईमेल मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए। एसडीआरएफ की टीम भी सहायता के लिए बुलाई गई। जांच कार्य में जुटी गुरुग्राम पुलिस सभी स्कूलों तलाशी अभियान चलाया। लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन स्थिति पर प्रशासन की कड़ी नजर रखो हुए है। छात्रों-स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। पुलिस की तरफ से जांच जारी है। बता दें बुधवार सुबह 7 बजे कुंसकपालन स्कूल गुरुग्राम में बम की धमकी भरी मेल मिले, जिसमें लिखा था कि हरियाणा खालिस्तान है, गुरुग्राम स्कूल में दोपहर 1.11 बजे बम धमाका होगा। इसी प्रकार से लांसर इंटरनेशनल स्कूल सैक्टर 53 गुरूग्राम, शेरवुड स्कूल डीएलएफ फेस-2 गुरूग्राम अमेरिकन स्कूल डीएलएफ फेस-2 गुरूग्राम, लॉटस वैली स्कूल सैक्टर 50 गुरुग्राम, श्रीराम स्कूल सैक्टर 29 गुरूग्राम, स्कोटिस स्कूल सैक्टर 57 गुरूग्राम बम से उडाने की धमकी भरी मेल मिली है। ज्यादातर स्कलों में एम्बर डरहम से मेल आई है, जबकि कुछ स्कूलों में नॉवेल्ला से मेल मिली है। सभी मेल में कैंटेंट सेम है जिन-जिन स्कूलों में मेल आई। सभी स्कलों की छुटटी कर दी गई।

## पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर घुस रहे दो बदमाश पकड़े, सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई

पटना (एजेंसी)। पटना सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार सुबह हथियार लेकर घुसने की कोशिश करने वाले दो युवकों में से एक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा, जबकि दूसरा फरार हो गया है। घटना से कोर्ट परिसर में सनसनी फैल गई और अधिवक्ताओं में डर का माहौल बन गया। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और पकड़े गए आरोपी पीयूष (हाजीपुर निवासी) से पूछताछ कर रही है। पुलिस फिलहाल दूसरे फरार आरोपी की तलाश में लगी हुई है। पुलिस ने बताया कि सुबह 11 बजे गेट पर दो युवकों की चेकिंग के दौरान संदेह होने पर एक को पकड़ा गया। वरीय अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। दोनों युवकों के उद्देश्य और टारगेट का पता लगाया जा रहा है। वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की खोज में लगी हुई है। पटना सिविल कोर्ट के वकील ऋषिकेश नारायण सिंहा ने कहा कि यह सुरक्षा की बड़ी चूक है। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता की सराहना कर कहा कि अगर वे नहीं होते, तब गंभीर हादसा हो सकता था। वकील ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस घटना ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की कमियों को उजागर किया है और सभी की चिंता बढ़ा दी है।

## तेलंगाना में साइबर अपराध से जुड़े केरल-बेंगलुरु के छह आरोपी गिरफ्तार

**-कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को जालसाजों को कराए उपलब्ध**

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो ने केरल और बेंगलुरु के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने कहा है कि आरोपियों में पांच ऐसे 'म्यूल' खाताधारक शामिल हैं जिन्होंने कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को मुख्य जालसाजों को इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध कराया है। इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधों के जरिए मिले धन के लेन-देन में किया गया, जबकि इसमें एक एजेंट भी शामिल है। बता दें 'म्यूल' खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं। तेलंगाना में दर्ज तीन मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो मुख्य जालसाजों द्वारा किए गए 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी और ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी से संबंधित थे। टीजीसीएसबी की निदेशक ने बताया कि दो टीम ने छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें से तीन केरल के और तीन बेंगलुरु से हैं।

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**-रिपोर्ट को बताया 'आई-वॉश', स्वतंत्र जांच आयोग गठन करने का दिया आदेश**

**इंदौर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट ने शासन और नगर निगम की रिपोर्ट को 'आई-वॉश' करार दिया है। कोर्ट ने माना कि यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है और स्वच्छ पेयजल का अधिकार जीवन के अधिकार का हिस्सा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्वतंत्र जांच आयोग के गठन का आदेश दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को भागीरथपुरा में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे अब तक मरने वालों की संख्या 29 हो गई है। मृतक खूबचंद (63) पिछले 15 दिनों से उल्टी-दस्त से पीड़ित थे। परिजनों के मुताबिक वे पहले स्वस्थ थे और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। भागीरथपुरा मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई की। शासन की ओर से कोर्ट में 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें 16 मौतें




दूषित पानी से होनी बताई गई। वहीं 4 मौतों को लेकर असमंजस और 3 मौतें दूषित पानी से नहीं होना बताया।

रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट ने मौतों के आंकड़ों को लेकर गंभीर असहमति दर्ज की। जहां सरकारी रिपोर्ट में 16 मौतें जलजनित बीमारी से मानी गईं, वहीं याचिकाकर्ताओं ने करीब 30 मौतों का दावा किया। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में मौतों के स्पष्ट कारण दर्ज नहीं हैं और पर्याप्त वैज्ञानिक व दस्तावेजी आधार का अभाव है। कोर्ट ने आदेश दिया कि भागीरथपुरा में दैनिक जल गुणवत्ता जांच और नियमित स्वास्थ्य शिविर लगातार जारी रखे जाएं। जांच आयोग को चार सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट सौंपनी होगी। मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी।

न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने रिपोर्ट में प्रयुक्त 'वर्बल ऑटॉप्सी' शब्द पर भी आपत्ति जताई और पूछा कि यह कोई मान्य मेडिकल शब्द है या अधिकारियों द्वारा गढ़ा गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पेश की गई रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और इसे केवल 'आई-वॉश' माना जा सकता है।

## यूजीसी के नए नियमों पर एकमत नहीं है पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का परिवार

लखनऊ (एजेंसी)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशंस 2026 को लेकर भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके दो बेटों के बीच विचार एकमत नहीं है। इस मुद्दे पर जहां पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि इस पर अध्ययन के बाद सोच समझकर अपनी राय रखेंगे क्योंकि ये बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने कहा कि वह इसका अध्ययन कर रहे हैं और जो भी बोलेंगे बहुत सोच विचार करके ही बोलेंगे। बता दें कि यूजीसी के नए नियमों को लेकर इस समय देश और प्रदेश के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को भी लखनऊ गोरखपुर, बस्ती सहित कई जिलों में छात्रों-युवाओं ने प्रदर्शन किए। विरोध-प्रदर्शनों के इस माहौल में लोग जनप्रतिनिधियों से उनका स्टैंड पूछ रहे हैं। इसी क्रम में बृजभूषण शरण सिंह से भी इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने अध्ययन करने की बात कहकर जवाब को टाल दिया। वहीं, इस मुद्दे पर उनके परिवार में ही दो तरह की स्थिति देखने को मिली है। एक ओर यूजीसी के नियमों में




किए गए बदलाव वाली 31 सदस्यीय संसदीय समिति का हिस्सा ब्रजभूषण के सांसद बेटे करण भूषण सिंह थे। वहीं उनके विधायक पुत्र प्रतीक भूषण सिंह ने इस नियम को लेकर इसके उलट प्रतिक्रिया दी है। प्रतीक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि इतिहास के दोहरे मापदंडों पर अब गहन विवेचना होनी चाहिए जहां बाहरी आक्रांताओं और उपनिवेशी ताकतों के भीषण अत्याचारों को अतीत की बात कहकर भुला दिया जाता है जबकि भारतीय समाज के एक वर्ग को निरंतर ऐतिहासिक अपराधी के रूप में चिन्हित कर वर्तमान में प्रतिशोध का निशाना बनाया जा रहा है। बता दें कि प्रतीक भूषण सिंह गोंडा की सदर सीट से विधायक हैं। उनका पक्ष सामने आने के बाद इस पर लोगों की अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। उधर, यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवाल पूछे जाने पर विधायक प्रतीक भूषण के पिता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि यूजीसी एक बड़ा और गंभीर विषय है। मैं इसका अध्ययन कर रहा हूं। जो कुछ भी बोलूंगा सोच-समझकर बोलूंगा। यह समाज से जुड़ा मुद्दा है। सामंजस्य निकलना जरूरी है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा शुरुआत है एक ऐतिहासिक सफर की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक की यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नए और ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं और भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा, शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचना एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत है। आने वाले वर्षों में भारत अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और युवा प्रतिभाओं की मेहनत और संकल्प का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि अब अंतरिक्ष केवल अनुसंधान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष पर्यटन भी धीरे-धीरे भारतीयों



की पहुंच में आता जा रहा है। राष्ट्रपति के इस बयान को भारत के उभरते अंतरिक्ष उद्योग और निजी क्षेत्र की भागीदारी के संदर्भ में अहम माना जा रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने गगनयान मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश पूरे उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ इस महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन पर कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि गगनयान मिशन भारत को अंतरिक्ष में मानव भेजने वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल करेगा। इस दौरान लोकसभा कक्ष में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई सांसदों और नेताओं ने मेजें थपथपाकर राष्ट्रपति के संबोधन का स्वागत किया।

# ममता ने इतने साल शासन के बाद भी युवाओं के लिए कुछ भी नहीं किया: अग्निमित्रा पॉल

**दुर्गापुर (एजेंसी)।** बंगाल से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतने सालों के शासनकाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज तक जनता के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2008 में जब टाटा का नैनो प्रोजेक्ट बंगाल के सिंगूर में आया था, तब उस कंपनी को वापस भेज दिया था। तब ममता बनर्जी ने कहा था कि हम प्रदेश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार दूंगी। लेकिन, इतने सालों के शासनकाल में उनकी सरकार ने युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा विधायक ने कहा कि इन लोगों ने सत्ता में रहते हुए युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन, इतने सालों के शासनकाल में इन लोगों ने आज तक किसी भी युवा को रोजगार देने का



फैसला नहीं किया। अगर दिया होता, आज की तारीख में युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ता। ममता बनर्जी ने सिर्फ प्रदेश के लोगों के साथ छलावा किया है।

उन्होंने कहा कि ममता ने लगातार प्रदेश में निवेश से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में दावा किया गया है कि हम प्रदेश में निवेश को लाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे है। लेकिन, आज तक प्रदेश में किसी भी प्रकार के निवेश को नहीं लाया गया। लेकिन, स्थिति ऐसी बनी हुई है कि युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की शरण लेनी पड़ रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस दिशा में पूरी तरह से उदासीन बनी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी हमारे बंगाल में आए। उन्होंने हमसे वादा किया है कि आगामी दिनों में पश्चिम बंगाल को उत्पादन का केंद्र बनाया जाएगा। इससे अन्य लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारे राज्य में प्रचुर मात्रा में संसाधन है, जिनका इस्तेमाल किया जाएगा। लेकिन, अफसोस की बात है कि ममता बनर्जी को प्रदेश की जनता ने मौका दिया। आज तक उन्होंने प्रदेश की जनता के हित के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

## जयपुर- पैसेंजर्स से भरे एयर इंडिया प्लेन की लैंडिंग फेल, रनवे को टच कर फिर उड़ा, फ्लाइट में थे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जयपुर। दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग फेल होने से दहशत फैल गई। बुधवार दोपहर को विमान रनवे को टच करते ही वापस उड़ गया। जानकारी के अनुसार फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी थे। हालांकि, करीब 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहले भी लैंडिंग फेल होने की घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, फ्लाइट एआई-1719 ने दोपहर करीब 1 बजकर 5 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया था। इस दौरान पायलट ने रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। अस्थिर अप्रोच के कारण पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गो-अराउंड का फैसला लिया। पहले प्रयास के बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर कुछ देर तक गोल चक्कर लगाया। करीब 10 मिनट बाद पायलट ने सफल लैंडिंग की। इस फ्लाइट में 135 पैसेंजर्स थे। सूत्रों के मुताबिक, इस फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे।

# ब्राह्मण समाज को एकजुट करने में जुटे थे अग्निहोत्री, अब इंटेलिजेंस पर उठे सवाल

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रहे अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा इन दिनों देशव्यापी चर्चा का केंद्र बना हुआ है। प्रशासनिक पद पर रहते हुए समाज सेवा और एक विशिष्ट वर्ग को संगठित करने की उनकी गतिविधियों ने शासन से लेकर आम जनता तक सबको हैरान कर दिया है। बताया जा रहा है कि अलंकार अग्निहोत्री काफी समय से ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के मिशन पर काम कर रहे थे, जिसकी भनक स्थानीय प्रशासन और खुफिया विभाग को अंत तक नहीं लग सकी।

सूत्रों के अनुसार, बरेली में तैनाती के दौरान ही उन्होंने ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए सक्रियता बढ़ा दी थी। चौंकाने वाली बात यह है कि सिटी मजिस्ट्रेट जैसे संवेदनशील पद पर रहते हुए वे अपने कार्यालय में ही समाज से जुड़े नेताओं और युवाओं के साथ नियमित बैठकें करते थे। इन चर्चाओं में ब्राह्मण समाज की मजबूती और संगठन विस्तार को लेकर रणनीति



बनाई जाती थी। प्रशासनिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि कई अन्य ब्राह्मण अधिकारी भी उनके निरंतर संपर्क में थे। समाज को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिए उन्होंने कई व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए थे। हाल ही में मालवीय जयंती पर जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के बाद समाज में उनकी लोकप्रियता चरम पर पहुंच गई और उन्हें एक नई पहचान मिलने लगी।

इस्तीफे की पटकथा अचानक नहीं लिखी गई। जानकारी के मुताबिक, अग्निहोत्री ने करीब पांच महीने पहले ही अपने करीबियों के बीच पद छोड़ने की इच्छा जताई थी। दिसंबर में भी इस पर विमर्श हुआ, लेकिन अंततः उन्होंने 26 जनवरी का दिन अपने त्यागपत्र के लिए चुना। इस पूरे मामले ने उत्तर प्रदेश के खुफिया तंत्र यानी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी अपने कार्यालय का उपयोग सामाजिक बैठकों के लिए करता रहा, लेकिन एलआईयू को इसकी जानकारी नहीं हुई, इसे बड़ी विफलता माना जा रहा है। अब शासन स्तर पर इस इंटेलिजेंस फेल्योर की समीक्षा की जा रही है और माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर बड़ी गाज गिर सकती है। अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब देश में आरक्षण और यूजीसी के नियमों को लेकर नई बहस छिड़ी हुई है। डैमेज कंट्रोल न हो पाने और इस पूरी प्रक्रिया के दौरान खुफिया इनपुट की कमी ने सरकार के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर दी है।

# मायावती ने जातिवादी मानसिकता वालों को दी नसीहत, सरकार को भी घेरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव को समाप्त करने के लिए बनाए गए नए नियमों का समर्थन किया है। उन्होंने इक्विटी कमेटी (समता समिति) के गठन का विरोध



करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे संकीर्ण मानसिकता का परिचायक बताया है। मायावती ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव के निराकरण हेतु यूजीसी द्वारा लाए गए नए नियमों का कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य वर्ग के केवल वे ही लोग इसका विरोध कर रहे हैं जो जातिवादी मानसिकता से ग्रसित हैं और इसे अपने विरुद्ध एक षड्यंत्र मान रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।

हालांकि, बसपा सुप्रीमो ने सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील नियमों को लागू करने से पहले यदि सभी पक्षों को विश्वास में लिया जाता, तो देश में सामाजिक तनाव की स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने सरकारों और संस्थानों को सलाह दी कि भविष्य में इस तरह के कदम उठाते समय सामाजिक सामंजस्य का ध्यान रखा जाना चाहिए। मायावती ने दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों व नागरिकों को भी सतर्क रहने की नसीहत दी। उन्होंने अपील की कि इन वर्गों के लोगों को अपने ही समाज के स्वार्थी और बिकाऊ नेताओं के भड़काऊ बयानों में नहीं आना चाहिए, जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे मुद्दों का सहारा लेते हैं। गौरतलब है कि यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को नए दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके तहत एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियों, हेल्पलाइन और निगरानी दलों की स्थापना अनिवार्य कर दी गई है। इन नियमों को लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं।


# चारधाम कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, यहां केवल हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन को ही मिलेगी एंट्री

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध चारधामों—बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मंदिर समितियों ने अपनी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) और गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से कहा गया है कि इन पवित्र धामों में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जो सनातन परंपरा और देवी-देवताओं में अटूट आस्था रखते हैं। इस निर्णय के तहत हिंदुओं के साथ-साथ सिख, जैन और बौद्ध धर्मावलंबियों को भी दर्शन की अनुमति होगी।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने इस फैसले को स्पष्ट करते हुए कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम कोई पिकनिक स्पॉट या सामान्य पर्यटन स्थल नहीं हैं। ये सनातन परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक केंद्र हैं, जिनकी अपनी एक गरिमा और मर्यादा है। उन्होंने संवैधानिक तर्कों का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत सिख, जैन और बौद्ध धर्म को सनातन परंपरा का अभिन्न अंग माना गया है। वहीं, अनुच्छेद 26 धार्मिक संस्थाओं को अपनी परंपराओं, पूजा-पद्धति और अनुशासन की रक्षा करने का पूर्ण अधिकार प्रदान करता है। द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, अनुशासन और धामों की शुद्धता को संरक्षित करने के लिए लिया गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए हजारों अन्य स्थल खुले हैं, लेकिन धामों की मूल धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक स्वरूप से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिरों में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पहले से ही प्रतिबंधित रहा है; यह कोई नया नियम नहीं बल्कि सदियों पुरानी परंपरा का औपचारिक ऐलान मात्र है। जिस तरह मस्जिद और चर्च के अपने नियम और संस्कार होते हैं, उसी तरह हिंदू मंदिरों को भी अपनी पवित्रता तय करने का अधिकार है। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने भी इसी सुर में अपनी बात रखते हुए कहा कि जो लोग हिंदू धर्म का सम्मान करते हैं और सनातन संस्कृति में विश्वास रखते हैं, उनका स्वागत है। विशेष रूप से सिख समाज के लोग जो हमेशा से हिंदू परंपराओं के करीब रहे हैं, वे दर्शन के लिए आ सकते हैं। वर्तमान में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समितियों ने गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी औपचारिक प्रस्ताव भी पारित कर दिया है। इस निर्णय का उत्तराखंड की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और पुरोहित समाज ने स्वागत किया है। श्री केदार सभा और श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत सहित तमाम सनातन धर्मावलंबियों ने इसे धर्म की रक्षा के लिए लिया गया एक ऐतिहासिक कदम बताया है। स्थानीय तीर्थ पुरोहितों का मानना है कि धामों की दीक्षा और संप्रदाय आधारित व्यवस्था को बनाए रखना ही देवभूमि की असली पहचान है।

### वक्फ बोर्ड ने फैसले का किया स्वागत

इस संवेदनशील मुद्दे पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी मंदिर समितियों के फैसले का स्वागत करते हुए पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने दो टूक कहा कि जिनकी देवी-देवताओं पर आस्था ही नहीं है, उनका चारधाम में आखिर क्या काम? शम्स ने कहा कि वर्तमान समय में



सनातन संस्कृति पर वैश्विक स्तर पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे में इसे संरक्षित करने के लिए कड़े कदम उठाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री आस्था के केंद्र हैं, पर्यटन के केंद्र नहीं।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपय 26 पैसे की गिरावट के साथ ही 91.94 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में 11 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.57 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में गिरावट और भारत-यूरोपीय संघ के ऐतिहासिक व्यापार समझौते से रुपये को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक समझौता होने से मिली राहत के कारण रुपया मजबूती के साथ खुला। अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.60 पर खुला। फिर कुछ बढ़त हासिल करते हुए 91.57 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए 22 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.68 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 96.09 पर रहा।

## भारत विमानन क्षेत्र में वैश्विक साझेदार बनने की राह पर: के. राममोहन नायडू

**घरेलू मांग पूरा करने देश में विमानन विनिर्माण परिवेश और मजबूत करने की जरूरत**



**हैदराबाद** केंद्रीय विमानन उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत विमानन कलपुर्जों और अन्य उत्पादों का वैश्विक निर्यातक बनने की दिशा में कदम उठा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि घरेलू मांग को पूरा करने के लिए देश में विमानन विनिर्माण परिवेश को और मजबूत करने की आवश्यकता है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में शामिल है। घरेलू विमानन कंपनियों ने 1,500 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं, जिससे देश में विमानन क्षेत्र की विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने बताया कि अदाणी समूह और ब्राजील की एम्ब्रेयर कंपनी भारत में क्षेत्रीय परिवहन विमान विनिर्माण इकाई स्थापित करेंगी। इसके अलावा एचएएल रूस की एक इकाई के साथ मिलकर यात्री विमान बनाने के प्रयास कर रही है। बोइंग और एयरबस भारत से हर साल 2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के कलपुर्जे और सेवाएं प्राप्त कर रही हैं। नायडू ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर चार दिवसीय विमानन शिखर सम्मेलन 'विंग्स इंडिया 2026' में प्रदर्शनी स्टैंड का उद्घाटन किया।

## बीपीसीएल 10 वर्ष में एलएनजी की आपू र्ति बढ़ाएगी

**नई दिल्ली** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) अगले 10 वर्षों (2026-2035) में द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बढ़ाने की योजना बना रही है। अधिकारियों के अनुसार कंपनी वर्ष 2026-2029 के लिए प्रति वर्ष चार शिपलोड और 2030-2035 के लिए प्रति वर्ष आठ शिपलोड एलएनजी प्राप्त करना चाहती है। बीपीसीएल ने पिछले साल अबू धाबी की एडीएनओसी गैस के साथ पांच साल का समझौता किया है, जिसके तहत अप्रैल 2025 से कुल 25 लाख टन एलएनजी (40 शिपलोड) मिलने हैं। शुरुआती आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ेगी। कंपनी नए एलएनजी सौदों में मूल्य विभिन्न सूचकांकों के आधार पर तय करेगी।

## एस्सार भारत में 100 वैकल्पिक ईंधन एवं चार्जिंग केंद्र स्थापित करेगी

**नई दिल्ली** एस्सार ग्रीन मोबिलिटी ने देशभर में 100 वैकल्पिक ईंधन और चार्जिंग केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत 30,000 एलएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रक तैनात किए जाएंगे। इस विस्तार से माल ढुलाई से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में सालाना लगभग 10 लाख टन की कमी आने की उम्मीद है। यह पहल लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को कार्बन मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। एस्सार ने वाहन निर्माण, बेड़ा संचालन और ईंधन भरने के बुनियादी ढांचे को एकीकृत किया है। इससे वाहनों की निरंतर आपूर्ति, ईंधन की उपलब्धता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित होगी।

# तेजस नेटवर्क्स के शेयर में आई तूफानी तेजी, 324 रुपए पर पहुंचा

**मुंबई**

टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स के शेयर बुधवार को बीएसई में 9 फीसदी बढ़कर 324 रुपये पर पहुंच गए। यह तेजी पिछले एक महीने की गिरावट के बाद आई है, जिसमें शेयर 28 फीसदी से अधिक लुढ़क चुके थे। पिछले तीन महीनों में शेयर लगभग 40 फीसदी टूट चुके हैं। हालांकि, कंपनी का शेयर अब भी अपने ऑल टाइम हाई 1495.10 रुपये (27 जून 2024) से लगभग 77 फीसदी नीचे है। 52 हफ्ते का हाई 948.05 रुपये और लो 294.10 रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में तेजस नेटवर्क्स को 196.55 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड घाटा हुआ, जबकि पिछले साल इसी अवधि में कंपनी को 165.67 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। तिमाही का रेवेन्यू 306.79 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 2642 करोड़ रुपये के मुकाबले लगभग 88 फीसदी कम है। चालू वित्त वर्ष के नौ महीनों में कुल घाटा 697.55 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है और रेवेन्यू में 89 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। भारी घाटा और गिरते रेवेन्यू ने शेयर में लगातार




बिकवाली को प्रेरित किया। अल्पकालिक तेजी तकनीकी सुधार के रूप में देखी जा सकती है, लेकिन लंबे समय में कंपनी की कमजोर फंडामेंटल्स निवेशकों की धारणा पर दबाव डाल रही हैं।

## मजबूत मांग से जस्ता की कीमतों में तेजी




**नई दिल्ली** हाजिर मांग में तेजी से वायदा कारोबार में जस्ता की कीमत बुधवार को 8.55 रुपये की बढ़त के साथ 332.95 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जस्ता के फरवरी में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 8.55 रुपये यानी 2.64 प्रतिशत बढ़कर 332.95 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 8,767 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की तेज मांग से प्रतिभागियों के अपने सौदों को बढ़ाया जिससे जस्ता कीमतों में तेजी आई।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई शहरों में बदलाव

**यूपी के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 2 पैसे, डीजल 3 पैसे प्र ति लीटर महंगा**




**नई दिल्ली** सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को सुबह 6 बजे देशभर में पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें लागू कीं। कीमतों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय तेल की दर, डॉलर-रुपया विनिमय, टैक्स और डीलर मार्जिन के आधार पर किया जाता है। ईरान संकट और खाड़ी देशों में तनाव के चलते ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 68 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 62.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। इसके परिणामस्वरूप पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी हुई। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में करीब 2 डॉलर प्रति बैरल की तेजी आई, जिससे सरकारी तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई। वर्तमान में ब्रेंट क्रूड का भाव लगभग 68 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई का भाव 62.49 डॉलर प्रति बैरल है। देश के अलग-अलग शहरों में ईंधन की कीमतें थोड़ी भिन्न हैं। यूपी के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 2 पैसे बढ़कर 94.90 रुपये लीटर और डीजल 3 पैसे बढ़कर 88.01 रुपये लीटर पर पहुंच गया। गाजियाबाद में पेट्रोल 17 पैसे बढ़कर 94.75 रुपये और डीजल 19 पैसे बढ़कर 87.86 रुपये पर बिक रहा है। वहीं, पटना में पेट्रोल 13 पैसे गिरकर 105.47 रुपये लीटर और डीजल 12 पैसे बढ़कर 91.71 रुपये लीटर हो गया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 487, निफ्टी 167 अंक ऊपर आया**

**मुम्बई**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्‍स 487.20 बढ़कर 82,344.68 पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 167.35 अंक ऊपर आकर 25,342.75 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौर शीर्ष 30 शेयरों में से केवल 8 शेयर ही नीचे आये। वहीं बचे हुए 22 शेयरों में बढ़त रही। आज बीईएल के शेयर सबसे ज्‍यादा 8.90 फीसदी बढ़कर 453 रुपये पर पहुंच गए। वहीं इटरनल के शेयर 5 फीसदी चढ़कर 266 रुपये पर आ गए। बजाज फाइनेंस, फिनसर्व, ट्रेंट और पावरग्रिड शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी ओर मारुति सुजुकी, सनफार्मा, इंफोसिस, एयरटेल के शेयर नीचे आये।

आज कारोबार के दौरान मिड और स्‍मॉलकैप शेयरों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 में 954 अंकों की बढ़त जबकि निफ्टी स्‍मालकैप 100 में 371 अंकों की तेजी रही। आज बाजार पूंजीकर 453.67 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 459.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जिससे करीब 6 लाख करोड़ का लाभ निवेशकों को हुआ है। बाजार जानकारों के अनुसार शेयर बाजार में तेजी का सबसे बड़ा कारण भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार करार रहा है जिससे निवेशकों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि इस समझौते से निर्यात आधारित सेक्टरों को आगे चलकर फायदा मिल सकता है।

इससे पहले आज सुबह बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स 81,892 अंक पर खुला और शुरुआती कारोबार में इसमें तेजी देखने को मिली। वहीं निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 25,258 अंक पर खुलने के बाद यह 181.40 अंक की बढ़त लेकर 25,356.80 पर ट्रेड कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला।

जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.43 प्रतिशत गिरा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.48 प्रतिशत चढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स लगभग सपाट रहा। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को भी मिश्रित कारोबार हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.41 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.91 फीसदी श्चचढ़ा। वहीं, डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 0.83 फीसदी गिर गया।

# पॉपुलर कार रेनाल्ट डास्टर की बुकिंग शुरु.........डिलीवरी मार्च 2026 से

**मुंबई**

भारतीय एसयूवी बाजार की पॉपुलर कार रेनाल्ट डास्टर अब 2026 मॉडल में नए अवतार में वापसी कर रही है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस एसयूवी की बुकिंग 26 जनवरी 2026 से शुरू हो चुकी है। प्री-बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को इंट्रोडक्टरी कीमत और प्राथमिकता के साथ डिलीवरी का फायदा मिलेगा। कंपनी के अनुसार, नॉन-हाइब्रिड वैरिएंट की डिलीवरी मार्च 2026 से शुरू होगी, जबकि हाइब्रिड मॉडल दिवाली 2026 के आस-पास आएगा। नई डास्टर का डिजाइन मस्क्युलर और बॉक्सी है, जो इस असली एसयूवी फील देता है। इसमें क्लैमशेल स्टाइल फ्लैट बोनट, आइब्रो शेप एलईडी डीआरएसआर, एलईडी हेडलैंप और फॉग लाइट्स, सामने बुल-बार स्टाइल सिल्वर स्किड प्लेट, बड़े 18-इंच अलॉय व्हील्स और 212एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस मिलता है। पैनोरमिक सनरूफ, इलेक्ट्रिक टेलगेट, 700 लीटर का विशाल बूट और अनपेंटेड बॉडी क्लैडिंग इस प्रीमियम और रग्ड लुक देते हैं। हिमालयन मॉटिफ वाला मेटल प्लाक, येलो कॉन्ट्रास्ट एलिमेंट्स और डास्टर ब्रांडिंग छोटे लेकिन खास टच हैं।



इंटीरियर में फ्यूचरिस्टिक डैशबोर्ड, ड्यूल स्क्रीन सेटअप, नया स्टीयरिंग व्हील, लेदरेट और वेंटिलेटेड सीट्स, 6-वे पावर एडजस्टेबल सीट्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, गूगल बिल्ट-इन और 360-डिग्री कैमरा शामिल हैं। एडीएएस सेफ्टी फीचर्स के साथ 12 अल्ट्रासोनिक सेंसर इसे सेगमेंट में सबसे सुरक्षित बनाते हैं। इंजन विकल्पों में 1.0रुटर्बो पेट्रोल (100 पीएस), 1.3रुटर्बो पेट्रोल (163 पीएस, 280 एनएम) और हाइब्रिड ई-टेक 160 1.8 एल इंजन शामिल हैं। हाइब्रिड में 1.4 किलोप्रतिघंटा बैटरी और 2 इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ 8-स्पीड डीएचटी गियरबॉक्स मिलता है।

## भारत-ईयू एफटीए से एल्कोहल सेक्टर में नए अवसर, घटेगा आयात शुल्क

**स्पिरिट और वाइन पर शुल्क 150 फीसदी से घटाकर 75 फीसदी किया जाएगा**



**नई दिल्ली** भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से एल्कोहलिक बेवरिज सेक्टर को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यूरोप से आयात होने वाली सभी स्पिरिट और वाइन पर शुल्क 150 फीसदी से घटाकर 75 फीसदी किया जाएगा। भविष्य में चरणबद्ध तरीके से स्पिरिट पर 40 फीसदी और वाइन पर 20 फीसदी शुल्क लाने का लक्ष्य है। इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) ने समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह दोनों बाजारों के बीच सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाएगा। इंडियन माल्ट व्हिस्की एसोसिएशन के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इसे ढांचागत बदलाव करार दिया, जो भारतीय प्रीमियम स्पिरिट्स को यूरोपीय बाजार में अवसर देगा। व्हिस्की अभी भी सबसे ज्यादा बिकती है, लेकिन ब्रांडी, कॉग्नेक और वाइन जैसे प्रीमियम ब्रांड्स अब भारतीय बाजार में आसानी से प्रवेश कर सकेंगे।

# वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें की जाएंगी शामिल

**16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के आधार पर आगामी बजट में वित्तीय आवंटन तय होगा**

**नई दिल्ली**

आगामी बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें शामिल होंगी जिसने पहले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग के अध्यक्ष नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया हैं। अन्य सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, सौम्या कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर हैं। आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे ने भी रिपोर्ट तैयार करने में भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी रिपोर्ट की प्रति दी गई है। 16वें वित्त आयोग को एक संवैधानिक निकाय के रूप में केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों का संतुलन बनाए रखना है। आयोग ने अपनी सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को ध्यान में रखते हुए तैयार की हैं। इसमें राज्यों को केंद्र के करों का वितरण, अनुदान सहायता, आपदा प्रबंधन और अन्य वित्तीय प्रावधानों की समीक्षा शामिल है। 15वें वित्त आयोग ने



राज्यों को केंद्र के विभाज्य करों का 41 प्रतिशत हिस्सा देने की सिफारिश की थी। इसमें भार का वितरण जनसंख्या, क्षेत्रफल, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन, वन आवरण और राजकोषीय प्रयासों के आधार पर किया गया था। 14वें आयोग ने राज्यों के हिस्से को 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया था। केंद्र और राज्यों, खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के बीच करों के वितरण को लेकर अक्सर विवाद रहा है।

# मोटोरोला एज 70 फ्यूजन के लांच से पहले लीक हुई तस्वीर लुक और फीचर्स दमदार

**मुंबई**

मोटोरोला अपने नए स्मार्टफोन मोटोरोला एज 70 फ्यूजन के लांच की तैयारी कर रही है और लांच से पहले ही फोन का लुक और फीचर्स लीक हुए हैं। लीक हुए फोटो में फोन का सिल्हाउट वेरिएंट (ब्लैक) और कंट्री एयर शेड्स दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा ब्लू, ओरिएंट ब्लू और स्पोर्टिंग ग्रीन कलर वेरिएंट भी लांच होगा। सभी कलर पैंटोन वैलिडेटेड हैं और प्रीमियम लुक देने के लिए डिज़ाइन किया है। रिपोर्ट के अनुसार फोन का बैक पैनल नायलॉन और लिनेन इंस्पायर्ड होगा। डिज़ाइन में ग्लॉसी ग्लास मॉड्यूल मिलेगा, जबकि सिल्हाउट वेरिएंट में चारों तरफ गोल्ड फ्रेम दिया जाएगा। फ्रंट में मिनिमल बेजल्स और सेल्फी कैमरे के लिए होल-पंच कटआउट मिलेगा। मोटोरोला एज 70 फ्यूजन में 6.78 इंच का क्वॉड-कर्व्ड एमलोयड डिस्प्ले होगा, जिसमें 1.5के रेज़ॉल्यूशन और 144एचजेड रिफ्रेश रेट का सपोर्ट मिलेगा। डिस्प्ले का पीक ब्राइटनेस 5200 निट्स तक हो सकता है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 50 मैगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा और 32 मैगापिक्सल का फ्रंट कैमरा शामिल है। फोन में स्पैनड्रैगन 7 एस जेन 3 प्रोसेसर, 8जीबी/12जीबी रैम और



256जीबी इंटरनल स्टोरेज के विकल्प मिल सकते हैं। बैटरी 7000एमएएच की होने की उम्मीद है और यह 68वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगी।

## 2026-27 के बजट को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से तैयार करने की जरूरत: रघुराम राजन



**सुधार और निवेश के माध्यम से ही भारत बन सकता है सुरक्षित और मजबूत**

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने बुधवार को कहा कि आगामी 2026-27 के केंद्रीय बजट को एक दीर्घकालिक और समग्र दृष्टिकोण के साथ तैयार किया जाना चाहिए ताकि भारत की अर्थव्यवस्था जुझारू, आत्मनिर्भर और तेज़ी से बढ़ने वाली बने। उन्होंने वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहद खतरनाक दौर बताते हुए कहा कि सुधार और निवेश के माध्यम से ही भारत सुरक्षित और मजबूत बन सकता है।

राजन ने कहा कि भारत में पहले पंचवर्षीय योजनाएं थीं, लेकिन बजट पूरी तरह से एकीकृत नहीं था। उनका मानना है कि बजट को केवल वार्षिक वित्तीय योजना नहीं बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि आंतरिक सुधारों को फिर से शुरू करने का यह सही समय है, ताकि विकास दर स्थिर और सतत बनी रहे। राजन ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश से सकारात्मक अवसर हैं, लेकिन अत्यधिक किसी विदेशी संस्थाओं पर निर्भरता खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने अमेरिका और अन्य देशों के साथ व्यापारिक तनाव के बीच भारत के लिए कुछ समय के लिए आत्मनिर्भरता और आत्मनिरीक्षण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत को चीन और पूर्वी एशियाई देशों के साथ सीमा विवाद और वैश्विक निर्भरता के मद्देनजर यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, पश्चिम एशिया और पूर्वी एशिया के साथ आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लानी होगी।

राजन ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत को चीन जैसी अत्यधिक तेज़ वृद्धि की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान समय में स्थिर और सतत वृद्धि अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को निवेश-अनुकूल नीतियों के माध्यम से आर्थिक विकास को और बढ़ावा देना चाहिए।

## सोने की कीमतों में उछाल के बीच ज्वेलरी बिक्री में मजबूती

**उपभोग-आधारित श्रेणियों ने भी मजबूत प्रदर्शन किया**

**नई दिल्ली**

सोने के दाम हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहे हैं, बावजूद इसके निवेशकों और खरीदारों का आकर्षण कम नहीं हुआ। एक सर्वे के अनुसार, दिसंबर 2025 में ज्वेलरी बिक्री 12 फीसदी बढ़ी जबकि कुल खुदरा बिक्री दिसंबर 2024 की तुलना में 10 फीसदी बढ़ी। यह त्योहारी सीजन और शादी की मांग की निरंतरता को दर्शाता है। दिसंबर में रिटेल वृद्धि पूरे देश में संतुलित रही। पश्चिमी क्षेत्र ने 14 फीसदी, दक्षिण ने 11 फीसदी, उत्तर ने 10 फीसदी और पूर्वी क्षेत्र ने 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। यह दर्शाता है कि मांग का विस्तार एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा। उपभोग-आधारित श्रेणियों ने मजबूत प्रदर्शन किया।

बढ़ी हुई सोने की कीमतों के बावजूद दिसंबर में ज्वेलरी में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो शादी से संबंधित मांग को इंगित करता है। यह ध्यान देने योग्य है कि पिछले दो महीनों में सोने की कीमतों में लगभग 30 फीसदी की वृद्धि हुई है, और कुल मिलाकर, खरीद में मात्रात्मक गिरावट आई है। इसके विपरीत, परिधान, सौंदर्य



और कल्याण, और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं और आईटी ने महीने के दौरान सिंगल-डिजिट में वृद्धि दर्ज की।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं और आईटी में केवल 3 फीसदी की वृद्धि हुई, जो स्थगित अपग्रेड चक्र और विवेकाधीन प्रौद्योगिकी खर्च के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। कपड़ों का सेगमेंट भी सिंगल-डिजिट में रहा, जो ज्यादा वैल्यू-कॉन्शियस कंज्यूमर माहौल और सभी सेगमेंट में प्राइसिंग स्ट्रक्चर के असर को दिखाता है। कपड़ों के लिए मौजूदा जीएसटी फ्रेमवर्क, जिसमें 2,500 रुपये प्रति पीस तक 5 फीसदी टैक्स रेट और इस लिमिट से ज्यादा पर ज्यादा टैक्स लगता है, प्राइसिंग स्ट्रैटेजी, असॉर्टमेंट प्लानिंग और खरीदारी के व्यवहार को प्रभावित कर रहा है, खासकर मिड-टू-प्रीमियम सेगमेंट में। इसने इस कैटेगरी में कीमतों के प्रति ज्यादा संवेदनशीलता और ज्यादा चुनिंदा खरीदारी के पैटर्न में योगदान दिया है।

# भारत जल्द ही वैश्विक शिपिंग लाइनों के लिए एक वैकल्पिक मेगा-हब प्रदान करेगा

रंजू ऐरी डडवाल/ बंदरगाह से अर्शप्रकाश के लिए विशेष

भारत जल्द ही वैश्विक शिपिंग लाइनों के लिए एक वैकल्पिक मेगा-हब प्रदान करेगा। यह सम्भव होगा महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई से 140 किलोमीटर उत्तर में स्थित प्रस्तावित नया बंदरगाह वधावन के निर्माण से। 76,220 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन वधावन के वर्ष 2034 में पूरा होने के बाद भारत की नौसेना और समुद्री शक्ति को मजबूती मिलेगी ।वधावन एक वाणिज्यिक बंदरगाह होने के साथ-साथ अपने विशाल आकार से रणनीतिक रुप से भी महत्वपूर्ण भी है।

इस बंदरगाह के आप्रेशनल होने के बाद भारत दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका का स्वाभाविक प्रवेश द्वार बन जायेगा । यह शिपिंग कंपनियों को चीन-मुक्त, स्थिर विकल्प भी प्रदान करेगा।

चीन के संदर्भ में वधावन पोर्ट भारत की आर्थिक शक्ति, समुद्री रणनीति और वैश्विक प्रभाव को मज़बूत करने वाला एक निर्णायक कदम है, जो बिना टकराव के चीन के प्रभाव को संतुलित करेगा।

वधावन बंदरगाह केवल एक आर्थिक परियोजना नहीं है, बल्कि चीन के बढ़ते समुद्री, व्यापारिक और रणनीतिक प्रभाव के संदर्भ में भारत के लिए बहुआयामी महत्व रखता है।चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (ब्रह्म्ढ्ढ) के तहत हिंद महासागर क्षेत्र में कई बंदरगाह विकसित व नियंत्रित किए हैं। इनमें ग्वादर ( पाकिस्तान), हंबनटोटा (श्रीलंका), क्याउकप्यू (म्यांमार) आदि शामिल है ।

वधावन पोर्ट भारत को शक्तिशाली डीप-सी ( स्रद्गद्गश्च ह्यद्गड्ड) हब देगा, जिससे क्षेत्र में चीन के समुद्री प्रभुत्व को संतुलित किया जा सकता है। इस बंदरगाह के पूरा होने से चीन-नियंत्रित ट्रांस-शिपमेंट पर निर्भरता में भी कमी आयेगी ।

वर्तमान में भारत का बड़ा हिस्सा कंटेनर कार्गो सिंगापुर, कोलंबो जैसे चीन-प्रभावित हब्स से होकर जाता है।वधावन पोर्ट के बाद बड़े कंटेनर जहाज़ सीधे भारत आ सकेंगे व विदेशी और चीन-प्रभावित बंदरगाहों पर निर्भरता घटेगी

रणनीतिक रुप से भी इस निर्माणाधीन बंदरगाह को चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का जवाब माना जा रहा है । इससे लॉजिस्टिक्स पर चीन का अप्रत्यक्ष दबदबा कम होगा।

चीन की रणनीति भारत के चारों ओर बंदरगाहों की श्रृंखला बनाकर रणनीतिक घेराव की रही है।वधावन बंदरगाह इस रणनीति काफ़ी जवाब होगा। पिछले दिनों पीआईबी के सहयोग से जब मुम्बई में स्थित जवाहर लाल नेहरु पत्तन प्राधिकरण के कार्यालय में जाने का अवसर मिला तो वहां तैनात अधिकारियों का कहना था कि भारत को चीन से अपना व्यापार वापिस लेना ही होगा व वधावन बंदरगाह इसके लिए सबसे बड़ा केंद्र होगा ।

वधावन पोर्ट न केवल पश्चिमी हिंद महासागर में भारत की स्थिति मजबूत करेगा अपितु वैश्विक व्यापार में चीन के विकल्प के रूप में भारत को खड़ा करेगा । पोर्ट द्रुत और सस्ती लॉजिस्टिक्स , बेहतर निर्यात-आयात सुविधा मेगा कंटेनर जहाज़ों की हैंडलिंग क्षमता भी प्रदान करेगा।

जहां एक ओर चीन द्वारा प्रतिबंधित पोर्टों में अनेक ख़ामियाँ हैं । यदि वधावन , जैसे कि इसकी योजना है, पर्यावरण-संवेदनशील पारदर्शी स्थानीय रोजगार-आधारित बनता है, तो भारत को जिम्मेदार वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

वधावन पोर्ट एक वाणिज्यिक बंदरगाह के रूप में विकसित किया जा रहा है पर समुद्री निगरानी और लॉजिस्टिक्स क्षमता बढ़ाने में अवश्य ही सहायक होगा । जिससे इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर रणनीतिक संतुलन बनेगा ।

महाराष्ट्र में केवल दो प्रमुख बंदरगाह हैं, मुंबई और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए)। मुंबई बंदरगाह के आसपास के शहर के विकास और बंदरगाह की सीमित गहराई के कारण पिछले कई दशकों से माल ढुलाई में बाधा आ रही है, क्योंकि यहाँ केवल छोटे जहाज ही लंगर डाल सकते हैं।

मुंबई के उत्तर में स्थित अरब तट पर वधावन पोर्ट , जहाँ लगभग साढ़े चार नाटिकल मील की दूरी पर 20 मीटर की प्राकृतिक गहराई उपलब्ध है। यह स्थान राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से लगभग 10 किलोमीटर और राष्ट्रीय राजमार्ग 8 से लगभग 35-40 किलोमीटर दूर है।

जवाहर लाल नेहरु पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए ) ने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड की भागीदारी से वधावन बंदरगाह को विकसित करने का प्रस्ताव रखा जो और 5 जून 2015 को वधवन में एक नए बंदरगाह को एक प्रमुख बंदरगाह के रूप में स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । जिसे भारत सरकार द्वारा भारतीय बंदरगाह अधिनियम 1908 के तहत अधिसूचित किया गया।जेएनपीए और महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड संयुक्त रूप से इस बंदरगाह का निर्माण कर रहे हैं जिसमें उनकी हिस्सेदारी क्रमशः 74 प्रतिशत और 26 प्रतिशत है। बंदरगाह लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल पर विकसित किया जा रहा है ।

इस बंदरगाह में नौ कंटेनर टर्मिनल होंगे , जिनमें से प्रत्येक 1000 मीटर लंबा होगा। चार बहुउद्देशीय बर्थ होंगे, जिनमें तटीय बर्थ, चार तरल कार्गो बर्थ, एक रो-रो बर्थ और एक तटरक्षक बर्थ शामिल हैं।


बंदरगाह की विस्तृत जानकारी देती जवाहरलाल नेहरु पत्तन प्राधिकरण की महाप्रबंधक मनीषा यादव

इस परियोजना में समुद्र में 1,448 हेक्टेयर क्षेत्र का पुनर्ग्रहण और 10.14 किलोमीटर लंबे अपतटीय ब्रेकवाटर और कंटेनर/माल भंडारण क्षेत्रों का निर्माण शामिल है।

इस परियोजना से प्रति वर्ष 298 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की संचयी क्षमता का सृजन होगा, जिसमें लगभग 23.2 मिलियन टीईयू (बीस फुट समकक्ष) कंटेनर हैंडलिंग क्षमता शामिल है।

इन क्षमताओं के निर्माण से आईएमईईसी (भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा) और आईएनएसटीसी (अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा) के माध्यम से होने वाले निर्यात, आयात और आयात (ईएक्सआईएम) व्यापार प्रवाह में भी सहायता मिलेगी।

जवाहर लाल नेहरु पत्तन प्राधिकरण की महाप्रबंधक मनीषा जादव का कहना है कि वीपीपीएल में, हम राष्ट्रीय महत्व की एक परियोजना वधावन बंदरगाह विकसित कर रहे हैं। यह बंदरगाह मात्र एक अवसंरचना परियोजना नहीं है अपितु यह वैश्विक समुद्री क्षेत्र में अग्रणी बनने की भारत की महत्वाकांक्षा का प्रतीक है।

हमारा प्रयास एक आधुनिक, टिकाऊ और समावेशी बंदरगाह का निर्माण करना है जो न केवल भारत की व्यापार क्षमता को मजबूत करेगा बल्कि रोजगार, कौशल विकास और सामाजिक-आर्थिक विकास के माध्यम से समुदायों का उत्थान भी करेगा। अपने साझेदारों और हितधारकों की सामूहिक शक्ति के साथ, हमें विश्वास है कि वधावन बंदरगाह समुद्री क्षेत्र में उत्कृष्टता का मानक स्थापित करेगा।

## 31 जनवरी को पिंजौर में 13वां साईं बाबा मूर्ति स्थापना दिवस, शिव कॉलोनी में होगा भव्य धार्मिक आयोजन

अर्थ प्रकाश/कालका जग्गी। शिव कॉलोनी, बिटना रोड स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर में 13वां मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ शनिवार, 31 जनवरी को मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4:30 बजे मंगल स्नान से होगी। इसके पश्चात सुबह 5:30 बजे काकड़ आरती और साई सत्चित्र पाठ का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से विशाल साईं गुणगान आरंभ होगा, जो साईं इच्छा तक चलेगा। वहीं दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा साईं बाबा के भजनों का भावपूर्ण गुणगान किया जाएगा। प्रसिद्ध भजन गायक जतिन सूफी भी अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। राधा माधव संकीर्तन मंडल संचालक रावत सूर्यवंशी भी मौजूद रहेंगे । मंदिर के संचालक एवं साईं भक्त महेश रमौला ने बताया कि यह आयोजन साईं बाबा की कृपा से हर वर्ष श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया जाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर साईं बाबा का आशीर्वाद लेने की अपील की। पूरे आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। साईं भक्तों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



## केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगा कानून बदलकर मजदूरों का काम छीन लिया है - विजय शर्मा टिंकू



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा कानून बदलकर मजदूरों के अधिकार छीन लिए हैं। ये शब्द खरड़ कांग्रेस पार्टी के हलका इंचार्ज विजय शर्मा टिंकू ने आज गांव मिल्ख में मनरेगा मजदूरों की एक ज़रूरी मीटिंग को संबोधित करते हुए कहे। श्री टिंकू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा कानून खत्म कर दिया है, जो 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार के समय गरीबों के लिए शुरू किया गया था, पुराने कानून में मजदूरों को काम करने और काम मांगने का कानूनी अधिकार था। जब मज़दूर काम मांगता था, तो सरकार की कानूनी जिम्मेदारी भी काम देने की हो जाती थी। लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने नए कानून में काम देना या न देना सरकार की मर्ज़ी पर निर्भर कर दिया है। नए कानून में सरकार ने बजट में पहले ही तय कर दिया है कि जब संकट खत्म हो जाएगा, तो सरकार मजदूरों को काम देने से रोक सकती है। श्री टिंकू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूर वर्ग के साथ खड़ी रही है और हमेशा खड़ी रहेगी। हम इस कानून को बदलने के लिए भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी निंदा करते हैं और पुराने कानून को बहाल करने की मांग करते हैं। इस मौके पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए गए। इस मौके पर दूसरों के अलावा गांव मिलख की सरपंच अमृतपाल कौर, यूथ क्लब के प्रेसिडेंट गुरविंदर सिंह गुरी, रानी कौर सीनियर कांग्रेसी नेता, गुरप्रीत सिंह, रूपिंदर कौर, गुरजीत सिंह, रणजीत सिंह, जरनैल सिंह, बूटा सिंह, कुलदीप सिंह, जसविंदर सिंह बलजीत सिंह और कुलदीप सिंह उइंड पी ऐ विजय शर्मा टिंकू हलका इंचार्ज खरड़ आदि के अलावा बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर मौजूद थे।

## अवैध पार्किंग पर परिवहन विभाग का सख्त रुख, प्रदेशभर में 117 होल्डिंग एरिया चिन्हित

### -सड़क सुरक्षा माह के तहत अवैध पार्किंग के विरूद्ध परिवहन विभाग चला रहा प्रदेशव्यापी अभियान

अर्थ प्रकाश/लखनऊ, 28 जनवरी। उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा माह चला रहा है। 1 से 31 जनवरी तक चल रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत अवैध पार्किंग के खिलाफ प्रदेशव्यापी महा–अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में परिवहन विभाग होल्डिंग एरिया उपलब्ध करवाने के साथ प्रदेशवासियों में जागरूकता फैला रहा है, वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई भी कर रहा है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग विशेष रूप से एक्सप्रेस–वे, नेशनल हाईवे (एनएच), स्टेट हाईवे (एसएच) और अन्य प्रमुख सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक अभियान चला रहा है। इस दिशा में एक ओर प्रदेश में लगभग 117 पार्किंग स्थल या होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गये हैं, वहीं दूसरी ओर दण्डात्मक प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस–वे और हाईवे की शोल्डर लेन अथवा सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन तेज रफ्तार यातायात के लिए 'डेथ ट्रैप' साबित होते हैं। पीछे से आने वाले वाहनों को अचानक रुकावट मिलने से गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इसी खतरे को देखते हुए प्रवर्तन टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों को पूरी तरह खाली करा कर, वाहनों की पार्किंग होल्डिंग एरिया में सुनिश्चित की जाए। इसके बाद भी नियम का उल्लंघन करने वालों के प्रति दण्डात्मक कर्रवाई की जाए। परिवहन आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश के एक्सप्रेस–वे, नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे और अन्य प्रमुख सड़कों पर विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत 1 से 27 जनवरी के बीच कुल 4,949 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 3,488 वाहनों के विरुद्ध अवैध पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान किए गए। गंभीर मामलों में 55 वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### यागांव पुलिस द्वारा 26 मोटरसाइकिल व एक्टिवा , एक मारुति कार तथा एक इंडिका कार कुल 28 वाहनों की नीलामी आज सुबह बजे हुई -23 मोटरसाइकिल व 2 कारे लगभग 2 लाख 11 हजार में हुई नीलाम - गुरवीर सिंह



अर्थ प्रकाश /जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । नयागांव पुलिस के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गुरवीर सिंह ने बताया कि नयागांव के थाने में वर्षों से लावारिस या जब्त 26 मोटरसाइकिल व एक्टिवा , एक मारुति कार तथा एक इंडिगो कार कुल 28 वाहनों की नीलामी वाहनों (बाइक,एक्टिवा व कार) की नीलामी की प्रक्रिया समय–समय पर जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के माध्यम से की गई । अब जो यह प्रक्रिया मुख्य रूप से उन वाहनों के लिए हो रही है जो आपराधिक मामलों में लिप्त थे या उनके मालिकों ने उन्हें वापस नहीं लिया है। अब उनकी नीलामी नयागांव के थाने में आज 28 जनवरी को सुबह लगभग 12 बजे नयागांव के थाने के परिसर में शुरू की गई । जिसके लिये 60 से अधिक बोली दाता को सुबह 10 बजे नयागांव थाने में नीलामी की बोली लगाने से पहले पहुंचें तथा हेड मुंशी संकेत कुमार से उन्होंने सम्पर्क किया । नीलामी के बाद, विशाल मोटर्स का सफल बोलीदाता रहा जिसने 23 मोटरसाइकिल तथा दोनो कारों को 2 लाख 11 हजार में सबसे अधिक बोली लगाकर खरीदा । उसके सभी आवश्यक दस्तावेज कानूनी रूप से खरीदार को सौंपे जायेंगे , जिससे स्वामित्व का हस्तांतरण आसान हो जाता है।

### समाज सेवक और देशभक्त छोटे लाल तिवारी और समाज सेवक अनिल कुमार ने स्लम एरिया जनता कॉलोनी नयागांव में तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । जनता कॉलोनी नयागांव के स्लम एरिया में समाज सेवक और देशभक्त छोटे लाल तिवारी और समाज सेवक अनिल कुमार के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। समाज सेवक और देश भक्त छोटे लाल तिवारी और समाज सेवक अनिल कुमार ने वार्ड–17 में जनता कॉलोनी में तिरंगा फहराया, देशभक्ति के गीत गाए और भारतीय संविधान के मूल्यों के बारे में बताया। इस मौके पर 140 से ज़्यादा बच्चों ने प्रोग्राम में हिस्सा लिया, जिसका मुख्य मकसद स्लम एरिया में शिक्षा और बराबरी के बारे में जागरूकता फैलाना था। बच्चों को गणतंत्र के महत्व, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। बच्चों ने खुशी–खुशी अपने घरों और बस्तियों में झंडा फहराकर तिरंगे का सम्मान किया। समाज सेवक और देशभक्त छोटे लाल तिवारी और समाज सेवक अनिल कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, मिठाई बांटी, बच्चों ने डांस और नाटक पेश किए और इस कार्यक्रम में देशभक्ति का माहौल बनाया गया।

# रू.1000 करोड़ के यूपी स्टार्टअप फंड से नवाचार को मिल रहा मजबूत सहारा

- स्टार्टअप को सीधे मदद के लिए रू.325 करोड़ की राशि स्वीकृत
- यूपी में 19 हजार से अधिक डीपीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप, 9600 से ज्यादा महिला नेतृत्व वाले
- 'स्टार्ट इन यूपी' के तहत 3000 से अधिक स्टार्टअप को मिल चुकी है मान्यता
- 2100 से ज्यादा स्टार्टअप को इनक्यूबेशन सहायता, 76 मान्यता प्राप्त इनक्यूबेटर सक्रिय
- सीड कैपिटल व मार्केटिंग के लिए 376 स्टार्टअप्स को रू.26.43 करोड़ की मंजूरी
- प्रोटोटाइप विकास के लिए 74 स्टार्टअप्स को ?3.55 करोड़ की वित्तीय मदद
- भरण–पोषण भत्ता योजना से शुरुआती दौर के उद्यमियों को राहत, रू.2.46 करोड़ स्वीकृत
- इंसेंटिव योजनाओं के तहत 566 आवेदन मंजूर, ?32 करोड़ की सहायता
- 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के जरिए तकनीकी शोध और नवाचार को बढ़ावा, रू.27.18 करोड़ खर्च
- अब तक 48 यूपी आधारित स्टार्टअप को सीधे फंडिंग, रोजगार के नए अवसर सृजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 28 जनवरी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी दिशा में राज्य सरकार द्वारा ?1000 करोड़ का यूपी स्टार्टअप फंड गठित किया गया है, जिसका उद्देश्य नए विचारों को व्यवसाय में बदलने में सहायता करना है। इस फंड के माध्यम से स्टार्टअप को शुरुआती और विस्तार के चरण में वित्तीय सहारा मिल रहा है। अब तक इस फंड से ?325 करोड़ की राशि स्टार्टअप को सीधे सहायता के लिए स्वीकृत की जा चुकी है, जिससे प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती मिली है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्तमान में 19 हजार से अधिक स्टार्टअप को केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त है। इनमें 9600 से अधिक महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप शामिल हैं, जो यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं भी आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

**'स्टार्ट इन यूपी' योजना से हजारों स्टार्टअप को सहारा**

राज्य सरकार की 'स्टार्ट इन यूपी' योजना प्रदेश के युवाओं और नए उद्यमियों के लिए एक मजबूत आधार बनकर उभरी है। इस योजना के तहत अब तक 3000 से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी जा चुकी है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इनमें 900 से अधिक स्टार्टअप महिलाओं द्वारा संचालित हैं, जो महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके साथ ही 2100 से अधिक स्टार्टअप को इनक्यूबेशन सहायता दी गई है, जिससे उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, मेंटरशिप और बिजनेस सपोर्ट मिल सका है। इनक्यूबेशन के जरिए स्टार्टअप को सही दिशा में आगे बढ़ने और असफलता के जोखिम को कम करने में मदद मिल रही है।

**सीड कैपिटल और मार्केटिंग से स्टार्टअप को मिलेगी उड़ान**

नए स्टार्टअप्स को शुरुआत के समय सबसे ज्यादा जरूरत पूंजी और बाजार तक पहुंच की होती है। इसे ध्यान में रखते हुए योगी सरकार द्वारा सीड कैपिटल और मार्केटिंग सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत अब तक 376 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। इन स्टार्टअप के लिए रू.26.43 करोड़ की राशि मंजूर की गई है, जिससे वे अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रचार-प्रसार कर सकें और बाजार में अपनी पहचान बना सकें।

**प्रोटोटाइप विकास के लिए करोड़ों की मदद**

किसी भी नए विचार को सफल व्यवसाय में बदलने के लिए प्रोटोटाइप विकास एक महत्वपूर्ण चरण होता है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने प्रोटोटाइप विकास के लिए विशेष सहायता दी है। इसके तहत अब तक 74 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं और रू.3.55 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इसके साथ ही प्रदेश में 76 मान्यता प्राप्त इनक्यूबेटर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जो स्टार्टअप को तकनीकी, प्रबंधन और रणनीतिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इन इनक्यूबेटर्स को अब तक रू. 14.80 करोड़ की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है, जिससे स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो रहा है।

**भरण–पोषण भत्ता और इंसेंटिव से शुरुआती परेशानी कम**

स्टार्टअप शुरू करने के शुरुआती दौर में आर्थिक चुनौतियां सबसे बड़ी समस्या होती हैं। इसे कम करने के लिए योगी सरकार ने भरण-पोषण भत्ता और इंसेंटिव योजनाएं लागू की हैं। इसके तहत अब तक 115 भरण-पोषण भत्ता आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनके लिए रू. 2.46 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इनमें से रू.97 लाख की राशि का भुगतान भी किया जा चुका है, जिससे उद्यमियों को शुरुआती खर्चों में राहत मिली है। इसके अलावा 566 इंसेंटिव आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनके अंतर्गत ?32 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इन योजनाओं से स्टार्टअप का शुरुआती जोखिम काफी हद तक कम हुआ है।

**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से तकनीकी सहयोग**


प्रदेश में तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को मंजूरी दी है। ये केंद्र स्टार्टअप्स को आधुनिक तकनीक, शोध सुविधाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक इन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए ?27.18 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। यूपी स्टार्टअप फंड के माध्यम से अब तक 48 यूपी आधारित स्टार्टअप को सीधे फंडिंग प्रदान की जा चुकी है। इससे न केवल नए व्यवसाय स्थापित हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।


# लुप्त हो रहे वाद्य यंत्रों की धुनों को संजो रहा है प्रदेश का लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान

- देश व प्रदेश की जनजातियों के 200 से अधिक लुप्तप्राय वाद्य यंत्रों का किया जा रहा है संरक्षण
- लुप्त हो रहे वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी के माध्यम से नई पीढ़ी को मिला अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर









अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 28 जनवरी।** प्रदेश के जंगलों, पहाड़ों और नदियों के किनारे गूंजने वाली जनजातीय वाद्य यंत्रों की धुनें आज आधुनिक संगीत की चकाचौंध में खोती जा रही हैं। लेकिन, उत्तर प्रदेश का लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान इन धुनों को फिर से जीवंत करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। जनजातीय सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के उद्देश्य से संस्थान देश व प्रदेश की जनजातियों के 200 से अधिक लुप्तप्राय वाद्य यंत्रों का संरक्षण कर रहा है। इस दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा समय-समय पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनियां आयोजित की जा रही हैं। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से न केवल वाद्य यंत्रों को सहेजा जा रहा है, बल्कि उन्हें बजाने वाले जनजातीय कलाकारों को भी मंच मिल रहा है।

**संरक्षित वाद्य यंत्रों में शामिल हैं प्राचीन ढोलक, नगाड़ा, डफ, ढफली, डमरू व थाली**

उत्तर प्रदेश के गोंड, थारू, बुक्सा, खरवार, सहरिया, बैगा, अगरिया, चेरो व माहीगीर जैसी जनजातियों के लोकजीवन में संगीत की विशेष भूमिका रही है। मंजीरा, चिमटा, खड़ताल व घुंघरुओं की खनक, बीन व सारंगी की सुरमयी धुनें इन समुदायों की पहचान रही हैं। डिजिटल दौर में जब ये वाद्य यंत्र धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं, ऐसे समय में संस्थान का यह प्रयास सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की मिसाल बन रहा है। इस क्रम में संस्थान द्वारा जनजातियों के प्राचीन ताल वाद्य यंत्रों जैसे ढोलक, नगाड़ा, डफ, ढफली, डमरू, ढक व थाली का संरक्षण किया जा रहा है। वहीं, सुर वाद्यों में बांसुरी, बीन व सारंगी तथा लय वाद्यों में मंजीरा, चिमटा, घुंघरू व खड़ताल जैसे 200 से अधिक पारंपरिक वाद्य यंत्रों को भी संरक्षित किया जा रहा है।

**कला कुंभ व कला गांव में लगाई गई वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी**

प्रदेश के लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान ने इस दिशा में पिछले वर्ष प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के अवसर पर कला कुंभ में इन वाद्य यंत्रों को प्रदर्शित किया था, जिसे देश-विदेश से आए कला प्रेमियों और पर्यटकों ने खूब सराहा। इसी तरह यूपी दिवस के अवसर पर कला गांव में भी इन वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय भागीदारी महोत्सव में जब पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई दी, तो यह स्पष्ट हो गया कि ये प्रयास केवल संरक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक खोती हुई विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी हैं। लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान की यह पहल संदेश देती है कि परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाकर ही सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखा जा सकता है।

# आईसीसी रैंकिंग: सूर्यकुमार यादव की टॉप-10 में वापसी, अभिषेक नंबर 1 पर बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी लेटेस्ट आईसीसी टी20आई रैंकिंग में टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में वापस आ गए हैं। वह पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20आई सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद जिसमें भारत अभी 3-0 से आगे है।

भारतीय कप्तान जो सबसे छोटे फॉर्मेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने दूसरे मैच में 82 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और 468 दिनों के अपने अर्धशतक के सूखे को भी खत्म किया। सूर्यकुमार ने अगले मैच में भी इस लय को जारी रखा और सिर्फ 26 गेंदों में 57 रन बनाए। भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने भी तीसरे टी20आई में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत की। 929 अंकों के साथ उन्होंने टॉप पर अपनी बढ़त को 80 रेटिंग अंकों तक बढ़ा दिया है।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी तीसरे ञ्20द्ध में ब्लैककैप्स के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के साथी वरुण चक्रवर्ती ब्लैककैप्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद अभी भी टॉप पर अपनी स्थिति बनाए हुए हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने मौजूदा सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद रैंकिंग में अपनी बढ़त जारी रखी है। हार्दिक एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दुबे पांच स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें स्थान पर आ गए हैं।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 18 स्थान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर ब्रैंडन किंग भी 15 स्थान ऊपर आ गए हैं। अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान, साउथ अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश और वेस्टइंडीज के सीमर मैथ्यू फोर्ड गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच, आठ और उन्नीस स्थान ऊपर आ गए हैं।

इंग्लैंड की टॉप बैटिंग जोड़ी हैरी ब्रूक और जो रूट ने अपनी टीम को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने में मदद की। नतीजतन ब्रूक 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, और रूट छह स्थान ऊपर चढ़कर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर आ गए हैं।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : मुसेट्टी के रिटायर होने से सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच



**मेलबर्न (एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। है। जोकोविच इस बार किस्मत से सेमीफाइनल में पहुंचे गये क्योंकि क्वार्टर फाइनल में उनके विरोधी इटली के लोरेंजो मुसेट्टी बढ़त पर थे लेकिन तीसरे सेट में चोटिल होने के कारण उन्हें रिटायर होना पड़ा ऐसे में जोकोविच 13वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये।

मुसेट्टी ने एकल मुकाबले की शुरुआत अच्छी तरह की थी। उन्होंने पहला सेट 6-4 और दूसरा सेट 6-3 से जीता था। था। मुसेट्टी की तगड़ी सर्विस और बेसलाइन खेल से जोकोविच पर दबाव रहा। इससे जोकोविच दबाव में रहे। पहले सेट में मुसेट्टी ने बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में भी वह बढ़त पर थे और उन्होंने सर्विस ब्रेक के साथ 6-3 से सेट जीत लिया।

हालांकि, तीसरे सेट के तीसरे गेम में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट लगी और उनकी हड्डी टूट गई। फिजियो से इलाज के बाद वह खेलते रहे पर दर्द बढ़ने के कारण उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा। मुसेट्टी के रिटायर होते हीं जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंच गए।जोकोविच का सामना अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और आठवें वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच के विजेता से होगा।

# टी20 विश्वकप में कोई टीम भारत के सामने टिक नहीं पायेगी : इरफान पठान



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम अपनी धरती पर होने वाले टी20 विश्कवप को जीतने की प्रबल दावेदार रहेगी। पठान के अनुसार जिस प्रकार के फार्म में भारतीय टीम अभी है उससे कोई भी टीम उसके सामने नहीं टिक पायेगी। पठान ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम ने हाल के समय में खेला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पर कब्जा किया है उससे उसके बुलंद हौंसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी दोनो ही लाजवाब है। =टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम का आक्रामक प्रदर्शन देखकर ही अन्य टीमें दबाव में आ जाएंगी। भारतीय टीम ने कीवी टीम के खिलाफ जिस प्रकार तेजी से लक्ष्य का पीछा किया है। उसे पता चलता है कि टीम निडर होकर खेल रही है। साथ ही कहा कि जो भी टीम भारतीय टीम के बीच आयेगी वह ध्वस्त हो जाएगी।


साथ ही कहा कि टीम का लक्ष्य अपनी खिताब बरकरार रखना रहेगा। आज तक मेजबानी करने वाली टीमों ने टी20 विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए भारतीय टीम इस बार जीत के साथ ही इस मिथ को भी तोड़ देगी। टीम बड़ जीत दर्ज कर विश्वकप में इतिहास रच देगी। पठान ने कहा है कि भारतीय टीम तकरीबन अपराजेय दिख रही है। ऐसी टीम जिसे हराना लगभग असंभव है। पठान ने कहा, 'इस भारतीय टीम को हराना करीब करीब असंभव सा लग रहा है। उनके खेल को देखकर ऐसा लग रहा है कि जो भी इनके खिलाफ आएगा वो पूरी तरह बिखर जाएगा '

न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के तीसरे टी20 मैच का उदाहरण देते हुए पठान ने कहा कि जब विकेट गिर जा रहे थे तो भी टीम के आक्रामक अंदाज में बदलाव नहीं आया। पठान ने आगे कहा, 'भारतीय टीम का यही आक्रामक अंदाज ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण् अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों के लिए डरावना रहेगा। भारतीय टीम अविश्वसनीय क्रिकेट खेल रही है। भारतीय टीम विश्व कप से पहले दूसरी टीमों पर दबाव बना रही है।' टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

# श्रीकांत ने पाकिस्तान पर कसा तंज , हार से बचने कोई बहाना बनाकर विश्वकप से हटना ही होगा बेहतर

**चेनई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले माह भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के बहिष्कार की धमकी दे रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि उसने अभी विश्वकप में भाग लेने को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है और सरकार के संदेश को इंतजार कर रहा है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि वह विश्वकप में भले ही भाग ले पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में शायद ही खेले। इसी को लेकर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कप विजेता टीम के सदस्य रहे के श्रीकांत ने पाक टीम पर तंज कसते हुए कहा है कि वह कोई बहाना बनाकर हट जाये क्योंकि अगर वह खेलती भी है तो उसे भारतीय टीम के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ेगी। श्रीकांत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय टीम जबरदस्त लय में है और जो भी टीम बीच में आयेगी उसे हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'पिछले दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम ने 15 ओवर में ही 208 रन बना लिए। वहीं तीसरे मैच में भी टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। । इसे देखते हुए कई टीमें तो कह रही होंगी- नहीं, हम नहीं आ रहे हैं। आप कप रख सकते हो।'

वहीं पाक को लेकर श्रीकांत ने कहा, मत ही आओ तो अच्छा रहेगा। तुम्हारे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी भी कह रहे हैं मत जाओ। आप पीटे जाओगे। कोलंबो में लगा सिक्स मद्रास में गिरेगा। सावधान। सबसे अच्छा दूर रहना ही बेहतर होगा। बहाना बना लो और मत आओ। टी20 क्रिकेट में आजकल जिस प्रकार का आक्रामक अंदाज भारतीय टीम ने दिखाया है उसे देखकर कोई भी टीम आने की नहीं सोचेगी।गौरतलब है कि बांग्लादेश के टी20 विश्वकप से बाहर रहने के फैसले के बाद से ही पाक ने भी कई बार टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी है हालांकि एक ओर उसने टीम भी घोषित कर दी है। वहीं पाक मीडिया में अटकलें हैं कि पाकिस्तान भले टी20 विश्व कप का बहिष्कार न करे लेकिन वह 15 फरवरी को भारत के साथ होने वाले ग्रुप मैच का



बहिष्कार कर सकता है।टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इसकी संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिन्हें 5-5 के कुल 4 ग्रुप में बांटा गया है।

# टी20 विश्वकप में होप की कप्तानी में उतरेगी वेस्टइंडीज

जमैका । वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है । शाई होप की कप्तानी में टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी । 15 सदस्यीय दल में अनुभवी जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल को भी शामिल किया गया है । टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरु होगा । इसमें वेस्टइंडीज अपना पहला मैच स्कॉटलैंड से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेलेगी। वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में युवा बल्लेबाज़ क्वेंटिन सैंपसन को भी शामिल किया है। सैंपसन ने हाल ही में दुबई में अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज़ में टी20 डेब्यू किया था । सैंपसन ने सीपीएल लीग में गुयाना अमेज़न वॉरियर्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाये थे । इस क्रिकेटर ने 9 पारियों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाये थे । टीम में रोस्टन चेस, अकील होसैन और शेरफेन रदरफोर्ड व रोमारियो शेफर्ड को भी शामिल किया गया है ।

तेज़ गेंदबाज़ शमार जोसेफ को भी टीम में जगह मिली है । टीम की तेज़ गेंदबाज़ी की कमान शमार जोसेफ के पास रहेगी । उनका साथ जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड और जेडन सील्स देंगे । स्पिनर के तौर पर अकील होसैन के के अलवा रोस्टन चेस और गुडाकेश मोटी रहेंगे । वेस्टइंडीज की टीम में पिछले विश्व कप के 11 खिलाड़ी शामिल हैं । एविन लुईस और अल्ज़ारी जोसेफ को चोट के कारण टीम में जगह नहीं मिली है ।

# आईसीसी ने बांग्लादेशी मीडिया को नहीं दी भारत में टी20 विश्वकप मैचों के कवरेज की अनुमति

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अगले माह खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के भारत में होने वाले मैचों की कवरेज की अनुमति बांग्लादेशी मीडिया को नहीं है । ऐसे में अब बांग्लादेशी पत्रकार इन मैचों को कवर करने भारत नहीं आ सकेंगे । आईसीसी ने विश्व कप 2026 के भारत में होने वाले मैचों को कवर करने के लिए बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को ठुकरा दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी अधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेश की सरकार और क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से अपनी टीम को भारत नहीं भेजने की बात कही है । इसी को देखते हुए बांग्लादेशी पत्रकारों के वीजा और एक्रेडिटेशन (अधिमान्यता) आवेदन खारिज कर दिए गए हैं । विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से 7 फरवरी से 6 मार्च तक होगा । आईसीसी के अनुसार जब बांग्लादेशी सरकार भारत को सुरक्षित नहीं मानती है तब कैसे उसके पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है । वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई बांग्लादेशी पत्रकारों ने कहा था कि उन्हे शुरू में 20 और 21 जनवरी को आवेदन मंजूरी वाले ईमेल मिले थे पर बाद में इन्हें रद्द कर दिया गया । वहीं बांग्लादेशी मीडिया कमेटी के चेयरमैन अमजद हुसैन का मानना है कि बांग्लादेश के 130 से 150 पत्रकारों ने अधिमान्यता के लिए आवेदन किया किया था ।अमजद ने कहा, सभी बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को खारिज कर दिया गया था । इस साल करीब 130 से 150 पत्रकारों ने आवेदन किया था पर किसी को भी अधिमान्यता नहीं मिली ।एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, भले ही कोई टीम नहीं खेल रही हो, आईसीसी एसोसिएट सदस्य देशों के पत्रकारों को अभी भी एक्रेडिटेशन मिल सकता है ।

# क्विंटन डी कॉक वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ा मुकाम हासिल करने उतरेंगे, मात्र 2 रन की जरुरत

सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका) । दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक बुधवार से सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टी20आई मैच में टी20 क्रिकेट में 12000 रन के आंकड़े को छूने से सिर्फ दो रन दूर हैं। सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ प्रोटियाज सेंचुरियन में दूसरे टी20आई में विंडीज से भिड़ेंगे। वह



पहला टी20आई मैच नहीं खेल पाए थे और हाल ही में खत्म हुए SA20 सीजन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे डी कॉक फरवरी में टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले अपनी नेशनल टीम के लिए कुछ कीमती गेम प्रैक्टिस करना चाहेंगे। फ्रेंचाइजी क्रिकेट की विभिन्न लीगों और अपने देश के लिए 429 टी20 मैचों में उन्होंने 429 मैचों और 415 पारियों में 31.24 की औसत से कुल 11,198 रन बनाए हैं जिसमें स्ट्राइक रेट 138 से अधिक है जिसमें 7 शतक और 81 अर्धशतक और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 140* शामिल है । वह इस फॉर्मेट में 11वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं । साउथ अफ्रीका के लिए 100 टी20आई में उन्होंने 99 पारियों में 30.78 की औसत और 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 2,771 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक शतक और 18 फिफ्टी हैं और बेस्ट स्कोर 100 है ।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: सिनर खिताबी हैट्रिक के करीब, जोकोविच भाग्य के सहारे सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच किस्मत के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे।

### सिनर की लगातार तीसरी खिताबी दौड़

यानिक सिनर ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। दो घंटे 23 मिनट तक चले इस मुकाबले में सिनर ने शुरू से अंत तक नियंत्रण बनाए रखा। वह अब लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने से सिर्फ दो जीत दूर हैं।

### चोट ने बदली जोकोविच की किस्मत

नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में





इटली के पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ शुरुआती दो सेट 4-6, 3-6 से हार चुके थे। तीसरे सेट में मुसेटी को दाहिने पैर में चोट लग गई, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया और अंततः मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह जोकोविच को सेमीफाइनल में एंट्री मिल गई।

### 'आज मेरा दिन नहीं था' - जोकोविच

मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मुझे मुसेटी के लिए बहुत दुख है। वह आज मुझसे बेहतर खेल रहा था। ईमानदारी से कहूं तो आज मेरा दिन नहीं था, लेकिन टेनिस में कभी-कभी किस्मत भी अहम भूमिका निभाती है।'

### सेमीफाइनल की बड़ी टक्कर

पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में अब यानिक सिनर का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज़ और तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव आमने-सामने होंगे।

### महिला वर्ग में भी रोमांच

महिला सिंगल्स में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना रयबाकिना और छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।रयबाकिना ने विश्व नंबर-2 इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से हराया। पेगुला ने चौथी वरीय अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा।

# थाईलैंड मास्टर्स में अशिमता चालिहा का दमदार वापसी, मेन ड्रॉ में बनाई जगह




पटुमवान (एजेंसी)। भारत की अशिमता चालिहा ने पटाया में खेले गए दो कड़े क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह बना ली । 26 वर्षीय अशिमता ने अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की ऊंची रैंकिंग वाली हंग यी टिंग के खिलाफ तीन गेम के रोमांचक मुकाबले से की, जिसे उन्होंने 15–21, 21–12, 21–12 से अपने नाम किया । पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की 87वीं रैंक वाली अशिमता ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे और तीसरे गेम में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और मैच का रुख पलट दिया । उन्होंने इस लय को अंतिम क्वालिफाइंग राउंड में भी बरकरार रखा, जहां उन्होंने कोरिया गणराज्य की किम जूउन को 21–11, 10–21, 21–16 से हराकर मेन ड्रॉ का टिकट पक्का किया । निर्णायक गेम में स्कोर 15–15 की बराबरी पर पहुंचने के बाद अशिमता ने जबरदस्त धैर्य और आक्रामक खेल दिखाया और लगातार अंक जुटाकर मुकाबला अपने नाम किया । सुपर 300 श्रेणी के इस टूर्नामेंट में क्वालिफाइंग राउंड से आगे बढ़ने वाली वह एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहीं । डबल्स वर्ग में भारत का सफर जल्दी समाप्त हो गया । पुरुष डबल्स में साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय को मलेशिया की जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी कियोंग ने 22–20, 22–20 से हराया । महिला डबल्स में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को चीन की बाओ ली जिंग और ली यी जिंग से सीधे गेम में हार मिली, जबकि अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम को इंडोनेशिया की फेब्रियाना कुसुमा और मेलिसा पुष्पितसारी ने बाहर किया । इसके अलावा सानिया सिकंदर और रश्मि गणेश भी क्वालिफाइंग राउंड में बाहर हो गईं । सिंगल्स क्वालिफायर में सतीश कुमार और सनीथ दयानंद पुरुष सिंगल्स से बाहर हुए, जबकि श्रेया लेले महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह नहीं बना सकीं । मिक्स्ड डबल्स में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान का सफर भी क्वालिफायर में ही समाप्त हो गया । भारत का मेन–ड्रॉ अभियान बुधवार से शुरू होगा, जिसमें मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत अपने–अपने मुकाबलों में उतरेंगे ।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत-पाकिस्तान मैच पर सस्पेंस, पीसीबी को एक गलत फैसले से हो सकता है भारी नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम की भागीदारी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खास तौर पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) इस अहम फैसले पर राजनीतिक दबाव, कानूनी जोखिम और संभावित आर्थिक नुकसान को ध्यान में रखते हुए बेहद सतर्कता से विचार कर रहा है। बोर्ड के शीर्ष स्तर पर लगातार बैठकों और सलाह-मशविरे का दौर जारी है, जिससे यह मामला सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रह गया है।

### PCB के फैसले पर क्यों बना हुआ है सस्पेंस

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि वह इस शुक्रवार या अगले सोमवार तक टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर सकता है। हालांकि, पूरे टूर्नामेंट के बहिष्कार की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। फिलहाल चर्चा का केंद्र केवल भारत के खिलाफ होने वाला मुकाबला है, जो वर्ल्ड कप का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच माना जाता है। PCB इस बात को भली-भांति समझता है कि एक गलत फैसला क्रिकेट के साथ-साथ देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी असर डाल सकता है।

### राजनीतिक और सरकारी स्तर पर मंथन

PCB चेयरमैन मोहसिन नकवी ने हाल ही में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से लंबी बैठक की, जिसमें इस मुद्दे पर सभी संभावित विकल्पों पर चर्चा हुई। नकवी सरकार के शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन चाहते हैं ताकि कोई भी कदम उठाने से पहले उसके दूरगामी राजनीतिक और कूटनीतिक परिणामों को समझा जा सके। इसके अलावा, नकवी ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से भी इस मामले पर सलाह ली है, जो दर्शाता है कि यह फैसला सिर्फ खेल प्रशासन का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन चुका है।

### PCB के भीतर क्या चल रही है चर्चा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, PCB के अंदर भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार एक गंभीर विकल्प के रूप में मौजूद है। हालांकि, यह फैसला पूरी तरह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है, तो भारत के खिलाफ खेलने या न खेलने का अंतिम निर्णय शुरुआती दो मैचों के बाद लिया जा सकता है। पाकिस्तान को 7 फरवरी को नीदरलैंड्स और 10 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ अपने पहले दो मुकाबले खेलने हैं।

### जीत या हार से बदल सकता है फैसला

सूत्रों के अनुसार, अगर पाकिस्तान अपने शुरुआती दोनों मैच जीत लेता है, तो भारत के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार करने की संभावना मजबूत हो सकती है। लेकिन यह कदम PCB के लिए भारी जोखिम लेकर आ सकता है। भारत-पाकिस्तान मैच न खेलना सिर्फ खेल के लिहाज से नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी बड़ा नुकसान साबित हो सकता है।

### ब्रॉडकास्ट डील और कानूनी जोखिम

PCB के कानूनी सलाहकारों ने बोर्ड को आगाह किया है कि इस समय ICC की भारत स्थित ब्रॉडकास्टर जियोस्टार स्पोर्ट्स के साथ करीब 3 अरब डॉलर की डील चल रही है, जो 2027 तक वैध है। अगर भारत-पाकिस्तान मुकाबला नहीं होता, तो ब्रॉडकास्टर ICC के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है। ऐसी स्थिति में ICC, PCB को नोटिस जारी कर सकता है और सदस्य देशों को मिलने वाली वार्षिक फंडिंग पर भी असर पड़ सकता है।

### पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य पर असर




PCB सूत्रों का मानना है कि यह फैसला सिर्फ एक मैच या एक टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है। इससे पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि, भविष्य में ICC टूर्नामेंट की मेजबानी की दावेदारी और बोर्ड की स्थिति पर गहरा असर पड़ सकता है। यही वजह है कि PCB जल्दबाजी में कोई कदम उठाने के मूड में नहीं है और हर पहलू को तौलने के बाद ही अंतिम फैसला लेना चाहता है।

# महिला प्रीमियर लीग में जेमिमा पर 12 लाख का जुर्माना लगा

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स को दोहरा झटका लगा है। महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में जहां उसे करीबी मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का



सामना करना पड़ा है । वहीं दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर 12 लाख का जुर्माना भी लगा है । दिल्ली को गुजरात जायंट्स ने 3 रन से हरा दिया था । वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है । यह जुर्माना धीमी ओवर गति के कारण लगाया गया है । लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सत्र में ये जेमिमा की पहली गलती है । इसलिए उनपर केवल जुर्माना ही लगाया गया है ।टीम अब तक 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है । इसका नेट रन रेट –0.164 हो गया है । इससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी कम हो गयी है । अब प्लेऑफ की संभावना को बनाए रखने के लिए दिल्ली को 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मुकाबले को हर हाल में जीतना होगा ।